राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

www.youtube.com/@TarunmitraGroup

लखनऊ
वर्षः 27 अंक 213
गुरूवार 28 मई, 2026

तापमान
अधिकतम 38°C | न्यूनतम 24°C

मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-16 | उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित | www.tarunmitra.in

# एसआईआर प्रक्रिया जायजः सुप्रीम कोर्ट

## अदालत की बड़ी टिप्पणी, मतदाता सूची पुनरीक्षण पर चुनाव आयोग को संवैधानिक अधिकार

**नई दिल्ली, 27 मई।** बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर चल रहे राजनीतिक और कानूनी विवाद के बीच सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को चुनाव आयोग को बड़ी राहत दे दी। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि चुनाव आयोग द्वारा कराया जा रहा एसआईआर संविधान और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की कसौटी पर पूरी तरह खरा उतरता है तथा इसे अवैधानिक नहीं कहा जा सकता। अदालत के इस फैसले को आगामी चुनावों से पहले चुनाव आयोग के लिए महत्वपूर्ण समर्थन माना जा रहा है।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव लोकतंत्र की आत्मा हैं और मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करना चुनाव आयोग की संवैधानिक जिम्मेदारी है।

अदालत ने माना कि चुनाव आयोग को मतदाता सूची के पुनरीक्षण का अधिकार प्राप्त है और इतने बड़े स्तर पर कार्य करने के लिए प्रक्रिया तथा नियम तय करने की स्वतंत्रता भी आयोग के पास है।

**राहत**
- संदिग्ध नागरिकता मामलों की जानकारी चार सप्ताह में केंद्र को देने के निर्देश
- स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव लोकतंत्र की सबसे मजबूत संवैधानिक आधारशिलाः सर्वोच्च अदालत

सुनवाई के दौरान अदालत के सामने यह सवाल प्रमुख रूप से उठा कि क्या एसआईआर के जरिए चुनाव आयोग नागरिकता तय करने की कोशिश कर रहा है। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने साफ कहा कि चुनाव आयोग नागरिकता निर्धारित नहीं करता। यदि किसी व्यक्ति के दस्तावेजों को लेकर संदेह उत्पन्न होता है तो आयोग केवल संबंधित मामलों की जानकारी सक्षम प्राधिकरण को भेज सकता है। अंतिम निर्णय केंद्र सरकार अथवा अधिकृत एजेंसियां ही लेंगी। पीठ ने यह भी कहा कि केवल प्रक्रिया में कुछ आशंकाएं होने के आधार पर पूरे पुनरीक्षण अभियान को रद्द नहीं किया जा सकता। अदालत ने माना कि बिहार में एसआईआर की आवश्यकता थी और आयोग द्वारा उठाए गए कदम परिस्थितियों के अनुरूप थे। न्यायालय ने याचिकाकर्ताओं की उस दलील को भी खारिज कर दिया जिसमें कहा गया था कि मतदाताओं पर स्वयं को साबित करने का अनुचित बोझ डाला जा रहा है। ■ शेष पेज 15 पर



### फैसले पर भाजपा-कांग्रेस के बीच तेज हुआ सियासी संघर्ष

**नई दिल्ली।** मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भाजपा और कांग्रेस के बीच राजनीतिक टकराव तेज हो गया है। अदालत ने एसआईआर प्रक्रिया को संवैधानिक और वैध बताते हुए कहा कि मतदाता सूचियों की शुद्धता और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है। फैसले के बाद दोनों दलों ने एक-दूसरे पर तीखे आरोप लगाए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर को वैध जरूर माना है, लेकिन फैसले में चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर कई गंभीर सवाल भी उठे हैं। उन्होंने कहा कि अदालत ने स्पष्ट किया है कि किसी व्यक्ति की नागरिकता तय करने का अंतिम अधिकार चुनाव आयोग के पास नहीं है।

## लेबनान सीमा पर फिर भीषण इजराइली हमला, 34 की मौत



**बेरूत/तेल अवीव, 27 मई।** लेबनान और इजराइल सीमा पर एक बार फिर हिंसा तेज हो गई है। सैन्य विराम के बीच इजराइल ने दक्षिणी लेबनान में हवाई और जमीनी हमले तेज कर दिए हैं। मंगलवार को हुए हमलों में कम से कम 34 लोगों की मौत हो गई, जबकि 40 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं।

लगातार हो रही गोलाबारी और बमबारी से पूरे दक्षिणी लेबनान में भय और अफरा-तफरी का माहौल बन गया है। लेबनान के स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, इजराइली सेना ने हिजबुल्लाह के गढ़ माने जाने वाले कई इलाकों को निशाना बनाया है। इजराइल डिफेंस फोर्सेज ने दक्षिणी और पूर्वी लेबनान के गांवों तथा कस्बों को खाली कराने की कार्रवाई भी शुरू कर दी है। सेना नबातीह शहर समेत कई इलाकों में लोगों को घर छोड़ने के लिए मजबूर कर रही है। इसके चलते बड़ी संख्या में लोग सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन कर रहे हैं। इजराइली सेना ने पूर्वी लेबनान के बेका क्षेत्र में मशगारा और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण काराउन बांध के आसपास भी हमले किए हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, केवल मशगारा गांव में एक इमारत पर हुए हमले में 11 लोगों की मौत हुई है।

- हिजबुल्लाह के 22 हमलों के बाद इजराइल ने बढ़ाई सैन्य कार्रवाई
- नबातीह और बेका क्षेत्र में दहशत, हजारों लोग पलायन को मजबूर

कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गई हैं और राहत एजेंसियां प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंचने की कोशिश कर रही हैं। ■ शेष पेज 15 पर

### सूचना

देश एवं प्रदेशवासियों को ईद-उल-अजहा की मुबारकबाद।

ईद-उल-अजहा के अवसर पर तरुणमित्र प्रेस एवं कार्यालय 28 मई 2026 को बन्द रहेगा, अतएव पत्र का अगला प्रकाशन 30 मई 2026 को होगा।

-सम्पादक

## हीटवेव पर पीएम मोदी बोले-प्यासों को जरूर पिलाएं पानी

### देशवासियों से हाइड्रेटेड रहने का आग्रह

**नई दिल्ली, 27 मई।** देशभर में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और हीटवेव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से सतर्क रहने और जरूरतमंदों की मदद करने की अपील की है।

बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर किए गए कई पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों में तापमान तेजी से बढ़ रहा है और इसके कारण लोगों की दैनिक जिंदगी प्रभावित हो रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सभी लोग गर्मी से बचाव के लिए अधिक से अधिक सावधानी बरतें। उन्होंने लोगों से पर्याप्त पानी पीने, शरीर को हाइड्रेटेड रखने और घर से बाहर निकलते समय पानी साथ रखने की सलाह दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस मौसम में छोटी-सी संवेदनशीलता भी किसी के लिए बड़ी राहत बन सकती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि संभव हो तो किसी प्यासे व्यक्ति को एक गिलास पानी जरूर पिलाएं। प्रधानमंत्री ने उन लोगों की भी सराहना की जो अपने घरों और दुकानों के बाहर मटके में पानी रखते हैं ताकि राहगीर अपनी प्यास बुझा सकें।

प्रधानमंत्री मोदी ने बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि लोग अपने माता-पिता, दादा-दादी और अन्य परिजनों का हालचाल लेते रहें तथा उन्हें तेज धूप में बाहर न निकलने और पर्याप्त आराम करने की सलाह दें।

# निवेश परियोजनाओं में देरी अब बर्दाश्त नहीं : योगी

**लखनऊ, 27 मई।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य की निवेश और आधारभूत संरचना परियोजनाओं में किसी भी प्रकार की देरी पर सख्त नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को समयबद्ध कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं। स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन की चौथी बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेश संबंधी परियोजनाओं में अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा और लंबित मामलों का तेजी से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने जेवर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के संचालन से पहले सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया।

उन्होंने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक यात्रियों की आवाजाही के लिए प्राथमिक चरण में 110 इलेक्ट्रिक बसें उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यीडा क्षेत्र में 500 इलेक्ट्रिक बसों के संचालन की प्रगति की समीक्षा भी की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 जून से प्रस्तावित उड़ान संचालन से पहले सभी व्यवस्थाएं पूरी तरह तैयार होनी चाहिए। बैठक में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर विस्तार की समीक्षा ■ शेष पेज 15 पर

**निर्देश**



- जेवर एयरपोर्ट, एक्सप्रेस-वे और डिफेंस परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने के निर्देश
- मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट संचालन से पहले 110 इलेक्ट्रिक बसें उपलब्ध कराने को कहा
- प्रदेश में 2030 तक दस हजार ईवी चार्जिंग स्टेशन विकसित होंगे

### आसाराम की आजीवन कारावास की सजा बरकरार, करना होगा सरेंडर

**जोधपुर, 27 मई।** राजस्थान उच्च न्यायालय की जोधपुर पीठ ने अपने ही आश्रम की नाबालिग छात्रा से यौन उत्पीडन.मामले में आसाराम को राहत देने से इनकार करते हुए उसकी आजीवन कारावास की सजा बरकरार रखी है। बुधवार को जस्टिस अरुण मोंगा और जस्टिस योगेंद्र कुमार पुरोहित की डिवीजन बेंच ने यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने आसाराम समेत तीन आरोपितों की अपीलों पर सुनवाई करते हुए स्पष्ट किया कि निचली अदालत द्वारा दी गई सजा में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। हालांकि अदालत ने उन्हें गैंगरेप की धारा से बरी कर दिया, लेकिन अन्य गंभीर आरोपों में दोषसिद्धि कायम रखी गई है। साथ ही कोर्ट ने आसाराम को तत्काल सरेंडर करने के आदेश दिए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सार्वजनिक वितरण प्रणाली बनेगी बेहतर, 25,530 करोड़ रुपए मंजूर

**नई दिल्ली, 27 मई।** केंद्र सरकार ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली को बेहतर और किफायती बनाने के लिए सार्थक-पीडीएस योजना को एकीकृत और 31 मार्च 2031 तक जारी रखने को मंजूरी दी है। योजना के तहत खाद्यान्न परिवहन, भंडारण, ई-पॉस स्वचालन और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन को मजबूत किया जाएगा। इसके लिए 25,530 करोड़ रुपये के केंद्रीय व्यय को स्वीकृति दी गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बुधवार को हुई बैठक में उक्त आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई।

### पूर्व भारतीय निशानेबाज और ओलंपियन रणधीर सिंह का निधन

**नई दिल्ली, 27 मई।** पूर्व भारतीय निशानेबाज और ओलंपियन रणधीर सिंह का बुधवार सुबह नई दिल्ली में 79 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन से भारतीय खेल जगत, विशेषकर निशानेबाजी समुदाय में शोक की लहर दौड़ गई है। अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित रणधीर सिंह भारतीय और एशियाई खेल प्रशासन में लंबे समय तक अहम भूमिका निभाते रहे। वह 1987 से 2012 तक भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के महासचिव रहे।

### पूर्व सीएम विजयन के आवास पर ईडी कार्रवाई पर भड़के वाम कार्यकर्ता

**केरल, 27 मई।** राजधानी तिरुवनंतपुरम में बुधवार को उस समय भारी हंगामा खड़ा हो गया, जब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम पूर्व मुख्यमंत्री और मौजूदा नेता प्रतिपक्ष पिनाराई विजयन के आवास से तलाशी पूरी कर बाहर निकली। आरोप है कि सीपीआई(एम) कार्यकर्ताओं ने ईडी अधिकारियों के वाहनों को घेर लिया और उन पर पथराव किया, जिससे एजेंसी की तीन गाड़ियों को नुकसान पहुंचा। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। इस दौरान भीड़ नियंत्रित करते समय एक पुलिसकर्मी घायल हो गया।

### फरार टीएमसी विधायक दिलीप मंडल पुरी से गिरफ्तार

**कोलकाता, 27 मई।** पश्चिम बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने कई सप्ताह से फरार चल रहे तृणमूल कांग्रेस विधायक दिलीप मंडल को ओडिशा के पुरी से गिरफ्तार कर लिया है। दक्षिण 24 परगना जिले के बिष्णुपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक दिलीप मंडल को पुरी के एक होटल में छिपे होने की सूचना के आधार पर हिरासत में लिया गया।

पुलिस अब उन्हें ट्रांजिट रिमांड पर कोलकाता ला रही है। पुलिस के अनुसार, हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें दिलीप मंडल पर विपक्षी दल के कार्यकर्ताओं और समर्थकों को धमकी देने के आरोप लगे थे।

# नेहरू का नेतृत्व सदैव प्रेरणा देता रहेगाः राहुल

**नई दिल्ली, 27 मई।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर बुधवार को कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं ने शांतिवन पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान नेताओं ने नेहरू को आधुनिक भारत का निर्माता बताते हुए उनकी दूरदर्शी सोच, लोकतांत्रिक मूल्यों और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को याद किया।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि पंडित नेहरू ने मजबूत लोकतांत्रिक संस्थाओं और आधुनिक भारत के निर्माण की बुनियाद रखी। खरगे ने कहा कि स्वतंत्रता, लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और वैज्ञानिक सोच के प्रति नेहरू का समर्पण भारत की आत्मा में आज भी जीवित है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पंडित नेहरू को विनम्र श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समावेशी, सौहार्दपूर्ण और प्रगतिशील भारत के निर्माण के लिए समर्पित कर दिया।

**श्रद्धांजलि**



- प्रथम प्रधानमंत्री पंडित नेहरू को कांग्रेस नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

राहुल गांधी ने कहा कि स्वतंत्रता, लोकतांत्रिक सिद्धांतों, संवैधानिक अधिकारों, सामाजिक न्याय और वैज्ञानिक सोच पर आधारित नेहरू का नेतृत्व सदैव प्रेरणा देता रहेगा।

कांग्रेस महासचिव व लोकसभा सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि किसी भी काम का वास्तविक पैमाना यह है कि समाज के कितने लोगों के आंसू पोंछे गए और कितनों के जीवन में खुशहाली लाई गई।

उन्होंने कहा कि नेहरू का मानना था कि देश तभी आगे बढ़ सकता है जब करोड़ों लोग तरक्की करें और खुशहाल हों।

## नीट पेपर लीक में दो और आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली, 27 मई।** नीट-यूजी 2026 पेपर लीक मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो ने जांच का दायरा और तेज करते हुए दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही इस मामले में गिरफ्तार आरोपियों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है। सीबीआई के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों में लातूर निवासी डॉक्टर मनोज शिरुरे और पुणे के एक मेडिकल अकादमी में भौतिकी पढ़ाने वाले तेजस हर्षदकुमार शाह शामिल हैं। जांच एजेंसी के मुताबिक, डॉक्टर मनोज शिरुरे ने एक कोचिंग सेंटर संचालक के बेटे समेत तीन छात्रों को रसायन विज्ञान का प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वहीं तेजस शाह को लीक हुआ भौतिकी का प्रश्नपत्र पहले से गिरफ्तार आरोपी मनीषा हवलदार के जरिए मिला था। सीबीआई अब दोनों आरोपियों से पूछताछ कर पूरे नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने में जुटी हुई है। सीबीआई ने बताया कि इस मामले की जांच के दौरान अब तक देशभर में 49 स्थानों पर छापेमारी की जा चुकी है। इन कार्रवाइयों में कई महत्वपूर्ण दस्तावेज, लैपटॉप और मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।



लखनऊ में निशातगंज की बुध बाजार में बकरीद की पूर्व संध्या पर खरीददारी करते मुस्लिम समुदाय के लोग। – छाया तरुणमित्र

### ममता बनर्जी के खिलाफ सिलीगुड़ी साइबर थाने में शिकायत दर्ज

**सिलीगुड़ी, 27 मई।** पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी के खिलाफ सिलीगुड़ी साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। अधिवक्ता रिंकी चटर्जी द्वारा मंगलवार को दर्ज कराई गई शिकायत में आरोप लगाया गया है कि वर्ष 2025 में कोलकाता के रेड रोड पर आयोजित ईद कार्यक्रम के दौरान ममता बनर्जी ने कथित रूप से हिंदुत्व और हिंदू समुदाय को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इसके अलावा, 2026 विधानसभा चुनाव से पहले एक धरना मंच से भी हिंदुओं के खिलाफ विवादित बयान देने का आरोप लगाया गया है।

शिकायतकर्ता का दावा है कि उन्होंने पहले प्रधान नगर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की थी, लेकिन पुलिस ने शिकायत लेने से इनकार कर दिया।

### दिल्ली बैठकों के बाद कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन की चर्चाओं ने पकड़ी रफ्तार

# कर्नाटक में सत्ता बदलाव की आहट तेज

प्रतिभा सिन्हा

**बेंगलुरु/नई दिल्ली, 27 मई।** कर्नाटक कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों ने राज्य की राजनीति को अचानक गर्मा दिया है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के इस्तीफे को लेकर चल रही चचाओं के बीच दिल्ली से लेकर बेंगलुरु तक बैठकों का दौर तेज हो गया है।

हालांकि कांग्रेस नेतृत्व अब भी किसी बदलाव से इनकार कर रहा है, लेकिन पार्टी के भीतर बढ़ती सक्रियता सत्ता परिवर्तन की संभावनाओं को मजबूत करती दिख रही है।

सूत्रों के अनुसार कांग्रेस हाईकमान सिद्धारमैया को राष्ट्रीय राजनीति में बड़ी भूमिका देने पर विचार कर रहा है। पार्टी उन्हें राज्यसभा भेजकर राष्ट्रीय स्तर पर प्रमुख ओबीसी चेहरे के रूप में स्थापित करने की रणनीति पर काम कर रही है। आगामी लोकसभा चुनावों को देखते हुए कांग्रेस पिछड़े वर्गों के बीच अपनी पकड़ मजबूत करना चाहती है और इसी राजनीतिक गणित के तहत कर्नाटक का नया समीकरण तैयार किया जा रहा है।

**मंथन**
- सिद्धारमैया को राष्ट्रीय राजनीति में बड़ी जिम्मेदारी देने पर मंथन जारी
- डीके शिवकुमार समर्थकों ने फिर उठाई ढाई साल फॉर्मूले की मांग

दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल के साथ सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार की लंबी बैठकों ने राजनीतिक हलचल और बढ़ा दी। पार्टी ने इन बैठकों को संगठनात्मक और राज्यसभा चुनाव से जुड़ा सामान्य विमर्श बताया, लेकिन राजनीतिक गलियारों में इसे नेतृत्व परिवर्तन की तैयारी माना जा रहा है।

दरअसल, वर्ष 2023 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत के बाद से ही डीके शिवकुमार समर्थक ढाई-ढाई साल मुख्यमंत्री पद के फार्मूले की चर्चा करते रहे हैं। अब सरकार का आधा कार्यकाल पूरा होने के करीब है, इसलिए शिवकुमार समर्थकों ने फिर दबाव बढ़ाना शुरू कर दिया है। कांग्रेस विधायक एचसी बालकृष्ण ने खुलकर शिवकुमार को अगला मुख्यमंत्री बनाने की मांग दोहराई है। इसी बीच सिद्धारमैया ने बुधवार को कहा कि वह गुरुवार को दिल्ली यात्रा और आलाकमान के साथ हुई चर्चाओं पर विस्तार से बात करेंगे। ■ शेष पेज 15 पर

## असम में यूसीसी बिल पास, विधानसभा में जोरदार हंगामा

**गुवाहाटी, 27 मई।** असम विधानसभा ने बुधवार को लंबी और तीखी बहस के बाद समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक पारित कर दिया। इसके साथ ही असम यूसीसी लागू करने वाला देश का तीसरा और पूर्वोत्तर का पहला राज्य बन गया। सत्ता पक्ष ने इसे महिलाओं को समान अधिकार और सामाजिक न्याय देने की दिशा में बड़ा कदम बताया, जबकि विपक्ष ने इसे धार्मिक परंपराओं में हस्तक्षेप करार दिया।

मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि यह कानून सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार सुनिश्चित करेगा। उन्होंने दावा किया कि यूसीसी महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को मजबूत करेगा। पूरे दिन चली चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली।

विपक्ष की महिला विधायक बेबी बेगम ने यूसीसी का विरोध करते हुए कहा कि यह समाज के लिए हानिकारक है और असम में इसकी जरूरत नहीं है। नेता प्रतिपक्ष वाजेद अली चौधरी ने मुस्लिम पर्सनल लॉ का हवाला देते हुए बिल का विरोध किया। वहीं विधायक अखिल गोगोई ने आरोप लगाया कि यह कानून निजी जीवन में नौकरशाही हस्तक्षेप बढ़ाएगा।

दूसरी ओर भाजपा विधायक पीयूष हजारिका ने बिल का समर्थन करते हुए कहा कि बेटियों को पैतृक संपत्ति में समान अधिकार मिलना चाहिए और बहुविवाह जैसी प्रथाओं पर रोक जरूरी है।

# हरचंदपुर में अघोषित बिजली कटौती से फूटा व्यापारियों का गुस्सा

## रात की कटौती बंद करने की मांग, एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

**रायबरेली, 27 मई (तरुणमित्र)।** हरचंदपुर क्षेत्र में इन दिनों जारी भयंकर अघोषित बिजली कटौती से स्थानीय लोगों और व्यापारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

रात-रात भर होने वाली ट्रिपिंग और लगातार बिजली गुल रहने से परेशान हरचंदपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष मंजीत सिंह व अन्य व्यापारियों ने बिजली विभाग के उपखंड अधिकारी (एसडीओ) को ज्ञापन सौंपकर तत्काल व्यवस्था सुधारने की मांग की। व्यापारियों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि बिजली कटौती करना आवश्यक है तो रात के बजाय दिन में किया जाए, लेकिन रात में बिजली आपूर्ति सुचारु रखी जाए ताकि आम लोगों को राहत मिल सके। उनका कहना है कि भीषण गर्मी के बीच रात में कई-कई घंटों तक बिजली गायब रहने से बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है।



व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने बताया कि लगातार रात भर जागने की वजह से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों पर ठीक से ध्यान नहीं दे पा रहे हैं और आम नागरिक भी मानसिक व शारीरिक रूप से परेशान हैं। ज्ञापन के माध्यम से व्यापारियों ने मांग उठाई कि यदि रोस्टिंग अनिवार्य है तो उसका समय निर्धारित कर दिन में कटौती की जाए, ताकि रात में लोगों को चैन की नींद मिल सके। साथ ही ट्रिपिंग की समस्या पर तत्काल प्रभाव से नियंत्रण करने की मांग भी की गई। व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो क्षेत्र के लोग आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## भाजपा सेक्टर अध्यक्ष को अपनी ही सरकार में नहीं मिल रहा न्याय

**लालगंज, रायबरेली, 27 मई (तरुणमित्र)।** लालगंज क्षेत्र के आलमपुर सेक्टर अध्यक्ष श्याम प्रसाद दीक्षित भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता हैं। उनको अपनी ही सरकार में न्याय नहीं मिल रहा है।उनका अपनी ही ग्राम सभा में एक भूखंड को लेकर विवाद चल रहा है।जिस पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है। श्याम प्रसाद दीक्षित कई बार अधिकारियों से न्याय दिलाने के लिए शिकायत कर चुके हैं लेकिन अधिकारी गलत रिपोर्ट लगा देते हैं जिससे श्याम प्रसाद दीक्षित को अपनी ही जमीन पर कब्जा नहीं मिल रहा है। अब श्याम प्रसाद दीक्षित ने जिलाधिकारी को पत्र भेज कर आमरण अनशन करने की धमकी दी है। सेमरपहा सेक्टर अध्यक्ष शिवबोध सिंह और बूथ अध्यक्ष राम शंकर ने भी आमरण अनशन करने को कहा है। बताते चले कि आलमपुर लालगंज नगर से सटा हुआ गांव है जहां पर जमीन बहुत ही महंगी है। जिसके कारण भूमाफिया जगह-जगह पर जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं।

## गंगा एक्सप्रेस-वे पर दर्दनाक सड़क हादसा

# ट्रैक्टर से टकराई स्कॉर्पियो: 3 की मौत, 5 घायल

**रायबरेली, 27 मई (तरुणमित्र)।** सलोन थाना क्षेत्र में मंगलवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो महिलाओं और एक बच्ची की मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसा गंगा एक्सप्रेस-वे पर उस समय हुआ जब दिल्ली से जौनपुर जा रही एक स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर से जा टकराई। पुलिस के अनुसार, घटना मंगलवार की रात करीब 9



बजे की है। सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक रायबरेली और क्षेत्राधिकारी सलोन पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। सभी घायलों को तत्काल अस्पताल भेजा गया। डॉक्टरों ने उपचार के दौरान सरोज सिंह, संगीता सिंह और मासूम बच्ची समृद्धि को मृत घोषित कर दिया। वहीं अन्य पांच घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें एम्स रायबरेली रेफर किया गया है। सलोन पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले में आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है। प्रशासन के मुताबिक मौके पर यातायात और कानून व्यवस्था पूरी तरह सामान्य है।

## दबिश के दौरान 18 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद

**रायबरेली, 27 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका के आदेशानुसार अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध जारी प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र- 2 रोबिन आर्य मय हमराह एवं थाना शिवगढ़ की पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर दबिश की कार्यवाही की गयी। टीम द्वारा महराजगंज तहसील के थाना-शिवगढ़ अंतर्गत ग्राम-चितवनिया एवं कोईलीखेड़ा में अवैध कच्ची शराब बनाने के अड्डों/संदिग्ध घरों में दबिश के दौरान जनपद में कुल 18 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर 02 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किये गए। जिले में अवैध शराब के निर्माण एव बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेंगी।



# बकरीद को लेकर पुलिस अलर्ट, फ्लैग मार्च कर शांति व्यवस्था का दिया संदेश

**रायबरेली, 27 मई (तरुणमित्र)।** आगामी ईद-उल-अजहा पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जनपदीय पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर नजर आ रही है।

पुलिस अधीक्षक रवि कुमार के निर्देशन में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस बल द्वारा फ्लैग मार्च किया गया और लोगों से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस टीमों ने संवेदनशील इलाकों, बाजारों और मस्जिदों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। प्रशासन



द्वारा मस्जिदों एवं प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी भी कराई जा रही है, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल नजर रखी जा सके।

जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका एवं पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने सभी तहसील और थाना स्तर के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा है कि त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। अधिकारियों को लगातार भ्रमणशील रहने और हर गतिविधि पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रशासन ने आमजन से भी अपील की है कि पर्व को आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं तथा किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। वहीं पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर भी विशेष निगरानी रखी जा रही है।

# 15 दिन से अंधेरे में गांव, ग्रामीण बोले- अब सड़क जाम कर करेंगे आंदोलन

**रायबरेली, 27 मई (तरुणमित्र)।** जनपद में बीते 13 मई को आए चक्रवाती तूफान के बाद से बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। तूफान के 15 दिन बीत जाने के बाद भी गदागंज विद्युत उपकेंद्र से जुड़े कई गांवों में बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी है। इससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है।

सुदामापुर ग्राम सभा समेत आधा दर्जन से अधिक गांवों के लोग लगातार अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि तूफान के बाद से अब तक एक बार भी बिजली नहीं आई। भीषण गर्मी में बिजली न होने से लोगों का जनजीवन प्रभावित हो गया है। बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह बाधित है। रात में पढ़ाई नहीं हो पा रही और ऑनलाइन पढ़ाई भी बंद हो गई है।



गांवों में पेयजल संकट भी गहरा गया है। बिजली न मिलने से नलकूप बंद पड़े हैं, जिससे पानी की सप्लाई ठप हो गई है। ग्रामीण दूर-दराज से पानी लाने को मजबूर हैं। वहीं मवेशियों के लिए भी पानी और चारे की समस्या खड़ी हो गई है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि बिजली लाइन ठीक कराने के लिए गांव वालों ने आपस में चंदा इकट्ठा कर विभाग को दिया, लेकिन इसके बावजूद मरम्मत कार्य नहीं कराया गया। लोगों का आरोप है कि अधिकारी फोन तक नहीं उठा रहे हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि 24 घंटे के भीतर बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हुई तो गदागंज-ऊंचाहार मार्ग जाम कर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। ग्रामीण रिंकू सिंह ने कहा कि 15 दिन से गांव अंधेरे में है। बच्चे पढ़ नहीं पा रहे हैं और पानी की बहुत दिक्कत हो रही है। कई बार शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। वहीं विनोद कुमार ने कहा कि

बिजली विभाग के लोग सिर्फ आश्वासन दे रहे हैं। गांव वालों ने चंदा देकर लाइन ठीक कराने की बात कही, फिर भी काम नहीं हुआ। ग्रामीण किशन कुमार, गर्मी में हालात बद से बदतर हो गए हैं। मवेशियों के लिए पानी तक नहीं मिल रहा। अगर जल्द बिजली नहीं आई तो सड़क जाम कर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### हीट वेव: जनपद में संचालित मदरसे रहेंगे बंद

**रायबरेली, 27 मई (तरुणमित्र)।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी महिमा ने बताया है कि रजिस्ट्रार/निरीक्षक, उ0प्र0 मदरसा शिक्षा परिषद लखनऊ के अनुपालन में जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका के निर्देश के क्रम में असामान्य रूप से भीषण ऊष्ण लहर (हीट वेव) तथा लू का प्रकोप व्याप्त होने के दृष्टिगत इस प्रचण्ड गर्मी एवं लू के कारण विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव की प्रबल सम्भावना बने होने के कारण जनपद रायबरेली में संचालित राज्यानुदानित/मान्यता प्राप्त मदरसों को तत्काल प्रभाव से अग्रिम आदेशों तक बंद किया जाता है।

### निकली भव्य कलश यात्रा

**मथुरा, 27 मई (तरुणमित्र)।** धर्म और आस्था की पावन बयार के साथ सैनी नगर, सदर बाजार में श्रीमद् भागवत कथा का मंगलमय शुभारंभ हुआ। मातृशक्ति ने पवित्र यमुना नदी से कलश में जल भरकर भव्य कलश यात्रा निकाली। पीले वस्त्रों में सजी दर्जनों महिलाओं ने यमुना मैया की जय के जयघोष के साथ सैनी नगर की गलियों को भक्तिमय बना दिया। यमुना जल से पूरित कलशों को सिर पर धारण कर निकली यह यात्रा धर्म, संस्कृति और नारी शक्ति के अद्भुत संगम का प्रतीक बनी। कलश यात्रा के पश्चात कथा स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच व्यासपीठ की स्थापना हुई। इससे पूर्व कथा व्यास श्री कन्हैया लाल सागर जी एवं पधारे हुए सभी संतों व आगंतुक अतिथियों का तिलक, माला एवं अंगवस्त्र भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। आयोजक रामखिलाड़ी, राजो, महेश, रजनी के संयोजन में नत्थीलाल लाल सैनी सहित समस्त सैनी नगर सदर बाजार के श्रद्धालुओं ने तन-मन-धन से सहयोग दिया।

# जिले के चार बीईओ को बीएसए व समकक्ष पद पर मिली पदोन्नति

## बीईओ बीरेंद्र नाथ द्विवेदी, मुकेश, अनिल मिश्रा व इंद्रा देवी हुई पदोन्नति

**रायबरेली, 27 मई (तरुणमित्र)।** वर्षों संघर्ष व कोर्ट की लड़ाई के बाद आखिरकार प्रदेश के खंड शिक्षाधिकारियों को प्रादेशिक शैक्षिक सेवा (पीईएस) के पद पर बुधवार को पदोन्नति मिल गई है। शिक्षा निदेशालय की तरफ से 164 खण्ड शिक्षा अधिकारियों की जारी हुई सूची में जिले के चार बीईओ का नाम शामिल है। खण्ड शिक्षा अधिकारी संघ के महामंत्री बृजलाल वर्मा ने बताया कि वर्षों कोर्ट संघर्ष के बाद आखिरकार आज वर्ष 1997 बैच के उत्तर प्रदेश में खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) की पदोन्नति प्रादेशिक शैक्षिक सेवा (पीईएस) समूह-क के पद पर हो गई है। अब पदोन्नत होने के बाद इन अधिकारियों को बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए), जीआईसी प्रधानाचार्य और वरिष्ठ डायट प्रवक्ता जैसे महत्वपूर्ण पदों पर तैनात किया जाता है।




उन्होंने बताया कि जिले के चार खण्ड शिक्षाधिकारी बीईओ सरेनी वीरेन्द्रनाथ द्विवेदी, खीरों मुकेश कुमार, शिवगढ़ अनिल मिश्रा व बीईओ बछरावां इंद्रा देवी का नाम पदोन्नति की सूची में शामिल है। बुधवार को पदोन्नति हुए बीईओ ने बीएसए राहुल सिंह से मुलाकात की। बीएसए ने सभी पदोन्नति बीईओ को बधाई देते हुए कहा कि अब विभाग को और अधिकारी मिल जाएंगे।

# अधिवक्ताओं व तहसीलदार के बीच गतिरोध के बावजूद न्यायिक कार्य हुआ संपन्न

**लालगंज, रायबरेली, 27 मई (तरुणमित्र)।** बुधवार को अधिवक्ताओं ने तहसीलदार शिवम राठौड़ के खिलाफ जिलाधिकारी के यहां गुहार लगाई थी, डीएम ने मामले की जांच एडीएम प्रशासन को सौंपी है। लालगंज के कुछ अधिवक्ता तहसीलदार की कार्यप्रणाली से नाराज है। नाराज अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य का बहिष्कार कर दिया, जिससे फरियादियों को परेशानी उठानी पड़ रही है। वही वादकारियों के हित को देखते हुए बुधवार को एसडीएम कोर्ट और नायब तहसीलदार खीरो की अदालत में काम चला। वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने दोनों कोर्ट में पहुंचकर अपने-अपने न्यायिक कार्यों का संपादन किया। बताते चले कि कुछ अधिवक्ता तहसीलदार शिवम राठौड़ की कार्यप्रणाली से नाराज हैं। वही तहसीलदार का कहना है कि आए दिन की हड़ताल से वादकारी परेशान होता है और शासन का भी दबाव है कि मुकदमों का निस्तारण किया जाए। जिसके चलते अदालतें चलाई जा रही हैं। बुधवार को भी वरिष्ठ अधिवक्ताओ ने एसडीएम और तहसीलदार के द्वारा की जा रही अदालत की सुनवाई में भागेदारी करते हुए न्यायिक कार्य संपन्न कराया।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय व्यापार बन्धु की बैठक सम्पन्न



**रायबरेली, 27 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला व्यापार बन्धु की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद के व्यापारियों एवं उद्यमियों से संबंधित विभिन्न समस्याओं एवं सुझावों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि व्यापारियों की समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए, जिससे व्यापारिक गतिविधियां सुचारु रूप से संचालित हो सकें। उन्होंने कहा कि व्यापार एवं उद्योग के विकास के लिए प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है तथा व्यापारियों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। बैठक में व्यापारियों द्वारा विद्युत व्यवस्था, सड़क, यातायात, साफ-सफाई, सुरक्षा एवं अन्य स्थानीय समस्याओं से संबंधित विषय उठाए गए, जिन पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि नगर पालिका क्षेत्र में कहीं भी अवैध स्टैण्ड संचालित न होने पाए। अधिकृत स्टैण्डों पर निर्धारित शुल्क ही लिया जाए तथा शुल्क की रेट लिस्ट प्रत्येक स्टैण्ड पर अनिवार्य रूप से प्रदर्शित की जाए, जिससे ओवररेटिंग की समस्या न उत्पन्न हो। उन्होंने ई-रिक्शा चालकों द्वारा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन के प्रयोग एवं नाबालिग चालकों के विरुद्ध अभियान चलाकर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही सड़कों पर अवैध रूप से वाहन पार्क करने वालों के विरुद्ध नगर पालिका द्वारा वाहन हटवाकर जुमार्ने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि व्यापारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें, ताकि जनपद में व्यापार एवं उद्योग को बढ़ावा मिल सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, उप जिलाधिकारी सदर गौतम सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार, उपायुक्त राज्यकर परमहंस लाल श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद स्वर्ण सिंह, एआरटीओ उमेश कटियार सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण, व्यापार मंडल के प्रतिनिधि एवं व्यापारी बन्धु उपस्थित रहे।

# ईद -उल-अजहा का पर्व आज, तैयारियां पूरी

**रायबरेली, 27 मई (तरुणमित्र)।** जनपद में गुरुवार को ईद-उल-अजहा यानी बकरीद का पावन पर्व पूरे धार्मिक उल्लास और भाईचारे के साथ मनाया जाएगा। त्योहार को लेकर प्रशासन और पुलिस विभाग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मस्जिदों और ईदगाहों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई, पेयजल और बिजली व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ईद-उल-अजहा इस्लाम धर्म का प्रमुख त्योहार माना जाता है। इसे ल्कुबार्नी का त्योहारद्व भी कहा जाता है। यह पर्व हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम की उस महान कुबार्नी की याद में मनाया जाता है, जब उन्होंने अल्लाह के हुक्म पर अपने सबसे प्रिय पुत्र हजरत इस्माइल की कुबार्नी देने का निश्चय किया था। उनकी आस्था और समर्पण से प्रसन्न होकर अल्लाह ने उनके पुत्र को सुरक्षित रखते हुए एक दुम्बे की कुबार्नी स्वीकार कर ली। तभी से मुसलमान इस दिन कुबार्नी की परंपरा निभाते हैं।

**टाउन हॉल बकरा बाजार में उमड़ी भीड़-** ईद-उल-अजहा (बकरीद) को लेकर शहर के टाउन हॉल स्थित बकरा बाजार में बुधवार को काफी भीड़ देखने को मिली। लोग अपनी क्षमता और पसंद के अनुसार कुबार्नी के लिए बकरे खरीदते नजर आए। बाजार में छोटे से लेकर बड़े और आकर्षक बकरे बिक्री के लिए लाए गए



थे। बकरा विक्रेताओं ने बताया कि इस बार बाजार में कई जिलों से व्यापारी पहुंचे हैं। वहीं खरीदारों ने भी बढ़-चढ़कर खरीदारी की। बाजार में सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी तैनात रहा।

**खरीदारी को लेकर बाजारों में बढ़ी रौनक -** जनपद में त्योहार को लेकर बाजारों में भी रौनक बढ़ गई है। कपड़े, सेवइयां, मसाले और अन्य खाद्य सामग्री की दुकानों पर लोगों की भीड़ देखी जा रही है। बकरीद के दिन सुबह लोग नए कपड़े पहनकर मस्जिदों और ईदगाहों में विशेष नमाज अदा करते हैं। नमाज के बाद एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी जाती है। इसके बाद लोग अपनी हैसियत के अनुसार बकरे, भैंस व अन्य तय जानवरों की कुर्बानी देते हैं। कुर्बानी के मांस को तीन हिस्सों में बांटने की परंपरा है, जिसमें एक हिस्सा गरीब और जरूरतमंदों को दिया जाता है, दूसरा रिश्तेदारों और मित्रों में बांटा जाता है तथा तीसरा हिस्सा अपने परिवार के लिए रखा जाता है। इस पर्व का मुख्य उद्देश्य त्याग, सेवा,

# एम्स रायबरेली में चल रहे समर कैंप का समापन

**रायबरेली, 27 मई (तरुणमित्र)।** एम्स रायबरेली में 18 मई से 27 मई तक चल रहा समर कैंप सफलता पूर्वक संपन्न हो चुका है। डॉ सुनीता सिंह की अध्यक्षता में क्रेच समिति द्वारा आयोजित समर कैंप समापन समारोह में छोटे बच्चों हेतु एक रंगारंग एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कार्यकारी निदेशक डॉ अमिता जैन, उप निदेशक प्रशासन कर्नल अखिलेश सिंह एवं वित्तीय सलाहकार कर्नल यू एन राय की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा साइंस एग्जीबिशन प्रस्तुत की गई, जिसमें जल घनत्व, हल्दी एवं डिटर्जेंट मिलाने पर रंग परिवर्तन जैसे रोचक वैज्ञानिक प्रयोगों का प्रदर्शन किया गया। बच्चों ने इन प्रयोगों के माध्यम से विज्ञान के सिद्धांतों को सरल एवं आकर्षक तरीके से प्रस्तुत किया।




इसके अतिरिक्त फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने कैप्टन अमेरिका, काशी बाई, माता सीता आदि विभिन्न आकर्षक वेशभूषाओं में भाग लेकर सभी का मन मोह लिया। कुछ बच्चों ने वॉइस मिमिक्री प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया, जिसे उपस्थित सभी अधिकारियों एवं अभिभावकों द्वारा खूब सराहा गया। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। समर कैंप के इस आयोजन ने बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता एवं वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## एनकार्ड की बैठक सम्पन्न, प्रवर्तन अभियान जारी रखने के निर्देश

**रायबरेली, 27 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एनकार्ड की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में नशीली दवाओं, अवैध शराब निर्माण की रोकथाम के लिए अब तक हुई कार्यवाही की विस्तार से समीक्षा की गई और आगामी रणनीति पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शेड्यूल एच-1 रजिस्टर समस्त रिटेल मेडिकल स्टोर संचालक बनायें तथा उसमें नारकोटिक्स ड्रग सेल का विवरण भरेंगे। बिना डॉक्टर प्रिस्क्रिप्शन के नारकोटिक्स ड्रग का सेल कोई भी फुटकर औषधि विक्रेता नहीं करेंगे। नारकोटिक्स ड्रग सेल का अलग से कैश मेमो रिकॉर्ड बनाया जाए। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति अभियान को प्रभावी बनाते हुए विद्यार्थियों एवं युवाओं को जागरूक किया जाए, ताकि समाज में नशे की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाया जा सके।

# 10 मेधावी विद्यार्थियों का किया गया सम्मान

## जिलाधिकारी व एचडीएफसी बैंक ने किया उत्साहवर्धन, विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना

**रायबरेली, 27 मई (तरुणमित्र)।** जिला प्रशासन रायबरेली एवं एचडीएफसी बैंक के संयुक्त तत्वावधान में आज जिलाधिकारी के कलेक्ट्रेट कक्ष में जिले के तीन प्रमुख शिक्षा बोर्ड- यूपी बोर्ड, सीबीएसई बोर्ड और आईएससी बोर्ड के इंटरमीडिएट वर्ग में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले 10 मेधावी छात्र-छात्राओं को जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं उपहार भेंट कर सम्मानित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया गया। जिसमें यूपी बोर्ड से नंदिनी गुप्ता (93.80 प्रति०), जया शुक्ला (93.40 प्रति०), वैष्णवी (92.60 प्रति०) एवं सीबीएसई बोर्ड से प्रभात चौरसिया व काजल यादव (97 प्रति०), शगुन यादव (96.06 प्रति०) तथा आईसीएसई बोर्ड से निष्ठा वर्मा (96.1 प्रति०), आदित्य कुमार शुक्ला व समृद्धि श्रीवास्तव (96 प्रति०), श्रेया श्रीवास्तव (95.75 प्रति०) शामिल है।




जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ऐसे सम्मान समारोह युवाओं में सकारात्मक प्रतिस्पर्धा एवं उत्कृष्टता की भावना को बढ़ावा देते हैं। रायबरेली जनपद के इन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने जिले का गौरव बढ़ाया है। जिलाधिकारी द्वारा रायबरेली जनपद के सभी मेधावी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कमाना करते हुए हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों ने अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन एवं एचडीएफसी बैंक का आभार प्रकट किया। इस पहल का उद्देश्य जिले के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना तथा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रेरित करना है।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सराह अशरफ, एचडीएफसी बैंक के शाखा प्रबंधक शशांक श्रीवास्तव तथा उनके कार्यालय सहयोगी समरजीत एवं प्रशांत पाठक उपस्थित रहे।

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में दिखाये कड़े तेवर

# स्थानांतरण सत्र: भ्रष्टाचार या लापरवाही की शिकायत मिली तो कठोर कार्रवाई तय : केशव प्रसाद

**लखनऊ, 27 मई (तरुणमित्र)।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में बुधवार को कालिदास मार्ग स्थित कैंप कार्यालय पर ग्राम्य विकास विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक हुई। बैठक में राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम सहित ग्राम्य विकास विभाग के सोरभ बाबु प्रमुख सचिव, जीएस प्रियदर्शी सचिव/आयुक्त, विशेष सचिव, उप सचिव, अनुसचिव, अनुभाग अधिकारी, उत्तर प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण (यूपीआरआरडीए) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी शिव सहाय अवस्थी, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एसआरएलएम) की निदेशिका दीपा रंजन, एसआईआरडी के निदेशक तथा अन्य वरिष्ठ विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



डिप्टी सीएम ने सख्त लहजे में चेताते हुए कहा कि प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए कार्यस्थलों पर मनरेगा श्रमिकों और रोजगार सेवकों के लिए छाया, पेयजल, और ओआरएस सहित पर्याप्त सुरक्षात्मक प्रबंध तत्काल सुनिश्चित किए जाएं। यूपीआरआरडीए (ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण) मुख्य कार्यपालक अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी कार्यों के भुगतान में पूर्ण पारदर्शिता से किया जाये। कहा कि प्रशिक्षण के लिए एक मासिक रोस्टर तैयार हो और प्रत्येक जिले में

● सरकारी धन के एक-एक पैसे का हिसाब लूंगा, लापरवाही पर होगी दंडात्मक कार्रवाई: केशव प्रसाद मौर्य

● मनरेगा श्रमिकों को भीषण गर्मी से बचाने के हों पर्याप्त प्रबंध, समय पर हो मजदूरी का भुगतान

विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित कर ट्रेनिंग की कार्ययोजना बनाई जाए। ग्राम चौपाल एवं पीएम आवास योजनाः ग्राम चौपालः ग्राम चौपालों के आयोजन की निगरानी मुख्यालय स्तर के अधिकारियों द्वारा मासिक रूप से की जाए। चौपालों में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति को पोर्टल पर अनिवार्य रूप से प्रदर्शित किया जाए। साथ ही, ऐप के माध्यम से ग्राम चौपाल कार्यक्रम की पहुंच आम जनमानस तक बढ़ाई जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। कच्चे या जीर्ण-शीर्ण घरों से पीड़ित पात्र परिवारों तक इस योजना का लाभ पहुंचाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार और त्वरित कार्रवाई की जाए। अंत में उन्होंने स्पष्ट किया कि, मैं सरकारी धन के एक-एक पैसे का हिसाब लूंगा। जनता के विकास के पैसे का दुरुपयोग या कार्यों में लापरवाही अक्षम्य होगी। आगामी स्थानांतरण सत्र के दौरान यदि किसी भी अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ भ्रष्टाचार या लापरवाही की शिकायत प्राप्त होती है, तो उसके विरुद्ध तत्काल कठोर दंडात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# पीडब्ल्यूडी मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन का 100वां शताब्दी महोत्सव मनाया

**लखनऊ, 27 मई (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन 100वां शताब्दी महोत्सव वर्ष 1926-2026 राजधानी लखनऊ में चारबाग रेलवे स्टेशन के पास रवीन्द्रालय में बुधवार को बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने दीप प्रज्वलित कर शताब्दी वर्ष का शुभारम्भ किया।

सुभाष लाम्बा, राष्ट्रीय अध्यक्ष और एस श्री कुमार, राष्ट्रीय महासचिव अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ, एस पी सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर्स महासंघ, कमल अग्रवाल, प्रांतीय अध्यक्ष, अशोक कुमार सिंह उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ , पद्मनाभ द्विवेदी, प्रांतीय अध्यक्ष, जे पी पाण्डेय, प्रांतीय महामंत्री , हेमन्त कुमार गुर्जर,वरिष्ठ उपाध्यक्ष, गोपाल प्रसाद , प्रान्तीय कार्यकारी अध्यक्ष , संरक्षक सुरेन्द्र लाल श्रीवास्तव प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे।



● डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने दीप प्रज्वलित कर शताब्दी वर्ष का शुभारम्भ किया

मीडिया प्रभारी सीपी श्रीवास्तव, ने बताया कि उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन, अमरनाथ यादव जी,प्रान्तीय अध्यक्ष एवं प्रांतीय महामंत्री ओ पी त्रिपाठी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष,बी एल कुशवाहा उत्तर प्रदेश सेवानिवृत्त कर्मचारी एवः पेंशनर्स सत्य नारायण त्रिपाठी, राम भजन मौर्य, श्रीमती राधा रानी श्रीवास्तव, नरेन्द्र प्रताप सिंह, त्रिवेनी प्रसाद, एस के मिश्रा, आर एस यादव, यशपाल सैनी, उत्तराखंड राज्य से विक्रम सिंह रावत, प्रान्तीय अध्यक्ष, आनंद सिंह पुजारी, प्रान्तीय महामंत्री, शिव सिंह राणा, क्षेत्रीय महामंत्री, (गणवाल क्षेत्र) हरेंद्र कोहली, जिलाध्यक्ष( चमोली ) उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग उत्तराखंड, राम लखन, प्रान्तीय अध्यक्ष, प्रमुख/मुख्य अभियंता मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन उत्तर प्रदेश आदि मौजूद रहे।

# फर्श पर मिला युवती का शव, प्रेमी पर हत्या का आरोप

**बक्शी का तालाबलखनऊ, 27 मई (तरुणमित्र)।** थाना क्षेत्र के रैथा गाँव में मंगलवार शाम एक 18 वर्षीय युवती का शव उसके कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में फर्श पर पड़ा मिला। मृतका के पिता ने उसकी मौत के लिए उसके प्रेमी को जिम्मेदार ठहराया है। पिता का आरोप है कि, युवक ने अकेलेपन का फायदा उठाकर घर में घुसकर उनकी बेटी की हत्या की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गहराई से जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार, रैथा निवासी 18 वर्षीय कुमकुम गौतम ने हाई स्कूल करने के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी और वह घर पर ही रहती थी। मृतका के पिता गुड्डू गौतम ने बताया कि उनकी बेटी का पिछले दो साल से बीकेटी के बेसन बाग के रहने वाले एक युवक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों शादी करना चाहते थे और इसके लिए तैयार भी थे। हालांकि, करीब छह महीने पहले युवक के पिता ने इस रिश्ते से साफ इनकार कर दिया। इस बात से कुमकुम को गहरा सदमा लगा और उसकी तबीयत काफी बिगड़ गई। उसे कुछ दिनों तक अस्पताल में भी भर्ती कराना पड़ा था, जहाँ से छुट्टी मिलने के बाद वह घर पर आराम कर रही थी।मंगलवार को गुड्डू गौतम और उनकी पत्नी राजरानी अपनी बीमार बेटी को तख्त पर लिटाकर काम से बाहर चले गए थे। माँ राजरानी दवाई लेने गई थीं, जबकि कुमकुम के भाई-बहन पास ही में आयोजित एक भंडारे में गए हुए थे। शाम करीब छह बजे जब पिता गुड्डू घर लौटे, तो वहाँ कोई नहीं था। जब वे बेटी के कमरे में गए, तो कुमकुम को फर्श पर बेसुध पड़ा देख उनके होश उड़ गए। शरीर में कोई हरकत न होने पर उन्होंने शोर मचाया और आसपास के लोगों की मदद से उसे अस्पताल ले गए, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पीड़ित पिता ने पुलिस को बताया कि, कुछ दिन पहले ही बेटी के प्रेमी ने उसे जान से मारने की धमकी दी थी। उनका आरोप है कि मंगलवार को जब घर पर कोई नहीं था, तो प्रेमी ने इसी बात का फायदा उठाया। वह चुपके से घर में दाखिल हुआ और कुमकुम की हत्या करके मौके से फरार हो गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा, जिसके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बच्चों व उनके परिवार को म्यूजियम व स्मारकों में फ्री इंट्री

**लखनऊ, 27 मई (तरुणमित्र)।** तरुणमित्र। गर्मी की छुट्टियों मे स्कूली बच्चों एवं उनके परिजनों को म्यूजियम एवं पुरातत्व विभाग के स्मारकों में निःशुल्क प्रवेश मिलेगा। साथ ही राही पर्यटक आवास गृहों, होटलों में भी इन यात्रियों को 20 से 25 प्रतिशत छूट देने का निर्णय लिया गया है। इसे लेकर प्रदेश के पर्यटनमंत्री जयवीर सिंह ने अधिकारियों को स्मारकों में निःशुल्क प्रवेश के निर्णय का प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये है। प्रदेश में डेस्टिनेशन वेडिंग की अपार संभावनाओं को देखते हुए पीपीपी योजना में लीज पर दी गई इकाईयों एवं पर्यटक आवास गृहों को प्रोत्साहित करने के लिए कहा है।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार छात्र की मौत

**बख्शी का तालाब लखनऊ, 27 मई (तरुणमित्र)।** थाना क्षेत्र में चंद्रिका देवी रोड पर मंगलवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार 21 वर्षीय छात्र की मौत हो गई। किसी अज्ञात वाहन ने छात्र की मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक ने हादसे के वक्त हेलमेट नहीं पहन रखा था, जिसे उसकी मौत का मुख्य कारण माना जा रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, लखनऊ के माल क्षेत्र के पिपरी कुराखर गांव का रहने वाला 21 वर्षीय आदित्य कुमार एक होनहार छात्र था। उसने बीते वर्ष ही इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। इसके बाद उसने आगे की पढ़ाई जारी रखने के लिए हरदोई के एक कॉलेज से बीए का फॉर्म भरा था। आदित्य पढ़ाई के साथ-साथ अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को संभालने में भी हाथ बंटा रहा था। वह घर का खर्च चलाने के लिए बख्शी का तालाब के सैदापुर इलाके में स्थित एक आम के बाग में देखरेख और नौकरी करता था। मृतक के पिता आसाराम ने बताया कि, मंगलवार की रात करीब 10:30 बजे आदित्य अपनी मोटरसाइकिल से किसी काम के लिए बख्शी का तालाब कस्बा जा रहा था। वह जैसे ही चंद्रिका देवी रोड पर स्थित 15 नंबर ट्यूबवेल के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि आदित्य मोटरसाइकिल समेत सड़क पर दूर जा गिरा और उसके सिर में गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर मौके से भाग निकला।

# डीएम ने देखी आवास गणना की हकीकत, मांगा सहयोग

**लखनऊ, 27 मई (तरुणमित्र)।** तरुणमित्र। लखनऊ सहित पूरे देश में इन दिनों जनगणना-2027 अभियान के तहत पहले चरण में मकान सूचीकरण एवं आवास गणना का कार्य चल रहा है। इस कार्य को समय बद्ध तरीके से 20 जून तक पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है।

जिलाधिकारी विशाख जी ने बुधवार को नगर निगम जोन-1 के अंतर्गत विभिन्न हाउस लिस्टिंग ब्लॉकों का भ्रमण कर वहां चल रहे कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने जनगणना कार्य में लगे प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों से बातचीत कर मकान गणना कार्य की प्रगति की जानकारी भी हासिल किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने गणना से संबंधित अभिलेखों, प्रपत्रों एवं डिजिटल माध्यम से किए जा रहे डेटा संकलन की प्रक्रिया का भी बारीकी से अवलोकन किया। साथ ही उन्होंने मकान सूचीकरण एवं आवास गणना का कार्य पूर्ण निर्धारित समयसीमा में संपन्न कराने के भी निर्देश दिये। इस दौरान डीएम ने जोनल अधिकारी एवं सुपरवाइजर को फील्ड में कार्यरत कर्मचारियों की नियमित मॉनिटरिंग तथा प्रतिदिन कार्य की प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश दिये। साथ ही निर्देश दिया कि समस्त जोनल अधिकारियों द्वारा जिन अपार्टमेंट्स अथवा बहुमंजिला भवनों में जनगणना कार्यों में अपेक्षित सहयोग प्राप्त नहीं हो रहा है, वहां राजस्व निरीक्षकों द्वारा स्थानीय निवासियों को जनगणना के महत्व के प्रति जागरूक करे।

## अनावश्यक गृह कर एवं बिना कनेक्शन पानी के बिल वापस लें

**लखनऊ (सं)।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के एक प्रतिनिधिमंडल संगठन के अध्यक्ष संदीप बंसल के नेतृत्व में नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा से मिला। मुलाकात के दौरान संदीप ने नगर विकास मंत्री से अनावश्यक भेजे जा रहे गृह कर के बिलों तथा बिना कनेक्शन के लाखों लाखों रुपये के पानी के बिल भेजे जाने पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि अंग्रेज के जमाने के बने हुए नियम कानून अब अप्रासंगिक हैं। इनको संशोधित किया जाना चाहिए ताकि किसी व्यापारी और आम नागरिक का शोषण न हो सकें। जोकि विभाग द्वारा किया जा रहा है। संदीप बंसल ने इस संदर्भ में उनसे अतिशीघ्र ठोस कदम उठाए जाने की मांग की।

# अब रोजाना चलेगी वाराणसी-लखनऊ स्पेशल एक्सप्रेस

**लखनऊ, 27 मई (तरुणमित्र)।** रेल मंत्रालय ने वर्तमान में चल रही गाड़ी संख्या 04217/04218 वाराणसी-लखनऊ-वाराणसी स्पेशल एक्सप्रेस को नियमित करके नए गाड़ी संख्या 14225/14226 वाराणसी-लखनऊ-वाराणसी एक्सप्रेस के रूप में नियमित संचालित करने का निर्णय लिया है। गाड़ी संख्या 14225 वाराणसी-लखनऊ एक्सप्रेस का नियमित संचालन वाराणसी से 28 मई 2026 से तथा गाड़ी संख्या 14226 लखनऊ-वाराणसी एक्सप्रेस का संचालन लखनऊ से 28 मई 2026 से प्रारंभ होगा। इस ट्रेन में कुल 15 कोच लगाए जाएंगे, जिनमें 13 सामान्य द्वितीय श्रेणी तथा 02 एसएलआरडी कोच शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में



● गंगा सतलुज एक्सप्रेस और वाराणसी लखनऊ शटल सुपरफास्ट के समय में किया गया बदलाव

संचालित गाड़ी संख्या 04217/04218 वाराणसी-लखनऊ-वाराणसी स्पेशल एक्सप्रेस को 28 मई 2026 से निरस्त मान लिया जाएगा।

इस बारे में उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के सीनियर डीसीएम समर्थ गुप्ता ने बताया कि 14225 वाराणसी-लखनऊ एक्सप्रेस वाराणसी से प्रातः 06:20 बजे प्रस्थान कर बाबतपुर स्टेशन पर 06:39 बजे आगमन एवं 06:41 बजे प्रस्थान, जौनपुर जं. पर 07:16 बजे आगमन एवं 07:18 बजे प्रस्थान, शाहगंज जं. पर 07:48 बजे आगमन एवं 07:50 बजे प्रस्थान, मालीपुर पर 08:11 बजे आगमन एवं 08:13 बजे प्रस्थान, अकबरपुर पर 08:32 बजे आगमन एवं 08:34 बजे प्रस्थान, गोशाईंगंज पर 08:51 बजे आगमन एवं 08:53 बजे प्रस्थान, अयोध्या धाम जं. पर 09:20 बजे आगमन एवं 09:22 बजे प्रस्थान, अयोध्या कैंट पर 09:40 बजे आगमन एवं 09:45 बजे प्रस्थान, रुदौली पर 10:10 बजे आगमन एवं 10:12 बजे प्रस्थान, दरियाबाद पर 10:30 बजे आगमन एवं 10:32 बजे प्रस्थान तथा बाराबंकी जं. पर 11:02 बजे आगमन एवं 11:04 बजे प्रस्थान करते हुए दोपहर 12:20 बजे लखनऊ पहुंचेगी। यह ट्रेन प्रतिदिन संचालित होगी। इसी प्रकार डाउन में 14226 लखनऊ-वाराणसी एक्सप्रेस लखनऊ से सायं 16:20 बजे प्रस्थान कर बाराबंकी जं. पर 16:51 बजे आगमन एवं 16:53 बजे प्रस्थान, दरियाबाद पर 17:24 बजे आगमन एवं 17:26 बजे प्रस्थान, रुदौली पर 17:43 बजे आगमन एवं 17:45 बजे प्रस्थान, अयोध्या कैंट पर 18:18 बजे आगमन एवं 18:23 बजे प्रस्थान, अयोध्या धाम जं. पर 18:39 बजे आगमन एवं 18:41 बजे प्रस्थान, गोशाईंगंज पर 19:06 बजे आगमन एवं 19:08 बजे प्रस्थान, अकबरपुर पर 19:31 बजे आगमन एवं 19:33 बजे प्रस्थान, मालीपुर पर 19:53 बजे आगमन एवं 19:55 बजे प्रस्थान, शाहगंज जं. पर 20:31 बजे आगमन एवं 20:33 बजे प्रस्थान, जौनपुर जं. पर 21:01 बजे आगमन एवं 21:03 बजे प्रस्थान तथा बाबतपुर पर 21:53 बजे आगमन एवं 21:55 बजे प्रस्थान करते हुए रात्रि 22:20 बजे वाराणसी पहुंचेगी। यह ट्रेन प्रतिदिन संचालित होगी। ऐसे में गाड़ी संख्या 13307 धनबाद-फिरोजपुर गंगा सतलुज एक्सप्रेस के समय में मालीपुर से रुदौली स्टेशन के मध्य समय सारणी में संशोधन किया गया है। इसके अलावा गाड़ी संख्या 20402 लखनऊ-वाराणसी सुपरफास्ट एक्सप्रेस का वाराणसी स्टेशन पर आगमन समय भी बदला गया जिसके तहत यह ट्रेन वाराणसी स्टेशन पर रात्रि 22:40 बजे पहुंचेगी।

# बिजली व्यवस्था सामान्य बनाए रखने को संविदा कर्मी बहाल हों

**लखनऊ, 27 मई (तरुणमित्र)।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के केंद्रीय पदाधिकारियों ने पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष से मांग की है कि भीषण गर्मी के दौर में पटरी से उतर रही बिजली व्यवस्था को सामान्य बनाए रखने हेतु हटाए गए अनुभवी संविदा कर्मियों को तत्काल बहाल किया जाए तथा बिजली कर्मियों पर अनावश्यक रूप से चल रही उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियों को तुरंत समाप्त किया जाए।

संघर्ष समिति ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में रिकॉर्ड स्तर पर बिजली उपलब्ध होने के बावजूद उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी में घंटों बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है। इसका प्रमुख कारण यह है कि प्रदेश का ट्रांसमिशन एवं



डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क 32,000 से 33,000 मेगावाट की बिजली आपूर्ति को संभालने के लिए पर्याप्त रूप से सक्षम नहीं है।

संघर्ष समिति ने कहा कि नेटवर्क को मजबूत करने की दिशा में गंभीर और दीर्घकालिक कार्ययोजना बनाई जानी चाहिए, किंतु यह कार्य रातों-रात संभव नहीं है। संघर्ष समिति ने कहा कि वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता यह है कि उपलब्ध बिजली को प्रभावी ढंग से उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जाए तथा फॉल्टों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

किंतु 20 हजार से अधिक संविदा कर्मियों को हटाए जाने, राजधानी लखनऊ सहित कई शहरों में लागू की गई वर्टिकल व्यवस्था के कारण नियमित पदों को कमजोर किए जाने तथा अव्यवस्थित कार्य प्रणाली के चलते बिजली होते हुए भी उपभोक्ताओं तक निर्बाध आपूर्ति नहीं पहुंच पा रही हैसंघर्ष समिति ने कहा कि बिजली कर्मचारी, जूनियर इंजीनियर एवं अभियंता भीषण गर्मी में दिन-रात कठिन परिस्थितियों में कार्य करते हुए उपभोक्ताओं तक बिजली पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं, किंतु प्रबंधन का असहयोगपूर्ण, असंवेदनशील एवं असहिष्णु रवैया बिजली व्यवस्था के लिए सबसे अधिक घातक सिद्ध हो रहा है।

## पुश्तैनी जमीन पर कब्जे के प्रयास का आरोप

**लखनऊ, 27 मई (तरुणमित्र)।** के सरोजनी नगर तहसील क्षेत्र के ग्राम समदा खेड़ा में पुश्तैनी एवं राजस्व अभिलेखों में दर्ज भूमि पर अवैध कब्जे के प्रयास का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल (आईजीआरएस), जिलाधिकारी, एसडीएम, पुलिस प्रशासन के साथ-साथ क्षेत्रीय विधायक राजेश्वर सिंह को भी शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थना पत्र के अनुसार ग्राम समदा खेड़ा स्थित गाटा संख्या 454, रकबा 0.8220 हेक्टेयर भूमि पर वर्षों से प्रार्थी पक्ष का शांतिपूर्ण कब्जा और उपयोग चला आ रहा है। पीड़ितों ने आरोप लगाया है कि विपक्षी पक्ष द्वारा दबंगई के बल पर जमीन पर जबरन कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है।

# डिजिटल मीडिया से बढ़ रही माहवारी संबंधी स्वास्थ्य जागरूकता

**लखनऊ, 27 मई (तरुणमित्र)।** माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर किशोरियों में मासिक धर्म स्वास्थ्य, डिजिटल जागरूकता एवं एचपीवी वैक्सीनेशन को लेकर एक महत्वपूर्ण अध्ययन सामने आया है।

क्वीन मेरी अस्पताल के, किशोर स्वास्थ्य एवं विकास के लिए उत्कृष्टता केंद्र द्वारा किए गए इस अध्ययन में यह तथ्य उजागर हुआ कि डिजिटल मीडिया किशोरियों के बीच स्वास्थ्य संबंधी जानकारी का प्रमुख माध्यम बन चुका है,हालांकि एचपीवी वैक्सीनेशन एवं मासिक धर्म स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता के क्षेत्र में अभी भी व्यापक कार्य किए जाने की आवश्यकता है। यह अध्ययन प्रसूति एवं स्त्री रोग विभागाध्यक्ष डॉ. अंजू अग्रवाल के संरक्षण में तथा वरिष्ठ चिकित्सक प्रो. सुजाता देव एवं काउंसलर सौम्या सिंह द्वारा किया गया। अध्ययन का विषय था– किशोरियों में डिजिटल मीडिया के उपयोग एवं एचपीवी वैक्सीनेशन जागरूकता। डॉ. अंजू अग्रवाल के अनुसार डिजिटल प्लेटफॉर्म किशोरियों तक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी पहुंचाने का



● एचपीवी वैक्सीनेशन को लेकर जानकारी अब भी सीमित : डॉ .अंजू

प्रभावी माध्यम बन चुके हैं, लेकिन मासिक धर्म स्वास्थ्य एवं वैक्सीनेशन को लेकर जागरूकता बढ़ाने की अभी भी आवश्यकता है। प्रो.सुजाता देव के अनुसार यदि किशोरियों को वैज्ञानिक, प्रमाणित एवं सरल भाषा में स्वास्थ्य संबंधी जानकारी डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से उपलब्ध कराई जाए,तो मासिक धर्म स्वास्थ्य, प्रजनन स्वास्थ्य एवं वैक्सीनेशन संबंधी जागरूकता को प्रभावी रूप से बढ़ाया जा सकता है।

# नकली सीमेंट कहीं खोखला न कर दे आपके सपनों के मकान की नींव!

रामलखन रावत

**काकोरी, लखनऊ, 27 मई (तरुणमित्र)।** आम जनता जहां एक ओर अपनी कमाई से एक खुद का मकान बनाने का सपना देख रही है तो वहीं कुछ समाज में बैठे बिचौलिए चंद पैसों की लालच में उन लोगों के सपनों पर पानी फेरने से बाज नहीं आ रहे है। जी हां, मकान बनवाने में यदि आप किसी भी सीमेंट का प्रयोग कर रहे है तो बहुत सावधानी पूर्वक जांच पड़ताल कर लें जिससे कि आपके सपनों के मकान की नींव में किसी प्रकार की मिलावटपन न होने पाये। दरअसल ये बिचौलिए डैमेज सीमेंट को बाहर से और लोकल में सीमेंट साइड से बड़े पैमाने पर खरीद कर उसमें फ्लाईयश नामक राख मिलकर छन्ने से छानकर और कुप्पे की सहायता से अन्य ब्रांड की नई बोरियों में भरकर मार्केट से कम दामों पर होलसेल में



अपने चारों ओर सप्लाई कर रहे है।

**डैमेज सीमेंट की रिपैकिंग व बेचने का अधिकार नहीं...!**

किसी भी ब्रांड की कंपनी द्वारा डैमेज हुई सीमेंट को छन्ने से छानकर कुप्पे के माध्यम से किसी भी अन्य ब्रांड या उसी ब्रांड में पुनः रिपैक का आदेश नहीं देता है, ये क्रिया कंपनी की गाइड लाइन के विपरीत और कॉपी राइट का क्राइम है। लेकिन बिचौलिए वर्तमान समय में जीएसटी और बिल से डैमेज सीमेंट खरीदने का दावा कर रात के अंधेरे में रिपैकिंग कर बेचने में जुटे है।

ऐसा ही एक मामले की वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर खूब शेयर किया गया जो कि काकोरी कोतवाली की कस्बा चौकी से कुछ दूरी पर कौड़िया खेड़ा गांव में अल्ट्राटेक ब्रांड की डैमेज सीमेंट स्टोर कर चोरी छुपे उसको एक

● काकोरी क्षेत्र में डैमेज सीमेंट की रिपैकिंग कर अन्य ब्रांड की बना रहे सीमेंट, जिम्मेदार मौन

● डैमेज सीमेंट को लोकल ब्रांड में मिलाकर बड़े पैमाने पर उसमें मिलाया जा रहा फ्लाइऐश

● बोलीं एडीएम सिविल सप्लाई, अब ये हमारे विभाग के क्षेत्राधिकार में नहीं आता

गोदाम में स्टोर की जा रही थी। जानकारी करने पर पता चला कि सतीश चौरसिया नामक व्यक्ति किराए के गोदाम को लेकर उसमें स्टोर कर रहा है और बोल रहा मेरे पास जीएसटी और बिल है। परन्तु जब इसके उपयोग की बात की गई तो कोई जवाब नहीं मिला।

**गैर जनपदों से रिपैकिंग को मंगाई जाती है डैमेज सीमेंट...!**

काकोरी में डैमेज का यह कोई इकलौता गोदाम नहीं है। पारा क्षेत्र की सीमेंट साइड से सुबह से लेकर शाम तक हजारों की संख्या में डैमेज सीमेंट की बोरियों को खरीद कर अपने अपने गोदामों में रात तक ले जाते है यही नही इसमें कुछ उच्च स्तरीय बिचौलिए गैर जनपद जैसे झांसी, प्रयागराज, अयोध्या, शाहजहांपुर, कानपुर,बलिया अन्य तमाम जनपदों से पूरे ट्रक जिसमें चार सौ से पांच सौ बोरियों के हिसाब से अपने अपने लिए मांगते हैं, और विभिन्न प्रकार की नई बोरियों में रिपैक कर सस्ते दामों में होलसेल बेचकर भरी मुनाफा कमाते है। इस कामकाज से जुड़े कुछ जानकारों की माने तो इन अवैध कारोबार में स्थानीय पुलिस का संरक्षण कहीं न कहीं और किसी न किसी रूप में होता है।

**पहले भी अवैध रिपैकिंग के मुकदमे दर्ज किये जा चुके...!**

पूर्व में काकोरी, पारा, दुबग्गा में दर्जनों की संख्या में गोदामों पर छापेमारी कर मुकदमे दर्ज भी किए जा चुके है। जिससे ये बिचौलिए अब पुनः उसी काम को शुरू कर दिया है। वायरल वीडियो के सम्बन्ध में काकोरी कोतवाली प्रभारी निरक्षक सतीशचन्द्र राठौड़ ने बताया ने कि इस मामले में हमारे यहां कोई अपडेट नहीं है। जबकि इस प्रकरण पर जब तरूणमित्र टीम ने एडीएम सिविल सप्लाइ ज्योति गौतम से बातचीत की तो उनका यही कहना रहा कि बहुत पहले सीमेंट आदि से जुड़ी अमान्य गतिविधियां सिविल सप्लाइ विभाग के तहत आती थी, मगर अब यह हमारे विभागीय क्षेत्राधिकार के तहत नहीं आता।

# कार्यशाला में छात्रों ने देखी दुर्लभ पांडुलिपियां

**लखनऊ, 27 मई (तरुणमित्र)।** तरुणमित्र। राजकीय अभिलेखागार में ज्ञानभारत मिशन के अंतर्गत बुधवार को आयोजित 'पांडुलिपि अभिरुचि कार्यशाला' में ज्ञान परंपरा और प्राचीन धरोहरों के संरक्षण को लेकर मंथन हुआ। इस अवसर पर प्रदेश से आए 250 विद्यार्थियों, शोधार्थियों और विशेषज्ञों ने इन दुर्लभ पांडुलिपियों को करीब से देखा।

कार्यशाला में इस अवसर पर पर्यटनमंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि ज्ञानभारत मिशन जैसी पहलें केवल पांडुलिपियों के संरक्षण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि भारतीय इतिहास, दर्शन, साहित्य और लोक ज्ञान को वैश्विक स्तर पर नई पहचान देने का माध्यम बन रही हैं। उत्तर प्रदेश पांडुलिपियों के संरक्षण, डिजिटलीकरण और शोध के क्षेत्र में देश में अग्रणी भूमिका निभाएगा । अपर मुख्य सचिव, पर्यटन, संस्कृति अमृत अभिजात ने कहा कि लगभग एक करोड़ पांडुलिपियों को एकत्रित और संरक्षित करने की दिशा में आगे बढ़ रहे है। उन्होंने शोधार्थियों से इतिहास के महत्व को समझने और भारतीय ज्ञान परंपरा को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। साथ ही विश्वास जताया कि पांडुलिपियों के संरक्षण में उत्तर प्रदेश पूरे देश में प्रथम स्थान हासिल करेगा। भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के सह प्राध्यापक डॉ. सुशील कुमार पाण्डेय ने कहा कि वर्तमान समय की अनेक चुनौतियों का समाधान भारतीय ज्ञान परंपरा में निहित है और पांडुलिपियां

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार
गुरूवार, 28 मई 2026
विक्रम संवत्– 2083, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, द्वादशी

## 'एसआईआर' जायज प्रक्रिया!

सुप्रीम कोर्ट द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण को चुनाव आयोग का वैध और संवैधानिक अधिकार बताते हुए दिए गए फैसले ने चुनावी प्रक्रिया की शुचिता पर एक बड़ा और सकारात्मक संदेश दिया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने स्पष्ट किया कि 'एसआईआर' सामान्य पुनरीक्षण से भिन्न प्रक्रिया होने के बावजूद अवैध नहीं है। यह फैसला अनुच्छेद 324 के तहत चुनाव आयोग की व्यापक शक्तियों को पुनः स्थापित करता है, जो स्वतंत्र, निष्पक्ष और विश्वसनीय चुनाव सुनिश्चित करने की आयोग की मूल जिम्मेदारी है। संविधान निर्माताओं ने चुनाव आयोग को मतदाता सूचियों की तैयारी, संशोधन और शुद्धि का पूर्ण अधिकार दिया था। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और मतदाता पंजीकरण नियम 1960 भी इस शक्ति को मान्यता देते हैं। वर्षों से मतदाता सूचियों में मृत व्यक्तियों के नाम बने रहना, डुप्लिकेट एंट्री, प्रवासन के कारण गुम नाम और संभावित अवैध नामों की समस्या बढ़ती गई। बिहार समेत कई राज्यों में 'एसआईआर' के माध्यम से आयोग ने घर-घर सत्यापन, फॉर्म जमा करने और दस्तावेजी सत्यापन की प्रक्रिया अपनाई। सुप्रीम कोर्ट ने इसे लोकतंत्र के लिए आवश्यक बताया, क्योंकि शुद्ध मतदाता सूची के बिना वयस्क मताधिकार का सिद्धांत ही अर्थहीन हो जाता है। विपक्षी दलों और कुछ याचिकाकर्ताओं ने 'एसआईआर' को वैध मतदाताओं, विशेषकर गरीब, अल्पसंख्यक और प्रवासी आबादी का नाम काटने का हथियार बताया। लाखों नाम हटाए जाने की खबरों ने विवाद खड़ा किया। लेकिन अदालत ने साफ किया कि 'एसआईआर' नागरिकता निर्धारण नहीं, बल्कि मतदाता पात्रता की जांच है। आयोग को संदिग्ध मामलों में सत्यापन का अधिकार है, परंतु यह मनमाना नहीं हो सकता। अदालत ने पारदर्शिता, पूर्व नोटिस, अपील का अधिकार और आधार जैसी दस्तावेजों को स्वीकार करने के निर्देश देकर संतुलन बनाया। कोर्ट ने कहा कि प्रक्रिया में कुछ कमियां हो सकती हैं, लेकिन पूरी कवायद को असंवैधानिक नहीं ठहराया जा सकता। यह फैसला याद दिलाता है कि लोकतंत्र की रक्षा संस्थागत स्वायत्तता से होती है। चुनाव आयोग एक स्वतंत्र संवैधानिक निकाय है। यदि इसे मतदाता सूचियों की शुद्धि का अधिकार नहीं होगा, तो फिर किस पर भरोसा किया जाए? राजनीतिक दलों को अक्सर सूचियों की खराब स्थिति पर आपत्ति होती रही है। जब आयोग सुधार करता है, तो विरोध स्वाभाविक है, परंतु इसे राजनीतिक रंग न दिया जाए। 'एसआईआर' से मृत, दोहरे और अयोग्य नाम हट रहे हैं, साथ ही युवा और योग्य मतदाताओं को जोड़ा भी जा रहा है। यह प्रक्रिया दीर्घकालिक रूप से चुनावी विश्वास बढ़ाएगी। हालांकि, आयोग और सरकार को कुछ चुनौतियों का सामना करना होगा। ग्रामीण, गरीब और दस्तावेजहीन नागरिकों को परेशानी न हो, इसके लिए व्यापक जागरूकता अभियान, विशेष शिविर और सहायता केंद्र चलाने चाहिए। अपीलों का त्वरित निपटारा हो, ऑनलाइन पोर्टल पूरी तरह कार्यशील रहें और कोई भी नाम बिना उचित सुनवाई के न कटे। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश इसी दिशा में हैं। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला मात्र कानूनी नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों की पुनर्पुष्टि है। यह कहता है कि शुद्धि का अधिकार संस्था का है, पर उसका प्रयोग निष्पक्ष और पारदर्शी होना चाहिए। भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में मतदाता सूचियों की विश्वसनीयता चुनावी नैतिकता की आधारशिला है। 'एसआईआर' को सफल बनाने में सभी राजनीतिक दल, नागरिक समाज और मीडिया को सहयोग करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने जोर दिया कि 'एसआईआर' संविधान और कानून के अनुरूप है। यह फैसला चुनाव आयोग को मजबूती देता है और नागरिकों को याद दिलाता है कि उनका वोट पवित्र है। इसे सही मतदाताओं तक ही सीमित रखना हर संस्था का दायित्व है। स्वस्थ लोकतंत्र तभी संभव है जब हमारी मतदाता सूचियां सजीव, शुद्ध और समावेशी हों।

## क्या आम आदमी विकास से बाहर छूट रहा है?



ललित गर्ग

**स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद नए भारत के निर्माण के जिन आधार स्तंभों की कल्पना की गई थी, उनमें शिक्षा और चिकित्सा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई थी। यह माना गया था कि यदि देश के नागरिक शिक्षित, स्वस्थ और जागरूक होंगे तो लोकतंत्र मजबूत होगा, सामाजिक असमानताएं कम होंगी और राष्ट्र विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा।**

शिक्षा को व्यक्ति निर्माण और चिकित्सा को जीवन रक्षा का माध्यम माना गया था। लेकिन स्वतंत्रता के लगभग आठ दशकों बाद स्थिति चिंताजनक प्रश्न खड़े करती है कि क्या ये दोनों क्षेत्र अपने मूल उद्देश्य से भटककर व्यवसाय और बाजार के अधीन नहीं हो गए हैं? आज शिक्षा और चिकित्सा दोनों क्षेत्रों में जो विसंगतियां दिखाई देती हैं, वे केवल व्यवस्थागत संकट नहीं बल्कि सामाजिक संकट का रूप ले चुकी हैं। एक ओर शिक्षा व्यवस्था परीक्षा, अंकों और प्रतिस्पर्धा की आर्थिक मशीन बन गई है, वहीं दूसरी ओर चिकित्सा सेवा लाभ-हानि के गणित में उलझती दिखाई देती है। इन दोनों क्षेत्रों की बढ़ती व्यावसायिकता ने आम आदमी को सबसे अधिक प्रभावित किया है। शिक्षा का मूल उद्देश्य केवल ज्ञान देना नहीं था। शिक्षा अब डिग्री, नौकरी और प्रतिस्पर्धा तक सीमित होती दिखाई देती है।

शिक्षा व्यवस्था की विफलताओं का सबसे भयावह चेहरा कोटा, सीकर और अन्य कोचिंग एवं शिक्षा केंद्रों में बढ़ती छात्र आत्महत्याओं के रूप में सामने आया है। कोटा, जो कभी देश की शैक्षणिक आकांक्षाओं का केंद्र माना जाता था, अब विद्यार्थियों पर बढ़ते मानसिक दबाव, प्रतिस्पर्धा, अकेलेपन और असफलता के भय के कारण आत्महत्या की घटनाओं से लगातार चर्चा में रहा है। कोटा, सीकर तथा अन्य कोचिंग नगरों में पिछले वर्षों में अनेक विद्यार्थियों द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटनाओं ने शिक्षा व्यवस्था की संवेदनहीनता को उजागर किया है। राजस्थान के सीकर में नीट परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र की आत्महत्या की घटना इसी विडंबना का उदाहरण है। परीक्षा रद्द होने से उत्पन्न अनिश्चितता और मानसिक तनाव ने एक संभावनाशील जीवन समाप्त कर दिया। यह घटना अकेली नहीं है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार वर्ष 2024 में 14,488 विद्यार्थियों ने आत्महत्या की। औसतन हर 36 मिनट में एक विद्यार्थी जीवन समाप्त कर रहा है। यह केवल व्यक्तिगत विफलता नहीं बल्कि शिक्षा व्यवस्था की सामूहिक विफलता है।

दूसरी ओर नीट, नेट, प्रतियोगी भर्ती परीक्षाओं तथा अन्य राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में बार-बार पेपर लीक, परीक्षा रद्द होने, परिणामों में विवाद और अनिश्चितता की स्थितियों ने विद्यार्थियों में गहरा असंतोष और अविश्वास पैदा किया है। वर्षों की तैयारी करने वाले छात्र जब परीक्षा प्रणाली को ही अविश्वसनीय पाते हैं तो उनमें निराशा और मानसिक तनाव बढ़ना स्वाभाविक है। आज परीक्षा प्रणाली अविश्वसनीय होती जा रही है। प्रश्नपत्र लीक होना, परीक्षाओं का रद्द होना, मूल्यांकन विवाद, शोध कार्यों में साहित्यिक चोरी, पीएचडी प्रक्रियाओं का औपचारिक बन जाना और कोचिंग संस्कृति का बढ़ना शिक्षा के बाजारीकरण की तस्वीर प्रस्तुत करता है। शिक्षा अब ज्ञान से अधिक निवेश और प्रतिफल का विषय बनती जा रही है। धीरे-धीरे शिक्षा सेवा से व्यवसाय में बदलती गई। बड़े निजी विद्यालय, कोचिंग संस्थान और विश्वविद्यालय आज करोड़ों के उद्योग बन चुके हैं।

डॉक्टर और इंजीनियर बनाने के सपनों का ऐसा व्यापार खड़ा हुआ जिसमें अभिभावक आर्थिक रूप से टूटने लगे। आज एक सामान्य परिवार अपने बच्चों की शिक्षा के लिए जीवन भर की बचत खर्च करने को विवश है। विद्यालयों की ऊंची फीस, निजी कोचिंग, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और उच्च शिक्षा की महंगी व्यवस्था ने शिक्षा को आम आदमी की पहुंच से दूर कर दिया है।

इसी प्रकार चिकित्सा क्षेत्र की स्थिति भी कम चिंताजनक नहीं है। चिकित्सा को कभी सेवा का क्षेत्र माना जाता था, लेकिन आज निजी चिकित्सालयों की बढ़ती संख्या और उनकी व्यावसायिक प्रवृत्ति ने आम नागरिक को संकट में डाल दिया है। इलाज इतना महंगा हो गया है कि अनेक परिवार बीमारी के कारण आर्थिक रूप से टूट जाते हैं। निजी अस्पतालों में उपचार, जांच, आईसीयू, दवाओं का खर्च और नकली दवाओं में जीवन समाप्त होने की घटनाएं लगातार बढ़ी है। अनेक मामलों में अनावश्यक परीक्षण, अत्यधिक शुल्क और व्यावसायिक दृष्टिकोण की शिकायतें सामने आती रहती हैं। चिकित्सा सेवा का उद्देश्य रोगी को राहत देना था, लेकिन कई स्थानों पर वह लाभ कमाने की प्रणाली में बदलती दिखाई देती है। जगह-जगह खुले निजी अस्पताल और शिक्षण संस्थान एक प्रकार की प्रतिस्पर्धा में उतर आए हैं। लेकिन यह प्रतिस्पर्धा गुणवत्ता की अपेक्षा लाभ कमाने की अधिक दिखाई देती है। परिणाम यह हुआ कि शिक्षा और चिकित्सा दोनों ही सामान्य नागरिक की आर्थिक क्षमता से बाहर जाने लगी हैं। इन परिस्थितियों का एक सामाजिक दुष्परिणाम भी सामने आया है।

आर्थिक दबाव, भविष्य की अनिश्चितता, शिक्षा का तनाव, महंगी चिकित्सा और रोजगार संकट के कारण अवसाद, मानसिक तनाव और आत्महत्या की घटनाएं बढ़ रही हैं। युवा पीढ़ी उपलब्धियों के दबाव में टूट रही है, जबकि परिवार आर्थिक बोझ से जूझ रहे हैं।

शिक्षा मंत्रालय को अधिक सशक्त, उत्तरदायी और कठोर भूमिका निभाते हुए परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी, तकनीक आधारित और सुरक्षित बनाना होगा। इसी प्रकार चिकित्सा क्षेत्र में देशभर में स्थापित हुए नए एम्स संस्थानों एवं उच्च चिकित्सा केंद्रों का लाभ वास्तव में आम नागरिक तक सरल, सस्ती और सुलभ व्यवस्था के रूप में पहुंचे, यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है। आज आवश्यकता केवल बड़े अस्पताल बनाने की नहीं, बल्कि उन्हें सर्वसुविधायुक्त, विशेषज्ञ सेवाओं से युक्त तथा दूरदराज और पिछड़े क्षेत्रों तक विस्तारित करने की है, ताकि महानगरों पर निर्भरता कम हो और ग्रामीण तथा वंचित वर्ग भी उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाओं का लाभ सहजता से प्राप्त कर सके। नई शिक्षा नीति के माध्यम से शिक्षा को अधिक व्यावहारिक, कौशल आधारित और बहुआयामी बनाने का प्रयास हुआ है। देश में नए आईआईटी, आईआईएम, केंद्रीय विश्वविद्यालय, एम्स और चिकित्सा संस्थानों की स्थापना की गई। उच्च शिक्षा और उच्च चिकित्सा के नए केंद्र विकसित हुए हैं। मेडिकल कॉलेजों की संख्या में वृद्धि हुई और स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के प्रयास किए गए।

यह कहना भी उचित नहीं होगा कि पूरा परिदृश्य केवल निराशाजनक है। पिछले वर्षों में शिक्षा और चिकित्सा क्षेत्र में कुछ सकारात्मक प्रयास भी हुए हैं।

विशेष रूप से जब से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार आई, तब इन क्षेत्रों की संरचनात्मक कमियों की ओर अपेक्षाकृत गंभीर ध्यान दिया गया।

चिकित्सा क्षेत्र में आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं ने गरीब वर्ग को राहत देने का प्रयास किया है। जिला स्तर तक चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार की दिशा में भी पहल हुई है। शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल शिक्षा, कौशल विकास और स्थानीय भाषाओं में अध्ययन पर बल दिया गया। लेकिन भारत जैसी विशाल जनसंख्या वाले देश में ये प्रयास अभी पर्याप्त नहीं कहे जा सकते।

जिस गति से जनसंख्या बढ़ी है, उस अनुपात में सरकारी शिक्षा और चिकित्सा संस्थानों का विस्तार नहीं हो पाया। यही कारण है कि निजी क्षेत्र ने उस खाली स्थान को भर दिया और धीरे-धीरे प्रमुख भूमिका में आ गया।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

## दुनिया की आधी आबादी जल संकट का शिकार



बाल मुकुंद ओझा

संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में बताया गया कि दुनिया में आधी आबादी यानी करीब 4 अरब लोग जल संकट से जूझ रहे हैं। रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि दुनिया के 100 सबसे बड़े शहरों में आधे शहरों को गंभीर पानी की कमी का सामना करना पड़ रहा है। इनमें दिल्ली, बीजिंग, न्यूयॉर्क और रियो जैसे बड़े शहर शामिल हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, नदियां और झीलें सिकुड़ रही हैं, भूमिगत जल स्तर गिर रहा है और वाटरलैंड सूख रही हैं। जमीन धंस रही है सिंकहोल बन रहे हैं और रेगिस्तान फैल रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र शोधकर्ताओं के मुताबिक पिछले कई दशकों के दौरान सिमटते भूजल स्रोतों, अत्यधिक दोहन, भूमि क्षरण, बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन से उपजी बाधाओं की वजह से, दुनिया अब जल संकट की अवस्था से आगे बढ़कर 'वैश्विक जल दिवालिएपन' की स्थिति में कदम रख चुकी है। गर्मी और पानी का चोली दामन का साथ है। भारत की बात करे तो इस समय गर्मी अपने चरम पर है और देशभर में पानी के लिए त्राहि त्राहि मची हुई है। देश की राजधानी दिल्ली सहित विभिन्न प्रदेशों से मिल रही खबरे बेहद चिंताजनक है।

अनेक स्थानों पर पानी की किल्लत से परेशान लोग आंदोलन कर रहे है। केंद्रीय जल आयोग की एक हालिया रिपोर्ट बताती है कि भारत में इस समय कुल 63.232 अरब घन मीटर पानी उपलब्ध है, जो सामान्य भंडारण से लगभग 24 प्रतिशत अधिक है, लेकिन 30 अप्रैल 2026 तक देश के 166 जलाशयों में कुल 71.082 अरब घन मीटर (बीसीएम) पानी बचा था, जो उनकी कुल क्षमता का 38.72 प्रतिशत था। अब 14 मई की रिपोर्ट में यह घटकर 63.232 बीसीएम रह गया है, यानी केवल 34.45 प्रतिशत। महज दो हफ्तों में करीब 8 बीसीएम पानी कम हो गया।

केंद्रीय जल आयोग का कहना है कि मौजूदा जल भंडारण पिछले वर्ष और 10 साल के औसत से अभी भी बेहतर है, लेकिन लगातार गिरता स्तर यह संकेत दे रहा है कि गर्मी बढ़ने और मानसून आने में देरी होने पर कई राज्यों में पेयजल, सिंचाई और जलविद्युत उत्पादन पर गंभीर दबाव पड़ सकता है।

मई के अंत तक हालात और कठिन हो सकते हैं, खासकर उन राज्यों में जहां जलाशय पहले ही आधे से नीचे पहुंच चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में जल संकट लगातार गहराता जा रहा है। कई राज्य हैं जो भूजल की कमी के चरम बिंदु को पार कर चुके हैं। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया कि उत्तर पश्चिमी क्षेत्र में 2026 तक गंभीर रूप से भूजल संकट गहरा सकता है। जल के बिना मानव जिन्दा नहीं रह सकता। क्योंकि मानव शरीर का एक बड़ा हिस्सा जल होता है। यह सब मानव को मालूम होते हुए भी जल को बिना सोचे-विचारे हमारे जल-स्त्रोतों में ऐसे पदार्थ मिला रहा है जिसके मिलने से जल प्रदूषित हो रहा है।

जल हमें नदी, तालाब, कुएँ, झील आदि से प्राप्त हो रहा है। जल की उपलब्धता को लेकर वर्तमान में भारत ही नहीं अपितु समूचा विश्व चिन्तित है। जल ही जीवन है। जल के बिना सृष्टि की कल्पना नहीं की जा सकती। मानव का अस्तित्व जल पर निर्भर करता है। जनसंख्या में तेजी हो रही वृद्धि, शहरीकरण, औद्योगीकरण, जलवायु परिवर्तन और अकुशल जल प्रबंधन प्रथाओं जैसे कारकों के संयोजन की वजह से पानी की कमी की व्यापक समस्या पैदा होती जा रही है। आशंका जताई जा रही है कि? आने वाले समय में पानी की कमी के गंभीर और दूरगामी पर?णाम हो सकते हैं।

भूजल की वर्तमान स्थिति को सुधारने के लिये भूजल का स्तर और न गिरे इस दिशा में काम किए जाने के अलावा उचित उपायों से भूजल संवर्धन की व्यवस्था हमें करनी होगी। पानी की कमी के चलते निरन्तर खोदे जा रहे गहरे कुओं और ट्यूबवेलों द्वारा भूमिगत जल का अन्धाधुन्ध दोहन होने से भूजल का स्तर निरन्तर घटता जा रहा है। देश में जल संकट का एक बड़ा कारण यह है कि जैसे-जैसे सिंचित भूमि का क्षेत्रफल बढ़ता गया वैसे-वैसे भूगर्भ के जल के स्तर में गिरावट आई है।

भूजल दोहन के अंधाधुंध दुरुपयोग को यदि समय रहते रोका नहीं गया, तो आने वाली पीढियों को इसके भयानक परिणाम भुगतने होंगे। सरकार को जनता में जागरूकता लाने के लिए विशेष प्रबन्ध और उपाय करने होंगे। आवश्यकता इस बात की है कि हम जल के महत्व को समझे और एक-एक बूंद पानी का संरक्षण करें तभी लोगों की प्यास बुझाई जा सकेगी।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

### बेटा बंगाल का ये काम करेगा !

दुनिया कहती है बड़ा नाम करेगा ।
बेटा बंगाल का ये काम करेगा ।।
सबने ये देखा, सबने ये माना ।
कि मेरी मंजिल है कहां ।।

एक एक करके ।
सबको भगाना ।।
अब हर घुसपैठिए को ।
होगा जाना....

ना अब विकल्प है ।
रुकना मना है ।।
कैसे भी करके ।
होगा जाना....
बंदा ये खूबसूरत काम करेगा ।
अपने बंगाल का ये नाम करेगा....



कृष्णेन्द्र राय

## कॉकरोच जनता पार्टी उदय एवं संभावनाएं

### भाग-1



डॉ विनय कुमार मल्होत्रा

भारतीय राजनीतिक पटल पर केवल दो सप्ताह में ही किसी व्यंगात्मक राजनीतिक दल ने इतनी ख्याति प्राप्त कर ली हो और देश में तहलका मचा दिया हो, यह पहली बार हुआ है। 15 मई 2026 को सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने जाली डिग्रियां हासिल करने वाले वकीलों से संबंधित एक टिप्पणी करते हुए ऐसे लोगों को व्यवस्था के कीड़े या कॉकरोच कहकर निंदा की।

उनके कॉकरोच शब्द को पकड़ कर कुछ बेरोजगार युवकों ने न केवल देश की राजनीतिक व्यवस्था के विरुद्ध एक अभियान ही चलाया अपित कॉकरोच जनता पार्टी के नाम से सोशल मीडिया पर एक नए दल का निर्माण किया जो बहुत जल्दी प्रसिद्धि प्राप्त कर गया। बेशक यह दल वैधानिक या मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टी नहीं है फिर भी सोशल मीडिया पर बहुत लोकप्रिय हो रही है और देश के राजनीतिक नेताओं के आगे एक नई चुनौती बन गई है। क्या यह भारत में भी जेन-जी (Gen-Z) का उभरता विद्रोह तो नहीं? इस लेख का उद्देश्य कॉकरोच जनता पार्टी का उदय कैसे हुआ, देश की राजनीतिक व्यवस्था पर इसका प्रभाव, कानूनी विवाद तथा इसकी संभावनाओं पर प्रकाश डालना है।

उदयः 'कॉकरोच जनता पार्टी' या CJP (Cockroach Janta Party) भारत में हाल ही में सोशल मीडिया पर उभरा एक व्यंग्यात्मक (satirical) और डिजिटल राजनीतिक आंदोलन है। यह अभी तक भारत निर्वाचन आयोग में पंजीकृत मुख्यधारा की राजनीतिक पार्टी नहीं मानी जाती, बल्कि बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, युवाओं की निराशा और व्यवस्था-विरोधी भावनाओं को इंटरनेट मीम्स और व्यंग्य के माध्यम से व्यक्त करने वाला अभियान माना जा रहा है।

इस आंदोलन की शुरूआत 16 मई 2026 को हुई। कई समाचार रिपोर्टों के अनुसार इसकी प्रेरणा उस विवाद से जुड़ी थी, जिसमें सुप्रीम कोर्ट की एक टिप्पणी के बाद कुछ युवाओं ने 'कॉकरोच' शब्द को ही प्रतीक बनाकर विरोध और व्यंग्य शुरू किया। बाद में सोशल मीडिया पर 'Main Bhi Cockroach' जैसे नारे वायरल हो गए। 16 मई 2026 को इस पार्टी की शुरूआत 30 वर्षीय युवक अभिजीत दीपके ने की जिसने पुणे से पत्रकारिता में डिग्री हासिल की और अब वह 2023 से बोस्टन यूनिवर्सिटी, अमेरिका में पब्लिक रिलेशंस में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहा है। 2020 से 23 तक इस युवक ने एक स्वयंसेवक के रूप में आम आदमी पार्टी के सोशल मीडिया प्रभारी के रूप में भी सक्रिय भूमिका निभाई थी।

**इससे जुड़े प्रमुख बिंदु :** यह आंदोलन खुद को 'बेरोजगार और उपेक्षित युवाओं की आवाज' बताता है। सोशल मीडिया, खासकर इंस्टाग्राम (Instagram) और X (ट्विटर), पर इसे बहुत तेज लोकप्रियता मिली। कुछ रिपोर्टों में लाखोंझकरोड़ों फॉलोअर्स का दावा किया गया। इस आंदोलन की वेबसाइट भी बनाई गई है, जहाँ "Voice of the Unemployed" और "Zero Sponsors" जैसे नारे दिए गए हैं।

इसके समर्थक इसे युवाओं के गुस्से और राजनीतिक व्यंग्य का नया रूप मानते हैं, जबकि आलोचक इसे अराजक, भ्रामक, पानी का बुलबुला, राजनीतिक एजेंडा वाला अभियान बताते हैं। ध्यान रहे की अभी यह स्पष्ट नहीं है कि यह वास्तव में चुनाव लड़ने वाली औपचारिक राजनीतिक पार्टी बनेगी या केवल सोशल मीडिया आधारित आंदोलन एवं व्यंगात्मक अभियान रहेगा। इसके बारे में कई दावे और अफवाहें भी चल रही हैं, जिनकी स्वतंत्र पुष्टि हर मामले में उपलब्ध नहीं है। सरल शब्दों में कहें तो 'कॉकरोच जनता पार्टी' फिलहाल भारत के युवाओं के असंतोष, बेरोजगारी और व्यवस्था-विरोधी भावना का एक वायरल इंटरनेट-आधारित राजनीतिक व्यंग्य आंदोलन है, जिसने कुछ ही दिनों में व्यापक चर्चा पैदा कर दी है। हाल में इसके अकाउंट पर भारत में प्रतिबंध/ब्लॉक की खबरें भी आईं।

संजय दुबे अवमानना संबंधी याचिका केस : 15 मई 2026 को मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने जिस मामले की सुनवाई के दौरान 'कॉकरोच' जैसी टिप्पणी की थी, वह मुख्यतः फर्जी कानून (Law) डिग्री लेकर वकालत करने वालों तथा वरिष्ठ अधिवक्ता (Senior Advocate) पदनाम से जुड़े विवाद से संबंधित मामला था।

मामला क्या था? सुप्रीम कोर्ट में वकील संजय दुबे द्वारा बार-बार सीनियर एडवोकेट पद पाने की कोशिश पर सुनवाई हो रही थी। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि कानूनी पेशे में 'फर्जी और bogus डिग्री' वाले लोग भी घुस आए हैं।

इसी संदर्भ में मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने टिप्पणी की कि कुछ लोग रोजगार न मिलने पर सोशल मीडिया, RTI activism आदि के माध्यम से 'सिस्टम पर हमला' करते हैं और उन्होंने 'youngsters like cock-roaches' जैसी उपमा दी। बाद में विवाद क्यों हुआ? मीडिया और सोशल मीडिया में यह धारणा बनी कि उन्होंने बेरोजगार युवाओं को 'कॉकरोच' कहा है। इसके बाद काफी आलोचना हुई। तब मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने स्पष्टीकरण जारी किया कि: उनकी टिप्पणी पूरे भारतीय युवाओं के लिए नहीं थी। वे विशेष रूप से उन लोगों की आलोचना कर रहे थे जो 'जाली और नकली डिग्रियां' लेकर वकालत और अन्य पेशों में प्रवेश कर रहे हैं।

भारतीय राजनीति पर प्रभावः इस नई पार्टी ने भारतीय राजनीतिक व्यवस्था और विशेष रूप से सत्तादारी दल के आगे नई चुनौती पैदा कर दी है। इसकी सोशल मीडिया पर बढ़नी लोकप्रियता सत्ताधारी नेताओं के लिए एक चिंता का विषय है।

चिंता का विषय इसलिए भी है कि कहीं यह पार्टी बांग्लादेश, नेपाल और लद्दाख की तरह जेन-जी (Gen-Z) की आहट तो नहीं है। सरकार तथा नेता इसकी उत्पत्ति के पीछे ऐसी विदेशी ताकतों और एजेंसियों का हाथ भी बता रहे हैं जो भारत की प्रगति से जलते हैं और भारत को ऊंचा उठता नहीं देख सकते। क्या वाकई यह विदेशी एजेंसियो का काम है या भारत के कुछ विरोधी दल जो अभी दिल्ली तथा पश्चिम बंगाल में हार गये हैं उन द्वारा छेड़ा गया एक नया विरोध एवं विद्रोह है। यह आगे समय स्पष्ट कर देगा और सरकारी खुफिया एजेंसी भी इसकी वास्तविकता को पता करने में लगी होंगी। इस अभियान के असर को खत्म करने के लिए प्रधानमंत्री ने 23 मई को 19वें रोजगार मेले में 51 हजार युवाओं को सरकारी नौकरियों के जॉब लेटर दिए ताकि बेरोजगार युवाओं को साबित हो जाए कि सरकार उनके बारे में चिंतित है। 23 मई को केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि कॉकरोच जनता पार्टी कुछ शरारती लोगों का हथकंडा है, इसके बारे में चिंता करने की कोई विशेष बात नहीं है। सोशल मीडिया पर 'कॉकरोच जनता पार्टी' नाम से जो व्यंग्यात्मक अभियान चल रहा है, इस पर अभी हाल ही में सुप्रीम कोर्ट में याचिका भी दायर हुई। (इस याचिका की चर्चा हम लेख के भाग-2 में करेंगे।)

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

### सूडोकु नवताल- 7808

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 5 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 7 | 4 | |
| 6 | | | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | | 7 | | 5 | | | 3 |
| | 4 | 7 | | | 1 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | | | | | 5 | 2 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7807 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 5 |

### आज का राशिफल

**मेष–** बुद्धि व धन का दुरूपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**वृष–** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**मिथुन–** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कर्क–** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

**सिंह–** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**कन्या–** अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है।

**तुला–** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा।

**वृश्चिक–** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे।

**धनु–** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे।

**मकर–** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ–** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

**मीन–** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

पं0 सुभाष पाण्डेयः हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

# ईद-उल-अजहा आज, बाजार में रही रौनक, तैयारी पूरी

## अल्लाह को प्यारी है कुर्बानी : शहर काजी



गोरखपुर, 27 मई (तरुणमित्र)। अल्लाह की राह में कुर्बानी देने का त्योहार ईद-उल-अजहा (बकरीद) गुरुवार 28 मई को अकीदत, मुहब्बत व परम्परा के अनुसार मनाया जाएगा। कुर्बानी का सिलसिला 28, 29 व 30 मई तक चलेगा। कुर्बानी को लेकर मुसलमानों में खूब उत्साह है। सोशल मीडिया पर मुबारकबाद देने का सिलसिला शुरू हो गया है। मस्जिदों में तकबीरे तशरीक पढ़ी जाने लगी है। शहर काजी मुफ्ती मुहम्मद अजहर शम्सी ने कहा कि अल्लाह को कुर्बानी प्यारी है। मुसलमानों के लिए बेहतर है कि दसवीं जिलहिज्जा को नमाज से पहले कुछ न खाएं। गुस्ल करें। साफ सुथरे या नये कपड़े पहनें। खुशबू लगाएं। ईदगाह को तकबीरे तशरीक बुलंद आवाज से कहते हुए एक रास्ते से जाएं और दूसरे रास्ते से वापस आएं फिर कुर्बानी करें। जो लोग हैसियत वाले हों वह अपनी तरफ से कुर्बानी करवाने के बाद पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की तरफ से भी कुर्बानी करवाएं तो बेहतर है। पैगंबर-ए-इस्लाम ने फरमाया कि यौमे जिलहिज्जा (10वीं जिलहिज्जा) में इब्ने आदम का कोई अमल अल्लाह के नजदीक कुर्बानी करने से ज्यादा प्यारा नहीं है। दूसरी हदीस में आया है कि पैगंबर-ए-इस्लाम ने फरमाया कि जिसे कुर्बानी की ताकत हो और वह कुर्बानी न करे, वह हमारी ईदगाहों के करीब न आए। शहर की ईदगाहों व मस्जिदों में ईद-उल-अजहा की नमाज गुरुवार को अदा की जाएगी। जिसे देखते हुए ईदगाह व मस्जिद कमेटियों ने खास तैयारी की है। भीड़ को देखते हुए साफ-सफाई, चटाई? व दरी का इंतजाम किया गया है। ईद-उल-अजहा की नमाज सबसे पहले सुप्पन खां मस्जिद खूनीपुर में सुबह 5:30 बजे अदा की जाएगी। वहीं सबसे अंत में सुन्नी जामा मस्जिद सौदागर मोहल्ला बसंतपुर में सुबह 10:30 बजे ईद-उल-अजहा की नमाज होगी। इसके अलावा शहर की सभी ईदगाहों व मस्जिदों में ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की जाएगी। ईद-उल-अजहा त्योहार को लेकर बुधवार को बाजारों में काफी रौनक रही।

ईद-उल-अजहा की तैयारियों में जुटे लोगों ने बाजार से जमकर खरीदारी की। लोगों ने घरों की साज सज्जा के साथ ही त्योहार के मौके पर घर आने वाले मेहमानों को लजीज पकवानों और सेवईं खिलाने के लिए तमाम चीजों की खरीदारी की। रातभर बकरा व भैंस मंडी में खरीदारों की भीड़ जुटी रही। महंगाई का असर कुबार्नी के जानवरों पर नजर आया। दस हजार से लेकर सत्तर हजार रुपये तक के जानवर बाजार में बिके। बाजार में ग्रामीण क्षेत्रों के लोग ज्यादा जानवर लेकर आए। कुबार्नी के जानवरों के महंगे होने की वजह से मध्यम वर्गीय परिवारों को थोड़ी दिक्कत पेश आई।

# पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में मॉक दंगा नियंत्रण अभ्यास



गोरखपुर, 27 मई (तरुणमित्र)। पुलिस अधीक्षक नगर जनपद गोरखपुर के निर्देशन में, आज पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में कानून-व्यवस्था की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु पुलिस बल की तत्परता एवं क्षमता का आकलन करने के उद्देश्य से व्यापक मॉक दंगा नियंत्रण अभ्यास आयोजित किया गया। अभ्यास का शुभारंभ विस्तृत ब्रीफिंग सत्र से हुआ, जिसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मानक संचालन प्रक्रियाओं (रडढ), समन्वय तंत्र तथा सार्वजनिक अशांति की स्थिति में अनुशासित एवं संयमित प्रतिक्रिया के महत्व से अवगत कराया गया। अभ्यास के दौरान दंगा नियंत्रण तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें दंगा नियंत्रण उपकरणों एवं गैर-घातक हथियारों के सुरक्षित एवं प्रभावी उपयोग पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। कार्मिकों को फॉर्मेशन प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण एवं तितर-बितर करने की रणनीतियों तथा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप बल के संतुलित प्रयोग का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। साथ ही उच्च दबाव की परिस्थितियों में टीमवर्क, संचार कौशल एवं त्वरित निर्णय क्षमता विकसित करने पर विशेष बल दिया गया। अधिकृत हथियारों के प्रभावी उपयोग में दक्षता सुनिश्चित करने हेतु नियंत्रित फायरिंग अभ्यास भी कराया गया। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा संपूर्ण अभ्यास की निगरानी करते हुए प्रतिभागी दलों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया गया तथा आवश्यक सुधार हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया गया। ऐसे नियमित अभ्यास पुलिस बल की उच्च स्तरीय तैयारी, पेशेवर दक्षता एवं त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिससे किसी भी कानून-व्यवस्था संबंधी चुनौती का प्रभावी ढंग से सामना किया जा सके तथा जनसुरक्षा एवं विधिक प्रावधानों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित हो। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लाइन, क्षेत्राधिकारी मन्दिर सुरक्षा, प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# आबादी के बीच में शराब की दुकान के विरोध में महिलाओं ने किया प्रदर्शन

सहजनवा गोरखपुर , 27 मई (तरुणमित्र)। भीटी रावत स्थित देशी की दुकान आबादी में स्थित होने पर बुधवार को दर्जनों की संख्या में आक्रोशित महिलाओं ने प्रदर्शन किया और शराब की दुकान आबादी के बीच से हटाने की मांग किया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे सनातन धर्म उत्थान संगठन के संयोजक विनोद अग्रहरी ने कहा कि आबादी के बीच में शराब की दुकान होने से गांव की महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार होता है।

रास्ते से गुजर रही महिलाओं के साथ नशेड़ी अभद्र टिप्पणी करते रहते है। इसके अलावा शराबी घरों के सामने नशे की हालत में लघुशंका करते है। जिससे पास पड़ोस की महिलाओं तथा बालिकाओं को घर से बाहर निकलना मुश्किल होता है। शराब की दुकान से कुछ कदम दूर मंदिर है। जहां लोगों सुबह शाम पूजा अर्चना करने जाते है। जिन्हें शराबियों का दंश झेलना पड़ रहा है। शराब की दुकान के रास्ते स्कूली बच्चियां भी गुजरती है।

जिन्हें शराबियों द्वारा अभद्रता की जाती है। कई बार प्रशासन से दुकान हटाने के लिए शिकायत किया गया। लेकिन अभी तक कोई कारवाई नहीं किया गया।

वहीं शराब की दुकान हटाने के लिए 82 ग्रामीणों ने हस्ताक्षर अभियान में सहयोग किया और चेतावनी दिया गया कि प्रशासन एक सप्ताह के अंदर कोई कारवाई नहीं करता है तो ग्रामीणों के साथ आंदोलन करने को बाध्य होगे

## आंधी पानी में पानी की टंकी की चहारदीवारी धराशाई

सहजनवा गोरखपुर , 27 मई (तरुणमित्र)। सहजनवां ब्लाक के ग्राम पंचायत गोरेडीह में जल जीवन मिशन के तहत पानी के टंकी का बना चारदीवारी आंधी पानी में ध्वस्त हो गया है। ग्रामीणों को शुद्ध जल उपलब्ध कराने के लिए ग्राम पंचायत गोरेडीह में जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकी का निर्माण होने के साथ चारों तरफ से चारदीवारी का निर्माण कराया गया था। सोमवार को बीती रात में आई आंधी पानी के दौरान निर्माण कराया गया करीब 50 मीटर चारदीवारी धराशाही हो गया है। ग्रामीणों ने जल निगम से चारदीवारी निर्माण कराने की मांग किया है।

# काठगोदाम-मुम्बई सेण्ट्रल सुपरफास्ट साप्ताहिक विशेष गाड़ी में अतिरिक्त कोच

गोरखपुर , 27 मई (तरुणमित्र)। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु पूर्व से चलाई जा रही 09075/09076 मुम्बई सेण्ट्रल-काठगोदाम-मुम्बई सेण्ट्रल सुपरफास्ट साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन नियमित गाड़ी संख्या-21907/21908 मुम्बई सेण्ट्रल-काठगोदाम-मुम्बई सेण्ट्रल सुपरफास्ट साप्ताहिक एक्सप्रेस के रूप में किया जायेगा। फलस्वरूप 21907 मुम्बई सेन्ट्रल-काठगोदाम सुपरफास्ट साप्ताहिक एक्सप्रेस का संचलन मुम्बई सेंट्रल से 27 मई, 2026 से प्रत्येक बुधवार को तथा 21908 काठगोदाम-मुम्बई सेंट्रल सुपरफास्ट साप्ताहिक एक्सप्रेस काठगोदाम से 28 मई, 2026 से प्रत्येक वृहस्पतिवार को किया जायेगा। 21907 मुम्बई सेण्ट्रल-काठगोदाम सुपरफास्ट साप्ताहिक विशेष गाड़ी नियमित रूप से 27 मई, 2026 से प्रत्येक बुधवार को मुम्बई सेण्ट्रल से 10.55 बजे प्रस्थान कर बोरीवली से 11.25 बजे, वापी से 12.57 बजे, वलसाड से 13.22 बजे, सूरत से 14.36 बजे, वडोदरा से 16.30 बजे, रतलाम से 20.20 बजे, शामगढ़ से 21.55 बजे, रामगंज मंडी से 22.35 बजे, कोटा से 23.50 बजे, दूसरे दिन सवाई माधोपुर से 01.00 बजे, गंगापुर सिटी से 01.45 बजे, भरतपुर से 04.05 बजे, मथुरा से 06.00 बजे, हाथरस सिटी से 06.50 बजे, कासगंज से 07.55 बजे, बदायूँ से 08.55 बजे, बरेली जं0 से 09.50 बजे, बरेली सिटी से 10.10 बजे, इज्जतनगर से 10.35 बजे बहेड़ी से 11.35 बजे, किच्छा से 11.52 बजे, लालकुआँ से 12.35 बजे तथा हल्द्वानी से 13.18 बजे छूटकर काठगोदाम 13.50 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 21908 काठगोदाम-मुम्बई सेण्ट्रल सुपरफास्ट साप्ताहिक विशेष गाड़ी नियमित रूप से 28 मई, 2026 से प्रत्येक वृहस्पतिवार को काठगोदाम से 17.30 बजे प्रस्थान कर हल्द्वानी से 17.48 बजे, लालकुआँ से 18.25 बजे, किच्छा से 18.52 बजे, बहेड़ी से 19.15 बजे, इज्जतनगर से 19.55 बजे, बरेली सिटी से 20.20 बजे, बरेली जं. से 20.35 बजे, बदायूँ से 21.22 बजे, कासगंज से 22.40 बजे, हाथरस सिटी से 23.35 बजे, दूसरे दिन मथुरा से 01.15 बजे, भरतपुर से 03.13 बजे, गंगापुर सिटी से 04.30 बजे, सवाई माधोपुर से 05.10 बजे, कोटा से 06.30 बजे, रामगंज।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रवेश व फॉर्म वितरण का कार्य प्रारम्भ

गोरखपुर, 27 मई (तरुणमित्र)। एन.ई. रेलवे सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कौवाबाग गोरखपुर में नये सत्र 2026-27 के लिये कक्षा 6 से 12 के साथ-साथ कक्षा 1 से 5वीं (प्राइमरी अनुभाग) तक के लिये प्रवेश हेतु 26 मई, 2026 से फॉर्म वितरण का कार्य प्रारम्भ हो गया है। यह प्रवेश फॉर्म किसी भी कार्य दिवस में विद्यालय के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। सी.बी.एस.ई. बोर्ड से संचालित अंग्रेजी माध्यम के इस विद्यालय में योग्य शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा उच्च स्तरीय शिक्षा प्रदान की जाती है। विद्यालय में स्वच्छ पानी हेतु आर.ओ. प्लांट, स्मार्ट-क्लास, आधुनिक विज्ञान प्रयोगशालायें, कम्प्यूटर कक्ष, पुस्तकालय, साफ-सुथरे प्रसाधन इत्यादि की सुविधा उपलब्ध है। विद्यालय में छात्र/छात्राओं के क्रीड़ा हेतु मैदान, खेल-कूद के सामान आदि सभी प्रकार की सुविधायें उपलब्ध हैं। विद्यालय में सभी विषयों की पढ़ाई के साथ ही कम्प्यूटर की शिक्षा भी अनिवार्य रूप से कराई जाती है। इस विद्यालय में छात्रों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

### गाड़ियों के मार्ग परिवर्तन में संशोधन

गोरखपुर , 27 मई (तरुणमित्र)। रेलवे प्रशासन द्वारा उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के अयोध्या कैंट-अकबरपुर-जफराबाद खंड पर स्थित जौनपुर जं. स्टेशन यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के परिप्रेक्ष्य में प्री-नॉन इंटरलॉक/नॉन इंटरलॉक कार्य किये जाने के कारण गाड़ियों के मार्ग परिवर्तन में संशोधन किया गया है। मार्ग परिवर्तन- - बरौनी से 26 एवं 27 मई, 2026 को चलने वाली 15231 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस संशोधित परिवर्तित मार्ग औंड़िहार-वाराणसी सिटी-वाराणसी जं.-प्रयागराज छिवकी के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी केराकत एवं जौनपुर स्टेशनों पर नहीं रूकेगी। - गोंदिया से 26 मई, 2026 को चलने वाली 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस संशोधित परिवर्तित मार्ग प्रयागराज छिवकी-वाराणसी जं.-वाराणसी सिटी-औंड़िहार के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी जौनपुर, मुफ्तीगंज एवं केराकत स्टेशनों पर नहीं रूकेगी। शेष सूचनायें पूर्ववत रहेंगी।

### रेलवे की 15,000 वर्ग मीटर भूमि को कराया गया खाली

गोरखपुर , 27 मई (तरुणमित्र)। रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा, रेल सम्पत्ति की सुरक्षा, अवैध सामानों की धर-पकड़, यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने के साथ ही बचपन बचाओ अभियान के तहत मानव तस्करी की रोकथाम का निरंतर प्रयास किया जाता है। इसी क्रम में, 25 मई, 2026 को रेलवे सुरक्षा बल गोरखपुर को निगरानी के दौरान प्लेटफार्म संख्या-02 पर 14 वर्ष का एक लड़का लावारिस हालत में मिला। पूछताछ के उपरांत लड़के को चाइल्ड लाइन गोरखपुर को सुपुर्द किया गया। 25 मई, 2026 को अपराध आसूचना शाखा वाराणसी को निगरानी के दौरान गाड़ी संख्या-15231 में 05 वर्ष का एक बच्चा लावारिस हालत में मिला। पूछताछ के उपरांत बच्चे को चाइल्ड लाइन गाजीपुर को सुपुर्द किया।25 मई, 2026 को रेलवे सुरक्षा बल कप्तानगंज को गाड़ी संख्या-19037 में अपने परिवार से बिछड़ी हुई 11 वर्ष की एक लड़की मिली। पूछताछ के उपरांत लड़की को चाइल्ड हेल्प लाइन महराजगंज को सुपुर्द किया। 25 मई, 2026 को रेलवे सुरक्षा बल एवं इंजीनियरिंग विभाग औंड़िहार द्वारा संयुक्त रूप से केराकत-मुफ्तीगंज खण्ड के मध्य रेलवे की भूमि पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर बनाये गये 15 अदद झुग्गी/झोपड़ी को शांतिपूर्ण तरीके से हटवा कर रेलवे की 15,000 वर्ग मीटर भूमि को खाली कराया गया।

### दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय ने विभिन्न पाठ्यक्रमों के परीक्षाफल किए घोषित

गोरखपुर , 27 मई (तरुणमित्र)। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों के सत्र 2025-26 के परीक्षाफल घोषित कर दिए गए हैं। घोषित परीक्षाफल में बी.एस-सी. कृषि अष्टम सेमेस्टर तथा एम.ए. दर्शनशास्त्र, एम.एस-सी. बायोइन्फॉर्मेटिक्स, एम.एस-सी. बायोटेक्नोलॉजी, एम.एस-सी. पर्यावरण विज्ञान, एम.एस-सी. गृहविज्ञान (फूड एंड न्यूट्रिशन), एम.एस-सी. गृहविज्ञान (रिसोर्स मैनेजमेंट), एम.एस-सी. माइक्रोबायोलॉजी, एम.एस-सी. प्लांट बायोटेक्नोलॉजी, एम.ए. दृश्यकला (एप्लाइड) एवं एम.ए. दृश्यकला (पेंटिंग) के चतुर्थ सेमेस्टर शामिल हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा बताया गया कि सभी परीक्षार्थी अपना परीक्षाफल विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। यह जानकारी परीक्षा नियंत्रक द्वारा जारी की गई है।

# राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन

गोरखपुर , 27 मई (तरुणमित्र)। दर्शनशास्त्र विभाग दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर एवं मौलाना अब्दुल कलाम आजाद एशियाई अध्ययन केंद्र, कोलकाता के संयुक्त तत्वावधान में बृहत्तर भारत एशियाई देशों को जोड़ना विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन हुआ। संगोष्ठी के दूसरे प्लेनरी सत्र के मुख्य वक्ता रहे प्रोफेसर रंजन घोष ने एक अधूरी कहानी असफलता नहीं है, बल्कि एक प्रगतिशील यात्रा है इस विषय पर अंततः गहन और बौद्धिक व्याख्यान प्रस्तुत किया। दूसरे प्लेनरी सत्र की अध्यक्षता प्रो. सुनीता मुर्मू जी ने की।

संगोष्ठी के तीसरे प्लेनरी सत्र एवं विदाई सत्र में प्रोफेसर राकेश चंद्रा ने एक राष्ट्र का निमार्णः रिचर्ड रॉर्टी के साथ अरबिंदो का पठन के विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किये। इन्होंने बृहद भारत की परिकल्पना में चरित्र की सरलता और मानवीय मूल्यों के योगदान पर बल दिया।

इन्हीं दोनों सत्रों में प्रोफेसर अंबिका दत्त शर्मा ने इस बात पर जोर दिया की एकांकी में लिखा इतिहास नहीं अपितु संपूर्ण भारत की चिंतन का सार है बृहत्तर भारत। राजनीतिक एवं संस्कृत औपनिवेशिक विचार नहीं अपितु एक साझा इतिहास है बृहत्तर भारत।

सत्र की आखिर में डॉ. संजीव विश्वकर्मा ने सभी अतिथियों, प्रोफेसरों, विद्वानों और प्रतिभागियों का धन्यवाद किया। इस दो दिवसीय संगोष्ठी में 9 समानांतर सत्रों का भी आयोजन हुआ, जिसमें विभिन्न प्रतिभागि ऑनलाइन तथा ऑफलाइन माध्यम से सम्मिलित हुए।

# गोरखपुर विश्वविद्यालय को किया गया सम्मानित




गोरखपुर, 27 मई (तरुणमित्र)। उत्तर प्रदेश शासन के खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति 2023 के अंतर्गत दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय को उत्कृष्ट सहयोग एवं सफल क्रियान्वयन हेतु सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय की ओर से थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन एजेंसी के रूप में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों के स्थलीय सत्यापन एवं निरीक्षण कार्य संपादित किए जा रहे हैं ।

उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति 2023 के अंतर्गत राज्य स्तर पर गठित स्टेट लेवल एम्पावर्ड कमेटी (रछएउ) द्वारा विभिन्न खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं एवं प्रोत्साहनों के अनुमोदन से पूर्व इकाइयों का स्थलीय सत्यापन कराया जाता है। इसी प्रक्रिया के अंतर्गत दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय को थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन एजेंसी के रूप में दायित्व प्रदान किया गया था। इस महत्वपूर्ण दायित्व के सफल संचालन में नोडल अधिकारी के रूप में उल्लेखनीय भूमिका निभाने हेतु विश्वविद्यालय की गृह विज्ञान की प्रोफेसर प्रो. दिव्या रानी सिंह को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। उनके नेतृत्व में गठित टीम में डॉ. अनुपमा कौशिक, अतिथि शिक्षिका डॉ. गरिमा यादव तथा एमएससी फूड टेक्नोलॉजी के विद्यार्थियों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। टीम द्वारा खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों का निरीक्षण, दस्तावेजों का परीक्षण एवं भौतिक सत्यापन समयबद्ध, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न किया गया। टीम ने आवंटित इकाइयों का त्वरित स्थलीय सत्यापन कर उच्च गुणवत्ता वाली सत्यापन रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत की, जिससे विभागीय कार्यों एवं नीति के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। सत्यापन रिपोर्टों की गुणवत्ता एवं त्वरित प्रस्तुति के आधार पर विश्वविद्यालय के कार्यों की सराहना की गई तथा विश्वविद्यालय एवं नोडल अधिकारी को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह प्रशस्ति पत्र उत्तर प्रदेश शासन के अपर मुख्य सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, श्री बी.एल. मीणा, आईएएस द्वारा प्रदान किया गया।लखनऊ में मिले इस सम्मान को एमएससी फूड टेक्नोलॉजी के छात्रों ने ही प्राप्त किया । इस अवसर पर दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि विश्वविद्यालय केवल शैक्षणिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है, ।

# भीषण गर्मी में आदित्य ने पक्षियों के लिए चलाया जल पात्र अभियान

गोरखपुर, 27 मई (तरुणमित्र)। बढ़ती गर्मी एवं भीषण तापमान को देखते हुए पक्षियों को पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी गोरखपुर के आजीवन सदस्य एवं राज्यपाल द्वारा पुरस्कृत आदित्य निगम के नेतृत्व में पक्षी जल पात्र अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत पंत पार्क, विंध्यवासिनी पार्क एवं अंबेडकर पार्क सहित लगभग 12 जगह पक्षियों हेतु जल पात्र लगाए गए। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने इस मानवीय एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्य की सराहना करते हुए अपनी सहभागिता सुनिश्चित की तथा भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक अभियानों से जुड़ने का संकल्प लिया। वहीं पार्कों में खेल रहे बच्चों को भी पर्यावरण संरक्षण, जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता एवं पक्षियों को गर्मी में पानी उपलब्ध कराने हेतु जागरूक किया गया। अभियान के दौरान आदित्य निगम ने कहा कि वर्तमान समय में अत्यधिक गर्मी के कारण पक्षियों के सामने पानी का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। ऐसे में प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह अपने घर, छत, बालकनी एवं आसपास के सार्वजनिक स्थलों पर पक्षियों के लिए जल पात्र रखें, जिससे जीव संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में सहायता मिल सके`आदित्य को पूर्व में महामहिम राज्यपाल द्वारा टीबी उन्मूलन, पर्यावरण संरक्षण, रक्तदान शिविर एवं विभिन्न जागरूकता अभियानों में उत्कृष्ट सामाजिक योगदान हेतु सम्मानित किया जा चुका है।

## समय से पंचायत चुनाव न कराने पर प्रदर्शन

सहजनवा गोरखपुर , 27 मई (तरुणमित्र)। सहजनवा ब्लाक के ग्राम पंचायत के भावी प्रधान प्रत्याशी और भावी जिला पंचायत पद के प्रत्याशियों ने अनंतपुर चौराहे पर बैठक कर सरकार द्वारा उठाए गए कदम का विरोध करते हुए समय से पंचायत चुनाव कराने की मांग किया है। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे डा0 सईद बाबू रहबर ने कहा कि प्रधान का कार्यकाल समाप्त हो गया है। ग्राम पंचायत में अनेक लोग चुनाव की तैयारी में लगे हुए थे। लेकिन सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए प्रधानों का कार्यकाल बढ़ा दिया है। जिससे चुनाव की तैयारी कर रहे लोगों को बहुत आघात पहुंचा है। इसके अलावा ग्राम पंचायत चुनाव का समय बढ़ने से जिला पंचायत सदस्य,ब्लाक प्रमुख का भी कार्यकाल बढ़ जायेगा।

# ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ियों का संचलन

गोरखपुर, 27 मई (तरुणमित्र)। रेल प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में यात्रियों की सुगम एवं आरामदायक यात्रा हेतु अनेक ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ियों का संचलन किया जा रहा है। इन विशेष गाड़ियों में 30 जून, 2026 तक के लिये 26 मई, 2026 को सायं बर्थ/सीट की उपलब्धता है। - गोरखपुर से चलने वाली 05101 गोरखपुर-नई दिल्ली ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी में 06 जून, 2026 को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 699 बर्थ, 13 जून, 2026 को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 786 बर्थ, 20 जून, 2026 को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 794 बर्थ तथा 27 जून, 2026 को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 628 बर्थ उपलब्ध हैं। - मऊ से चलने वाली 05301 मऊ-अम्बाला कैंट ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी में 04 जून, 2026 को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 01, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 76 एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 99 बर्थ, 11 जून, 2026 को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 01, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 72, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 276, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 64 बर्थ तथा 18 जून, 2026 को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 04, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 90, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 315, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 82 एवं शयनयान श्रेणी में 78 बर्थ तथा 25 जून, 2026 को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 06, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 96, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 275 एवं वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 96 बर्थ उपलब्ध हैं। - गोरखपुर से चलने वाली 04315 गोरखपुर-योग नगरी ऋषिकेष ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी में 24 जून,2026 को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 01 एवं शयनयान श्रेणी में 234 बर्थ उपलब्ध हैं। - छपरा से चलने वाली 05193 छपरा-पठानकोट ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी में 15 जून,2026 को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 26 बर्थ, 22 जून,2026 को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 50, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 120 बर्थ एवं 29 जून,2026 को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 13 बर्थ उपलब्ध हैं।- गाजीपुर सिटी से चलने वाली 01432 गाजीपुर सिटी-हडपसर(पुणे) ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी में 21 जून,2026 को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 16 एवं शयनयान श्रेणी में 08 बर्थ, 25 जून,2026 को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 04, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 94 एवं शयनयान श्रेणी में 136 बर्थ उपलब्ध है।

# पूर्वोत्तर रेलवे कला समिति के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक का किया आयोजन



गोरखपुर , 27 मई (तरुणमित्र)। विश्व पर्यावरण दिवस अभियान के उपलक्ष्य में 26 मई,2026 को पूर्वोत्तर रेलवे मुख्यालय,गोरखपुर में प्लास्टिक के उपयोग में कमी करने तथा उस प्रैक्टिस को व्यवहार में लाने के लिये जन-जागरूकता हेतु प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी कार्यालय परिसर में पूर्वोत्तर रेलवे कला समिति के कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उपस्थित कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया तथा पर्यावरण के महत्व एवं पर्यावरण प्रदूषण से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही कर्मचारियों को प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले नुकसान के प्रति सचेत करते हुये प्लास्टिक का प्रयोग न करने एवं पर्यावरण अनुकूल वस्तुओं को अपनाने हेतु प्रेरित किया गया। नुक्कड़ नाटक के उपरान्त वहाँ उपस्थित कर्मचारियों के बीच कपड़े के झोले वितरित किये गये तथा दैनिक जीवन में सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग बन्द करने की अपील की गई। इस अवसर पर प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी मनोज कुमार, मुख्य कार्मिक अधिकारी/आई.आर. मनोज कुमार पाण्डेय, मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/ई.एन.एच.एम. ए.पी. पाण्डेय, मुख्य कार्मिक अधिकारी/प्रशासन मनोज कुमार, अध्यक्ष/रेलवे भर्ती सेल वी.के.दूबे सहित कार्मिक, यांत्रिक तथा परिचालन विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

# जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने की अपील, एडीएम का संदेश

## सरकारी बैठकों में पानी की बर्बादी पर जताई चिंता, बोतलों के पूर्ण उपयोग और वैकल्पिक व्यवस्था पर दिया जोर



गोरखपुर , 27 मई (तरुणमित्र)। बढ़ते जल संकट और लगातार गिरते भूजल स्तर को लेकर प्रशासन अब और अधिक सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में एडीएम सिटी गजेंद्र कुमार ने जनपदवासियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों से जल संरक्षण को लेकर एक विस्तृत अपील जारी की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जल का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है और इसकी एक-एक बूंद को बचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। एडीएम सिटी ने अपने संदेश में विशेष रूप से शासकीय बैठकों, समीक्षा सम्मेलनों और विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों में पानी के उपयोग की स्थिति पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अक्सर यह देखा जाता है कि अधिकारियों और कर्मचारियों को जो छोटी या मध्यम आकार की पानी की बोतलें उपलब्ध कराई जाती हैं, उनका पूरा उपयोग नहीं हो पाता। कई बार बोतलें आधी या उससे भी कम उपयोग के बाद छोड़ दी जाती हैं और शेष पानी व्यर्थ हो जाता है। यह प्रवृत्ति न केवल जल की बबार्दी है, बल्कि संसाधनों के प्रति लापरवाही को भी दशार्ती है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि पानी की बबार्दी का प्रभाव केवल उतने ही पानी तक सीमित नहीं होता, जितना हम देख पाते हैं। आरओ (फ्ढ) प्रणाली का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि एक लीटर शुद्ध पानी प्राप्त करने के लिए लगभग तीन लीटर पानी अतिरिक्त रूप से नष्ट हो जाता है। ऐसे में यदि हम एक छोटी सी बोतल का भी पूरा उपयोग नहीं करते, तो वास्तव में उससे कई गुना अधिक पानी की बबार्दी होती है। यह स्थिति तब और गंभीर हो जाती है, जब इसे बड़े पैमाने पर देखा जाए, जहां हर दिन सैकड़ों बैठकों और कार्यक्रमों में हजारों बोतलें उपयोग में लाई जाती हैं। एडीएम सिटी गजेंद्र कुमार ने कहा कि जल संरक्षण को केवल एक औपचारिक विषय न मानते हुए इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा समय-समय पर किए गए जल संरक्षण के आह्वान का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार स्तर पर इस दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन जनसहभागिता के बिना इन प्रयासों को पूर्ण सफलता नहीं मिल सकती। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जब भी किसी बैठक या कार्यक्रम में पानी की बोतल उपलब्ध कराई जाए, तो उसका पूर्ण उपयोग सुनिश्चित किया जाए। यदि किसी कारणवश बैठक के दौरान पूरा पानी नहीं पीया जा सके, तो उस बोतल को अपने साथ ले जाकर बाद में उपयोग करना चाहिए, ताकि पानी व्यर्थ न जाए।

इसके साथ ही उन्होंने संबंधित विभागों को यह भी निर्देश दिया कि जहां संभव हो, वहां बोतलबंद पानी के स्थान पर वैकल्पिक व्यवस्था अपनाई जाए। जैसे कि गिलास और फिल्टर पानी की व्यवस्था की जाए, जिससे प्लास्टिक बोतलों का उपयोग भी कम होगा और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

## रास्ता रोककर युवक को पीटा, मुकदमा दर्ज

गोलाबाजार,गोरखपुर , 27 मई (तरुणमित्र)। गोला थाना क्षेत्र के मन्नीपुर सहड़ौली गांव के अमन राय ने पुलिस को तहरीर देकर दूसरे गांव के कुछ युवकों पर रास्ता रोककर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है।मामले में पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।तहरीर देकर बताया कि बीते रविवार की शाम 7 बजे बनवारपार चौराहे पर सामान लेने गया था। वहां से बाइक से लौट रहा था कि मठिया गांव के शुभम निषाद व सत्यम निषाद रास्ता रोक लिए तब तक कुछ अज्ञात लोग भी इनके साथ आ गए और लाठी डंडा लोहे की पंच व चाकू से मारपीट कर घायल कर दिए। जिससे सिर फट गया और शरीर पर गंभीर चोटें आ गई। वह सब जान से मारने की धमकी देकर चले गए। मारपीट की यह घटना वहां पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद है।

# डीएम व पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में पीस कमेटी की बैठक आयोजित

## आपसी सौहार्द, भाईचारे व शांति के साथ त्योहार मनाने की लोगों से की गई अपील



**संत कबीर नगर, 27 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी संतकबीरनगर आलोक कुमार* एवं पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर संदीप कुमार मीना* द्वारा आगामी त्योहार बकरीद के दृष्टिगत आज दिनांक 27.05.2026 को थाना धर्मसिंहवा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मुसहरा में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई तथा क्षेत्र में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। पीस कमेटी की बैठक में ग्राम प्रधान, संभ्रांत नागरिकों, धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्र के अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने प्रतिभाग किया।

बैठक के दौरान उपस्थित लोगों से त्योहार के दौरान आने वाली समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित लोगों से अपील की गई कि सभी लोग आपसी प्रेम, सौहार्द एवं भाईचारे के साथ पर्व मनाएं तथा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। साथ ही यह भी कहा गया कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा किसी भी संदिग्ध अथवा आपराधिक गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। बैठक में उपस्थित लोगों को सोशल मीडिया का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने हेतु जागरूक करते हुए कहा गया कि कोई भी व्यक्ति ऐसा पोस्ट, टिप्पणी अथवा भड़काऊ सामग्री साझा न करे जिससे किसी धर्म अथवा समुदाय की भावनाएं आहत हों। साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने अथवा शांति व्यवस्था प्रभावित करने का प्रयास करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। तत्पश्चात अधिकारियों द्वारा ग्राम मुसहरा में पैदल गश्त कर आमजन को सुरक्षा का एहसास कराया गया तथा त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराए जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान उपजिलाधिकारी मेंहदावल, क्षेत्राधिकारी मेंहदावल सर्वदवन सिंह, थानाध्यक्ष धर्मसिंहवा सुरेन्द्र कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक पीआरओ श्री पी०के० गुप्ता सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## दुर्घनाओं की रोकथाम को अभियान चलाकर की गयी वाहनों की चेकिंग

**संत कबीर नगर, 27 मई (तरुणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर संदीप कुमार मीना के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन में क्षेत्राधिकारी यातायात अमित कुमार* द्वारा यातायात प्रभारी परमहंस द्वारा आज दिनांक 27.05.2026 को दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु शहर क्षेत्र में अभियान चलाकर शहर खलीलाबाद क्षेत्र में सड़क पर गाड़ी खड़ा कर सवारी भरने वाले बस, आटो एवं ई रिक्शा वाहनों, बिना ड्राईविंग लाइसेंस एवं बिना फिटनेस के चलने वाले आटो एवं ई रिक्शा वाहनों के विरुद्ध एम. वी. एक्ट में चालान एवं सीज की कार्यवाही की गयी। अभियान के दौरान बिना हेलमेट व सीट बेल्ट लगाए वाहन चालकों के विरुद्ध एम वी एक्ट में चालान एवं सीज की कार्यवाही की गयी। इस प्रकार अभियान के दौरान यातायात पुलिस द्वारा कुल 298 वाहनों का ई-चालान कर 412500 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया।

# डीएम ने औचक निरीक्षण में पुराने वादों के शीघ्र निस्तारण के दिए निर्देश

**देवरिया, 27 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने बुधवार को तहसील सदर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने तहसील परिसर, न्यायालयों एवं विभिन्न कार्य पटलो का निरीक्षण करते हुए कर्मचारियों, अधिवक्ताओं एवं आमजन से संवाद कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने तहसील परिसर एवं भवन की साफ-सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया और समुचित स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार न्यायालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान तीन से पांच वर्ष पुराने वादों की पत्रावलियां निकलवाकर कुछ पुराने मामलों की समीक्षा की तथा संबंधित कर्मचारियों से प्रकरणों की स्थिति की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने न्यायालयों के पेशकारों को निर्देशित किया कि फर्दकाम का सही अंकन नियमित रूप से किया जाए तथा पत्रावलियों का रखरखाव व्यवस्थित ढंग से किया जाए। उन्होंने तहसील स्तर के सभी पीठासीन अधिकारियों को पुराने वादों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी ने तहसील सभागार में तहसील बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं के साथ संवाद किया। उन्होंने अधिवक्ताओं की समस्याएं एवं सुझाव सुने तथा वादों के त्वरित निस्तारण में सहयोग की अपेक्षा की। जिलाधिकारी ने कहा कि न्यायिक एवं राजस्व कार्यों में पारदर्शिता एवं समयबद्धता की जाए। इस दौरान उप जिलाधिकारी प्रवीण कुमार, तहसीलदार के.के. मिश्र, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, राजस्व कर्मी एवं अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## ओवरलोड वाहनों के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई

**देवरिया, 27 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निर्देश पर जनपद में अवैध खनन एवं बिना अनुमति संचालित वाहनों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए बुधवार को संयुक्त अभियान चलाया। परिवहन विभाग एवं खनन विभाग की टीम ने एआरटीओ आशुतोष शुक्ला तथा खनन निरीक्षक जितेंद्र शर्मा के नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी की। अभियान के दौरान बरियारपुर थाना क्षेत्र में अवैध खनन एवं ओवरलोड मिट्टी परिवहन में संलिप्त दो ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी गई। जांच में अनियमितता पाए जाने पर दोनों वाहनों को सीज कर बरियारपुर थाने को सुपुर्द कर दिया गया। इसी क्रम में बरहज क्षेत्र में भी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अवैध खनन कार्य में संलिप्त पाई गई, जिसे सीज कर संबंधित थाने को सुपुर्द किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध खनन पर प्रशासन का शिकंजा फर्म पर पांच लाख का जुर्माना

**देवरिया, 27 मई (तरुणमित्र)।** अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक फर्म पर पांच लाख रुपये का आर्थिक दंड लगाया है। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निर्देश पर खनन विभाग द्वारा की गई जांच में बिना अनुमति मिट्टी खनन किए जाने की पुष्टि हुई है। मामले में संबंधित फर्म की अनुज्ञा निरस्त करने की कार्रवाई भी प्रस्तावित की गई है। खनन निरीक्षक जितेंद्र शर्मा ने बताया कि लगातार मिल रही शिकायतों के बाद विभिन्न क्षेत्रों में जांच अभियान चलाया गया। जांच में देवरिया बाईपास प्राइवेट लिमिटेड फर्म द्वारा अवैध मिट्टी खनन किए जाने का मामला सामने आया। फर्म को पहले नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया था, लेकिन संतोषजनक जवाब और साक्ष्य नहीं मिलने पर कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान बनकटा और खुखुंदू थाना क्षेत्र में अवैध खनन में प्रयुक्त एक-एक जेसीबी मशीन भी पकड़ी गई। दोनों मशीनों को संबंधित थानों में सुपुर्द कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि जनपद में अवैध खनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को नियमित निगरानी और सघन अभियान चलाकर ऐसे मामलों पर प्रभावी रोक लगाने के निर्देश दिए हैं।

### नि :शुल्क कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण चिन्हांकन शिविर की तिथि में परिवर्तन

**कुशीनगर, 27 मई (तरुणमित्र)।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अभय पाण्डेय ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर द्वारा दिये गए निर्देश के क्रम में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों के अंतर्गत दिव्यांगजन को लाभान्वित किये जाने हेतु विकास खण्ड मोतीचक में दिनांक 28 मई, 2026 को चिन्हांकन शिविर आयोजित किया जाना प्रस्तावित था। उन्होंने बताया कि ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश की तिथि में संशोधन किये जाने के फलस्वरूप दिनांक 28 मई, 2026 को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। उक्त के दृष्टिगत पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में संशोधन करते हुए अब विकास खण्ड मोतीचक में निःशुल्क कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण प्रदान किये जाने हेतु चिन्हांकन शिविर का आयोजन दिनांक 10 जून, 2026 को किया जायेगा। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने संबंधित दिव्यांगजन एवं आमजन से संशोधित तिथि के अनुसार शिविर में उपस्थित होकर योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

### डीएम ने दिव्यांग फरियादी की समस्या सुन तत्काल इलाज कराने के दिए निर्देश

**देवरिया, 27 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की संवेदनशीलता एवं जनसरोकारों के प्रति गंभीरता बुधवार को जनता दर्शन के दौरान देखने को मिली, जब एक दिव्यांग फरियादी व्हीलचेयर पर सीधे उनके कार्यकक्ष में पहुंचा। फरियादी की स्थिति देखकर जिलाधिकारी ने तत्काल उसकी समस्या गंभीरता से सुनी और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनता दर्शन में पहुंचे गणेश तिवारी पुत्र देवनाथ तिवारी निवासी ग्राम शेरवा बभनौली ने बताया कि वह पथरी की गंभीर समस्या से पीड़ित हैं, लेकिन आर्थिक अभाव के कारण ऑपरेशन नहीं करा पा रहे हैं। फरियादी की व्यथा सुन जिलाधिकारी ने तत्काल मुख्य चिकित्सा अधिकारी को बुलवाया और मेडिकल कॉलेज देवरिया में समुचित इलाज एवं ऑपरेशन कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि इलाज की पूरी प्रक्रिया प्राथमिकता के आधार पर कराई जाए तथा फरियादी को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद एवं असहाय लोगों की सहायता करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है तथा पात्र व्यक्तियों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

### किशोर गृहों में साफ-सफाई और शिक्षा व्यवस्था पर जोर

**गाजीपुर, 27 मई (तरुणमित्र)।** माननीय उच्च न्यायालय, किशोर न्याय समिति, इलाहाबाद के निदेर्शों के अनुपालन में आज दिनांक 27.05.2026 को राजकीय प्लेस ऑफ सेफ्टी गाजीपुर एवं राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) गाजीपुर का औचक निरीक्षण नीरज गोंड, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजीपुर द्वारा किया गया। राजकीय प्लेस ऑफ सेफ्टी गाजीपुर में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे, तथा आवासित किशोर उपस्थिति पंजिका दिनांक 27.05.2026 के अनुसार किशोर उपस्थित पाये गये। राजकीय प्लेस ऑफ सेफ्टी गाजीपुर एवं राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) गाजीपुर को निर्देशित किया गया कि मीनू के अनुसार भोजन, साफ-सफाई, कपडे.तथा स्वास्थ्य एवं स्वास्थ्य परीक्षण व्यवस्था करना सुनिश्चित करें, बच्चों से प्रतिदिन शारीरिक गति विधि कराने एवं शिक्षा के लिए निर्देशित किया गया। किसी भी बालक द्वारा किसी उत्पीड़न अथवा परेशानी का कोई उल्लेख नहीं किया गया है।

# खलिहान की जमीन पर अवैध निर्माण और सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप, जांच की मांग

**पडरौना,कुशीनगर, 27 मई (तरुणमित्र)।** विकास खंड मोतीचक की ग्राम पंचायत अथरहा में सार्वजनिक खलिहान की जमीन पर कथित अवैध निर्माण, सरकारी धन के बंदरबांट और विधायक निधि के दुरुपयोग को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। गांव निवासी परशुराम कुशवाहा ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच, अवैध निर्माण पर तत्काल रोक और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि ग्राम सभा की सुरक्षित खलिहान भूमि को नियमों की अनदेखी कर कब्जे और निर्माण का जरिया बना दिया गया है। आरोप है कि गाटा संख्या 387 में मनरेगा और विभिन्न वित्त आयोगों की धनराशि से डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क एवं प्रतिमा स्थापना का कार्य कराया गया, जबकि राजस्व अभिलेखों में यह भूमि सार्वजनिक उपयोग हेतु सुरक्षित दर्ज है। शिकायतकर्ता का दावा है कि करीब 8.75 लाख रुपये से अधिक की सरकारी धनराशि खर्च दिखा दी गई, लेकिन मौके पर निर्माण कार्य गुणवत्ता और मानकों के अनुरूप नहीं मिला। मामले को और गंभीर बनाते हुए शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि विधायक निधि से प्रस्तावित विवाह भवन के लिए कागजों में दूसरी भूमि दर्शाई गई, जबकि वास्तविक निर्माण खलिहान की भूमि गाटा संख्या 529 पर कराया जा रहा है। इसे सरकारी अभिलेखों में हेराफेरी कर धन के विचलन और सत्ता संरक्षण में किए जा रहे निर्माण का मामला बताया गया है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि गाटा संख्या 229 में निजी व्यक्ति को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से खड़ंजा निर्माण की तैयारी की जा रही है। आरोप है कि ग्राम सभा की सार्वजनिक संपत्तियों को सुनियोजित तरीके से निजी हितों के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों के सामुदायिक अधिकार प्रभावित हो रहे हैं। ग्राम पंचायत में कराए गए सीसी रोड निर्माण कार्य भी सवालों के घेरे में हैं। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है

## दो लोगों की सड़क दुर्घटना में मौत

**फिरोजाबाद, 27 मई (तरुणमित्र)।** जनपद में अलग-अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं मैं दो लोगों की मौत हो गई दोनों के शवो को पोस्टमार्टम ग्रह मैं रखवा दिया है पुलिस ने एक का पोस्टमार्टम कराया है थाना नारखी के गांव आलमपुर निवासी 50 वर्षीय देवी राम पुत्र होती राम बुधवार की दोपहर बाइक द्वारा कहीं जा रहा था। तभी बछगाव के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिसके दौरान वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सरकारी एम्बुलेन्स उसे उपचार के लिए सरकारी ट्रॉमा सेन्टर लेकर आई जहां चिकित्सक ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। और शव को विच्छेदन ग्रह में रखवा दिया, घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन जिला अस्पताल पहुंच गये।

# घरेलू विवाद में युवक की मौत पत्नी समेत तीन गिरफ्तार

**देवरिया, 27 मई (तरुणमित्र)।** जनपद के बरियारपुर थाना क्षेत्र में घरेलू विवाद के दौरान युवक की पिटाई से हुई मौत के मामले में पुलिस ने पत्नी समेत तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त लाठी-डंडा भी बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर के निर्देश पर बरियारपुर पुलिस ने यह कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपितों में संगम देवी, जयप्रकाश उर्फ जिउत और आदित्य शामिल हैं। पुलिस के अनुसार 25 मई को डायल 112 के माध्यम से सूचना मिली थी कि ग्राम विशुनपुर कला निवासी मुकेश सिंह को घरेलू विवाद में उनकी पत्नी संगम देवी, साले जयप्रकाश उर्फ जिउत और रिश्तेदार आदित्य ने लाठी-डंडों से पीट दिया। गंभीर हालत में उन्हें पहले सीएचसी रामपुर कारखाना और बाद में जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक के भाई अवधेश सिंह की तहरीर पर बरियारपुर थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने बुधवार को तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष दीपक सिंह, हेड कांस्टेबल अरविंद सिंह, कांस्टेबल आलोक चौहान समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# महिला सुरक्षा, के उद्देश्य से पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

**संत कबीर नगर, 27 मई (तरुणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर संदीप कुमार मीना के निर्देशन में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करने व महिलाओं की सुरक्षा के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से जनपद के सभी थानों द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया ।

तथा ग्राम चौपाल लगाकर समस्याओं के त्वरित एवं विधिपूर्ण निस्तारण हेतु ग्रामीणों से संवाद कर किया गया जागरुक । इस अभियान के अंतर्गत सभी थानों की एंटीरोमियो टीमों द्वारा बाजारों, सार्वजनिक स्थलों पर जाकर बालिकाओं, महिलाओं एवं आमजन को मिशन शक्ति 5.0 द्वितीय चरण अभियान के तहत जानकारी दी गई, साथ ही महिलाओं के प्रति अपराधों की रोकथाम व उनके अधिकारों की रक्षा एवं आत्मरक्षा के उपायों के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई । कार्यक्रमों के दौरान प्रतिभागियों को महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, चिकित्सा सहायता 108, बाल सहायता नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा ू पोर्टल की जानकारी देकर इन सेवाओं के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया ।

# आईजीआरएस शिकायत पर हुई जांच के बाद वन विभाग ने की कार्रवाई

## स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य व सहयोगियों के खिलाफ पेड़ो के कटान को लेकर केस दर्ज

**फिरोजाबाद, 27 मई (तरुणमित्र)।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से सम्बद्ध ट्रॉमा सेंटर परिसर में बिना अनुमति के हरे पेड़ों को काटने और छांटने के मामले में वन विभाग द्वारा कड़ी कार्रवाई की गयी है विभाग द्वारा इस अवैध कटान पर रेंज केस (संख्या 05/डिसे/2026-27) दर्ज किया है। जनपद फिरोजाबाद के निवासी एवं शिवसेना के जिला प्रमुख राजीव शर्मा द्वारा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से सम्बद्ध ट्रॉमा सेंटर परिसर में लगे हरे पेड़ो के कटान की शिकायत आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज कराई थी।

उनके द्वारा दर्ज करायी गयी, शिकायत के आधार पर सामाजिक वानिकी प्रभाग के डिप्टी रेंजर मोहित यादव ने 22 मई 2026 को गवाहों की मौजूदगी में जीपीएस कैमरे से स्थलीय निरीक्षण किया।

जांच के दौरान पाया गया कि स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. योगेश गोयल और उनके सहयोगियों द्वारा ट्रॉमा सेंटर परिसर में निर्माण कार्य कराये जाने के दौरान 60 सेमी गोलाई के एक हरे नीम के वृक्ष को जड़ से काट दिया गया। इसके अलावा अन्य पेड़ो में केशिया श्यामिया सहित 5 अन्य वृक्षों की टहनियों को भी अवैध रूप से काटा गया। वन विभाग के अनुसार, इनको काटे जाने के लिए सक्षम अधिकारी या संस्था से कोई अनुमति नहीं ली गई थी,

जो वृक्ष संरक्षण अधिनियम की धारा 4/10 और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का सीधे तौर पर उल्लंघन है। शिकायतकर्ता राजीव शर्मा ने अपने लिखित बयान में इसके लिए दोषी अधिकारियों व उनके सहयोगियों के खिलाफ कड़ी विधिक और विभागीय कार्रवाई की मांग की है। डीएफओ भानेंद्र सिंह ने बताया कि वन विभाग मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रहा है। अभी तक की गयी कार्यवाही में प्राचार्य डॉ योगेश कुमार गोयल व उनके सहयोगियों पर जांच रिपोर्ट के आधार पर केस दर्ज किया जा चुका है।

जांच की आख्या में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है। कि स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य व सहयोगियों द्वारा किसी सक्षम अधिकारी की बिना परमिशन के पेड़ों को काटा गया है।

वही इस मामले में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ योगेश गोयल का कहना है। कि किसी कर्मचारी ने सफाई के दौरान इनको काट दिया होगा। जिसके बारे जाँच करायेंगे।

# एआरटीओ कार्यालय के निर्माण में गुणवत्ता से समझौता नहीं : डीएम



**देवरिया, 27 मई (तरुणमित्र)।** चकरवाधूस स्थित निमार्णाधीन सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय भवन का बुधवार सुबह जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लेते हुए कार्यदायी संस्था को समयबद्ध ढंग से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। डीएम ने निर्माण स्थल पर विभिन्न बिंदुओं का निरीक्षण करते हुए कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता मानकों का पूरी तरह पालन किया जाए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या मानकों से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। निरीक्षण में अधिकारियों ने बताया कि करीब 10 करोड़ 61 लाख रुपये की लागत वाली इस परियोजना में अब तक 7 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं और लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। शेष 3 करोड़ 61 लाख रुपये की धनराशि के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। कार्यदायी संस्था सीएनडीएस के अधिकारियों ने बताया कि शेष बजट मिलते ही बाकी निर्माण कार्य तेजी से पूरा कर लिया जाएगा। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि शासन स्तर पर समन्वय बनाकर जल्द धनराशि प्राप्त की जाए और आवंटन मिलने के दो माह के भीतर भवन निर्माण पूर्ण कर हैंडओवर की कार्रवाई की जाए। निरीक्षण के दौरान डीएसटीओ मृत्युंजय चतुवेर्दी, सीएनडीएस के परियोजना प्रबंधक मनीष चंद्र, स्थानिक अभियंता बी.पी. सिंह समेत अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## शिक्षा ही शोषित,वंचित,पीड़ित समाज का उद्धार कर सकती : सुनीता

**कुशीनगर, 27 मई (तरुणमित्र)।** आज सुहेलदेव भा0 स0 पार्टी की ब्लाक स्तरीय बैठक विधान सभा खड्डा के शाहपूर नौकाटोला मे जिलाध्यक्ष गुड्डू राजभर के नेतृत्व मे सम्पन्न हुआ जिसके मुख्य अतिथि राष्टीय प्रमुख महासचिव महिला मोर्चा सुनिता राजभर जी रही । जिसमे पार्टी की नितियो व सुभासपा प्रमुख एवं पंचायतीराज मंत्रीउ0 प्र0 सरकार मा0 ओपी राजभर के विचारो को जन-जन तक पहुचाने के क्रम मे सुनिता राजभर ने लोगो को सम्बोधित करते हुए कही कि जो समाज शिक्षा को अपनाया शिक्षा का अनुसरण किया वो समाज विकास की मुख्यधारा से जुट गया और आज वही समाज शोषित,वंचित और पिडित है जिनके पास शिक्षा नही है अगर शोषित, वंचित, पिडित समाज से बाहर निकलना है ।

# डीएम की सख्ती से जनगणना कार्य में बढ़ी हलचल, अधिकारियों को नोटिस

**देवरिया, 27 मई (तरुणमित्र)।** जनगणना 2027 के तहत चल रहे घर-घर सर्वेक्षण और मकान सूचीकरण कार्य में लापरवाही पर जिला प्रशासन सख्त नजर आ रहा है। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने समीक्षा बैठक में कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए सभी तहसीलदारों, नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों, बीएसए और डीपीआरओ समेत 12 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कराया है। अधिकारियों से पूछा गया है कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य में शिथिलता क्यों बरती जा रही है। बुधवार को गूगल मीट के माध्यम से हुई समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि एक सप्ताह के भीतर घर-घर सर्वेक्षण और मकान सूचीकरण का कार्य पूरा कराया जाए।

उन्होंने कहा कि जो कर्मचारी चार्ज लेने या कार्य शुरू करने में लापरवाही करेंगे, उनके खिलाफ प्रतिकूल प्रविष्टि और वेतन रोकने जैसी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिलाधिकारी ने अवैध खनन और अवैध वाहनों के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाने के भी निर्देश दिए। वहीं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में छात्राओं की उपस्थिति और पठन-पाठन व्यवस्था पर भी जोर दिया गया। इधर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने रामपुर कारखाना स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण कर छात्रावास, भोजन, साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएम ने कहा कि छात्राओं की शिक्षा और सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

# जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने दी श्रद्धांजलि



**देवरिया, 27 मई (तरुणमित्र)।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस कार्यालय पर श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने पंडित नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल ने कहा कि पंडित नेहरू आधुनिक भारत के निमार्ता थे।

उन्होंने देश में लोकतंत्र, वैज्ञानिक सोच और औद्योगिक विकास की मजबूत नींव रखी। शिक्षा, विज्ञान और तकनीकी व्यवस्था को मजबूत करने में उनका योगदान अतुलनीय रहा।उन्होंने कहा कि पंडित नेहरू ने देश को मजबूत लोकतांत्रिक व्यवस्था देने के साथ-साथ विश्व स्तर पर भारत की अलग पहचान स्थापित की। आईआईटी, एम्स, बड़े बांधों एवं सार्वजनिक उपक्रमों की स्थापना कर उन्होंने आधुनिक भारत के निर्माण का कार्य किया। उन्होंने कहा कि पंडित नेहरू के आदर्श, लोकतांत्रिक मूल्य एवं राष्ट्र निर्माण की सोच आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। कांग्रेस पार्टी उनके विचारों एवं सिद्धांतों को लेकर जनहित और देशहित में निरंतर कार्य करती रहेगी। इस अवसर पर अरविन्द शाही, सुनील कुमार तिवारी, भरत मणि त्रिपाठी, जुलेखा खातून, वरुण राय, संजीव कुमार मिश्रा, चन्दन वर्मा, माधव नाथ तिवारी, धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय, शिव शंकर सिंह, मार्कण्डेय मिश्रा, रामप्रवेश सिंह, मनोज मणि, कुलदीप सिंह यादव, रत्नेश मल्ल पिंटू, जवाहरलाल चौहान, सत्य प्रकाश मणि, रीता देवी, उत्तेज मिश्रा, पन्नालाल पाठक, विनोद दुबे, ध्रुव प्रसाद आर्य, जवाहरलाल बरनवाल, सोहन मिश्रा, प्रताप दीक्षित, बनारसी लाल गोंड, चन्द्रिका मिश्रा, डॉ. सी.पी. चौहान, राजकुमार यादव सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नियम उल्लंघन पर कासिमाबाद शराब दुकान का लाइसेंस निलंबित

**गाजीपुर , 27 मई (तरुणमित्र)।** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद गाजीपुर में स्थित कम्पोजिट शराब दुकान कासिमाबाद (सिधागर रोड), शॉप आई0डी0-44621 पर नियमोल्लंघन पाये जाने के कारण जिलाधिकारी के आदेश दिनांक 26.05.2026 द्वारा उक्त दुकान के अनुज्ञापन को निलम्बित कर दिया गया है। उक्त दुकान को दिनांक 27.05.2026 से 02.06.2026 तक दैनिक आधार पर संचालित किया जाना है। उक्त दुकान को दैनिक आधार पर संचालित किये जाने हेतु आवेदन पत्र दिनांक 27.05.2026 को प्रातः 10.00 बजे से कार्यालयावधि में दुकान पर कम से कम एक आवेदन प्राप्त होने तक कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, गाजीपुर में आमंत्रित किये जाते हैं। नियमानुसार प्रतिभूति धनराशि भी देय होगी। आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड, पैन कार्ड व निर्धारित प्रारूप में शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा। दुकानों के एम0जी0आर0/लाइसेंस फीस के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक या कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी गाजीपुर से प्राप्त की जा सकती है।

# विशेष किशोर पुलिस इकाई की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित

## पुलिस अफसरों के दी गई कर्तव्यों व दायित्वों की जानकारी

**देवरिया, 27 मई (तरुणमित्र)।** पुलिस लाइन स्थित प्रेक्षागृह में विशेष किशोर पुलिस इकाई की आयोजित मासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी नगर संजय रेड्डी ने व संचालन संरक्षण अधिकारी जिला बाल संरक्षण इकाई जय प्रकाश तिवारी ने किया।

इस दौरान बैठक में जनपद के समस्त थानों पर नामित बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों को विशेष किशोर पुलिस इकाई के कर्तव्यों एवं दायित्वों की जानकारी दी गई। क्षेत्राधिकारी नगर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जेजे एक्ट के प्रावधानों के अनुरूप कार्य करें तथा निर्धारित एजेंडा बिंदुओं के साथ समय से बैठक में प्रतिभाग करें। संरक्षण अधिकारी जय प्रकाश तिवारी ने कहा कि जनपद को बाल विवाह मुक्त एवं बाल श्रम मुक्त बनाने के लिए सभी विभागों एवं संबंधित संस्थाओं को आपसी समन्वय के साथ कार्य करना होगा।

उन्होंने बच्चों के शिक्षा, स्वास्थ्य, विकास एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने पर बल दिया। बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष सावित्री राय ने बच्चों से संबंधित प्रकरणों में गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की आवश्यकता बताई। स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. संजय गुप्ता ने उम्र परीक्षण एवं मेडिकल परीक्षण की प्रक्रिया की जानकारी दी।

वहीं श्रम प्रवर्तन अधिकारी दिनेश कुमार ने श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी साझा की। वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रबंधक नीतू भारती ने बालिकाओं एवं महिलाओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी देते हुए प्रकरणों के त्वरित निस्तारण पर जोर दिया। चाइल्ड हेल्पलाइन प्रभारी अमित उपाध्याय ने थानों से प्राप्त मामलों में बेहतर समन्वय की आवश्यकता बताई। बैठक में महिला कल्याण विभाग की सपोर्ट पर्सन विभा पाण्डेय, वन स्टॉप सेंटर की मनोवैज्ञानिक मीनू जायसवाल, जिला बाल संरक्षण इकाई के अरविंद यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आधुनिक तकनीक से विकास कार्यों को मिलेगी नई गति: डीएम

## रिमोट सेंसिंग, जीआईएस व जीपीएस तकनीक पर अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण




**उरई, 27 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन्स सेंटर, उत्तर प्रदेश लखनऊ (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग) द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में अधिकारियों को आधुनिक तकनीकों के माध्यम से योजनाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग, संसाधनों के वैज्ञानिक प्रबंधन एवं जनहितकारी कार्यों के बेहतर क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला में रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन्स सेंटर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ० पीपीएस यादव, डॉ० अर्जुन सिंह तथा परियोजना वैज्ञानिक डॉ० जय कुमार मिश्रा एवं अवनीश कुमार द्वारा विभिन्न परियोजनाओं में रिमोट सेंसिंग एवं जीआईएस तकनीक के उपयोग से तैयार किए गए जनपदवार डिजिटल डाटाबेस का प्रस्तुतीकरण किया गया। वैज्ञानिकों ने बताया कि रिमोट सेंसिंग, जीआईएस एवं जीपीएस तकनीक के माध्यम से कृषि, भू-राजस्व, जल संरक्षण, प्राकृतिक आपदा प्रबंधन, ग्राम्य विकास, पंचायती राज, सिंचाई, सड़क, वन एवं अन्य विभागों के कार्यों को अधिक सटीक, पारदर्शी एवं परिणाममुखी बनाया जा सकता है।

विशेषज्ञों ने भुवन पोर्टल एवं प्रधानमंत्री गतिशक्ति पोर्टल (पीएमजीएसपी) के माध्यम से विभिन्न विभागों के डाटाबेस के समन्वय और उपयोग की जानकारी देते हुए बताया कि इन तकनीकों से विकास कार्यों की रियल टाइम मॉनिटरिंग एवं योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में सहायता मिलती है। कार्यशाला में लिडार तकनीक की उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला गया, जिससे भू-आकृति एवं संसाधनों का अत्यंत सटीक आंकलन संभव हो पाता है। जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान समय में तकनीक आधारित प्रशासनिक व्यवस्था सुशासन की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुकी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में आधुनिक तकनीकों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करें, जिससे विकास कार्यों में पारदर्शिता बढ़े और आमजन को त्वरित लाभ प्राप्त हो सके। कार्यशाला में समस्त अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, उप निदेशक कृषि, कृषि रक्षा अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, सामाजिक वानिकी, जिला विद्यालय निरीक्षक, उपायुक्त एनआरएलएम, उपायुक्त मनरेगा, जल निगम, लघु सिंचाई विभाग सहित समस्त खंड विकास अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

# शासन की प्राथमिकता के अनुरूप किया जायेगा कार्य: राजीव राज

## एडीएम वित्त व राजस्व ने कार्यभार किया ग्रहण




**उरई, 27 मई (तरुणमित्र)।** शासन की मंशा के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर जनहितकारी लाभपरक योजनाओं का अन्तिम पायदान तक खडे. हुए व्यक्ति को लाभ दिलाने के लिए भरसक प्रयास किया जायेगा।

उक्त बात आज तरूणमित्र से वार्ता के दौरान नवागन्तुक अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राजीव राज ने कही। उन्होंने कहा कि वर्ष 1995 में प्रशासनिक सेवा के रूप में शुरूआत की थी। वह मूल्यतः जनपद आगरा के निवासी हैं। उनकी शिक्षा-दीक्षा भी ग्रह जनपद में हुई। वहीं से दयालबाग से शिक्षा समाप्ति के उपरान्त सरकारी नौकरी हासिल कर ली। जिसमें जनपद मथुरा, अलीगढ़, हाथरस में पर्याप्त समय तक सरकारी सेवायें दी। इसके उपरान्त प्रमोशन पाकर कानपुर देहात, अमरोहा में रहना हुआ अभी उन्नाव जनपद में नगर मजिस्टेज्ट के पद से पदोन्नत होकर इस जनपद में आकर अपर जिलाधिकारी का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के पद पर पहली जिम्मेदारी मिली है। जिसमें उन्होंने कहा कि शासन द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का क्रम वद्ध तरीके से जन सामान्य तक लाभ पहुँचाने का प्रयास रहेगा।

## अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ

**एट/उरई, 27 मई (तरुणमित्र)।** न्याय पंचायत पिंडारी के अंतर्गत कस्बा एट में बुधवार को अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ किया गया। यह आयोजन बैरागढ़ रोड स्थित होली की माता मंदिर में हुआ, जो नहर के पास स्थापित है। बता दें कि पाठ सुबह लगभग 9 बजे मंदिर के पुजारी रामनरेश के सानिध्य में शुरू हुआ। इसमें समस्त ग्रामवासियों और नगरवासियों का सहयोग रहा। इस धार्मिक कार्यक्रम में साधु संत मुच्छण दास बाबा, संत खेमराज बाबा, सरपति दास बाबा, अयोध्या दास बाबा और भागीरथ दास सहित कई संत और नगरवासी उपस्थित रहे। यह मंदिर हुन्की माता एवं लाला हरदौल का प्राचीन मंदिर माना जाता है, जो लोगों की आस्था का प्रमुख केंद्र है।

# राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. अरविंद द्विवेदी हटाए गए

## डॉ. महेंद्र सिंह को कार्यवाहक प्रधानाचार्य किया गया नियुक्त अव्यवस्थाओं के बाद सरकार ने की प्रशासनिक कार्रवाई



**उरई, 27 मई (तरुणमित्र)।** जनपद के उरई स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज में हाल ही में तीमारदार और डॉक्टर के बीच हुए विवाद और लगातार सामने आ रही अव्यवस्थाओं के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक कार्रवाई की है।

बताते चलें कि शासन ने मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. अरविंद द्विवेदी को उनके पद से हटा दिया है। उनकी जगह कानपुर स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज के पैथोलॉजी विभाग में तैनात आचार्य डॉ. महेंद्र सिंह को जालौन मेडिकल कॉलेज का कार्यवाहक प्रधानाचार्य नियुक्त किया गया है। उत्तर प्रदेश शासन के चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1 द्वारा जारी कार्यालय आदेश संख्या 115/71-1001(001)/2/2026 के अनुसार, डॉ. महेंद्र सिंह को अग्रिम आदेशों तक राजकीय मेडिकल कॉलेज जालौन में प्रधानाचार्य का कार्यभार सौंपा गया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि उन्हें इस अतिरिक्त जिम्मेदारी के लिए कोई अलग वेतन या भत्ता नहीं मिलेगा। उनका वेतन पूर्ववत राजकीय मेडिकल कॉलेज कानपुर से ही आहरित होता रहेगा। शासन ने उन्हें तत्काल प्रभाव से नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों मेडिकल कॉलेज में भाजपा नेता, उनके बेटे और डॉक्टरों के बीच मारपीट का एक गंभीर विवाद सामने आया था। इस घटना ने जिले के राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में हलचल मचा दी थी। घटना के बाद मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं, सुरक्षा और प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हुए थे। इसके अतिरिक्त, कॉलेज में लगातार हो रही अन्य घटनाओं और अव्यवस्थाओं की शिकायतें भी शासन स्तर तक पहुंच रही थीं।

इन्हीं घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए शासन ने यह बड़ा फैसला लिया है। यह कार्रवाई मेडिकल कॉलेज की व्यवस्था सुधारने और प्रशासनिक नियंत्रण मजबूत करने के उद्देश्य से की गई है। शासन के इस कदम के बाद मेडिकल कॉलेज परिसर में चचाएं तेज हो गई हैं। अब सभी की नजर नए कार्यवाहक प्रधानाचार्य की कार्यशैली और कॉलेज में होने वाले संभावित बदलावों पर टिकी हुई है।


### उप जिलाधिकारी तहसील रूदौली जनपद अयोध्या

मत्स्य पालन के लिए नीलामी हेतु तालाबों की सूची

क्रमांक 1 से 64 तक दिनांक 05.06.2026 व क्रमांक 65 से 128 तक दिनांक 09.06.2026 को तहसील सभागार में होगी।

| | ग्राम व ब्लाक का नाम | तालाब/पोखर/मीना"ाय एवं अन्य जल प्रणालियों का विवरण | लगान की धनरा"ि उ0प्र0रा0सं0 में निहित प्राविधानों के अनुसार | नीलामी का स्थान |
|---|---|---|---|---|
| क्र | ग्राम | गाटा | रक्बा | तहसील सभागार |
| 1 | सहनी | 436 | 0.573 हे0 | तहसील सभागार |
| 2 | सरैठा | 75 | 0.771 हे0 | तहसील सभागार |
| 3 | याकूबपुर | 79 | 0.391 हे0 | तहसील सभागार |
| 4 | जलीलपुर | 140 | 0.304 हे0 | तहसील सभागार |
| 5 | जलीलपुर | 96 | 0.517 हे0 | तहसील सभागार |
| 6 | रजानगर | 174 | 1.020 हे0 | तहसील सभागार |
| 7 | मवई | 879क | 0.575 हे0 | तहसील सभागार |
| 8 | पालपुर | 461घ | 0.404 हे0 | तहसील सभागार |
| 9 | पालपुर | 461ण | 0.202हे0 संयुक्त | तहसील सभागार |
| 10 | पालपुर | 461ढ | 0.202हे0 1.586 | तहसील सभागार |
| 11 | पालपुर | 461त | 0.202 हे0 | तहसील सभागार |
| 12 | पालपुर | 461न | 0.202 हे0 | तहसील सभागार |
| 13 | पालपुर | 461र | 0.217 हे0 | तहसील सभागार |
| 14 | पालपुर | 461द | 0.404 हे0 | तहसील सभागार |
| 15 | गौहन्ना | 237 | 0.726 हे0 | तहसील सभागार |
| 16 | मांगी | 772 | 0.239 हे0 | तहसील सभागार |
| 17 | मांगी | 808 | 0.468 हे0 | तहसील सभागार |
| 18 | मांगी | 817 | 0.392 हे0 | तहसील सभागार |
| 19 | पकरियागांव | 256 | 0.898 हे0 | तहसील सभागार |
| 20 | पकरियागांव | 295 | 0.784 हे0 | तहसील सभागार |
| 21 | चन्द्रामऊमंगा | 291 | 0.360 हे0 | तहसील सभागार |
| 22 | रौजागांव | 540 | 0.310 हे0 | तहसील सभागार |
| 23 | ऐथर | 1035ग | 0.391 हे0 | तहसील सभागार |
| 24 | रानीमऊ | 728 | 0.670 हे0 | तहसील सभागार |
| 25 | रानीमऊ | 321 | 0.300 हे0 | तहसील सभागार |
| 26 | रानीमऊ | 870ख | 0.509 हे0 | तहसील सभागार |
| 27 | रानीमऊ | 874 | 0.746 हे0 | तहसील सभागार |
| 28 | मांगी | 610 | 2.630 हे0 | तहसील सभागार |
| 29 | अख्तियारपुर | 1095 | 0.323 हे0 | तहसील सभागार |
| 30 | गेरौड़ा | 438 | 0.230 हे0 | तहसील सभागार |
| 31 | मटौली | 588 | 0.832 हे0 | तहसील सभागार |
| 32 | हुनहुना | 591 | 0.647 हे0 | तहसील सभागार |
| 33 | हुनहुना | 695 | 0.708 हे0 | तहसील सभागार |
| 34 | हुनहुना | 798 | 0.544 हे0 | तहसील सभागार |
| 35 | हुनहुना | 839 | 0.293 हे0 | तहसील सभागार |
| 36 | धनौली | 298 | 2.238 हे0 | तहसील सभागार |
| 37 | अमराईगांव | 969 | 0.809 हे0 | तहसील सभागार |
| 38 | सरैठा | 1997 | 0.569 हे0 | तहसील सभागार |
| 39 | भेलसर | 712 | 0.626 हे0 | तहसील सभागार |
| 40 | भेलसर | 909 | 0.260 हे0 | तहसील सभागार |
| 41 | फिरोजपुर मख्दूमी | 745 | 1.081 हे0 | तहसील सभागार |
| 42 | बहोरिकपुर | 618 | 0.950 हे0 | तहसील सभागार |
| 43 | भैसौली | 357 | 0.675 हे0 | तहसील सभागार |
| 44 | फत्तापुरखुर्द | 365 | 0.265 हे0 | तहसील सभागार |
| 45 | फत्तापुरखुर्द | 32 | 1.1346 हे0 | तहसील सभागार |
| 46 | रजनपुर | 254 | 0.335 हे0 | तहसील सभागार |
| 47 | फरीदपुर | 261/324 | 0.354 हे0 | तहसील सभागार |
| 48 | सरायमुगल | 773 | 9.7370 हे0 | तहसील सभागार |
| 49 | भौली | 899 | 0.354 हे0 | तहसील सभागार |
| 50 | बेतौली | 291 | 0.512 हे0 | तहसील सभागार |
| 51 | तेर | 620 | 0.455 हे0 | तहसील सभागार |
| 52 | तेर | 596 | 0.215 हे0 | तहसील सभागार |
| 53 | मैरामऊ | 246 | 1.546 हे0 | तहसील सभागार |
| 54 | मैरामऊ | 248 | 1.456 हे0 | तहसील सभागार |
| 55 | बिडहार | 586क | 0.149 हे0 | तहसील सभागार |
| 56 | बिडहार | 586ख | 0.685 हे0 | तहसील सभागार |
| 57 | मानपुर | 661 | 0.208 हे0 | तहसील सभागार |
| 58 | गने"ापुर | 467 | 1.240 हे0 | तहसील सभागार |
| 59 | रानीमऊ | 870 | 0.509 हे0 | तहसील सभागार |
| 60 | रामपुरजनक | 266 | 0.712 हे0 | तहसील सभागार |
| 61 | जखौली | 57 | 0.605 हे0 | तहसील सभागार |
| 62 | कोलवा | 320 | 0.752 हे0 | तहसील सभागार |
| 63 | सरैठा | 2362 | 2.213 हे0 | तहसील सभागार |
| 64 | सरैठा | 1445 | 1.743 हे0 | तहसील सभागार |
| 65 | रमडीहा | 106 | 0.430 हे0 | तहसील सभागार |
| 66 | अमराईगांव | 611 | 1.545 हे0 | तहसील सभागार |
| 67 | अमराईगांव | 1293 | 1.097 हे0 | तहसील सभागार |
| 68 | मुज्जफरपुर | 114 | 0.200 हे0 संयुक्त | तहसील सभागार |
| 69 | मुज्जफरपुर | 115 | 0.443हे0 2.018 हे0 | तहसील सभागार |
| 70 | मुज्जफरपुर | 116 | 1.537 हे0 | तहसील सभागार |
| 71 | हुनहुना | 471 | 0.364 हे0 | तहसील सभागार |
| 72 | नूरपुर | 247 | 0.400 हे0 | तहसील सभागार |
| 73 | बरावां | 254 | 0.778 हे0 | तहसील सभागार |
| 74 | सिपहिया कोटवा | 66 | 0.468 हे0 | तहसील सभागार |
| 75 | सिपहिया कोटवा | 77 | 0.948 हे0 | तहसील सभागार |
| 76 | महमूदमऊ | 297 | 0.212 हे0 | तहसील सभागार |
| 77 | फिरोजपुर मख्दूमी | 1783 | 0.980 हे0 | तहसील सभागार |
| 78 | गजकरी | 74 | 1.110 हे0 | तहसील सभागार |
| 79 | भौली | 1033 | 0.557 हे0 | तहसील सभागार |
| 80 | हयातनगर | 797ग | 0.552 हे0 | तहसील सभागार |
| 81 | हयातनगर | 797ख | 0.569 हे0 | तहसील सभागार |
| 82 | हयातनगर | 797क | 0.620 हे0 | तहसील सभागार |
| 83 | मवई | 749 | 0.506 हे0 | तहसील सभागार |
| 84 | नेवरा | 442 | 0.253 हे0 | तहसील सभागार |
| 85 | नेवरा | 995 | 0.632 हे0 | तहसील सभागार |
| 86 | नेवरा | 1225 | 0.506 हे0 | तहसील सभागार |
| 87 | बाबूपुर | 50ख | 0.821 हे0 | तहसील सभागार |
| 88 | पचलौ | 22 | 0.292 हे0 | तहसील सभागार |
| 89 | पचलौ | 488 | 0.210 हे0 | तहसील सभागार |
| 90 | भवानीपुर | 393 | 1.'088 हे0 | तहसील सभागार |
| 91 | पारापहाड़पूर | 1635 | 0.822 हे0 | तहसील सभागार |
| 92 | मीसा | 1022 | 1.053 हे0 | तहसील सभागार |
| 93 | मांगी | 871 | 0.446 हे0 | तहसील सभागार |
| 94 | मांगी | 1265 | 0.392 हे0 | तहसील सभागार |
| 95 | भदावल | 350 | 0.582 हे0 | तहसील सभागार |
| 96 | सरैठा | 2057 | 0.773 हे0 | तहसील सभागार |
| 97 | पारापहाड़पुर | 232 | 0.304 हे0 | तहसील सभागार |
| 98 | रसूलपुर खुर्द | 120 | 1.229 हे0 | तहसील सभागार |
| 99 | भौली | 151 | 0.936 हे0 | तहसील सभागार |
| 100 | दुल्लापुर | 439 | 2.874 हे0 | तहसील सभागार |
| 101 | भौली | 1063 | 0.969 हे0 | तहसील सभागार |
| 102 | जलीलपुर | 16 | 0.986 हे0 | तहसील सभागार |
| 103 | नगरा | 590 | 2.540 हे0 | तहसीलसभागर |
| 104 | मीसा | 558 | 0.449 हे0 | |
| 105 | मीसा | 561 | 0.417 हे0 | तहसील सभागार |
| 106 | भैसौली | 548 | 0.733 हे0 | तहसील सभागार |
| 107 | भैसौली | 302ख | 0.508 हे0 | तहसील सभागार |
| 108 | बरौली | 706 | 1.884 हे0 | तहसील सभागार |
| 109 | खेदीपुर | 328 | 0.205 हे0 | तहसील सभागार |
| 110 | रसूलपुरखुर्द | 120 | 1.229 हे0 | तहसील सभागार |
| 111 | अख्तियारपुर | 1412 | 0.259 हे0 | तहसील सभागार |
| 112 | नेवरा | 184 | 0.145 हे0 संयुक्त | तहसील सभागार |
| 113 | नेवरा | 187ड | 0.304 हे0 0.449 हे0 | तहसील सभागार |
| 114 | नेवरा | 181 | 0.354 हे0 | तहसील सभागार |
| 115 | लोहटी सरैया | 660 | 0.822 हे0 | तहसील सभागार |
| 116 | लोहटी सरैया | 723 | 0.430 हे0 संयुक्त | तहसील सभागार |
| 117 | लोहटी सरैया | 730 | 0.225 हे0 0.655 हे0 | तहसील सभागार |
| 118 | अमराईगांव | 639 | 0.430 हे0 | तहसील सभागार |
| 119 | अमराईगांव | 346 | 1.037 हे0 | तहसील सभागार |
| 120 | सिठौली | 223 | 0.294 हे0 | तहसील सभागार |
| 121 | मदारपुर | 129 | 0.152 हे0 संयुक्त | तहसील सभागार |
| 122 | मदारपुर | 130 | 0.711 हे0 0.863 हे0 | तहसील सभागार |
| 123 | बिडहार | 561 | 0.342 हे0 | तहसील सभागार |
| 124 | ऐहार | 3402 | 0.443 हें0 | तहसील सभागार |
| 125 | बहरास | 1181ह | 2.305 हे0 | तहसील सभागार |
| 126 | पालपुर | 461प | 2.042 हे0 | तहसील सभागार |
| 127 | पालपुर | 421 | 0.335 हे0 | तहसील सभागार |
| 128 | पालपूर | 364 | 0.648 हे0 | तहसील सभागार |
| | | कुल रक्बा | 53.160 हे0 | |

U.P. 251823 dt. 27/05/2026 विज्ञापन वेबसाइट www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

उपजिलाधिकारी
रूदौली, अयोध्या


## संक्षिप्त समाचार

### श्री छिर्राज परिक्रमा संपन्न

**कोंच/उरई, 27 मई (तरुणमित्र)।** जनपद के छिरावली गांव में 27 मई 2026, बुधवार को श्री छिर्राज परिक्रमा संपन्न हुई। यह परिक्रमा सुबह करीब 11 बजे समस्त ग्राम के श्रद्धालुओं द्वारा बड़ी श्रद्धा के साथ निकाली गई। बता दें कि यह धार्मिक आयोजन विगत लगभग तीन वर्षों से प्रतिवर्ष शुक्ल पक्ष एकादशी को होता आ रहा है। परिक्रमा हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर पूरे गांव और श्री छिर्राज पर्वत की परिक्रमा करती है। परिक्रमा का समापन पहाड़ पर स्थित श्री विंध्यवासिनी माता मंदिर पर होता है। इस दौरान श्रद्धालु ओम नमो भगवते वासुदेवाय नमः का मधुर स्मरण करते हैं। परिक्रमा के समापन पर सुंदर भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसके बाद प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी मातादीन बाबा सहित दर्जनों महिला और पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### ईदगाह सदर ने बैठक कर तैयारियों पर की चर्चा

**कोंच/उरई, 27 मई (तरुणमित्र)।** ईद उल अजहा (बकरीद) पर्व को लेकर ईदगाह कमेटी की एक अहम बैठक ईदगाह सदर शमशाद खां के आवास पर आहूत की गई। जिसमें कमेटी के सदस्यों द्वारा विचार विमर्श करते हुए तैयारियों पर चर्चा कर व्यवस्थाओं को सौंपा गया। जिसमें सर्व सम्मति से तय हुआ कि दिन गुरुवार को ईदगाह मैदान पर सुबह 7:30 बजे ईद उल अजहा (बकरीद) की नमाज हाफिज मौलाना शकील पढ़ाएंगे। इस दौरान ईदगाह कमेटी के सदर शमशाद खां हाजी, मोहम्मद अहमद खां, कडू मामा, मुन्ना सदुआ, रज्जाक खां, सईद अहमद खन्ना, तआरुफ हुसैन, रज्जन बेग, चुन्ना नेता सहित ईदगाह कमेटी से जुड़े तमाम लोग मौजूद रहे।



### पीड़िता ने पुत्री की गुमशुदगी कराई दर्ज

**जालौन/उरई, 27 मई (तरुणमित्र)।** घर से अस्पताल के लिये निकली युवती 19 दिन से गायब है। पुलिस से शिकायत करने के बाद भी गुमशुदा युवती का पता न चलने से मां परेशान हैं। पीड़ित मां ने पुलिस अधीक्षक से युवती की तलाश कराने की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चुखीर्बाल निवासी पुष्पा देवी ने बताया कि उनकी 23 वर्षीय पुत्री प्रियंका 9 मई को अस्पताल जाने के लिए निकली थी। घर से अस्पताल के लिये निकली बेटी के घर वापस न आने पर उसकी तलाश की किन्तु उसका कोई पता नहीं चला। पुत्री का पता न चलने पर मां ने पुलिस से बेटी की गुमशुदगी की सूचना दी थी। पुलिस को सूचना देने के बाद भी बेटी का पता न चलने के मां परेशान हैं। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से गुमशुदा पुत्री की खोजबीन कर उसे बरामद करने की मांग की है।

### ग्रामीण ने आम रास्ते को खाली कराने की उठाई मांग

**जालौन/उरई, 27 मई (तरुणमित्र)।** गांव में स्थित छोटी माता मंदिर के आम रास्ते में गांव के कुछ लोगों ने मकान की निर्माण सामग्री कर रास्ता में अवरोध पैदा कर रहे हैं। ग्रामीण ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट को प्रत्यावेदन देकर मंदिर जाने के आम रास्ता को खाली कराने की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के औरेखी निवासी कौशलेंद्र सिंह राजावत पुत्र विनोद कुमार सिंह ने एक प्रत्यावेदन ज्वाइंट मजिस्ट्रेट को देकर बताया कि उनके घर के सामने मां दुर्गा का छोटी माता मंदिर स्थित हैं। मंदिर में गांव के लोग पूजा-अर्चना करते आते हैं। मंदिर के आम रास्ते में गांव के लोगों ने भवन निर्माण सामग्री ईटा, गिट्टी व बालू डाल दी। भवन निर्माण सामग्री रखने के कारण आम रास्ते में अवरोध पैदा हो गया है जिससे मंदिर में पूजा अर्चना करने आने वाली महिलाओं को परेशानी हो रही है ।ग्रामीण ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट से मंदिर के आम रास्ते के अवरोध समाप्त कराने की मांग की है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने प्रत्यावेदन को निस्तारण के लिए पुलिस को भेज कर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए हैं।

# हीटवेव से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी समस्त नागरिकों से डीएम ने की अपील

**उरई, 27 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय नेभीषण गर्मी एवं हीटवेव को दृष्टिगत रखते हुए जनपद के समस्त नागरिकों एवं पशुपालकों से अपील की है कि अपने-अपने परिवार तथा पशुओं के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा हेतु निम्न सावधानियों का पालन अवश्य करें। उन्होंने बताया कि जनसामान्य हेतु सावधानियां में क्या करें-दिन में 12 बजे से शाम 4 बजे तक अत्यधिक धूप में निकलने से बचें। पर्याप्त मात्रा में पानी, ओआरएस, नींबू पानी, छाछ एवं अन्य तरल पदार्थों का सेवन करें। हल्के रंग के सूती एवं ढीले कपड़े पहनें तथा सिर को टोपी, गमछा या छाते से ढकें। बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं एवं बीमार व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखें। खेतों एवं खुले स्थानों पर कार्य प्रातः अथवा सायंकाल के समय करें। घर एवं कार्यस्थल को हवादार रखें।

उन्होंने बताया कि जनसामान्य हेतु सावधानियां में क्या न करें- खाली पेट घर से बाहर न निकलें। तेज धूप में अत्यधिक मेहनत वाले कार्य न करें। बंद वाहनों में बच्चों या पशुओं को अकेला न छोड़ें। बासी एवं खुले खाद्य पदार्थों का सेवन न करें। अत्यधिक चाय, कॉफी एवं नशीले पदार्थों का सेवन न करें। उन्होंने बताया कि पशुओं हेतु सावधानियां- पशुओं को पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ एवं ठंडा पानी उपलब्ध कराएं। पशुओं को छायादार एवं हवादार स्थान पर रखें। दोपहर के समय पशुओं को चराने अथवा अधिक दूरी तक ले जाने से बचें। हरे चारे एवं संतुलित आहार की व्यवस्था करें। उन्होंने बताया कि हीट स्ट्रोक के प्रमुख लक्षण- तेज बुखार, चक्कर आना, अत्यधिक कमजोरी, उल्टी/घबराहट, पसीना बंद होना, बेहोशी। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति में उपरोक्त लक्षण दिखाई दें तो उसे तुरंत छायादार स्थान पर ले जाकर पानी उपलब्ध कराएं एवं निकटतम चिकित्सालय से संपर्क करें।

सावधानी ही सुरक्षा है। सभी नागरिक एवं पशुपालक हीटवेव से बचाव हेतु प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें।

# कार्यकर्ता संगठन की मजबूत कड़ी, सम्मान सर्वोपरि : ब्रजेश पाठक

**हमीरपुर, 27 मई (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मंगलवार को राठ कस्बे पहुंचे, जहां उन्होंने भाजपा के जिला प्रशिक्षण वर्ग के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने कार्यकताओं के सम्मान की बात करते हुए एनएच-34 मामले में दर्ज मुकदमों को गलत बताया। वहीं कार्यक्रम स्थल पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष और राठ क्षेत्राधिकारी के बीच हुई तीखी नोकझोंक चर्चा का विषय बनी रही। उप मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर स्वामी ब्रह्मानंद इंटर कॉलेज स्थित हेलीपैड पर उतरा, जहां भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने स्वामी ब्रह्मानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और फिर नारायण गेस्ट हाउस में आयोजित प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम में पहुंचे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि एनएच-34 मामले को लेकर प्रदर्शन कर रहे कार्यकताओं पर दर्ज मुकदमे गलत हैं और कार्यकताओं के मान-सम्मान से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कांग्रेस नेताओं की भाषा को अमर्यादित बताया और कहा कि इसका जवाब जनता आने वाले समय में देगी।

कार्यक्रम समाप्त होने के बाद नारायण गेस्ट हाउस में उस समय हंगामे की स्थिति बन गई, जब पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक उप मुख्यमंत्री से मिलने के लिए ऊपर जाने लगे। सुरक्षा व्यवस्था में तैनात राठ क्षेत्राधिकारी ने उन्हें रोक दिया, जिससे दोनों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में जमकर कहासुनी होने लगी। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामले का सुलझाया।

## नवनिर्माण सेना ने उपमुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**हमीरपुर, 27 मई (तरुणमित्र)।** राठ में आज बुंदेलखंड नव निर्माण सेना भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय तिवारी एडवोकेट अपने साथियों के साथ उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ब्रजेश पाठक को खूनी हाईवे ठल्-34 के निर्माण, चौड़ीकरण एवं डिवाइडर निर्माण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपने हेतु राठ पहुंचे थे।

जैसे ही विनय तिवारी एवं उनके साथी तहसील गेट राठ पहुंचे, वहां पहले से मौजूद भारी पुलिस बल द्वारा उनकी गाड़ी को घेर लिया गया तथा उन्हें और उनके साथियों को रोककर तहसील परिसर में बैठा लिया गया।लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता की समस्याओं को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से ज्ञापन देने से रोकना अत्यंत निंदनीय एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। बुंदेलखंड नव निर्माण सेना भारत का मानना है कि जनता की आवाज को प्रशासनिक दबाव से दबाया नहीं जा सकता।ज्ञापन के माध्यम से संगठन द्वारा NH-34 पर लगातार हो रही दुर्घटनाओं, बढ़ती मौतों तथा सड़क की बदहाल स्थिति को प्रमुखता से उठाया जाना था। संगठन लंबे समय से हाईवे के चौड़ीकरण, डिवाइडर निर्माण एवं सुरक्षा व्यवस्था की मांग कर रहा है।

इस दौरान यश अग्रवाल (निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष), अलका द्विवेदी, इशू, अनुज राजपूत सहित एक दर्जन से अधिक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बुंदेलखंड नव निर्माण सेना भारत ने स्पष्ट किया है कि जनता की सुरक्षा एवं अधिकारों की लड़ाई आगे भी पूरी मजबूती के साथ जारी रहेगी।

# महोबा के कुंवर यशोवर्मन सिंह चंदेल देश के प्रबुद्ध युवा



**महोबा, 27 मई (तरुणमित्र)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दिल्ली स्थित केंद्रीय कार्यालय 'केशव कुंज' मुख्यालय में 'यूथ फॉर भारत' के विशेष कार्यक्रम के तहत एक भव्य और गरिमापूर्ण राष्ट्रीय गोष्ठी का आयोजन किया गया। संघ के वरिष्ठ प्रचारकों की गरिमामयी अध्यक्षता में आयोजित इस राष्ट्र निर्माण को समर्पित कार्यक्रम में महोबा-हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के निवर्तमान सांसद कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल के सुपुत्र और प्रखर युवा विचारक एडवोकेट कुंवर यशोवर्मन सिंह चंदेल ने सहभागिता की। उन्होंने अपने दिल्ली प्रवास के दौरान इस केंद्रीय आयोजन में शामिल होकर बुंदेलखंड के ऊर्जावान युवा नेतृत्व का प्रतिनिधित्व किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए महोबा के एडवोकेट कुंवर यशोवर्मन सिंह चंदेल ने बताया कि 'केशव कुंज' RSS हेड क्वार्टर में आयोजित इस विशेष गोष्ठी में देश भर से युवा पीढ़ी के अग्रसर और ख्यातिप्राप्त सामाजिक कार्यकर्ता, फिल्म निमार्ता, अभिनेता, शिक्षाविद और विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कीर्तिमान स्थापित करने वाले प्रबुद्ध भारतीय युवाओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देश के इन प्रभावशाली युवाओं की ऊर्जा को राष्ट्रहित, सेवा भावना, राष्ट्रीय चेतना और अपनी गौरवशाली संस्कृति के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें एक मंच पर लाकर भारत को वैश्विक पटल पर और अधिक सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने की रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा करना रहा।

कुंवर यशोवर्मन सिंह चंदेल ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारकों के मार्गदर्शन में हुए इस कार्यक्रम के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि संघ के केंद्रीय कार्यालय जैसी पावन, अनुशासित और वैचारिक रूप से समृद्ध स्थली पर राष्ट्र निर्माण के इस महा-अभियान का हिस्सा बनना अत्यंत गौरवपूर्ण और प्रेरणादायी रहा।

# सीडीओ की अध्यक्षता में हीट वेव की रोकथाम को समीक्षा बैठक संपन्न

## भीषण गर्मी और लू से बचाव के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को दिए गए कड़े निर्देश

**चित्रकूट, 27 मई (तरुणमित्र)।** मुख्य विकास अधिकारी डी.पी. पाल की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में हीट वेव (लू) के प्रकोप एवं उससे बचाव के प्रबंधों के संबंध में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने बढ़ते तापमान और जनसामान्य के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने आम जनमानस से अपील करते हुए कहा कि अत्यंत तीव्र गर्मी को देखते हुए भोजन सुबह के समय ही तैयार कर लें। दोपहर के समय अनावश्यक रूप से घरों से बाहर निकलने और यात्रा करने से बचें। यदि किसी अनिवार्य कार्यवश बाहर जाना भी पड़े, तो अंगोछे, टोपी या सूती कपड़े से सिर और चेहरा अवश्य ढककर निकलें।हीट वेव (लू) से बचने के लिए सबसे जरूरी है कि आप अपने शरीर को ठंडा और हाइड्रेटेड रखें।

दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे के बीच घर से बाहर निकलने से बचें। पर्याप्त मात्रा में पानी या ओआरएस पीते रहें।मुख्य विकास अधिकारी ने पंचायती राज विभाग के अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि समस्त ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव यह सुनिश्चित करें कि मौसम विभाग द्वारा जारी होने वाले किसी भी अलर्ट (चेतावनी) का संदेश तत्काल ग्रामीण क्षेत्रों में जन-जन तक पहुंचे। सूचनाओं का समय पर प्रेषण अत्यंत आवश्यक है ताकि किसी भी प्रकार की जनहानि को पूर्णतः रोका जा सके। आपदा प्रबंधन और राहत कार्यों में किसी भी स्तर पर शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। समीक्षा बैठक में अपर जिलाधिकारी चंद्रशेखर, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) स्वप्निल कुमार यादव, उपजिलाधिकारी (मानिकपुर) मोहम्मद जसीन, जिला पंचायत राज अधिकारी देवेंद्र सिंह सहित विभिन्न ग्रामों के प्रधान एवं पंचायत सचिव मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल को श्रद्धांजलि

**बांदा, 27 मई (तरुणमित्र)।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल की पुण्यतिथि पर बुधवार को जिला कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा एवं पत्रकारिता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले भर से आए पत्रकारों, साहित्यकारों और समाजसेवियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने बाबू बालेश्वर लाल के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इसके बाद वरिष्ठ पत्रकारों और पदाधिकारियों का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया गया। अतर्रा, बबेरू, कमासिन, तिंदवारी, मरका, ओरन, कालिंजर, नरैनी, गिरवां, चिल्ला, जसपुरा और पैलानी समेत विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे पत्रकारों ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# सखी वन स्टॉप सेंटर में महिला सुरक्षाकर्मियों की अनुपस्थिति पर जताई नाराजगी



**ललितपुर, 27 मई (तरुणमित्र)।** अशोक कुमार सिंह, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ललितपुर के निदेर्शानुसार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवप्रिय सारस्वत ने मंगलवार को सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं, अभिलेखों, प्रकरण पंजिकाओं एवं महिलाओं-बालिकाओं को प्रदान की जा रही विधिक व परामर्श सेवाओं का गहन परीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान यह गंभीर तथ्य सामने आया कि केंद्र में 24 घंटे सुरक्षा व्यवस्था हेतु महिला सुरक्षाकर्मियों की ड्यूटी निर्धारित होने के बावजूद निरीक्षण के समय कोई भी महिला सुरक्षाकर्मी मौजूद नहीं थी। इस संबंध में सेंटर मैनेजर द्वारा बताया गया कि पुलिस लाइन से महिला सुरक्षाकर्मी ड्यूटी पर नहीं भेजी गई हैं। दूरभाष पर पुलिस लाइन से संपर्क करने पर जानकारी दी गई कि महिला सुरक्षाकर्मियों की कमी के कारण ड्यूटी नहीं लगाई जा सकी। मामले को गंभीरता से लेते हुए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा रिजर्व इंस्पेक्टर पुलिस लाइन, ललितपुर से स्पष्टीकरण तलब किए जाने तथा पुलिस अधीक्षक ललितपुर को पत्राचार कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने निर्देश दिए कि सखी वन स्टॉप सेंटर जैसे संवेदनशील संस्थान में महिला सुरक्षाकर्मियों की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, जिससे वहां निवासरत एवं सहायता लेने आने वाली महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा प्रभावित न हो।

निरीक्षण के दौरान सचिव द्वारा केंद्र की कार्यप्रणाली का अवलोकन करते हुए निर्देशित किया गया कि पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को त्वरित सहायता, समुचित परामर्श, चिकित्सीय सहयोग एवं आवश्यक विधिक सहायता नियमानुसार उपलब्ध कराई जाए। साथ ही अभिलेखों को सुव्यवस्थित एवं अद्यतन रखने के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर सेंटर मैनेजर सरिता रिछारिया, जिला मिशन कोऑर्डिनेटर ममता श्रीवास, पैरामेडिकल स्टाफ कीर्ति यादव, केस वर्कर रेशमा, श्रीमती निशा तथा पैरालीगल वालंटियर कु. कामांक्षी उपस्थित रहीं।

# खरीद केन्द्रों पर तत्काल प्रभाव से बोरे की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए : आयुक्त

### ❑ भाकियू की शिकायत को आयुक्त ने संज्ञान लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश



बांदा, 27 मई (तरुणमित्र)। भारतीय किसान यूनियन, चित्रकूटधाम मण्डल, बाँदा के पदाधिकारियों द्वारा आयुक्त, चित्रकूटधाम मण्डल, बाँदा अजीत कुमार मण्डल के विभिन्न जनपदों में संचालित गेहूँ खरीद केन्द्रों पर व्याप्त समस्याओं से अवगत कराया गया। अवगत कराया गया कि मण्डल के सभी जनपदों के अनेक खरीद केन्द्रों पर बोरे पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं हैं, जिससे गेहूँ खरीद कार्य प्रभावित हो रहा है। साथ ही गेहूँ का समय से उठान न होने के कारण खरीद प्रक्रिया बाधित हो रही है तथा तौल प्रक्रिया में भी अनियमितताओं की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। किसान यूनियन के पदाधिकारियों द्वारा यह भी बताया गया कि बोरे की कमी एवं उठान में विलम्ब के कारण किसानों को कई-कई दिनों तक खरीद केन्द्रों पर इंतजार करना पड़ रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक एवं मानसिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने मांग की कि सभी खरीद केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा में बोरे उपलब्ध कराये जाएं तथा गेहूँ उठान एवं तौल प्रक्रिया को पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाया जाए।उक्त प्रकरण को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए आयुक्त अजीत कुमार द्वारा तत्काल सम्भागीय खाद्य नियंत्रक, चित्रकूटधाम मण्डल, बाँदा, उप निबन्धक एवं उपायुक्त सहकारिता, चित्रकूटधाम मण्डल, बाँदा तथा प्रबन्धक, भारतीय खाद्य निगम, चित्रकूटधाम मण्डल, बाँदा के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक में आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिये कि मण्डल के समस्त खरीद केन्द्रों पर तत्काल प्रभाव से बोरे की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी दशा में बोरे की कमी के कारण गेहूँ खरीद कार्य बाधित न होने पाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि खरीद केन्द्रों से गेहूँ का नियमित एवं समयबद्ध उठान सुनिश्चित किया जाए, जिससे किसानों को अनावश्यक प्रतीक्षा एवं असुविधा का सामना न करना पड़े।

आयुक्त ने तौल प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता बनाये रखने के निर्देश देते हुए कहा कि किसानों के साथ किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा शोषण की शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित अधिकारी एवं केन्द्र प्रभारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि खरीद केन्द्रों का नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का सतत अनुश्रवण सुनिश्चित करें तथा किसानों की समस्याओं का त्वरित समाधान कराया जाए। बैठक में यह भी निर्देश दिये गये कि मण्डल के समस्त जिलाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर खरीद कार्य की दैनिक समीक्षा की जाए तथा खरीद केन्द्रों पर उपलब्ध व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति की रिपोर्ट प्रतिदिन उपलब्ध करायी जाए। आयुक्त महोदय ने कहा कि शासन की मंशानुरूप किसानों से गेहूँ खरीद का कार्य पूरी पारदर्शिता, सुगमता एवं समयबद्धता के साथ सम्पन्न कराया जाना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# बाबू बालेश्वर लाल की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित




**महोबा, 27 मई (तरुणमित्र)।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल की पुण्यतिथि पर महोबा स्थित टूरिस्ट बंगला सभागार में श्रद्धांजलि सभा एवं पत्रकारिता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलेभर के वरिष्ठ पत्रकारों, साहित्यकारों एवं समाजसेवियों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर बाबू बालेश्वर लाल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों और वरिष्ठ पत्रकारों का पुष्पहार पहनाकर सम्मान किया गया। पनवाड़ी, जैतपुर, कबरई, महोबकंठ, चरखारी और कुलपहाड़ सहित विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे पत्रकारों ने संगठन की एकजुटता और पत्रकारिता की गरिमा बनाए रखने का संकल्प लिया।

वरिष्ठ साहित्यकार संतोष पटैरिया ने कहा कि पत्रकार समाज, शासन और प्रशासन के बीच मजबूत सेतु का कार्य करता है तथा उसे निष्पक्ष और ईमानदार होकर अपने दायित्व निभाने चाहिए। वरिष्ठ पत्रकार राकेश पटेरिया ने बाबू बालेश्वर लाल के संघर्षपूर्ण जीवन और ग्रामीण पत्रकारिता को मजबूत बनाने में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। विशेष आमंत्रित अतिथि महंत देवी चरण दास ने पत्रकारों को समाज का सजग प्रहरी बताते हुए कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के सच्चे मार्गदर्शक होते हैं। महिला पत्रकार नम्रता सोनी और कहकसा जलाल ने पत्रकारों से संगठन को मजबूत बनाने और एकजुट रहने की अपील की। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष यूनुस खान ने पत्रकारों को आश्वस्त किया कि संगठन हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ा रहेगा। वहीं भगवानदीन यादव, कैलाश तिवारी, अभिषेक द्विवेदी, विराग पचौरी और वहीद अहमद सहित अन्य वक्ताओं ने ग्रामीण पत्रकारों की भूमिका को लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर कई वरिष्ठ पत्रकारों एवं समाजसेवियों को मां चंडिका देवी का चित्र और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

### जनगणना कार्य में लापरवाही पर कार्यवाही की संस्तुति

**कन्नौज, 27 मई (तरुणमित्र)।** जिले में हो रही जनगणना वर्ष 2027 को लेकर जिला प्रशासन द्वारा गंभीर रुख अख्तियार किया गया है जनगणना में लापरवाही तथा ढीला हवेली पर विभागीय करवाई होना शुरू हो गया है। इस संदर्भ मेंतहसीलदार/चार्ज अधिकारी जनगणना, तहसील छिबरामऊ ने अवगत कराया है कि भारत सरकार एवं शासन के निर्देशानुसार संचालित जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत हाउस लिस्टिंग एवं संबंधित कार्यों को समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से पूर्ण कराने हेतु प्रशासन पूर्ण गंभीरता के साथ कार्य कर रहा है। इसी क्रम में प्रगणक के रूप में नामित श्रीमती नीती (सहायक अध्यापक), कंपोजिट विद्यालय घिलोई एवं श्रीमती संगीता (शिक्षामित्र), कंपोजिट विद्यालय कैरदा द्वारा निर्धारित दायित्वों के निर्वहन हेतु कार्यभार ग्रहण नहीं किया गया तथा शासकीय कार्यों में अपेक्षित सहयोग भी नहीं प्रदान किया गया।

# शीतल जल एवं छबील वितरण कैंप का आयोजन

**बांदा, 27 मई (तरुणमित्र)।** फोटोग्राफर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में नौतपा एवं भीषण गर्मी के दौरान लोगों को हीट वेव और लू से बचाने के उद्देश्य से एक दिवसीय शीतल जल एवं छबील वितरण कैंप का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिलाधिकारी बांदा अमित आसेरी की प्रेरणा से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज , एडीएम न्यायिक माया शंकर यादव, सिटी मजिस्ट्रेट संदीप केला, यातायात प्रभारी महेंद्र प्रताप सिंह, कोतवाली देहात थाना प्रभारी सी.पी. तिवारी तथा टीएसआई त्रिलोकी नाथ पांडेय, एडीएम स्टेनो शाकिर अली, पेशकार पास्को कोर्ट तुलसी दास द्वारा राहगीरों को शीतल जल,पेठा, बिस्किट,शरबत एवं कोल्ड ड्रिंक वितरित कर किया गया। फोटोग्राफर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के मंडल प्रभारी एवं जिलाध्यक्ष सुनील सक्सेना ने बताया कि यह कैंप लगातार 27वें दिन आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि संगठन के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने तन, मन और धन से सहयोग करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया। प्रातः 9 बजे से प्रारंभ हुआ यह सेवा कार्य सायं 4 बजे तक निरंतर चलता रहा, जिसमें लगभग 5000 से अधिक राहगीरों को शीतल जल, पेठा, बिस्किट, शरबत एवं अन्य राहत सामग्री वितरित की गई। भीषण गर्मी में मानव सेवा के इस कार्य की स्थानीय नागरिकों एवं राहगीरों ने सराहना करते हुए संगठन के प्रयासों की प्रशंसा की। इस अवसर पर संरक्षक श्री रमेश चंद्र चौरसिया, राधे श्याम साहू, राजेश निषाद,अमृत लाल गुप्ता, मोनू गुप्ता, मोहन लाल प्रजापति(पप्पू),दिनेश साहू, गुलाब साहू, दिलीप जडिया, अजहर खान,सौरभ शर्मा, बबलू साहू, मनोज नामदेव, पत्रकार अवधेश द्विवेदी,अनवर रजा रानू,शिवकुमार बड़कू सहित सैकड़ो लोगों ने इस जनसेवा, मानव सेवा के पुण्य कार्य में अपना योगदान प्रदान किया।

## जनपद न्यायालय परिसर में ई-सेवा केंद्र पोर्टा केबिन का उद्घाटन

**हमीरपुर, 27 मई (तरुणमित्र)।** जनपद न्यायालय, हमीरपुर परिसर में ई-सेवा केंद्र पोर्टा केबिन का उद्घाटन जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार राय द्वारा किया गया।इस अवसर पर न्यायालय परिसर में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं न्यायालय कर्मचारियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में रनवीर सिंह, नोडल अधिकारी (कम्प्यूटर) एवं विशेष न्यायाधीश एस.सी./एस.टी. एक्ट सहित अन्य न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे। उद्घाटन अवसर पर सिस्टम अधिकारी श्री कुलदीप सचान द्वारा ई-सेवा केंद्र के माध्यम से उपलब्ध कराई जाने वाली डिजिटल सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।उन्होंने बताया कि ई-सेवा केंद्र के माध्यम से वादकारियों एवं अधिवक्ताओं को एक ही स्थान पर विभिन्न न्यायिक सेवाएं सुलभ होंगी। केंद्र के माध्यम से वाद की स्थिति की जानकारी, केस स्टेटस, ई-फाइलिंग संबंधी सहायता, ई-कोर्ट फीस जमा करने में सहयोग सहित अन्य ऑनलाइन न्यायिक सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे न्यायिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता एवं सुगमता बढ़ेगी तथा न्यायालय आने वाले वादकारियों को त्वरित सुविधा प्राप्त होगी। जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार राय ने कहा कि न्यायालयों में डिजिटल सेवाओं के विस्तार से न्यायिक कार्य प्रणाली अधिक प्रभावी एवं जनसुलभ बन रही है। ई-सेवा केंद्र के माध्यम से अधिवक्ताओं एवं वादकारियों को आधुनिक तकनीक आधारित सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक



**ललितपुर, 27 मई (तरुणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीमों द्वारा मंगलवार को मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को पंपलेट वितरित कर महिला सुरक्षा, स्वावलंबन और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।=टीमों ने महिलाओं और छात्राओं को डायल-112, महिला हेल्पलाइन-181, वुमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, सीएम हेल्पलाइन-1076, वन स्टॉप सेंटर-181, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन-102, एंबुलेंस सेवा-108 तथा साइबर हेल्पलाइन-1930 जैसे महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरूक किया। इसी क्रम में थाना जखौरा की मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा राजकीय डिग्री कॉलेज जखौरा में छात्राओं को जागरूक करते हुए महिला सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई।

छात्राओं को बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति या उत्पीड़न की घटना होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा के प्रति विश्वास बढ़ाना तथा उन्हें आत्मनिर्भर एवं जागरूक बनाना है।

# ईदुल अजहा पर्व को लेकर ईदगाह को किया चकाचक



**फतेहपुर, 27 मई (तरुणमित्र)।** ईदुल अजहा (बकरीद) का पर्व कल (आज) समूचे जनपद में धूमधाम से मनाया जाएगा। ईदुल अजहा की नमाज को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। ईदगाह समेत आस-पास के परिसर को चकाचक कर दिया गया है। कार्य का जायजा लेने के लिए बुधवार को नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष व सभासद ईदगाह पहुंचे और सफाई कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजकुमार मौर्य एडवोकेट ने सभासदों के साथ ईदुल अजहा पर्व को देखते हुए नगर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने पनी मोहल्ले में छोटी ईदगाह के पास जाकर स्वयं व्यवस्था को देखा। जलकल अभियंता को निर्देशित किया कि आवश्यकतानुसार पानी के टैंकर लगाना सुनिश्चित करें। बड़ी ईदगाह में भी सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। वहां टेंट के साथ ही सोफा आदि हर वर्ष की तरह लगाने के लिए निर्देशित किया। चेयरमैन ने सफाई निरीक्षक को निर्देशित किया

### ❑ चेयरमैन व सभासदों ने सफाई कार्य का किया निरीक्षण

कि सभी सुपरवाइजरों को सूचित कर दें कि मस्जिदों के आसपास सफाई के साथ-साथ चूने का रेखांकन कराया जए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें। अपशिष्ट को बंद गाड़ी में ले जाकर निस्तारण करायें। इस मौके पर सभासद शादाब अहमद मौजूद रहे।

## महिलाओं को दिया संदेश, चुप्पी तोड़ो-जागरूक बनो

**फतेहपुर, 27 मई (तरुणमित्र)।** तेलियानी ब्लॉक के गांव तेलियानी में मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर महिलाओं एवं किशोरियों को जागरूक करने के उद्देश्य से निशान वेलफेयर सोसाइटी की ओर से विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं व किशोरियों ने भाग लेकर मासिक धर्म स्वच्छता से जुड़ी जानकारी, अनुभव और समस्याओं को खुलकर साझा किया। कल (आज) ईद-उल-अजहा होने के कारण सोसाइटी द्वारा यह कार्यक्रम एक दिन पूर्व आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मोबिलाइजर सलाहुद्दीन अल्ताशा, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर तुबा, मैनेजर रूबीना परवीन सहित संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। गांव की आशा संगिनी ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई, जिससे कार्यक्रम को और अधिक प्रभावशाली बनाया जा सका। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं किशोरियों को मासिक धर्म के समय साफ-सफाई बनाए रखने, संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेने तथा स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सावधानियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही मासिक धर्म से जुड़े सामाजिक मिथकों और भ्रांतियों को दूर करने पर भी चर्चा की गई, ताकि महिलाएं बिना किसी संकोच के अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो सकें।

# शंकराचार्य का हुआ भव्य स्वागत, धर्म व गौसंरक्षण का दिया संदेश




**बाँदा, 27 मई (तरुणमित्र)।** जनपद बाँदा में 81 दिवसीय गविष्टि यात्रा लेकर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री श्री 1008 अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज बाँदा पहुंचे। इस यात्रा के दौरान शहर के अलीगंज में समाजसेवी/सपा नेता शेखर शर्मा के द्वारा शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज व गौ प्रतिष्ठा हेतु गविष्ठ यात्रा का भव्य स्वागत किया।शेखर शर्मा के द्वारा विधिविधान के साथ 21 ब्राह्मणों की टोली ने पूजा अर्चना कर आरती कर स्वागत किया।

समाजसेवी/सपा नेता शेखर शर्मा ने कहा कि शंकराचार्य महाराज के द्वारा गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने के लिए यात्रा निकाली जा रही है।हम सभी ने एक स्वर में गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने का समर्थन किया है।स्वागत कार्यक्रम में श्रद्धालुओं, सनातन धर्म प्रेमियों एवं स्थानीय नागरिकों की भारी भीड़ उमड़ी। जय श्रीराम, हर-हर महादेव एवं गौमाता के जयघोषों से भक्तिमय वातावरण में डूब गया।

संबोधन में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने सनातन धर्म, गौसंरक्षण एवं भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए समाज को एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गौमाता भारतीय संस्कृति और आस्था की आधारशिला हैं तथा समाज को धर्म और संस्कृति के संरक्षण के लिए आगे आना होगा। उन्होंने युवाओं से भारतीय परंपराओं और धार्मिक मूल्यों को आत्मसात करने की अपील की। शंकराचार्य महाराज ने कहा कि गविष्टि यात्रा का उद्देश्य केवल धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि समाज में जागरूकता, गौसंरक्षण और सांस्कृतिक चेतना का प्रसार करना है। उन्होंने विभिन्न गांवों और नगरों में धर्म, सेवा और संगठन को मजबूत करने पर बल दिया।

# दो बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में दो युवकों की मौत

**● सुंदरलाल दुबे के नलकूप के पास हुआ हादसा, एक गंभीर घायल, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे**

**कौशाम्बी, 27 मई (तरुणमित्र)।** जिले के सराय अकिल थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। दो बाइकों की आमने-सामने हुई जोरदार भिड़ंत में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। पुलिस सूत्रों के अनुसार सराय अकिल थाना क्षेत्र के विरनेर गांव निवासी रमेश (40) किसी काम से बाइक से पुरखास की ओर जा रहा था। जैसे ही वह सुंदरलाल दुबे के नलकूप के पास पहुंचा, तभी विपरीत दिशा से आ रही दूसरी बाइक से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। दूसरी बाइक पिपरी थाना क्षेत्र के फरीदपुर गांव निवासी जय नारायण (19) चला रहा था।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर दूर जा गिरे और दोनों चालकों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।घटना की सूचना मिलते ही सराय अकिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू कराया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## रेलवे ट्रैक पर मिला किशोर का शव

**सुलतानपुर, 27 मई (तरुणमित्र)।** लखनऊ-वाराणसी रेलखंड पर हुसैनगंज रेलवे क्रॉसिंग के पास मंगलवार शाम एक किशोर (उम्र-16)का क्षत-विक्षत शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव कई हिस्सों में कटा हुआ था। सूचना मिलने पर बंधुआ कला थाना पुलिस और आरपीएफ मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। हालांकि देर रात तक उसकी पहचान नहीं हो सकी थी। जानकारी के अनुसार, मंगलवार देर शाम कुछ युवक शौच के लिए रेलवे क्रॉसिंग के उस पार गए थे। लौटते समय उनकी नजर रेलवे ट्रैक किनारे पड़े एक शव पर पड़ी, जिसका धड़ अलग था और शरीर कई हिस्सों में बंटा हुआ था। यह देखकर युवकों में अफरा-तफरी मच गई। उन्होंने तुरंत आसपास के लोगों को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

# व्यापारी सुरक्षा को लेकर पुलिस अलर्ट सर्राफा कारोबारियों संग हुई अहम बैठक

**● कौशाम्बी में एएसपी अमिता सिंह ने व्यापारियों की सुनीं समस्याएं, सीसीटीवी व रात्रि गश्त बढ़ाने के दिए निर्देश**



**कौशाम्बी, 27 मई (तरुणमित्र)।** जिले में अमिता सिंह की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित दुर्गा भाभी सभागार में व्यापारी सुरक्षा गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में जिले के विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्रों से आए सरार्फा व्यापारी, उद्योगपति, मार्केट एसोसिएशन के पदाधिकारी तथा स्थानीय व्यापारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने व्यापारियों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं, सुझावों एवं सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित समाधान तथा सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाए जाने के निर्देश दिए।

गोष्ठी में व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने, बाजारों में रात्रि गश्त बढ़ाने, पुलिस और व्यापारियों के बीच समन्वय मजबूत करने तथा पुलिस हेल्पलाइन नंबरों के अधिकाधिक उपयोग पर विशेष जोर दिया गया। एएसपी ने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा आपात स्थिति की सूचना तत्काल पुलिस को दी जाए, ताकि समयबद्ध एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि जनपद पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए पूरी तरह सतर्क एवं प्रतिबद्ध है। बैठक में व्यापारियों ने भी पुलिस प्रशासन के साथ सहयोग बनाए रखने की बात कही। इस दौरान क्षेत्राधिकारी मंझनपुर सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# पं. जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा व विचार गोष्ठी का आयोजन



**प्रतापगढ़, 27 मई (तरुणमित्र)।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कमेटी प्रतापगढ़ के अध्यक्ष डॉ नीरज त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला कांग्रेस कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेसजनों ने पंडित नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके द्वारा देश के निर्माण, लोकतंत्र की मजबूती एवं आधुनिक भारत की नींव रखने में दिए गए योगदान को याद किया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने भारत को वैज्ञानिक सोच, लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक समरसता की दिशा दी। उन्होंने देश को शिक्षा, उद्योग, तकनीक एवं पंचवर्षीय योजनाओं के माध्यम से विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य किया। आज देश को उनके विचारों और सिद्धांतों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव पंडित नेहरू के आदर्शों पर चलकर देश की एकता, अखंडता और संविधान की रक्षा के लिए संघर्ष करती रहेगी। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकताओं ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा, कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, के.के शुक्ल, राम रतन तिवारी, मनरेगा प्रभारी रवि भूषण सिन्हा, जिला प्रवक्ता मासूम हैदर, सुरेश कुमार मिश्रा, फतेह बहादुर सिंह, आशिक अली, रामधन यादव अभिषेक आदि उपस्थित रहे।

## एबीवीपी की नई कार्यकारिणी घोषित

**कौशाम्बी, 27 मई (तरुणमित्र)।** अखिल भारतीय विद्या परिषद द्वारा मंझनपुर नगर इकाई कार्यकारिणी गठन समारोह का आयोजन कान्हा प्रिया गार्डन, मंझनपुर में किया गया। कार्यक्रम में वर्ष 2026-27 के लिए नगर इकाई की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं की मौजूदगी में नवदायित्वधारियों का स्वागत किया गया।घोषित कार्यकारिणी के अनुसार हर्ष कुमार को नगर अध्यक्ष, जबकि मनोज कुमार, धीरेंद्र गुप्ता, नीरज केसरी एवं अच्युत नारायण को नगर उपाध्यक्ष बनाया गया। दीपक राजपूत को नगर मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं आकृति द्विवेदी, कृष्णा श्रीवास्तव, ओम त्रिपाठी, पूजा निर्मल, अखिलेश कश्यप, अविरल मौर्य एवं प्रिंस माली को नगर सह मंत्री बनाया गया।

इसके अलावा अभिषेक कुमार को संडे फॉर मंझनपुर नगर संयोजक नियुक्त किया गया। अभिषेक भारती को नगर संयोजक (विकासार्थ विद्यार्थी), जबकि अमन सोनी एवं शिवांश द्विवेदी को नगर सह संयोजक (विकासार्थ विद्यार्थी) बनाया गया। सत्या दुबे को नगर संयोजक (सेवार्थ विद्यार्थी) तथा दीपक गौतम को नगर सह संयोजक (सेवार्थ विद्यार्थी) की जिम्मेदारी दी गई।श्रेया तिवारी को राष्ट्रीय कला मंच का नगर संयोजक बनाया गया। वहीं सौरभ मौर्य को खेलो भारत नगर संयोजक तथा पुनीत कुमार एवं अमन गुप्ता को खेलो भारत नगर सह संयोजक नियुक्त किया गया। अवधेश कुमार यादव को नगर महाविद्यालय संयोजक बनाया गया। इसके अतिरिक्त विनय कुमार, सुनील गुप्ता एवं आदर्श को नगर कार्यकारिणी सदस्य की जिम्मेदारी सौंपी गई।

# भीषण गर्मी में पशुओं की सुरक्षा को लेकर अलर्ट, पशुपालकों को जारी हुई एडवाइजरी

**● पशुओं को धूप से बचाएं, साफ पानी और हरे चारे का रखें विशेष ध्यान : सीवीओ**

**प्रतापगढ़, 27 मई (तरुणमित्र)।** भीषण गर्मी और हीट वेव को देखते हुए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. प्रदीप कुमार ने जनपद के सभी पशुपालकों के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए पशुओं की विशेष देखभाल करने की अपील की है। उन्होने कहा है कि तेज धूप, गर्म हवाएं और पानी की कमी पशुओं के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डाल सकती हैं, इसलिए पशुपालक साफ-सफाई, संतुलित आहार और पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करें। पशुओं को स्वच्छ वातावरण में रखा जाए तथा हरे चारे की नियमित सिंचाई कर उसे ताजा बनाए रखा जाए। साथ ही ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आयोजित मांगलिक कार्यक्रमों में बचा हुआ भोजन या अवशेष पशुओं को न खिलाने की सलाह दी गई है, क्योंकि इससे भोजन विषाक्तता की संभावना बढ़ जाती है। उन्होने चेतावनी दी है कि गर्मियों में हरे चारे और सब्जियों पर कीटनाशक दवाओं के छिड़काव के कारण पशुओं के बीमार होने का खतरा रहता है। ऐसे में पशुओं को बचे हुए हरे पत्ते या संदिग्ध चारा न खिलाया जाए। यदि किसी पशु में बीमारी के लक्षण दिखाई दें तो तत्काल नजदीकी पशु चिकित्सालय अथवा मोबाइल वेटनरी यूनिट नंबर-1962 पर संपर्क करें।

पशुओं को हीट वेव से बचाने के लिए पशुपालकों को सलाह दी है कि पशुओं को दोपहर 10 बजे से शाम 4 बजे तक धूप में न रखें। पशुओं के लिए छायादार स्थान, ठंडा एवं साफ पानी तथा उचित वेंटिलेशन की व्यवस्था की जाए। इसके अलावा पशुओं को हरा चारा, खनिज मिश्रण और हल्का संतुलित आहार देने की बात कही गई है। यह भी सुझाव दिया है कि समय-समय पर पशुओं पर पानी का छिड़काव किया जाए और ताजे पानी में गुड़ व नमक मिलाकर दिन में 4-5 बार पिलाया जाए। पानी में मीठा सोडा घोलकर देने की भी सलाह दी गई है।

# मानदेय भुगतान को लेकर पंचायत सहायकों का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन




**कुंडा प्रतापगढ़, 27 मई (तरुणमित्र)।** बाबागंज ब्लॉक क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में कार्यरत पंचायत सहायकों ने कई महीनों से मानदेय भुगतान न होने पर बुधवार को ब्लॉक सभागार में धरना-प्रदर्शन किया। पंचायत सहायकों ने बकाया मानदेय के भुगतान एवं पंचायत भवन संचालन से जुड़ी समस्याओं को लेकर बाबागंज ब्लाक के एडीओ पंचायत केवला प्रसाद को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान पंचायत सहायकों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र भुगतान नहीं किया गया तो वे फार्मर रजिस्ट्री, जनगणना सहित सभी शासकीय कार्यों का बहिष्कार करेंगे। पंचायत सहायकों का कहना था कि लंबे समय से मानदेय न मिलने से आर्थिक परेशानियां बढ़ गई हैं। इस मौके पर पंचायत सहायक विवेक कुमार, प्रतिमा कुमारी, अक्षय तिवारी, शिखा मिश्रा, मोनी पटेल, ममता मौर्य, निशिता सरोज, पूनम यादव, राजाराम, रामकुमार सरोज, अंतिमा कुमारी सहित बड़ी संख्या में पंचायत सहायक मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना में विषय विशेषज्ञों की होगी नियुक्ति

**● मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना में कोचिंग के लिए अनुभवी शिक्षकों को मिलेगा 2000 रुपये प्रति व्याख्यान मानदेय**

**प्रतापगढ़, 27 मई (तरुणमित्र)।** जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य ने बताया है कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत शैक्षिक सत्र 2026-27 में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे यूपीएससी, यूपीपीसीएस, एनडीए/सीडीएस, नीट, जेईई तथा अन्य एक दिवसीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विषय विशेषज्ञों की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय विकास भवन प्रतापगढ़ में 31 मई 2026 तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे के बीच जमा कर सकते हैं। उन्होने बताया है कि शासन द्वारा विभिन्न परीक्षाओं के लिए अलग-अलग योग्यता एवं अनुभव निर्धारित किए गए हैं। सिविल सेवा एवं पीसीएस की तैयारी कराने वाले शिक्षकों के लिए प्रतिष्ठित संस्थानों से शिक्षण अनुभव अथवा संघ लोक सेवा आयोग की मुख्य परीक्षा या पीसीएस साक्षात्कार में शामिल होने का अनुभव आवश्यक होगा। वहीं नीट के लिए संबंधित विषय में एमएससी (प्रथम श्रेणी) अथवा एमबीबीएस/बीएएमएस/बीडीएस तथा जेईई के लिए एमएससी, एमटेक या बीटेक डिग्रीधारकों को पात्र माना गया है। इसके अतिरिक्त सामान्य हिन्दी एवं अंग्रेजी विषयों के लिए परास्नातक डिग्री तथा न्यूनतम तीन वर्ष का अध्यापन अनुभव अनिवार्य किया गया है। एनडीए और सीडीएस की तैयारी कराने वाले शिक्षकों के लिए स्नातक योग्यता के साथ कम से कम दो वर्ष का अनुभव जरूरी होगा। ऐसे शिक्षकों को प्राथमिकता दी जाएगी जिनके पढाये हुये अभ्यर्थियो ने एसएसबी/नियमित एडीए-सीडीएस चरणो में सफलता प्राप्त की हो। एकदिवसीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले विषय विशेषज्ञों के लिए भी स्नातक डिग्री और न्यूनतम दो वर्ष का अनुभव अनिवार्य रखा गया है। वहीं प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थानों में तीन वर्ष तक शिक्षण कार्य कर चुके अभ्यर्थियों को विशेष वरीयता दी जाएगी। इसके लिए संस्थान द्वारा जारी वेतन पर्ची या वेतन प्रमाण पत्र भी आवेदन के साथ संलग्न करना होगा।

जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि चयनित व्याख्याताओं को प्रति व्याख्यान 2000 रुपये मानदेय दिया जाएगा। प्रत्येक व्याख्यान की अवधि 90 मिनट निर्धारित की गई है तथा एक अतिथि वक्ता अधिकतम 30 व्याख्यान प्रति सप्ताह ले सकेगा। सेवानिवृत्त विषय विशेषज्ञ एवं व्याख्याता भी आवेदन करने के पात्र होंगे। सेवानिवृत्त अतिथि वातार्कार/विषय विशेषज्ञ व्याख्याता भी पंजीकरण हेतु अर्ह होगें। उन्होंने बताया कि आवेदन के साथ सभी शैक्षिक अभिलेखों की प्रमाणित प्रतियां संलग्न करना अनिवार्य है। साक्षात्कार की तिथि, समय एवं स्थान की सूचना अभ्यर्थियों को ईमेल अथवा व्हाट्सएप के माध्यम से दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए कोर्स को-ऑर्डिनेटर डॉ. पीयूष पाण्डेय के मोबाइल नंबर 9807524558 पर संपर्क किया जा सकता है।

# पं. नेहरू के सिद्धांतों से मजबूत हुई देश की नियोजित अर्थव्यवस्था : प्रमोद तिवारी



**लखनऊ/प्रतापगढ़, 27 मई (तरुणमित्र)।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने आजाद भारत के निर्माण में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं0 जवाहर लाल नेहरू के योगदान को सर्वाधिक सशक्त चिंतन करार दिया है। उन्होने कहा कि पण्डित नेहरू का पंचशील सिद्धांत एवं पंचवर्षीय योजना की सोच से देश को समृद्धि का मजबूत आधार मिल सका। उन्होने कहा कि नेहरू जी ने राष्ट्र को एक मजबूत अर्थव्यवस्था सौंपी। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ने नेहरू की विरासत को संजोने की जगह गलत और अदूरदर्शी नीतियों से आज राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को तबाह कर दिया है। उन्होनें यूपी की राजधानी लखनऊ में पण्डित नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की है। वहीं प्रतापगढ़ के रामपुरखास में प्रथम प्रधानमंत्री पं0 नेहरू की पुण्यतिथि पर यहां क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय पर भी बड़ी संख्या में जुटे कांग्रेसियों ने पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी व चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने पं0 नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

# 15 जून तक कराएं निजी अस्पतालों, लैब और क्लीनिकों का नवीनीकरण, नहीं तो पंजीकरण होगा निरस्त

**प्रतापगढ़, 27 मई (तरुणमित्र)।** जनपद के निजी चिकित्सालयों, पैथोलॉजी लैब, एक्स-रे सेंटर और क्लीनिक संचालकों के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी डा. ए.एन. प्रसाद ने महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं।

शासन स्तर से प्राप्त निदेर्शों के क्रम में 50 शैय्या से कम क्षमता वाले नैदानिक संस्थानों का पंजीकरण एवं नवीनीकरण पूर्व की व्यवस्था के अनुसार ही किया जाएगा। उन्होने जनपद के सभी निजी चिकित्सा संस्थानों को 15 जून 2026 तक अनिवार्य रूप से ऑनलाइन नवीनीकरण कराने को कहा है। ऐसे संस्थान जिन्होंने पिछले सत्र में पंजीकरण कराया था लेकिन अभी तक नवीनीकरण के लिए आवेदन नहीं किया है, उन्हें निर्धारित तिथि तक आवेदन करना होगा। विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि संस्थानों को यह शपथपत्र देना होगा कि बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथा अग्निशमन विभाग की अनापत्ति प्रमाणपत्र वर्तमान सत्र के लिए वैध हैं। यदि प्रमाणपत्र की अवधि समाप्त हो चुकी है तो नए प्रमाणपत्र 15 जून तक सीएमओ कार्यालय में उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। ऑनलाइन आवेदन विभाग की निर्धारित वेबसाइट up-heath.in पर किया जाएगा। इसके साथ ही सभी निजी चिकित्सा संस्थानों को आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) पोर्टल पर जाकर एचएफआर (हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्री) और एचपीआर (हेल्थ प्रोफेशनल रजिस्ट्री) में पंजीकरण कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।

ऑनलाइन आवेदन के बाद सभी आवश्यक दस्तावेजों की हार्डकॉपी पंजीकरण इकाई में जमा करनी होगी। इनमें संचालक/प्रबंधक का शपथपत्र, बायोमेडिकल वेस्ट, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथा अग्निशमन विभाग के अनापत्ति प्रमाणपत्र शामिल होंगे, जिनकी वैधता 30 अप्रैल 2027 तक होना जरूरी है। समय सीमा के भीतर आवश्यक दस्तावेज जमा न करने वाले संस्थानों का पंजीकरण अथवा नवीनीकरण निलंबित या समाप्त किया जा सकता है।

## प्रयागराज-दादरी स्पेशल ट्रेन के फेरों में वृद्धि एवं अतिरिक्त कोच लगाने का निर्णय

**प्रयागराज, 27 मई (तरुणमित्र)।** यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए और उनकी सुखद व आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए उत्तर मध्य रेलवे प्रशासन द्वारा गाड़ी संख्या 02417-02418 प्रयागराज-दादरी-प्रयागराज स्पेशल ट्रेन के फेरों में वृद्धि करने का निर्णय लिया गया है। यह ट्रेन अपने पूर्व निर्धारित समय, ठहराव, रूट और ठहराव के अनुसार ही चलेगी। वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी अमित मालवीय ने बुधवार को बताया कि इसके साथ ही, यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए इस ट्रेन के कम्पोजीशन में भी स्थाई रूप से परिवर्तन कर अतिरिक्त कोच जोड़े जा रहे हैं। अतिरिक्त फेरों का विवरणगाड़ी संख्या 02417 (प्रयागराज से दादरी) 01 अगस्त से 31 अगस्त तक प्रतिदिन कुल 31 फेरे लगाएगी।

# नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

**● मंझनपुर में आयोजित गोष्ठी में आधुनिक भारत निर्माण में योगदान को किया याद**




**कौशाम्बी, 27 मई (तरुणमित्र)।** जिले के मंझनपुर स्थित जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकताओं ने पंडित जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया।गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू का सपना भारत को आधुनिक, आत्मनिर्भर, लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में स्थापित करना था। उन्होंने कहा कि नेहरू स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री होने के साथ-साथ आधुनिक भारत के निमार्ता भी थे। स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही और आजादी के बाद उन्होंने देश के औद्योगिक, वैज्ञानिक, शैक्षणिक एवं संस्थागत विकास की मजबूत नींव रखी।

उन्होंने कहा कि देश में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ावा देने के लिए नेहरू ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान और भारतीय प्रबंधन संस्थान जैसे विश्वस्तरीय शिक्षण संस्थानों की स्थापना की आधारशिला रखी, जिसका लाभ आज पूरा देश प्राप्त कर रहा है।कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष उदय यादव, जिला महासचिव सुरेन्द्र शुक्ला, शशि त्रिपाठी, जिला सचिव हेमंत कुमार रावत, सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सचिन पाण्डेय, ब्लॉक अध्यक्ष रावेंद्र यादव, रमेश यादव, गोलू जायसवाल, सचिन दिवाकर, ज्ञान बाबू दिवाकर, कल्लू रैदास, मोहम्मद अल्ताफ, उबैद अहमद, साकेत मिश्रा, अजय गोस्वामी, नोखे लाल यादव, विकास पाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला उद्योग व व्यापार बन्धु की बैठक सम्पन्न



**प्रतापगढ़, 27 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्टेज्ट सभागार में जिला उद्योग एवं व्यापार बन्धु की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें औद्योगिक विकास, निवेश, व्यापारिक समस्याओं और आधारभूत सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर गंभीरता से चर्चा की गई।

बैठक में उपायुक्त उद्योग द्वारा बताया गया कि जनपद मुख्यालय से लगभग 12 किलोमीटर दूर अयोध्या-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर तहसील रानीगंज के ग्राम संसारपुर में लगभग 36 एकड़ भूमि पर राजकीय औद्योगिक आस्थान विकसित किया जा रहा है। इस परियोजना के अंतर्गत 550 से 650 वर्गमीटर के कुल 109 औद्योगिक भूखण्ड तैयार किये जा रहे हैं, जिससे नए उद्यमियों को उद्योग स्थापित करने के लिए सुव्यवस्थित स्थान उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र में अवस्थापना विकास के तहत बाउंड्रीवाल, सड़क एवं नालियों का निर्माण लगभग पूर्ण हो चुका है। इसके अलावा विद्युत सबस्टेशन तथा प्रशासनिक भवन का निर्माण भी पूरा कर लिया गया है। उद्यमियों को निर्बाध जलापूर्ति उपलब्ध कराने के लिए पानी की टंकी का निर्माण कार्य तेजी से कराया जा रहा है। हालांकि सड़क के समानांतर इंटरलॉकिंग का कार्य अभी प्रारम्भ नहीं हो सका है। इस पर जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि अवशेष कार्यों का स्टीमेट तैयार कर डीओ लेटर के माध्यम से शासन को शीघ्र भेजा जाए, ताकि परियोजना समय से पूर्ण हो सके। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को यह भी निर्देश दिया कि कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम द्वारा कराए गए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच के लिए शासन को पत्र भेजा जाए, जिससे निर्माण कार्यों की पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि औद्योगिक आस्थान के पूर्ण होने से जनपद में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि परियोजना पूरी होते ही इच्छुक उद्यमियों के लिए प्लॉट आवंटन प्रक्रिया प्रारम्भ की जाएगी।

बैठक के दौरान उद्यमियों ने उद्योगों से संबंधित विभिन्न समस्याओं और सुझावों को जिलाधिकारी के समक्ष रखा, जिस पर उपायुक्त उद्योग को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। वहीं व्यापारियों ने शहर के प्रमुख पंजाबी मार्केट में पार्किंग व्यवस्था न होने से उत्पन्न हो रही समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। व्यापारियों का कहना था कि पार्किंग के अभाव में आए दिन जाम और अव्यवस्था की स्थिति बनी रहती है, जिससे ग्राहकों और दुकानदारों दोनों को परेशानी होती है। इस पर जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि विनियमित क्षेत्र के लिए दो करोड़ रुपये की धनराशि उपलब्ध है। उन्होंने बाजार प्रतिनिधियों से कहा कि उपजिलाधिकारी सदर के साथ समन्वय स्थापित कर पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित कराये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राम मोहन मीणा, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति, उपायुक्त उद्योग एस0एस0 सहित सम्बन्धित अधिकारी एवं उद्यमी व व्यापारी उपस्थित रहे।

# धान की नर्सरी से पहले बीज व भूमि शोधन जरूरी : जिला कृषि रक्षा अधिकारी

**प्रतापगढ़, 27 मई (तरुणमित्र)।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी अनिल प्रसाद मिश्र ने खरीफ वर्ष 2026 के मद्देनजर कृषि विभाग ने किसानों को धान की नर्सरी डालने से पहले बीज शोधन एवं भूमि शोधन करने की सलाह दी है। उन्होने बताया कि धान की फसल में लगने वाले अधिकांश रोग बीज, मिट्टी, वायु एवं कीटों के माध्यम से फैलते हैं। ऐसे में बीज जनित रोगों से बचाव के लिए बीज शोधन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि जिन किसानों ने पिछले वर्षों में बीज शोधन अपनाया, उनकी फसलों में रोगों का प्रकोप कम देखने को मिला। इसलिए किसानों को बीज शोधन एवं भूमि शोधन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों पर विशेष ध्यान देना चाहिए, ताकि आगामी फसल सुरक्षित और बेहतर उत्पादन देने वाली हो सके।

उन्होने बताया है कि बीज को रातभर पानी में भिगोने के बाद अगले दिन अतिरिक्त पानी निकाल दें। इसके बाद 2.5 से 3 ग्राम कार्बेन्डाजिम 50 प्रतिशत या थीरम 75 प्रतिशत अथवा 4 से 5 ग्राम ट्राइकोडर्मा वायो रसायन प्रति किग्रा बीज की दर से 5 लीटर पानी में 10 ग्राम गुड़ के साथ घोलकर बीज में मिला दिया जाये इसके बाद छाया में अंकुरित होने तक रखा जाये, तत्पश्चात नर्सरी डाली जाये। भूमि शोधन के लिए 2.5 किलोग्राम/हेक्टेयर या ब्यूबेरिया बैसियाना बायो रसायन को 75 किलोग्राम सड़ी गोबर की खाद में मिलाकर 10 से 12 दिन तक छायादार स्थान पर रखें तथा बीच-बीच में पानी का छिड़काव करते रहें। तत्पश्चात इस 75 किग्रा0 गोबर की खाद जो कि बायो पेस्टीसाइड में तब्दील हो चुका है, इसे जुताई कर-के खेत में मिला दें इससे खेत में मौजूद दीमक एवं फफूंद से छुटकारा मिलेगा, साथ ही साथ खेत में जैविक खाद की कमी भी पूर्ण हो जायेगी। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने बताया कि बीज शोधन एवं भूमि शोधन में प्रयोग होने वाले रसायन कृषि रक्षा इकाइयों पर 75 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध हैं। उन्होंने किसानों को यह भी अवगत कराया कि अनुदान का लाभ केवल पंजीकृत किसानों को ही मिलेगा तथा अनुदान की धनराशि डीबीटी के माध्यम से सीधे किसानों के खाते में भेजी जाएगी।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न

## सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर भी सभी सुविधाएं अनिवार्य रूप से हों मुहैया: जिलाधिकारी



**श्रावस्ती, 27 मई, (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक मंगलवार को देर सायं कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं का बेहतर तरीके से क्रियान्वयन कर मरीजों को लाभान्वित करें और जिले की रैंकिंग सुधारे। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जिला अस्पताल का नियमित और औचक निरीक्षण करने के सख्त निर्देश दिए, ताकि मरीजों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

जिलाधिकारी ने प्रसव पूर्व देखभाल (ए0एन0सी0) में लक्ष्य पूर्ण करने हेतु निर्देश दिया। जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम (जे0एस0एस0के0) की समीक्षा के दौरान लम्बित भुगतान को शत-प्रतिशत कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी गर्भवती महिलाओं जिन्हें टीकाकरण नहीं मिल रहा है, उन्हें चिन्हित किया जाए और शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण किया जाए। सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी पोर्टल पर टीकाकरण का नियमित अनुश्रवण करें व इसकी समीक्षा मुख्य चिकित्साधिकारी से भी करें। उन्होने मुख्य चिकित्साधिकारी को भी इसकी नियमित समीक्षा करने का निर्देश दिया। ई-कवच पोर्टल पर शत-प्रतिशत फीडिंग की जाए।

इसके अलावा जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि जनपद के समस्त सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर भी सभी सुविधाएं अनिवार्य रूप से मुहैया हों, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। यदि औचक निरीक्षण के दौरान कोई भी कमियां पायी जाती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अशोक कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 राजपाल सिंह, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी क्रमशः डा0 वी0के0 श्रीवास्तव, के0के0 वर्मा, यूनिसेफ के प्रतिनिधि सहित सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारीगण, हेल्थ पार्टनर्स एवं सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## जनता दर्शन: एसपी ने सुनीं जन समस्याएं

**श्रावस्ती, 27 मई, (तरुणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन के दौरान आमजन की शिकायतों व समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। इस दौरान जमीनी विवाद, मारपीट,पारिवारिक विवाद एवं अन्य प्रकार के प्रकरणों, से संबंधित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। प्रत्येक प्रकरण पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए।

# गैस एजेंसी पर मारपीट व पथराव दोनों पक्षों पर मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज (गोंडा), 27 मई (तरुणमित्र)।** कोल्हमपुर चौकी क्षेत्र के बैजलपुर गांव स्थित बाबा गयादीन गैस एजेंसी पर मारपीट, अभद्रता व पथराव का मामला सामने आया है। एजेंसी मैनेजर की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बताया जाता है कि मंगलवार को एक युवक अपने तीन साथियों के साथ गैस एजेंसी पर पहुंचा और बिना लाइन लगाए तीन गैस सिलेंडर देने का दबाव बनाने लगा। कर्मचारियों द्वारा लाइन में लगकर आने की बात कहने पर विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि युवक व उसके साथियों ने कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी।

एजेंसी मैनेजर अमरेश पांडेय ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि आरोपी चंदन दुबे पुत्र सुरेश दुबे निवासी जफरापुर अपने साथियों के साथ एजेंसी पर आया था। विवाद के बाद सभी युवक कुछ देर बाद कार से दोबारा पहुंचे और एजेंसी पर ईंट-पत्थर चलाकर तोड़फोड़ की। साथ ही अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोप यह भी है कि एजेंसी के जरूरी अभिलेख व कागजात भी फाड़ दिए गए।

थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# पीएम किसान योजना में प्रत्येक वर्ष करानी होगी ई-केवाईसी

**बहराइच, 27 मई (तरुणमित्र)।** भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना को अधिक पारदर्शी, प्रभावी तथा वास्तविक पात्र किसानों तक सीमित रखने के उद्देश्य से लाभार्थी कृषकों के लिए प्रत्येक वर्ष ई-केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। अर्थात सभी लाभार्थियों को वर्ष में एक बार अनिवार्य रूप से ई-केवाईसी करवानी होगी। योजना का लाभ प्राप्त करने में लाभार्थी किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो दसके लिए सरकार द्वारा कई विकल्प उपलब्ध करायें गये हैं।

यह जानकारी देते हुए उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा ने बताया कि किसानों की सुविधा के लिए भारत सरकार द्वारा पी.एम. किसान मोबाईल ऐप विकसित किया गया है। जिसकी सहायता से किसान अपने एंड्रॉयड मोबाइल के माध्यम से फेशियल वेरीफिकेशन के माध्यम से स्वयं ई-केवाईसी कर सकेंगे। लाभार्थी कृषक अपने निकटतम जन सेवा केन्द्र पर जाकर बायोमेट्रिक ई-केवाईसी करा सकते हैं। इसके लिए आधार कार्ड एवं आधार से लिंक मोबाइल नंबर की आवश्यक होगी। इसके अतिरिक्त इच्छुक ब्लाक एवं न्याय पंचायत स्तर पर कार्यरत कृषि एवं ग्राम्य विकास विभाग के कर्मचारियों के माध्यम से भी ई-केवाईसी करा सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत पात्र किसानों को प्रतिवर्ष रू. 6000 की आर्थिक सहायता तीन समान किस्तों में सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जाती है। नई व्यवस्था के तहत अब यदि कोई किसान निर्धारित समय पर ई-केवाईसी नहीं कराता है तो उसकी आगामी किश्त अस्थायी रूप से रोकी जा सकती है। जो ई-केवाईसी पूर्ण होने के बाद ही दोबारा भुगतान की जायेगी। उप कृषि निदेशक द्वारा कृषकों को सुझाव दिया गया है कि यदि उन्होंने मार्च 2025 से मार्च 2026 के बीच में ई-केवाईसी नहीं कराई गयी है तो समय रहते करा लें जिससे योजना अन्तर्गत आगामी किश्तों को प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# थाने के सामने जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट

**गोंडा, 27 मई (तरुणमित्र)।** जनपद अन्तर्गत कटरा बाजार थाना के सामने जमीनी विवाद को लेकर दोनो पक्ष आपस में भिड़ गए। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई, जमीन को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा था। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्ष थाने पहुंचे थे, मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्काल हस्तक्षेप कर दोनों पक्षों को शांत कराया और हिरासत में लेकर थाने भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई में जुटी हुई है।

# मकानों की शत-प्रतिशत गणना पूर्ण करने वाले 200 प्रगणक होंगे सम्मानित



- जिला जनगणना अधिकारी के हाथों सम्मानित हुई 02 प्रगणक
- 20 जून तक चलेगा मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य

**बहराइच, 27 मई (तरुणमित्र)।** तहसील नानपारा अन्तर्गत विकास खण्ड रिसिया के प्राथमिक विद्यालय बड़गांव प्रथम की सहायक अध्यापिका ज्योति गौड़ व प्राथमिक विद्यालय पड़रीतारा की सहायक अध्यापिका सीमा पाल द्वारा समय से पूर्व मकान सूचीकरण और मकानों की गणना (एच.एल.बी.) का कार्य पूर्ण करने पर कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में अपर जिलाधिकारी/जिला जनगणना अधिकारी अमित कुमार द्वारा सम्मानित किया गया है। श्री कुमार ने बताया कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले अन्य प्रगणकों को तहसील स्तर पर सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर जिला मास्टर ट्रेनर/ई-डिस्ट्रिक मैनेजर सुमित तिवारी भी मौजूद रहे।

एडीएम श्री कुमार ने बताया कि जनपद में कुल 6233 प्रगणकों को जनगणना कार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिसमें से 200 प्रगणकों द्वारा मकान सूचीकरण और मकानों की गणना (एच.एल.बी.) का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। एडीएम श्री कुमार ने जनपदवासियों से अपील की है कि जनगणना कार्य में लगे हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूरा सहयोग प्रदान करें।

जनगणना ही विकास योजनाओं की नींव तैयार करने का आधार है। जनगणना की पूरी प्रक्रिया सुरक्षित है और जनगणना से जुड़ी सभी जानकारी गोपनीय रखी जाती है।

# सड़क हादसा: टेंपो को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, महिला की मौत



- नशे में धुत बताया जा रहा टेंपो चालक हिरासत में, फरार वाहन की तलाश में जुटी पुलिस
- स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल अस्पताल भेजवाया गया

**गोण्डा, 27 मई (तरुणमित्र)।** जिले के थाना कोतवाली देहात क्षेत्र अंतर्गत गोंडा- लखनऊ हाईवे पर स्थित बालपुर जाट गांव के पास मंगलवार-बुधवार की बीती रात एक भीषण सड़क हादसे ने लोगों को झकझोर कर रख दिया। सवारियों से भरी एक टेंपो को किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भयावह था कि टेंपो में सवार एक महिला का हाथ कटकर शरीर से अलग हो गया, जिसकी अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही दर्दनाक मौत हो गई।

मिली जानकारी के मुताबिक कर्नलगंज के ग्राम पंचायत कुंवरपुर अमरहा के सिकिहा गांव के रहने वाले अर्जुन अपनी प्रसूता पत्नी का इलाज कराने गोंडा गये थे। इलाज के बाद वह टेंपो से वापस लौट रहे थे। टेंपो में उनकी पत्नी, एक आशा बहू, मीरा देवी समेत अन्य लोग सवार थे। इसी दौरान बालपुर जाट गांव के पास सामने से आए अज्ञात वाहन ने टेंपो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही टेंपो सड़क किनारे पलट गई और यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। हादसे में तीन महिलाओं समेत कुल पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल अस्पताल भेजवाया गया,जहां इलाज के दौरान गंभीर रूप से घायल महिला मीरा देवी (62) पत्नी रामगोपाल गोस्वामी की मौत हो गई। अन्य घायलों का इलाज जारी है। सड़क हादसे में मीरा देवी की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के समय टेंपो चालक मोहम्मद उस्मान उर्फ करिया नशे की हालत में था और वाहन लापरवाही से चला रहा था। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने टैंपो व चालक को हिरासत में लेकर पूंछताछ शुरू कर दी है। वहीं हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और फरार वाहन व उसके चालक की तलाश में जुटी हुई है। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा तथा परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मामले में परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी है, पुलिस मामले में विधिक कार्रवाई में जुटी है।

# डीएम ने जनता दर्शन में सुनीं शिकायतें

**श्रावस्ती, 27 मई, (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने प्रतिदिन की तरह बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में आयोजित जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान जिलाधिकारी को 14 शिकायतें प्राप्त हुई, जो विभिन्न विभागों से सम्बन्धित थी, इन शिकायतों को तत्काल निराकरण कर रिपोर्ट प्रेषित करने हेतु सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने पर अब अधिकारियों की जवाबदेही तय की जायेगी। इसलिए समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण अपने कार्यालय में समस्त कार्य दिवसों में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक स्वयं जनसुनवाई करें एवं उनकी समस्याओं का समय सीमा के अन्दर निस्तारण कराना भी सुनिश्चित करें।

# आंधी में घायल अमित से की अधिकारियों ने मुलाकात



- डीएम के निर्देश पर पूर्ण की अहेतुक सहायता की कार्यवाही
- रेडक्रास को भी सहायक उपकरण प्रदान करने के निर्देश

**श्रावस्ती, 27 मई, (तरुणमित्र)।** जनपद मे 13 मई को अचानक खराब हुए मौसम मे ब्लॉक इकौना के परिसर मे पेंड़ की डाल टूट कर गिर जाने से 13 वर्षीय अमित गुप्ता पुत्र स्व अनोखी लाल गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गये थे। जिनका इलाज मेडिकल कालेज बहराइच मे चल रहा था। हास्पिटल से डिस्चार्ज होने के उपरांत घर आने पर आज जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग के निर्देश पर नायब तहसीलदार विजय गुप्ता, जिला आपदा विशेषज्ञ अरुण कुमार मिश्र एवं लेखपाल मनीष ने घर जाकर घायल का हाल चाल लिया और अहेतुक सहायता की कार्यवाही को आगे बढ़ाया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार विजय गुप्ता ने बताया कि-बच्चे के घायल होते ही उसे चिकित्सा के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के उपरांत उन्हे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। वहां पर जटिल आपरेशन के उपरांत बच्चे के पैर मे राड डाली गयी है अभी चिकित्सा चल रही है। जिसमे लगभग तीन महीना और लगेगा। अभी तत्काल इनको अनुमन्य अहेतुक सहायता प्रदान की जायेगी।

आपदा विशेषज्ञ/सचिव रेडक्रास अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि-आपदा की टीम लगातार परिवार से संपर्क मे थी, जो भी अनुमन्य सहायता है वह परिवार को तुरंत प्रदान की जायेगी। घायल की स्थिति बहुत खराब है। रेडक्रास की ओर से भी सहायक उपकरण प्रदान किये जायेंगे। इसके अतिरिक्त समाजसेवियों से भी परिवार की मदद की अपील की जायेगी। जिससे ज्यादा से ज्यादा सहायता हो

# गंगा स्नान बना काल: गोंडा के हरिओम की डूबने से मौत, 4 घंटे बाद मिला शव



- परिजनों में मचा कोहराम, गांव में पसरा मातम; यज्ञ सेवा के लिए गए थे हरिओम

**गोण्डा, 27 मई (तरुणमित्र)।** जनपद के परसपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भटपुरवा गांव निवासी युवक हरिओम की बनारस में गंगा नदी में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया, वहीं पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। गोताखोरों ने करीब चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद युवक का शव नदी से बाहर निकाला।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भटपुरवा निवासी बलराज सिंह उर्फ 'बल्ले' के पुत्र हरिओम सतनाम कमेटी पुरवा धाम के पूणार्नंद शरण दास उर्फ 'मोनू साहेब' के साथ यज्ञ में सेवा देने गए हुए थे। बताया जा रहा है कि मंगलवार सुबह करीब पांच बजे हरिओम अन्य सेवादारों के साथ गंगा स्नान करने पहुंचे थे। इसी दौरान डुबकी लगाते समय वह गहरे पानी में चले गए और देखते ही देखते लापता हो गए। साथी सेवादारों ने जब हरिओम को काफी देर तक बाहर नहीं आते देखा तो हड़कंप मच गया। आनन-फानन में स्थानीय गोताखोरों को बुलाया गया। करीब चार घंटे तक चली तलाश के बाद गोताखोरों ने नदी से हरिओम का शव बरामद किया। युवक की मौत की खबर जैसे ही घर पहुंची, परिवार में चीख-पुकार मच गई। पिता बलराज सिंह, माता समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव के लोग लगातार परिवार को ढांढस बंधाने पहुंच रहे हैं। घटना को लेकर शुभम सिंह कलहंस ने बताया कि सूचना मिलने पर वे मौके के लिए रवाना हो गए हैं। मौके पर पहुंचने के बाद ही अन्य आवश्याक जानकारी मिल सकेगी।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 705 कन्याओं का विवाह सम्पन्न

**बहराइच, 27 मई (तरुणमित्र)।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अन्तर्गत गेंद घर मैदान में मुख्य अतिथि सांसद बहराइच डॉ आनन्द कुमार गोंड ने एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक बलहा श्रीमती सरोज सोनकर, विधायक सदर श्रीमती अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि ब्लाक प्रमुख शिवम् जायसवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, ब्लाक प्रमुख रिसिया संजय जायसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, जिला विकास अधिकारी राज कुमार, पीडी डीआरडीए मनीष कुमार व अन्य अतिथियों एवं अधिकारियों के साथ मॉं सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर सामूहिक विवाह कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम के दौरान पात्र कुल 705 कन्याओं जिनमें 94 जोड़े अल्पसंख्यक (मुस्लिम समुदाय) के हैं, जिनका विवाह उनकी सामाजिक/धार्मिक मान्यता एवं परम्परा/रीति-रिवाज के साथ सम्पन्न हुआ। सामूहिक विवाह समारोह में मौजूद जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, गणमान्य व संभ्रान्तजन द्वारा सभी नवविवाहित जोड़ों को दाम्पत्य जीवन में प्रवेश करने के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी ईश्वर से प्रार्थना है कि वर-वधू सम्पूर्ण जीवन खुशहाल जिन्दगी बसर करें और इनके जीवन में कोई कष्ट न आए। अतिथिगण ने विवाह वेदी, जयमाल पण्डाल तथा निकाह घर में जाकर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया तथा उपहार भेंट कर उन्हें विदा किया।

वैवाहिक कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद डॉ. गोंड व अन्य वक्ताओं ने कहा कि समाज कल्याण विभाग की समस्त योजनाओं का संचालन गरीब जनता के लिये किया जा रहा है। सरकार हर गरीब तक योजनाओं को पहुँचाने के लिये प्रतिबद्ध है इसके लिए मैं प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को समस्त बहराइच की जनता की ओर से धन्यवाद ज्ञापित करता हूं।

# कांग्रेसीजन ने मनाई पंडित नेहरू की पुण्य तिथि

**श्रावस्ती, 27 मई, (तरुणमित्र)।** आधुनिक भारत के निमार्ता एवं देश के प्रथम प्रधानमंत्री, भारत रत्न श्रद्धेय पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि के अवसर पर आज जिला कांग्रेस कार्यालय श्रावस्ती में श्रद्धांजलि सभा एवं स्मृति गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेसजनों ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके द्वारा आधुनिक भारत के निर्माण में दिए गए ऐतिहासिक योगदान को याद किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष चंद्र पाल सिंह यादव ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने देश को वैज्ञानिक सोच, लोकतांत्रिक मूल्यों और आधुनिक विकास की दिशा प्रदान की। आज जब संवैधानिक मूल्यों और लोकतांत्रिक व्यवस्था को चुनौतियां मिल रही हैं, तब उनके विचार और अधिक प्रासंगिक हो जाते हैं। विधि विभाग के जिला प्रभारी एडवोकेट मोहम्मद असलम ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने संविधान, लोकतंत्र और न्याय व्यवस्था को मजबूत करने का कार्य किया।


उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियन्ता कर्मशाला, उत्तर रेलवे, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यों हेतु मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| 1 | **निविदा सूचना संख्या :** विद्युत/डब्ल्यू./आलमबाग/222/2026-27 |
| क | **कार्य का विवरण :** कैरेज वर्कशाप, आलमबाग, लखनऊ में आर.एस.पी. (विधि किताव संख्या 719/24-25) के अंतर्गत बी.जी कोचों के ए.आर.टी. / ए.आर.एम.ई. कोचों में परिवर्तित करने का कार्य। |
| ख | **अनुमानित लागत :** रु. 1,60,33,145.11 |
| ग | **धरोहर राशि :** रु. 3,20,700/- |
| घ | **निविदा प्रपत्र मूल्य :** शून्य |
| ड. | **कार्य समापन अवधि :** 18 माह |
| | **अन्य सूचना** |
| 2 | **निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि एवम समय :** 17.06.2026 को अपरान्ह 15:00 बजे तक। |
| 3 | **निविदा खुलने की तिथि व समय :** 17.06.2026 को अपरान्ह 15:00 बजे के बाद। |

• निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा निर्धारित तिथि के अनुसार भरा जा सकता है। • मैनुअल आफर पर विचार नहीं किया जायेगा। • निविदाकर्ता निविदा फार्म की धरोहर राशि का भुगतान केवल www.ireps.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान प्रणाली द्वारा ही किया जायेगा। • डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक/डिपॉजिट रसीद/एफ.डी.आर. या अन्य किसी रूप में निविदा धरोहर धनराशि का भुगतान स्वीकार नहीं किया जायेगा। • प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज़ की प्रस्तुति एवं उससे संबन्धित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा।

**सं.: विद्युत/डब्ल्यू./आलमबाग/222/2026-27 दिनांक: 27.05.2026** **1794/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



कार्यालय: अधिशासी अभियन्ता, जोन-8, जलकल विभाग, नगर निगम-लखनऊ

पत्रांक-108 E.E.8/ 2026-27 दिनांक- 27.05.26

(अल्पकालीन निविदा-सूचना)

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यो हेतु पृथक-पृथक निविदाएं इस कार्यालय में दि० 03.06.26 अपराह्न 2:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 03.06.26 को अपराह्न 3:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सम्बन्धित कार्य के निविदा प्रपत्र अधिशासी अभियन्ता, जोन-8, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ के कैश काउन्टर से निर्धारित शुल्क (नॉन रिफंडेबल) जमा करके प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा की शर्तें निविदा प्रपत्र में उल्लेखित है, जोकि भी कार्यदिवस में अवलोकित की जा सकती है। निविदा के साथ वांछित धरोहर राशि जमा करना अनिवार्य है। किसी भी दशा में समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | निविदा शुल्क | धरोहर राशि | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Laying of 250mm Dia Sewer Line Near House of Tejveer Lodhi 569/371 To House of Raj Bahadur Sector-B. L.D.A. Colony Barigawan Kanpur road Lko. | रु0 450+18 प्रतिशत जी. एस. टी. (रु0 81) कुल योग रु0 531.00 | रु0 8400/- | 07 दिवस |
| 2 | Laying of 250mm Dia Sewer line Near Maa Kali Mandir To House of Dileep Verma Sector-B L.D.A. Colony Barigawan Kanpur road Lko. | रु0 450+18 प्रतिशत जी. एस. टी. (रु0 81) कुल योग रु0 531.00 | रु0 8400/- | 07 दिवस |
| 3 | Laying of 250mm Dia Sewer Line Near House of Tej Bahadur Verma H.No-569 /125 To House of Sonu Shkula Sector-B Barigawan Kanpur road Lko. | रु0 350+18 प्रतिशत जी. एस. टी. (रु0 63) कुल योग रु0 413.00 | रु0 6200/- | 07 दिवस |
| 4 | Laying of 250mm Dia Sewer Line Near H.No-E-77 To House No-E-45 Sector-C-1 L.D.A. Colony Kanpur road Lko. | रु0 450+18 प्रतिशत जी. एस. टी. (रु0 81) कुल योग रु0 531.00 | रु0 8200/- | 07 दिवस |

अधिशासी अभियन्ता, जोन-8, जलकल विभाग, नगर निगम-लखनऊ



कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, सुलतानपुर-अमेठी वृत्त, लोक निर्माण विभाग, सुलतानपुर

पत्रांक:- 2089/1काम-सु0अ0वृ0/2026-27 दिनाँक:- 23-05-2026

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना (द्वितीयबार आमंत्रण)

राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, सुलतानपुर-अमेठी वृत्त, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में मार्ग कार्य हेतु रजिस्टर्ड अर्ह एवं अनुमोदित ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि यह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने के नियमों से अवगत हो लें।

| क्र0 सं0 | जिला | कार्य का नाम | आंकलित धनराशि (रु0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रु0 लाख में) | निविदा शुल्क प्रपत्र का मूल्य+स्टेशनरी +जी.एस.टी. | कार्य पूर्ण कराने की अवधि | अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सुलतानपुर | विधानसभा सुलतानपुर के अन्तर्गत पूरे चौरिहा सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य। | 45.38 | 4.27 | Rs.2714.00 | 06 माह | निर्माण खण्ड-3, लो0नि0वि0 सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो0नि0वि0 सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0 अयोध्या |
| 2. | -तदैव- | विधानसभा लम्भुआ के अन्तर्गत साढ़ापुर सम्पर्क मार्ग से बैतीकला शफीपुर शॉहपुर सम्पर्क मार्ग के बीच की छूटी कड़ी का निर्माण कार्य। | 59.50 | 4.98 | Rs.2714.00 | 06 माह | निर्माण खण्ड-3, लो0नि0वि0 सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो0नि0वि0 सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0 अयोध्या |
| 3. | -तदैव- | विधानसभा लम्भुआ के अन्तर्गत अचलपुर से सेमरीकला सम्पर्क मार्ग के बीच की छूटी कड़ी का निर्माण कार्य। | 90.80 | 6.54 | Rs.2714.00 | 06 माह | निर्माण खण्ड-3, लो0नि0वि0 सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो0नि0वि0 सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0 अयोध्या |
| 4 | -तदैव- | विधानसभा सुलतानपुर के अन्तर्गत पिपरी पक्की सड़क से जयन्ती दूबे के घर तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य। | 61.00 | 5.05 | Rs.2714.00 | 06 माह | निर्माण खण्ड-3, लो0नि0वि0 सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो0नि0वि0 सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0 अयोध्या |

➢ बिल आफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुए लगाई गयी है।

निविदा आनलाइन दिनाँक 30.05.2026 से दिनाँक 06.06.2026 की अपराह्न 12.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनाँक 06.06.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे खोली जायेगी। शासनादेश संख्या 1/2018/ 3070/78-2-2018-42 आई0टी0/2017(22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रुप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेक प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरुप कार्यवाही की जायेगी।

निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेंट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्तें https://etender.up.nic.inपर देखी जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-3,लो0नि0वि0, सुलतानपुर

अधीक्षण अभियन्ता, सुलतानपुर-अमेठी वृत्तलो0नि0वि0, सुलतानपुर

U.P. 251878 dt. 27/05/2026 विज्ञापन वेबसाइट www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

# बकरीद पर तीन दिनों तक विशेष साफ सफाई की मांग

**बरेली, 27 मई (तरुणमित्र)।** नगर निगम बोर्ड का 3 साल कार्यकाल पूरा होने पर सपा पार्षद दल ने नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष सपा पार्षद दल के नेता गौरव सक्सेना की अगुवाई में भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार की नाकामयाबी बताते हुए नगर आयुक्त को संबोधित ज्ञापन अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय को ज्ञापन सौपकर जनहित में समाधान की मांग की। सपा पार्षद दल के नेता गौरव सक्सेना ने कहा कि 3 साल पहले शपथ ग्रहण समारोह में नगर निगम में ट्रिपल इंजन की भाजपा सरकार के मुखिया द्वारा बाकरगंज से 100 दिनों के अंदर कूड़े का पहाड़ खत्म करने सहित अन्य लोक लुभावने वादे किए थे जोकी हवा हवाई साबित हुए आज 3



साल पूरा होने के बाद भी सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट तक को नगर निगम की सरकार जनता के लिए चला नहीं पाई है जिसके कारण कूड़े के पहाड़ से बाकरगंज और उसके आसपास क्षेत्र में रहने वाले लाखों क्षेत्र वासियों का जीवन दुश्वार है। वरिष्ठ पार्षद अब्दुल कयूम मुन्ना, आरिफ कुरैशी और शमीम अहमद ने कहा कि गुलाबनगर, आजमनगर, शाहबाद आदि इलाकों में सीवर और नाले नालियों का गंदा पानी सड़कों पर जमा होने से हजारों लोग प्रभावित हैं लोगों को घरों से निकलना भी दुभर है जबकि कल ईद का त्यौहार है पार्षद आरिफ कुरैशी ने शिकायत कि की काफी लंबे समय से स्वयं उनके घर की गली में सीवर का गंदा पानी भरा पड़ा है जिसकी कई बार शिकायत करने के बाद भी समाधान नहीं हुआ। सपा पार्षद दल ने वार्डों के अंदर ठेकेदारों द्वारा अधूरे छोड़े गए निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द कराए जाने सहित बरसात के मौसम को देखते हुए जल्द से जल्द नालों की तली झाड़ सफाई कराकर उनका भौतिक सत्यापन कराने की मांग सहित जहां जहां जल भराव की संभावना है अथवा जल भराव रहता है वहां पर निर्माण कार्य प्राथमिकता पर करने की मांग की। सपा पार्षद दल ने अपर नगर आयुक्त से कहा है कि अगर उनके ज्ञापन पर जनहित पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा धरना प्रदर्शन अथवा आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

सपा पार्षद दल ने ईद के मौके पर नगर निगम क्षेत्र में तीन दिनों तक विशेष सफाई अभियान चलाने एवं अवशेष व वेस्ट को समय से उठवाने की भी मांग की। ज्ञापन देने वालों में सपा पार्षद दल के नेता गौरव सक्सेना के साथ अब्दुल कय्यूम मुन्ना, आरिफ कुरैशी, शमीम अहमद, अलीम सुल्तानी, इकबाल बिल्डर, गुलबशर अंसारी आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस ने मनाई जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि



**बरेली, 27 मई (तरुणमित्र)।** महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा की अगुवाई में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर चौकी चौराहा स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके उपरांत गांधी पार्क में महानगर अध्यक्ष की अध्यक्षता में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका संचालन प्रवक्ता पंडित राज शर्मा ने किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष दिनेश दादा ने कहा कि जिस प्रकार का व्यक्तित्व और नेतृत्व स्वर्गीय जवाहरलाल नेहरू में देखने को मिलता था, वैसा समर्पण आज के राजनीतिक परिदृश्य में बहुत कम दिखाई देता है।

उन्होंने कहा कि नेहरू के पास व्यक्तिगत जीवन में किसी भी प्रकार की कमी नहीं थी, लेकिन देश और देश की मिट्टी के लिए उनके भीतर जो समर्पण और त्याग की भावना थी, वह उन्हें विशिष्ट बनाती है। उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई तथा अपने जीवन के कई वर्ष जेल में बिताए। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि देश को आधुनिक लोकतांत्रिक दिशा देने और नागरिक अधिकारों की सोच को मजबूत करने में नेहरू जी का योगदान महत्वपूर्ण रहा है। वरिष्ठ नेता मेहंदी हसन ने अपने संबोधन में कहा कि नेहरू जी का राजनीतिक जीवन चुनौतियों से भरा रहा, लेकिन उन्होंने कभी अपने संघर्षों को जनता के सामने प्राथमिकता नहीं बनने दिया। जनता के प्रति उनका स्नेह और समर्पण उनके सार्वजनिक जीवन की सबसे बड़ी पहचान रहा। कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे तथा सभी ने पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू जी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# ललुआ पंडरिया की स्मृति में क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल गहलुइया 11 ने स्काई बैरियर को हराकर जीती ट्रॉफी

**पीलीभीत , 27 मई (तरुणमित्र)।** क्षेत्र के गांव पंडरिया में स्वर्गीय शिवसागर मिश्र उर्फ ललुआ की स्मृति में आयोजित क्रिकेट टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला रविवार को बेहद रोमांचक माहौल के बीच खेला गया। फाइनल मैच गहलुइया 11 और स्काई बैरियर टीम के बीच खेला गया, जिसमें गहलुइया 11 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बड़ी जीत दर्ज कर टूनार्मेंट की विजेता ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया।फाइनल मुकाबले को देखने के लिए आसपास के गांवों समेत दूर-दूर से बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचे, जिससे मैदान का माहौल बेहद उत्साहपूर्ण और रोमांचक हो गया।

मैच में गहलुइया 11 टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और निर्धारित ओवरों में 124 रनों का लक्ष्य खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्काई बैरियर टीम गहलुइया 11 की शानदार गेंदबाजी के आगे ज्यादा देर तक टिक नहीं सकी और पूरी टीम नौ ओवर में मात्र 40 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इस प्रकार गहलुइया 11 ने लगभग 80 रनों के बड़े अंतर से मुकाबला अपने नाम कर लिया।जीत के साथ गहलुइया 11 टीम को विजेता ट्रॉफी के साथ ?8500 का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया, जबकि उपविजेता स्काई बैरियर टीम को ट्रॉफी एवं ?3500 की नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। समापन समारोह के दौरान पूर्व प्रत्याशी सदस्य जिला पंचायत वार्ड संख्या-09 रजनीश रामशर्मा पाण्डेय, पूर्व प्रतिनिधि ब्लॉक प्रमुख आशुतोष दीक्षित उर्फ राजू भैया एवं नवनीत मिश्रा ने विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर आशुतोष दीक्षित उर्फ राजू भैया ने कहा कि खेल बच्चों और युवाओं के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेलों से मानसिक एवं शारीरिक विकास होता है और अनुशासन की भावना विकसित होती है। वहीं नवनीत मिश्रा ने कहा कि छोटे स्तर से ही खिलाड़ी आगे बढ़ते हैं और मेहनत व लगन के बल पर देश का नाम रोशन करते हैं। पूर्व प्रत्याशी सदस्य जिला पंचायत रजनीश रामशर्मा पाण्डेय ने कहा कि खेलों से युवाओं में सकारात्मक सोच विकसित होती है और वे नशे जैसी बुरी आदतों से दूर रहते हैं।

# आजाद समाज पार्टी काशीराम के तत्वावधान में पिछड़ा वर्ग अधिकार सम्मेलन सम्पन्न

**बरेली, 27 मई (तरुणमित्र)।** बुधवार को आजाद समाज पार्टी काशीराम के तत्वाधान में बरेली मंडल में पिछड़ा वर्ग अधिकार सम्मेलन जनपद के नगर पंचायत ठिरिया निजावत खान के एक लॉन में संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आजाद समाज पार्टी काशीराम के राष्ट्रीय महासचिव एडवोकेट रविंद्र भाटी एवं पूर्व एमएलसी व आजाद समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार चित्तौड़ रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में आजाद समाज पार्टी काशीराम के राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य एवं प्रदेश उपाध्यक्ष व बरेली मंडल प्रभारी अच्छन अंसारी एडवोकेट, प्रदेश महासचिव यशवंत मौर्य, प्रदेश महासचिव एवं जोन प्रभारी राजपाल कश्यप एडवोकेट, जोन प्रभारी भाईचारा कमेटी लोधी समाज जितेंद्र सिंह लोधी शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य मंडल प्रभारी संजीव सागर ने की और कार्यक्रम का संचालन मंडल प्रभारी ब्रह्मस्वरूप सागर ने किया। कार्यक्रम में पिछड़े वर्ग के हजारों लोग शामिल रहे। अंत में कार्यक्रम के आयोजक एवं प्रदेश संयोजक भाईचारा कमेटी एवं प्रदेश सचिव राजेंद्र सिंह गुर्जर, जोन प्रभारी भाईचारा कमेटी अशर्फी लाल मौर्य ने कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों का आभार व्यक्त किया और उन्होंने कार्यक्रम में शामिल सभी नेताओं एवं कार्यकताओं के गले में मालाएं पहनाकर एवं शाल ओढ़ाकर सभी को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि एडवोकेट रविंद्र भाटी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज तक सभी पार्टियों ने पिछड़े समाज के लोगों के वोट लेकर अपनी सरकार बनाने का काम किया लेकिन जब-जब पिछड़े वर्ग के साथ जुल्म ज्यादती अन्याय हुआ वहां किसी पार्टी ने पिछड़ा वर्ग के लोगों का साथ नहीं दिया और किसी विभाग में पीछड़े वर्ग के लोगों को आबादी के अनुसार नौकरियां में नहीं लिया गया है जब कि पिछड़े समाज के लोग 52% से लेकर 60% की आबादी पिछड़े वर्ग के लोगों की है।

सभी पार्टियों की सरकारों में पिछड़े वर्ग के साथ अन्याय किया गया है लेकिन अब पिछड़ा समाज जाग चुका है आज के पिछड़े वर्ग सम्मेलन में मुख्य रूप से प्रदेश संयुक्त सचिव डॉ तौहीद अली, प्रदेश कोर कमेटी सदस्य एवं मंडल प्रभारी भाईचारा कमेटी राजकमल पाल एडवोकेट, मंडल प्रभारी एडवोकेट ऋषिपाल सिंह, मंडल प्रभारी महेश सागर, मंडल प्रभारी अजय प्रधान, जिला अध्यक्ष बरेली मनोज सागर, जिला अध्यक्ष बदायूं बाबू चौधरी, जिला अध्यक्ष शाहजहांपुर अनिल कुमार एडवोकेट, जिला अध्यक्ष पीलीभीत प्रेम गौतम, पिछड़ा वर्ग मंडल संयोजक प्रदीप मौर्य एडवोकेट, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष प्रेमपाल सिंह गौतम, महानगर अध्यक्ष मोहम्मद रियाज, मंडल संयोजक कश्यप समाज विजय कश्यप एडवोकेट, जिला उपाध्यक्ष परवेज खान, जिला उपाध्यक्ष आरिश खान, मंडल संयोजक मुस्लिम समाज नियाज अहमद अंसारी, मुस्लिम समाज भाईचारा कमेटी जिला संयोजक मोहम्मद तसलीम अल्वी, व्यापारी मोर्चा मंडल संयोजक सरफराज अहमद अंसारी, व्यापारी मोर्चा सह संयोजक पिंटू सागर, भीम आर्मी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉक्टर मेव खुर्शीद खान, मुख्य जिला प्रभारी डॉक्टर दुर्वेश अली अंसारी, जिला प्रभारी रिजवान खान, जिला प्रभारी फरीद खान, जिला प्रभारी एमडी सिंह सागर एडवोकेट, जिला प्रभारी पवन सागर, जिला प्रभारी दर्शन सिंह सागर, संस्थापक सदस्य एवं जिला प्रभारी सुरेंद्र सिंह टाइटलर, जिला प्रभारी रूप किशोर सागर, कामना, जगन्नाथ, शकुंतला गौतम, पूनम सागर, अनीता सागर, सुशीला सागर, जिला मीडिया प्रभारी जितेंद्र सिंह गौतम, वालीयंटर फोर्स जिला संयोजक विशन सागर, जिला प्रभारी बदायूं अरशद गाजी, आमिर गाजी, जिला महासचिव बदायूं प्रताप सिंह एडवोकेट, पूर्व मंडल प्रभारी शाकिर अली अल्वी सहित बरेली मंडल के तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बकरीद के मद्देनजर चला विशेष सफाई अभियान

**बरेली, 27 मई (तरुणमित्र)।** बुधवार को नगर पंचायत फतेहगंज पूर्वी में बकरीद के मद्देनजर कस्बे में विशेष सफाई व्यवस्था करवाई गई। अधिशासी अधिकारी राजन नाथ तिवारी ने ईदगाह सहित अन्य इलाकों में अभियान चलाकर साफ सफाई करवाई।

दरअसल, कस्बे की सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए नगर पंचायत प्रशासन ने इस बार विशेष अभियान चलाया। अधिशासी अधिकारी राजन नाथ तिवारी ने बताया कि पर्व के दौरान कस्बे का कोई भी इलाका गंदगी से प्रभावित न हो इसके लिए बड़े स्तर पर संसाधनों और कर्मचारियों की



तैनाती की गई है। नगर पंचायत प्रशासन ने सफाई और कूड़ा निस्तारण के लिए वाहनों को मैदान में उतार दिया है। विशेष ड्यूटी चार्ट के तहत अलग-अलग क्षेत्र की जिम्मेदारी अलग-अलग कर्मचारियों को सौंपी गई है। यह कर्मचारी लगातार तीन दिनों तक सुबह से देर शाम तक सफाई कार्य में जुटे रहेंगे।

कहा कि नगर पंचायत की ईदगाह और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया है। सफेद चूने का छिड़काव कराया जा रहा है, जिससे लोगों को स्वच्छ और बेहतर माहौल मिल सके। ईओ राजन तिवारी ने बताया कि इसी तरह की तैयारी नगर पंचायत सिरौली में भी की गई है।

# डीएम ने की पीसीपी एनडीटी की जनपद स्तरीय सलाहकार समिति की समीक्षा



**बरेली, 27 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में पीसीपी एनडीटी जनपद स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में नवीन पंजीकरण हेतु प्राप्त आवेदनों, नवीनीकरण हेतु प्राप्त आवेदनों तथा पंजीकृत केन्द्रों में मशीन का अंकन, चिकित्सक का अंकन/स्थान परिवर्तन हेतु प्राप्त आवेदनों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में तीन पंजीकरण प्रमाण पत्र स्वेच्छा से सरेंडर हेतु भी प्रार्थना पत्र दिया गया।

# संभावित बाढ़ से निपटने की तैयारी तेज, 1 जून से 31 अक्टूबर तक स्थापित होगा बाढ़ नियंत्रण कक्ष

**पीलीभीत, 27 मई (तरुणमित्र)।** आगामी मानसून सीजन और वर्ष 2026 में संभावित बाढ़ की आशंकाओं को देखते हुए प्रशासन एवं सिंचाई विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। बाढ़ जैसी आपदा से प्रभावी ढंग से निपटने और समय रहते राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में विशेष व्यवस्था लागू की जा रही है। इसी क्रम में जनपद स्तर पर बाढ़ से संबंधित सूचनाओं के आदान-प्रदान और निगरानी के लिए आगामी 1 जून 2026 से 31 अक्टूबर 2026 तक बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जाएगा। जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार वर्ष 2026 की संभावित बाढ़ से निपटने के लिए जनपद के बाढ़ समन्वय अधिकारियों से नियमित संपर्क और समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

साथ ही बाढ़ से होने वाली संभावित क्षति की सूचनाएं केंद्रीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष, लखनऊ को नियमित रूप से उपलब्ध कराए जाने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। इसके अलावा नियंत्रण कक्ष पर नियुक्त कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया गया है।अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड आशुतोष कुमार ने बताया कि मानसून अवधि के दौरान बाढ़ से संबंधित सूचनाओं के प्रभावी आदान-प्रदान और परिस्थितियों की सतत निगरानी के लिए सिंचाई विभाग, पीलीभीत के नियंत्रण में बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। यह नियंत्रण कक्ष आपातकालीन परिस्थितियों में समन्वय स्थापित करने और समय पर सूचनाओं के संकलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए बाढ़ नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर05882-253361 भी जारी किया गया है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर संबंधित सूचनाएं और जानकारियां तत्काल उपलब्ध कराई जा सकें। बाढ़ नियंत्रण कक्ष के संचालन को सुचारू और प्रभावी बनाने के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारियां भी तय कर दी गई हैं। सहायक अभियंता प्रथम सचिन कुमार चौधरी को बाढ़ नियंत्रण कक्ष का प्रभारी नियुक्त किया गया है, जबकि अवर अभियंता रक्षपाल सिंह को उपप्रभारी बनाया गया है।निर्धारित जिम्मेदारियों के अनुसार प्रभारी अधिकारी बाढ़ संबंधी सभी सूचनाओं का अनुश्रवण करते हुए उनका संचालन और समन्वय करेंगे। वहीं उपप्रभारी दैनिक सूचनाओं को तैयार कराने, अभिलेखों का संधारण करने तथा नियंत्रण कक्ष की व्यवस्थाओं को व्यवस्थित बनाए रखने का कार्य देखेंगे।

# डीएम ने किया ईवीएम, वीवीपैट वेयरहाउस का बाह्य निरीक्षण

**बदायूं, 27 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश राय ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम व वीवीपैट वेयरहाउस का राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ बाह्य निरीक्षण किया।

सभी ईवीएम व वीवीपैट पूर्ण रूप से सुरक्षित हैं व वहां 24 घंटे सुरक्षा व्यवस्था है तथा सीसीटीवी कैमरे भी संचालित हैं। जिलाधिकारी ने सीसीटीवी कैमरो की स्थिति का अवलोकन भी किया तथा उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर भी किए।

राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने की गई व्यवस्थाओं पर अपना संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व त्रिभुवन सिंह सहित अन्य अधिकारी व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## कछला व अटैना घाट पर व्यवस्थाओं के संबंध में डीएम ने की बैठक

**बदायूं, 26 मई (तरुणमित्र)।** बुधवार को कलेक्ट्रेट स्टेट अटल बिहारी वाजपेई सभागार में आहूत बैठक में जिलाधिकारी अवनीश राय ने कछला गंगा घाट व अटैना घाट पर स्थाई रूप से पब्लिक एड्रेस सिस्टम, सीसीटीवी कैमरा, प्रकाश व्यवस्था करने तथा पार्किंग व स्नान सीमा आदि हेतु बैरिकेडिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रकाश, पार्किंग, बैरिकेडिंग, डेंजर जोन, सेक्टर/जोन आदि को प्रदर्शित करने वाले संकेतक भी आवश्यक रूप से लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त अन्य घाटों पर भी व्यवस्थाएं कराई जाएं। डीएम ने स्थाई रूप से वॉच टावर की स्थापना करने हेतु मुआयना करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए

# विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**बरेली, 27 मई (तरुणमित्र)।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी बरेली डॉ. विश्राम सिंह एवं नोडल अधिकारी, एनयूएचएम के मार्गदर्शन में यू.पी.एच.सी. सीबीगंज, बरेली में विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर महिलाओं एवं किशोरियों में मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना, स्वच्छता संबंधी सही व्यवहार को बढ़ावा देना तथा महिलाओं के स्वास्थ्य एवं सम्मान के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ. मधु गुप्ता के मार्गदर्शन में टुगेदर फॉर ए पीरियड फ्रेंडली वर्ल्ड थीम पर रचनात्मक फिंगरप्रिंट ग्लोब गतिविधि आयोजित की गई, जिसमें उपस्थित मरीजों एवं लाभार्थियों ने



अपने हाथों के निशान लगाकर मासिक धर्म के प्रति सकारात्मक सोच, सहभागिता एवं जागरूकता का संदेश दिया।

इस गतिविधि के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि मासिक धर्म एक सामान्य जैविक प्रक्रिया है और इसके प्रति सहयोग, सम्मान एवं जागरूकता आवश्यक है। साथ ही डॉ. मधु गुप्ता द्वारा ट्रैफिक सिग्नल जागरूकता मॉडल के माध्यम से मासिक धर्म स्वच्छता से संबंधित सही एवं गलत आदतों के बारे में जानकारी दी गई। हरे, पीले एवं लाल संकेतों के माध्यम से समय पर सेनेटरी पैड बदलने, हाथों की स्वच्छता बनाए रखने, सुरक्षित निस्तारण, संतुलित पोषण एवं एनीमिया से बचाव के महत्व को समझाया गया।

कार्यक्रम में सरिता, हिरदेश, मनमोहन, श्रवण, सूरज एवं मोनू सहित स्वास्थ्य कर्मियों ने सहभागिता की तथा उपस्थित मरीजों एवं लाभार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।इस अवसर पर मासिक धर्म को लेकर सामाजिक झिझक एवं भ्रांतियों को समाप्त करने तथा महिलाओं एवं किशोरियों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि मासिक धर्म सामान्य है, जागरूकता एवं स्वच्छता ही बेहतर स्वास्थ्य की आधारशिला है। स्वस्थ माहवारी, स्वस्थ नारी और स्वस्थ समाज की पहचान है।


कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
चित्तौड़गढ़ बॉध निर्माण खण्ड, बलरामपुर

ई–टेण्डरिंग के माध्यम से कराये जाने वाले कार्यों की अति अल्पकालीन ई–निविदा
सूचना संख्या–01 / अ0अ0 / 2026–27

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाइन http://etender.up.nic.in के माध्यम से प्री–क्वालिफिकेसन टेक्निकल बिड एवं फाइनेन्सियल बिड सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0 में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 29.05.2026 को पूर्वान्ह 10.00 बजे से दिनांक 04.06.2026 को अपरान्ह 02.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है, जिसकी प्री–क्वालिफिकेसन टेक्निकल बिड दिनांक 04.06.2026 को अपरान्ह 3.00 बजे से अधिशासी अभियन्ता, चित्तौड़गढ़ बॉध निर्माण खण्ड, बलरामपुर के कार्यालय में निर्धारित समिति द्वारा आनलाइन खोली जायेगी एवं प्री–क्वालिफिकेशन टेक्निकल बिड में उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं के फाईनेन्सियल/प्राइस बिड खोलने की तिथि कुल प्राप्त निविदादाताओं की संख्या के आधार पर नोटिस बोर्ड एवं ई–पोर्टल पर आनलाइन सूचित किया जायेगा। कार्यालय बन्द होने, अवकाश होने अथवा तकनीकी खराबी होने की दशा में यह बिड अगले कार्यदिवस में खोली जायेगी। किसी भी प्रकार की तकनीकी खराबी आने की दशा में विभाग/खण्ड की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। निविदायें वित्तीय वर्ष 2026–27 में प्रस्तावित आवंटन के सापेक्ष आमंत्रित की जा रही हैं। जिन पर धनावंटन के अनुसार ही अनुबंध की कार्यवाही की जायेगी।

| क्रमांक | कार्य का विवरण | कार्य की मात्रा | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | जमानत धनराषि (लाख रू0 में) | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य + स्टेशनरा चार्ज + 18% G.S.T. | पंजी कृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 7 |
| 1 | सोनपुर माइनर के किमी0 1.000 से किमी. 1.820 के मध्य क्षतिग्रस्त भाग के मरम्मत का कार्य | बिल अवान्टिटी के अनुसार | 6.93 | 0.14 | 10 दिवस | 766.00 | 'सी' या उच्च |
| 2 | गनवरिया माइनर के किमी. 2.90 पर क्षतिग्रस्त नहर के मरम्मत हेतु मिट्टी का कार्य | | 2.08 | 0.04 | 7 दिवस | 677.00 | 'सी' या उच्च |

1. इस निविदा/बिड की सूचना/विवरण/शर्ते उ0प्र0 सरकार की बेवसाईट http://etender.up.nic.in सूचना विभाग की बेवसाईट http://information.up.nic.in तथा सिंचाई विभाग की बेवसाईट http://idup.gov.in/ पर भी उपलब्ध है।

विस्तृत निविदा प्रपत्र एवं उससे सम्बंधित अन्य षर्ते वेवसाइट से डाउनलोड कर देखी व पढ़ी जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता
चित्तौड़गढ़ बॉध निर्माण खण्ड,
बलरामपुर।

U.P. 251776 dt. 26/05/2026 विज्ञापन वेबसाइट www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।


# सोशल मीडिया पर भ्रामक, आपत्तिजनक अथवा भड़काऊ सामग्री प्रसारित न करें : डीआईजी

## बकरीद पर सुपर जोन, जोन, सेक्टरों एवं सब सेक्टर में विभाजित कर लगाई गई पुलिस ड्यूटी

**बरेली, 27 मई (तरुणमित्र)।** डीआईजी अजय कुमार साहनी के निर्देशन में ईद-उल-अजहा पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराए जाने हेतु बरेली परिक्षेत्र पुलिस द्वारा व्यापक सुरक्षा प्रबन्ध एवं व्यवस्थात्मक तैयारियाँ की गई हैं। समस्त जनपदों में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा लगातार संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया जा रहा है। बरेली परिक्षेत्र के जनपदों (बरेली, बदायूँ, पीलीभीत व शाहजहाँपुर) में पर्याप्त संख्या में पुलिस व्यवस्थापन किया गया है व विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए हैं। ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व के अवसर पर बरेली परिक्षेत्र के जनपद बरेली, बदायूं, पीलीभीत एवं शाहजहांपुर को शांति एवं कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत सुपर जोन, जोन, सेक्टरों एवं सब सेक्टर में विभाजित कर पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगायी गयी है। बरेली परिक्षेत्र के जनपदों को 08 सुपर जोन, 30 जोन, 85 सेक्टर व 332 सब सेक्टर में विभाजित किया गया है। बरेली परिक्षेत्र के जनपदों में अपर पुलिस अधीक्षक-11 क्षेत्राधिकारी-37 प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष-91, निरीक्षक -257, उ०नि०/म०उ०नि०- 1741, मुख्य आरक्षी- 2578, आरक्षी-5712, महिला मुख्य आरक्षी/आरक्षी-2033 कुल संख्या 12460 एवं मुख्यालय डीजी रिजर्व से 03



कम्पनी, 02 प्लाटून पीएसी एडीजी बरेली जोन रिजर्व से 01 कम्पनी पीएसी एवं रेन्ज रिजर्व की 03 कम्पनी पीएसी कुल- 07 कम्पनी, 02 प्लाटून पीएसी बल का व्यवस्थापन किया गया है। संभ्रात/पीस कमेटी के सदस्यों व धर्मगुरुओं के साथ बैठक, बरेली परिक्षेत्र में कुल 171 गोष्ठी- जनपद बरेली में 50, बदायूँ में 42, पीलीभीत में 38 एवं शाहजहाँपुर में 41 गोष्ठियों का आयोजन किया गया व पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत आमजन व धर्मगुरुओं से सहयोग की अपील की गयी है। पर्व को आपसी भाईचारे, शांति एवं सौहार्द के साथ मनाएं व कुबार्नी केवल निर्धारित एवं अनुमन्य स्थानों पर ही करें व प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी पूर्णतः वर्जित है। कुबार्नी के अवशेषो को सार्वजनिक स्थानों पर न फेंके तथा स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें।

सार्वजनिक स्थानों सड़क इत्यादि पर नमाज कदापि अदा नही की जायेगी तथा यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

सोशल मीडिया पर लगातार सतर्क दृष्टि रखी जा रही है सभी से अपील की गयी है कि सोशल मीडिया पर भ्रामक, आपत्तिजनक अथवा भड़काऊ सामग्री प्रसारित न करें व धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले किसी भी कृत्य, पोस्ट अथवा अफवाह से बचें। सभी से अपील की गयी है कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि अथवा अफवाह की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दें तथा उक्त गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखने हेतु खुफिया तंत्र को भी सक्रिय किया गया है। विगत 10 वर्षो में प्रकाश में आये खुराफाती तत्वों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही की गयी है तथा स्पष्ट निर्देश दिये गये है कि गैरकानूनी कृत्य करने वाले व कानून-व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। यूपी-112 में तैनात पुलिस बल को भी सक्रिय किया गया है तथा उन्हे संवेदनशील स्थानों पर तैनात किया जा रहा है। बरेली परिक्षेत्र पुलिस द्वारा पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, सतत गश्त, ड्रोन एवं सीसीटीवी कैमरों से निगरानी तथा सोशल मीडिया मॉनिटरिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, जिससे पर्व शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न कराया जा सके।

# नकल विहीन संपन्न कराएं बीएड प्रवेश परीक्षाः डीएम



मैनपुरी, 27 मई (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने 31 मई को आयोजित होने वाली बी.एड. प्रवेश परीक्षा को सम्पन्न कराने हेतु तैनात केन्द्र व्यवस्थापकों, स्टेटिक मजिस्ट्रेट के साथ आयोजित बैठक में कहा कि परीक्षा प्रत्येक दशा में सुचिता पूर्ण सम्पन्न करानी है, परीक्षा ड्यूटी में लगे सभी केन्द्र व्यवस्थापक, कक्ष निरीक्षक, स्टेटिक, सेक्टर मजिस्ट्रेट, सचल दल में तैनात अधिकारी सभी सौंपे गये दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन कर परीक्षा को नकलविहीन, शान्तिपूर्ण ढ़ग से सम्पन्न करायें, यदि किसी के द्वारा परीक्षा में विघ्न डालने की कोशिश की जाये तो उसके विरूद्व कठोरतम कार्यवाही की जाये।

उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्र के मुख्य द्वार पर प्रत्येक परीक्षार्थी की सघन तलाशी ली जाये, परीक्षा के दौरान कक्ष निरीक्षक, परीक्षा ड्यूटी में लगे अधिकारी, कर्मचारी को परीक्षा कक्ष के भीतर मोबाइल ले जाना प्रतिबन्धित होगा, परीक्षा के दिन सभी कक्षों के सी.सी.टी.वी. कैमरे क्रियाशील रहें और कक्ष का प्रत्येक परीक्षार्थी सी.सी.टी.वी. की जद में रहे, कंट्रोल रूम से प्रत्येक परीक्षा केन्द्र की गतिविधि पर सी.सी.टी.वी. के माध्यम से पैनी नजर रखी जाये। उन्होने सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देशित करते हुए कहा कि वह दि. 31 मई को परीक्षा प्रारंभ होने से 02 घंटे पूर्व प्रश्न पत्र गोपनीय सामग्री जिला कोषागार कार्यालय पर उपस्थित होकर शस्त्र पुलिस अभिरक्षा में परीक्षा सामग्री को परीक्षा केन्द्र पर केन्द्र व्यवस्थापक को उपलब्ध करायेंगे, परीक्षा समाप्ति के उपरांत उत्तर पुस्तिकाओं को वापस नोडल अधिकारी को उपलब्ध करायें साथ ही अपने-अपने सेक्टर में भ्रमणशील रहकर परीक्षा को शांति, सुचिता पूर्वक एवं नकलविहीन कराना सुनिश्चित करें।

श्री त्रिपाठी ने केन्द्र व्यवस्थापकों से कहा कि आयोग के निदेशों का भलि-भांति अध्ययन कर लें, परीक्षा अवधि में ऐसा कोई कृत्य न किया जाये जिससे परीक्षा की सुचिता पर आंच आये। उन्होने कहा कि परीक्षा प्रारंभ होने पर पर्यवेक्षक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट निरंतर भ्रमणशील रहकर प्रत्येक कक्ष की गतिविधियों पर नजर रखें, परीक्षा केंद्र के ऐसे कक्षों जिनमें परीक्षा नहीं हो रही है उनकी भी सघन तलाशी कराई जाए। उन्होने स्टेटिक मजिस्ट्रेट से कहा कि परीक्षा केन्द्रो के आस-पास पैनी नजर रखें, परीक्षा तिथि से 01 दिन पूर्व यानि 30 मई को स्टेटिक मजिस्ट्रेट अपने परीक्षा केन्द्र का भ्रमण कर खासतौर पर सी.सी.टी.वी. कैमरों की क्रियाशीलता, परीक्षार्थियों हेतु पीने के पानी की उपलब्धता, परीक्षा कक्षों में प्रकाश व्यवस्था, सीलिंग फैन की क्रियाशीलता को अवश्य चैक कर लें, परीक्षा की तिथि को परीक्षा प्रारंभ होने के 02 घंटे पूर्व परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होकर अपनी देख-रेख में सम्पन्न करायें, दायित्वों में लापरवाही अक्षम्य होगी। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी 05 परीक्षा केन्द्रों पर 01-01 ठंडे पानी के टैंकर की व्यवस्था सुनिश्चित करायें, मुख्य चिकित्साधिकारी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा में ओ.आर.एस. घोल, सामान्य दावाओं की उपलब्धता के साथ एंबुलेंस, मेडिकल टीम की तैनाती करें।

पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा ने कहा कि सभी कन्द्र व्यवस्थापक अपने-अपने केन्द्रों पर समय से सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर लें, गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रख अभिभावकों के बैठने का स्थान चिन्हित करें। उन्होने कहा कि प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात रहेगा, आप सब काफी अनुभवी हैं और इससे पूर्व कई परीक्षाओं को सकुशल सम्पन्न करा चुके हैं, बी.एड. प्रवेश परीक्षा को भी सकुशल, नकलविहीन सम्पन्न कराने में अपना योगदान दें। जिला विद्यालय निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि 31 मई को बी.एड. प्रवेश परीक्षा 02 पालियों में जनपद के 05 परीक्षा केन्द्रों पर प्रथम पाली प्रातः 09 बजे से 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपरान्ह 02 बजे से 05 बजे तक आयोजित होगी, प्रवेश परीक्षा में 1900 परीक्षार्थी प्रतिभाग करेंगे। उन्होने बताया कि राजकीय इंटर कॉलेज, कुं. आर.सी. महिला पी.जी. कॉलेज, सनातन धर्म इं.कॉ., श्री चित्रगुप्त इंटर कॉलेज एवं श्री चित्रगुप्त पी.जी. कॉलेज में 380-380 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश चन्द्र, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आर.सी. गुप्ता, परियोजना निदेशक सत्येंद्र सिंह, क्षेत्राधिकारी संतोष कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक सतीश कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी अशोक मिश्रा, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी राजेश बघेल सहित सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात अन्य अधिकारी, केन्द्र व्यवस्थापक आदि उपस्थित रहे।

## केंद्र सरकार पेट्रोल-डीजल की बढ़ी हुई कीमतें वापस ले: नंदकिशोर



फर्रुखाबाद, 27 मई (तरुणमित्र)। किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नन्दकिशोर दुवे वन्देमातरम ने पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर देश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला।

उन्होंने कहा कि सरकार किसानों व आम जनता को राहत देने के बजाय किस्तों में लूटने का काम कर रही है। देश की भाजपा सरकार ने डीजल व पेट्रोल का दामो को आसमान मे छुलाने से खेती महंगी पड़ती जा रही है। खेतों की जोताई, इंजन से सिचाई व सामान ढुलाई का किराया सब पर बोझ बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। पहले रसोई गैस और अब पेट्रोल-डीजल के दाम लगातार बढ़ाकर आम आदमी की कमर तोड़ी जा रही है। उन्होंने कहा कि ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी का सीधा असर परिवहन, खेती और रोजमर्रा की वस्तुओं पर पड़ता है, जिससे हर वर्ग प्रभावित होता है। नन्दकिशोर दुवे वन्देमातरम ने कहा कि सरकार जानबूझकर थोड़े-थोड़े अंतराल में कीमतें बढ़ा रही है, ताकि देश की आम जनता व किसानों का विरोध कम दिखाई दे। हालांकि अब देश की आम जनता व किसान भाजपा की नीतियों को समझ चुका हैं।

## कृषक बागवानी मशीनीकरण योजनाओं का लाभ लेने को करें आवेदन: सिंह

फर्रुखाबाद, 27 मई (तरुणमित्र)। मुख्यमंत्री राज्य औद्यानिक विकास योजना के अन्तर्गत संकर शाकभाजी कार्यक्रम एवं बागवानी मशीनीकरण योजनाओं हेतु आवेदन आमंत्रित है।

उद्यान विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु नवीन गाइडलाइन के अनुसार मुख्यमंत्री राज्य औद्यानिक विकास योजना के अन्तर्गत जनपद फरुखाबाद के कृषकों के लिए विभिन्न योजनाओं में लक्ष्य प्राप्त हुए हैं। योजनाओं का उद्देश्य कृषकों को आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत बीजों तथा कृषि यंत्रीकरण से जोड़ते हुए उनकी आय में वृद्धि करना है।



आलू एवं शाकभाजी विकास अधिकारी राघवेन्द्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि संकर शाकभाजी कार्यक्रम के अन्तर्गत सामान्य वर्ग हेतु 30 हेक्टेयर तथा अनुसूचित जाति वर्ग हेतु 10 हेक्टेयर, कुल 40 हेक्टेयर का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त परियोजना आधारित बागवानी मशीनीकरण योजनान्तर्गत कृषकों को कृषि यंत्रों पर अनुदान का लाभ प्रदान किया जायेगा।

**योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त लक्ष्यों का विवरण निम्नवत है-** ट्रैक्टर 20 बीएचपी तक-सामान्य वर्ग हेतु 01 इकाई, पॉवर ट्रिलर 8 बी०एच०पी० तक झ सामान्य वर्ग हेतु 01 इकाई, पॉवर ट्रिलर 8 बी०एच०पी० से अधिक झ सामान्य वर्ग हेतु 01 इकाई, पॉवर नैपसेक स्प्रेयर (12 से 16 लीटर क्षमता) झ सामान्य वर्ग हेतु 02 इकाई एवं अनुसूचित जाति वर्ग हेतु 01 इकाई। उन्होंने बताया कि योजनाओं का लाभ प्रथम आवक, प्रथम पावक के आधार पर प्रदान किया जायेगा। इच्छुक कृषक निर्धारित अभिलेखों सहित कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन हेतु आवश्यक अभिलेख इस प्रकार हैं-** दो पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड की छायाप्रति, बैंक पासबुक की छायाप्रति, खसरा / खतौनी की छायाप्रति, फार्मर आई०डी०, जाति प्रमाण-पत्र (अनुसूचित जाति वर्ग हेतु), 10 रुपये के स्टॉम्प पेपर पर नोटरी शपथ पत्र के साथ। इच्छुक कृषक अपने आवेदन पत्र कार्यालय आलू एवं शाकभाजी विकास अधिकारी, कक्ष संख्या-57, विकास भवन फतेहगढ़, फरुर्खाबाद में जमा कर योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। कृषकों से अपील की गयी है कि वे समय से आवेदन कर विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठायें तथा आधुनिक कृषि एवं बागवानी तकनीकों को अपनाकर अपनी आय में वृद्धि करें।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जल्द मिलेगी प्रसूताओं को अल्ट्रासाउंड की सुविधा

हरपालपुर,हरदोई, 27 मई (तरुणमित्र)। कटियारी क्षेत्र की प्रसूताओं के लिए एक राहत भरी खबर है। सीएचसी में जल्द ही अल्ट्रासाउंड मशीन लगेगी जिससे सीएचसी में निशुल्क अल्ट्रासाउंड की सुविधा मिलने से प्रसूताओं को राहत मिलेगी। बुधवार को डीएम के निर्देश पर एसडीएम सवायजपुर ने अस्पताल पहुंचकर निरीक्षण किया है।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने अन्य व्यवस्थाएं भी देखी।बताते चलें कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरपालपुर के जच्चा बच्चा केंद्र के आधुनिकीकरण के लिए भारतीय स्टेट बैंक के सहयोग से लाखों रुपये का बजट खर्च किया गया है।सीएचसी के प्रसव कक्ष,जच्चा बच्चा बार्ड को वातानुकूलित करने के साथ सौंदर्यीकरण कराया गया है। अब प्रसूताओं की जॉच के लिए अल्ट्रासाउंड मशीन लगाई जानी है। इसके लिए जिलाधिकारी अनुनय झा के निर्देश पर बुधवार को उप जिलाधिकारी सवायजपुर अंकित तिवारी ने अस्पताल का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उन्होंने जच्चा बच्चा वार्ड में जाकर मरीजों से बात की। लेबर रूम, ओटी के अलावा ओपीडी का हाल भी देखा। एसडीएम ने बताया कि अभी कुछ दिन पूर्व उन्होंने निरीक्षण के दौरान दो चिकित्सक अनुपस्थित पाए थे। जिसकी आख्या जिलाधिकारी को भेजी गई है। बाहर से दवा मिलने की शिकायतों पर उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि भविष्य में शिकायत मिली तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान नोडल अफसर मनोज सिंह, सीएचसी अधीक्षक डॉ आनंद पांडेय, वंदना पान्डेय सर्जन डॉ शैलेंद्र अग्रवाल,डॉ एसके गौतम आदि मौजूद रहे।

## अन्नदाता का दर्द: 55 दिन बीते, मंडियों में पसरा सन्नाटा

- कड़ाके की धूप में खून-पसीना एक करने वाले किसानों को नहीं मिल रहा हक, चार केंद्र प्रभारियों को नोटिस
- मंडलायुक्त की फटकार के बाद जागा प्रशासन: सरकारी फाइलों में सिमटा गेहूं खरीद का 'लक्ष्य'

हरदोई, 27 मई (तरुणमित्र)। जेठ की इस चिलचिलाती धूप और तपती दुपहरी में अपना खून-पसीना एक कर सुनहरी फसल उगाने वाला अन्नदाता आज अपनी ही उपज बेचने के लिए सिस्टम की बेरुखी के आगे लाचार खड़ा है। जिले में सरकारी समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद शुरू हुए 55 दिन से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन क्रय केंद्रों पर पसरी सुस्ती और प्रभारियों की लापरवाही के कारण लक्ष्य के सापेक्ष खरीद ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। हाल ही में मंडलायुक्त द्वारा की गई गेहूं खरीद की समीक्षा में जब हरदोई की यह बदहाल तस्वीर सामने आई, तो उन्होंने जिले की धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई।

अन्नदाता का दर्द यह है कि अगली फसल के लिए खाद-पानी का इंतजाम, सिर पर चढ़ता कर्ज और परिवार की जरूरतें उसे हर पल कचोट रही हैं। किसान कब तक ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर सरकारी बाबू का इंतजार करे? नतीजा यह है कि केंद्र पर चक्कर काट-काटकर थका बेबस किसान आज औने-पौने दामों पर आढ़तियों के हाथों लुटने को मजबूर है। सरकारी फाइलों में योजनाएं भले ही महत्वाकांक्षी हों, लेकिन जमीन पर जिम्मेदार एजेंसियां इसे पलीता लगाने में जुटी हैं। मंडलायुक्त की फटकार के बाद अब जाकर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जिला खरीद अधिकारी एवं एडीएम न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी ने बताया कि क्रय एजेंसी पीसीयू के 20 केंद्रों को जिलाधिकारी अनुनय झा ने स्वीकृति दी थी। मगर लापरवाही का आलम देखिए कि इनमें से एक क्रय केंद्र पर अब तक खरीद शून्य रही, जिससे पूरे मंडल में जनपद की भारी फजीहत हुई है। इसके अलावा पीसीयू के क्रय केंद्र बी पैक्स छिबरामऊ प्रथम और द्वितीय, बी पैक्स शाहपुर नाऊ (शाहाबाद मंडी) व बीपैक्स सकरा (हरदोई मंडी) पर अब तक 100 मीट्रिक टन तक की भी खरीद नहीं की जा सकी है। इस घोर लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाते हुए एडीएम प्रफुल्ल त्रिपाठी ने चार केंद्र प्रभारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है। इसके साथ ही उन्होंने सभी क्रय एजेंसियों और केंद्र प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे सीधे गांवों में जाकर किसानों से संपर्क करें और हर हाल में खरीद का लक्ष्य बढ़ाएं। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि सीजन बीत जाने के बाद जागी व्यवस्था क्या किसानों के इस गहरे होते दर्द पर मरहम लगा पाएगी?

## देश की शीर्ष कंपनियों में युवाओं को मिलेगा प्रशिक्षण व अनुभवः राजवीर

फर्रुखाबाद, 27 मई (तरुणमित्र)। नोडल प्रधानाचार्यराजवीर सिंह राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान फर्रुखाबाद ने शिक्षित युवाओं से अपील की है कि प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत जनपद के समस्त शिक्षित एवं रोजगारोन्मुख युवाओं को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत युवाओं को देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में प्रशिक्षण एवं रोजगारोन्मुख अनुभव प्रदान किये जाने हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जानेहैं।

योजना के अंतर्गत 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे युवा, जिन्होंने स्नातक, डिप्लोमा, आईटीआई, इंटरमीडिएट अथवा हाईस्कूल उत्तीर्ण किया है, आवेदन करने के पात्र होंगे। इच्छुक अभ्यर्थी योजना के आधिकारिक पोर्टल pminternship.mca.gov.in पर ऑनलाइन पंजीकरण कर आवेदन कर सकते हैं। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप



योजना के माध्यम से चयनित अभ्यर्थियों को देश के 19 विभिन्न सेक्टरों की लगभग 500 शीर्ष कंपनियों में इंटर्नशिप का अवसर प्रदान किया जायेगा। योजना के अंतर्गत चयनित युवाओं को इंटर्नशिप अवधि के दौरान न्यूनतम रू० 9000/- प्रतिमाह की वित्तीय सहायता एक वर्ष तक प्रदान की जायेगी। इसके अतिरिक्त अभ्यर्थी द्वारा कार्यभार ग्रहण करने पर रू० 6000/- की एकमुश्त अनुदान राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (DBT) के माध्यम से प्रदान की जायेगी। ऑनलाइन पंजीकरण के दौरान अभ्यर्थी द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के आधार पर पोर्टल स्वतः बायोडाटा तैयार करेगा। तत्पश्चात संबंधित कंपनियां अपने चयन मानकों एवं प्रक्रियाओं के अनुसार अभ्यर्थियों का चयन कर उन्हें इंटर्नशिप ऑफर प्रदान करेंगी। जनपद के समस्त पात्र एवं इच्छुक युवाओं से अपील की जाती है कि वे अधिकाधिक संख्या में योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु समय से ऑनलाइन आवेदन करें तथा अपने उज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ायें। अधिक जानकारी हेतु अभ्यर्थी जिला सेवायोजन कार्यालय अथवा योजना के आधिकारिक पोर्टल का अवलोकन कर सकते हैं।

## पुलिस का एक्शन: एक साथ दबोचे गए पांच वारंटी

कछौना,हरदोई, 27 मई (तरुणमित्र)। जनपद में अपराधियों और वांछितों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष धरपकड़ अभियान के तहत कछौना पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना और सटीक रणनीति के बल पर लंबे समय से कानून की आंख में धूल झोंक रहे 5 वारंटी अभियुक्तों को अलग-अलग क्षेत्रों से गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। पुलिस की इस ताबड़तोड़ कार्रवाई से क्षेत्र के अपराधियों और वारंटियों में हड़कंप मच गया है।पुलिस द्वारा जारी विवरण के अनुसार, पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान मनशाराम (पुत्र द्वारिका, निवासी- ग्राम पकरिया उसर मजरा लोहारा), विनोद (पुत्र स्वर्गीय शिवराम, निवासी- ग्राम पकरिया उसर गजरा लोहारा), सुरेश (पुत्र मोहन, निवासी- ग्राम कलौली), इन्द्रपाल (पुत्र स्वर्गीय लदामण, निवासी- ग्राम गोठवा मजरा गाजू) और गन्नी (पुत्र लल्ला, निवासी- ठाकुरगंज करूचा, थाना कछौना) के रूप में हुई है।इस सफल कार्रवाई को अंजाम देने में कछौना थाने के उप-निरीक्षक राजेन्द्र सिंह, महिला उप-निरीक्षक आकांक्षा सिंह, महिला उप-निरीक्षक समीक्षा कटियार, उप-निरीक्षक रामकुमार शुक्ला, हेड कांस्टेबल उदयवीर सिंह, रक्षी कांस्टेबल सचिन कुमार और रक्षी कांस्टेबल प्रशान्त नायक की टीम का विशेष योगदान रहा। थाना प्रभारी के अनुसार, कोर्ट से जारी वारंट के बाद भी फरार चल रहे अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और यह अभियान आगे भी इसी तरह सख्ती से जारी रहेगा।

## महिलाओं को बताए साइबर फ्रॉड से बचने के उपाय

मथुरा, 27 मई (तरुणमित्र)। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किया गया। एफएलसी डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर अमित चतुवेर्दी ने महिलाओं को साइबर फ्रॉड के विभिन्न तरीकों व उनसे बचने के उपाय बताए। जिसमें मनी म्यूल फ्रॉड के बारे में बताया कि फर्जी लोग गरीब लोगों को लालच देकर उनके खाते में रुपए भेज देते हैं और फिर उस धनराशि को निकाल देते हैं। अपने खाते का इस्तेमाल और किसी को न करने दे। नहीं तो आपको जेल जाना पड़ सकता है। किसी और के रुपए अपने बैंक खाते में न लें। केवाईसी का फर्जी मैसेज आने पर किसी लिंक पर अपने पेन कार्ड आधार कार्ड अपलोड न करें, गैस की बुकिंग के लिए केवाईसी की जरूरत नहीं हर बार ऐसे किसी लिक पर कोई जानकारी अपलोड न करें। 1930 नंबर पर फ्रॉड होने पर तत्काल सूचना दे।

## सुप्रीम कोर्ट की विशेष लोक अदालत में आपसी सहमति से होगा विवादों का त्वरित निपटारा

लखीमपुर-खीरी, 27 मई (तरुणमित्र)। सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा ₹समाधान समारोह, 2026₹ के तहत विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य आमजन को सरल, सुलभ और त्वरित न्याय उपलब्ध कराना है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखीमपुर-खीरी के पूर्णकालिक सचिव श्री अम्बरीश त्रिपाठी ने इस संबंध में जानकारी दी।

21 अगस्त से सुप्रीम कोर्ट में विशेष लोक अदालतः-यह महत्वाकांक्षी अभियान 21 अप्रैल 2026 से शुरू हो चुका है और इसके अंतर्गत देशभर में विभिन्न स्तरों पर सुलह-समाधान की प्रक्रिया जारी है। अभियान का समापन 21, 22 एवं 23 अगस्त 2026 को माननीय सर्वोच्च न्यायालय परिसर में आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत के माध्यम से होगा। इसमें सर्वोच्च न्यायालय में लंबित उपयुक्त मामलों का आपसी सहमति और मध्यस्थता के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। जिले में भी लगेंगी सुलह बैठकें:-समाधान समारोह के अंतर्गत राज्य, जिला, तालुका एवं उच्च न्यायालय स्तर पर स्थित विधिक सेवा प्राधिकरणों व समितियों के मध्यस्थता केन्द्रों में सुलह-वार्ता का आयोजन किया जा रहा है। इन बैठकों में प्रशिक्षित मध्यस्थों और विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा पक्षकारों को मार्गदर्शन व सहयोग प्रदान किया जा रहा है, ताकि वे आपसी सहमति से अपने विवादों का समाधान कर सकें।

ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों विकल्पः-प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए पक्षकारों को भौतिक उपस्थिति के साथ-साथ ऑनलाइन माध्यम से भी सुलह-वार्ता में भाग लेने की सुविधा दी गई है। इससे दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भी इस पहल का लाभ आसानी से मिलेगा। 31 मई तक करें आवेदनः-इच्छुक पक्षकार सुप्रीम कोर्ट, नई दिल्ली की आधिकारिक वेबसाइट https://www.sci.gov.in पर उपलब्ध गूगल फॉर्म के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई 2026 निर्धारित की गई है।

समय और धन दोनों की होगी बचतः-सचिव अम्बरीश त्रिपाठी ने अधिवक्ताओं, वादकारियों और सभी संबंधित पक्षों से अपील की है कि वे इस जनहितकारी अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल समय और धन की बचत करेगी,बल्कि आपसी संबंधों को भी बेहतर बनाए रखने में सहायक सिद्ध होगी।

सहायता के लिए संपर्कः-किसी भी जानकारी या सहायता के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्थापित वन स्टॉप सेंटर के हेल्पलाइन नंबर 011-23115652, 011-23116464, 011-23115652 पर संपर्क किया जा सकता है। ई-मेल के लिए special-lokadalat2026@sci.nic.in पर मेल भेज सकते हैं।

## गढ़ी में नवनिर्मित पुलिस चौकी का उद्घाटन सुरक्षा व्यवस्था होगी और मजबूत

लखीमपुर-खीरी, 27 मई (तरुणमित्र)। बुधवार को जनपद लखीमपुर खीरी के गढ़ी क्षेत्र में नवनिर्मित पुलिस चौकी का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक योगेश वर्मा शामिल हुए। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग समेत पुलिस विभाग के कई उच्चाधिकारी भी मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए सदर विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि नई पुलिस चौकी के निर्माण से क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी तथा आमजन में विश्वास एवं सुरक्षा की भावना को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। वहीं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग ने कहा कि जनता की सुरक्षा और अपराध नियंत्रण पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि नई पुलिस चौकी से क्षेत्र में पुलिस की निगरानी और त्वरित कार्रवाई की व्यवस्था बेहतर होगी,जिससे आम लोगों को राहत मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, पुलिसकर्मी एवं क्षेत्रीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## मंदिर ठाकुर द्वारकाधीश जी महाराज में आयोजित हुआ होली महोत्सव

मथुरा, 27 मई (तरुणमित्र)। प्रसिद्ध मंदिर ठाकुर द्वारकाधीश के विधि एवं मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी एडवोकेट ने बताया कि मंदिर सभी कार्यक्रमों का निर्धारण मंदिर के गोस्वामी श्री श्री 108 डॉक्टर वागीश कुमार जी महाराज कांकरोली नरेश, तृतीय पीठाधीश्वर के द्वारा किया गया है। इसी के तहत अधिक मास उत्सवों की श्रृंखला में आज 27 मई को एकादशी के दिन राजभोग के दर्शनों में ठाकुर राजाधिराज कुंज में विराजमान होकर होली खेली। युगल सरकार ने कुंजन होरी रे श्याम पिया रसिया के भाव से भक्तों के साथ होली खेली। इसी क्रम में पूरे एक माह तक विशेष मनोरथ आयोजित किए जाएंगे जिसमे 28 मई को सायंकाल 6.30 से 8 बजे तक ठाकुर जी के ब्यावले के दर्शन होंगे।

## कांग्रेस कार्यालय पर मनाई जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि

मैनपुरी, 27 मई (तरुणमित्र)। प्रदेश नेतृत्व के निदेर्शानुसार जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय मंदिधर्मदास पर जिलाउपाध्यक्ष श्री भीमसेन कठेरिया जी की अध्यक्षता में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व पंडित जवाहरलाल नेहरु जी की पुण्य तिथि मनाई गई।

जिलाउपाध्यक्ष भीमसेन कठेरिया जी ने बताया कि पंडित जवाहरलाल नेहरू स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री और एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्हें आधुनिक भारत के निमार्ता के रूप में याद किया जाता है। बच्चों से अत्यधिक लगाव के कारण उन्हें 'चाचा नेहरू' भी कहा जाता था।

जिलाउपाध्यक्ष शरद पचौरी जी ने बताया कि वर्ष 1916 में उनकी मुलाकात महात्मा गांधी से हुई,



जिसका उनके विचारों पर गहरा प्रभाव पड़ा। उन्होंने असहयोग आंदोलन, सविनय अवज्ञा आंदोलन और भारत छोड़ो आंदोलन जैसे प्रमुख स्वतंत्रता आंदोलनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान उन्हें कई बार ब्रिटिश जेलों में भी रहना पड़ा। 1929 में वे लाहौर में कांग्रेस अधिवेशन के अध्यक्ष बने, जहाँ उन्होंने 'पूर्ण स्वराज' की मांग रखी। प्रदेश कांग्रेस के सदस्य अरविंद यादव के बताया कि उन्होंने भाखड़ा नांगल और दामोदर घाटी जैसी विशाल नदी घाटी परियोजनाओं की नींव रखी। साथ ही, IIT और परमाणु ऊर्जा आयोग जैसे संस्थानों की स्थापना की।उन्होंने गुटनिरपेक्ष आंदोलन (Non-Aligned Movement) की स्थापना में मुख्य भूमिका निभाई और 'पंचशील' के सिद्धांतों को प्रतिपादित किया।

इस कार्यक्रम में वरिष्ठ जिलाउपाध्यक्ष रमेश चंद्र वर्मा, श्रीकृष्ण तिवारी, डा नवीन शर्मा, सुधीर यादव, नकुल शाक्य, अमित वर्मा, अंकित शर्मा, जितेंद्र राठौर, मोनू यादव, प्रशांत कुमार, वैभव पाल, अतुल कुमार,अंकुश कुमार, गौरव बादशाह, आलोक सिंह, लवी कुमार आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

## चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

हरपालपुर,हरदोई, 27 मई (तरुणमित्र)। कोतवाली क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवो में एक भैंस व एक भैंसा चोरी के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से पुलिस ने चोरी का भैंसा बरामद करते हुए भैंस बिक्री का 5250 रुपये,एक तमंचा और कारतूस बरामद किया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बहादुर नगर मजरा दसौली गांव निवासी पूजा देवी पत्नी अजय कुमार ने 15 मार्च 2026 को पुलिस अधीक्षक अशोक मीणा के आदेश पर अनिल कुमार राम शंकर, राहुल उर्फ रावेंद्र पर भैंस चोरी की आशंका जाहिर करते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। दूसरे मामले में निकारी गांव निवासी द्वारिका पुत्र रामबाबू ने 24 मई 2026 को अपना एक भैंस चोरी का आरोप लगाते हुए अज्ञात चोरों पर मुकदमा दर्ज कराया था। दोनों मामलों की विवेचना के दौरान प्रकाश में आए बालिस्टर निवासी ग्राम कैखाई थाना हरपालपुर को गंगा एक्सप्रेसवे सर्विस रोड पर नीलम नदी के पास बुधवार की सुबह गिरफ्तार किया है।

# सपा को महिला विरोधी बताने वाले पोस्टरों पर भड़का 'साइकिल' का कुनबा, प्रशासन को घेरा

### सपा जिलाध्यक्ष शराफत अली बोले- पार्टी की छवि बिगाड़ने की रची साजिश, प्रिंटिंग प्रेस व पोस्टर लगाने वालों पर हो एफआईआर

हरदोई, 27 मई (तरुणमित्र)। जिला मुख्यालय के प्रमुख चौराहों पर समाजवादी पार्टी को 'महिला विरोधी' बताने वाले विवादित पोस्टर चस्पा किए जाने के बाद जिले का सियासी पारा अचानक गरमा गया है। इस पूरे मामले को लेकर समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है।

बुधवार को सपा जिलाध्यक्ष शराफत अली की अगुवाई में पार्टी के एक बड़े प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। सपा नेताओं ने सीधे तौर पर आरोप लगाया है कि यह पूरी हरकत समाजवादी पार्टी की साफ-सुथरी और मजबूत छवि को जनता




की नजरों में धूमिल करने की एक सोची-समझी राजनीतिक साजिश है।

सपा जिलाध्यक्ष शराफत अली ने तीखे लहजे में कहा कि शहर के चौराहों पर जिस तरह से पार्टी विरोधी पोस्टर लगाए गए हैं, वह बेहद निंदनीय है।

उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर उन लोगों की पहचान की जाए जिन्होंने रात के अंधेरे में ये पोस्टर लगाए हैं। इसके साथ ही, बिना प्रकाशक और मुद्रक के नाम के इन अवैध पोस्टरों को छापने वाली प्रिंटिंग प्रेस को भी तत्काल चिह्नित कर उसके खिलाफ भी सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाए।

ज्ञापन सौंपने के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में सपा कार्यकताओं ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की। इस मौके पर मौजूद पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि विपक्ष की बढ़ती लोकप्रियता से बौखलाए लोग इस तरह की ओछी हरकतों पर उतर आए हैं, जिसे समाजवादी पार्टी का कोई भी कार्यकर्ता कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। अगर जल्द ही पोस्टर छापने और लगाने वालों को बेनकाब कर सलाखों के पीछे नहीं भेजा गया, तो सपा उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

ज्ञापन सौंपने के दौरान सपा के तमाम अग्रिम संगठनों के पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता और सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सीएम डैशबोर्ड की खराब रैंकिंग पर डीएम सख्त, अधिकारियों को लगाई फटकार

## ओवरलोड और बिना नंबर प्लेट वाहनों पर चलाया जाएगा अभियान



**उन्नाव, 27 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में सीएम डैशबोर्ड पर खराब रैंकिंग वाले विभागों की समीक्षा बैठक की। समीक्षा के दौरान खराब प्रदर्शन करने वाले विभागों के अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने कड़ी फटकार लगाई और सुधार न होने पर विभागीय कार्रवाई की चेतावनी दी।

बैठक में जीएसटी, स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन, मंडी, पीएम स्वनिधि योजना, परिवहन, खनन, मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना, भू-आवंटन पट्टे, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं उपायुक्त उद्योग सहित अन्य विभागों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी सीएम डैशबोर्ड को गंभीरता से लें और रैंकिंग सुधारने के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्य करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

ओवरलोड और बिना नंबर प्लेट वाहनों पर होगी कड़ी कार्रवाई परिवहन विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद में ओवरलोड और बिना नंबर प्लेट वाहनों के संचालन पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। बैठक में मौजूद यात्री एवं मालकर अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि शहर के बाहर से आने वाले ओवरलोड और बिना नंबर वाले वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक वाहनों को पकड़कर जुमार्ना वसूला जाए, मुकदमे दर्ज कराए जाएं तथा आवश्यकतानुसार स्क्रैप की कार्रवाई भी की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में किसी भी स्थिति में ओवरलोड या बिना नंबर प्लेट की गाड़ियां नहीं दिखनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में अवैध खनन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने खनन एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों को संयुक्त रूप से अभियान चलाकर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देशबैठक में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के लंबित मामलों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों से एक-एक कर जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि कोई भी प्रकरण लंबित न रहे और सभी मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए।

इसके साथ ही भू-आवंटन के अंतर्गत आवास, कृषि एवं मत्स्य पट्टों के आवंटन को युद्धस्तर पर पूरा करने के निर्देश दिए गए। तहसील न्यायालयों में लंबित पुराने वादों के निस्तारण पर भी जिलाधिकारी ने विशेष जोर देते हुए कहा कि लंबित मामलों की संख्या शून्य दिखाई देनी चाहिए।बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार गोंड़, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव, उपजिलाधिकारी आनंद नायक सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# बीएड प्रवेश परीक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट, डीएम ने दिए सख्त निर्देश

## 31 मई को दो पालियों में होगी परीक्षा, 4 केंद्रों पर शामिल होंगे 1550 परीक्षार्थी



**उन्नाव, 27 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट सभागार में 31 मई 2026 को आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2026 को लेकर सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं केंद्र प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा आयोजन में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा से संबंधित दिशा-निर्देश पुस्तिका को भलीभांति पढ़ लिया जाए ताकि किसी प्रकार की भ्रम की स्थिति न रहे। उन्होंने कहा कि प्रश्नपत्र समय से परीक्षा केंद्रों तक पहुंच जाएं तथा सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे सुचारू रूप से संचालित रहें। परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पूरी तरह प्रतिबंधित डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों के अंदर मोबाइल फोन का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

साथ ही किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस एवं अनुचित सामग्री परीक्षा केंद्र के भीतर न जाने पाए। इसके लिए सुरक्षा कर्मियों एवं कक्ष निरीक्षकों को गहन चेकिंग करने के निर्देश दिए गए।उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जाएं तथा आवश्यकता पड़ने पर महिला पुलिस बल की भी तैनाती की जाए। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, बैग जमा करने की व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहें। जनपद में बनाए गए 4 परीक्षा केंद्रउत्तर प्रदेश बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा 31 मई 2026 को दो पालियों में आयोजित होगी।

# खाद्य विभाग की कार्रवाई में 9 नमूने भरे, कई प्रतिष्ठानों को नोटिस

**उन्नाव, 27 मई (तरुणमित्र)।** गर्मी के मौसम में आमजनमानस को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश, लखनऊ तथा जिलाधिकारी उन्नाव के निर्देश पर मंगलवार 27 मई 2026 को जिले में कुल 9 खाद्य नमूने संग्रहित किए गए। अभियान के दौरान विभिन्न प्रतिष्ठानों से आइसक्रीम एवं अन्य खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए। मेसर्स जश्न आइसक्रीम, सेफद अब्बासपुर, सादर उन्नाव से चोको बेरी आइसक्रीम, ऑरेंज आइस कैंडी, मीडियम फैट फ्रोजन डेजर्ट और आइसक्रीम चोकोबार के नमूने संग्रहित किए गए। मौके पर अत्यधिक गंदगी पाए जाने तथा खाद्य पदार्थों पर उचित श्रेणी अंकित न होने एवं आइसक्रीम डिब्बों पर बैच नंबर, ब्रांड नाम और पैकिंग तिथि दर्ज न होने पर नोटिस जारी किया गया। इसके अलावा मेसर्स वर्मा फूड प्रोडक्ट, कछवाखेड़ा सिविल लाइन उन्नाव से कुल्फी और आइसकैंडी के नमूने लिए गए। यहां भी गंदगी पाए जाने पर सुधार हेतु नोटिस दिया गया।

मेसर्स पवन आइसक्रीम, हरदोई रोड बांगरमऊ से ऑरेंज फ्लेवर आइसक्रीम और मैंगो फ्लेवर आइसक्रीम के नमूने भरे गए। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई में कमी मिलने पर विभाग ने नोटिस जारी किया। वहीं मेसर्स मदरसा आइसक्रीम, नवाबगंज उन्नाव से आइसकैंडी ऑरेंज बार का नमूना लिया गया। यहां भी साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक न मिलने पर सुधार के निर्देश दिए गए। जांच रिपोर्ट आने के बाद होगी आगे की कार्रवाई खाद्य विभाग द्वारा संग्रहित सभी नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला भेज दिया गया है।

# ईद-उल-अजहा आज: ईदगाहों व मस्जिदों में अदा की जाएगी ईद की नमाज, प्रशासन अलर्ट

- अधिकारियों ने ईदगाहों व मस्जिदों का निरीक्षण किया
- ईद-उल-अजहा की तैयारियां को लेकर बाजार भी रात भर जगमगाते रहें



### ईद की नमाज का समय

बड़ा खुत्बा : 7.30 बजे, छोटा खुत्बा : 8.00 बजे , जामा मस्जिद : 7.45 बजे , गदियाना ईदगाह : 7.45 बजे ,बड़ी मस्जिद : 7.45 बजे ईद की नमाज को देखते हुए पूरी तैयारी कर ली गई। बड़ी ईदगाह पर पीएसी व पुलिस बल तैनात रहेगा। सोशल मीडिया पर विशेष निगाह रखी जा रही है। माहौल खराब करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा।

सौरभ दीक्षित
एसपी/शाहजहांपुर

**शाहजहांपुर, 27 मई (तरुणमित्र)।** आज ईद-उल-अजहा का त्योहार मनाया जाएगा। ईद को देखते हुए पूरे दिन व रात भी बाजार गुलजार रहे। ईदगाहों और मस्जिदों में साफ-सफाई के काम को मुकम्मल कर लिया गया। बुधवार को ईद को लेकर सुबह से ही तैयारियों का सिलसिला शुरू हो गया। तेज धूप के बावजूद बाजार में भीड़ रही। बहादुरगंज, मंडी, लाल



इमली चौराहा, जलालनगर बजरिया आदि में खरीदार उमड़ पड़े। लोगों ने कपड़े, सिंवई और सूतफेनी समेत जरूरी चीजों की खरीदारी की। चूड़ी वाली गली में हाथों में मेहंदी लगवाने को महिलाओं की लाइन लगी रही। वहीं रेडीमेड कुर्ता-पायजामा की दुकानें भी गुलजार रहीं। दूसरी तरफ ईदगाह और मस्जिदों में नमाज के लिए सभी तैयारियां मुकम्मल कर ली गई। अधिकारियों ने ईदगाहों व मस्जिदों का निरीक्षण किया, बड़ी ईदगाह में चूने से नमाजियों के लिए सफें तैयार कर ली गई। ईद-उल-अजहा की नमाज के बाद तीन दिन तक कुबार्नी होती हैं। शहर पेश इमाम मौलाना हुजूर अहमद मंजरी ने कहा ईद की नमाज ईदगाह व मस्जिदों के अन्दर पढ़ें और कुबार्नी बंद जगह पर करें साथ ही प्रतिबंधित जानवर पर कुबार्नी हरगिज न करें।

## संक्षिप्त समाचार

### बड़े मंगल को सुंदरकांड का आयोजन

**तिलहर/शाहजहांपुर, 27 मई (तरुणमित्र)।** बड़े मंगल को नगर के मोहल्ला निजामगंज में करन सिंह यादव द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया।पंडित देव प्रकाश द्वारा पाठ किया गया। पंडित जी ने बताया कि सुंदरकाण्ड रामचरितमानस का एक महत्वपूर्ण भाग है, जिसमें भगवान हनुमान जी की वीरता, भक्ति और बुद्धिमत्ता का वर्णन मिलता है। इस काण्ड में हनुमान जी समुद्र पार कर माता सीता की खोज करते हैं और लंका में भगवान राम का संदेश पहुँचाते हैं। सुंदरकाण्ड का पाठ करने से मन में साहस, शांति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। पाठ के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान निखिल यादव,प्रद्युम्न सिंह,अनिरुद्ध यादव एवं मनोज यादव आदि श्रोता मौजूद रहे।

### विधायक अरविंद ने क्षेत्र में निरीक्षण किया, मुआवजा दिलाने के लिए मुख्यमंत्री को भेजा पत्र



**शाहजहांपुर, 27 मई (तरुणमित्र)।** विधायक अरविंद कुमार सिंह ने आंधी-तूफान से गांवों में हुई तबाही से प्रभावित लोगों को मुआवजा दिलाने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर जिलास्तरीय टीम गठित कराने की मांग की है। उन्होंने बुधवार को क्षेत्र के कई गावों में भ्रमण कर सोमवार की रात आई तेज आंधी से प्रभावित हुए परिवारों से भेंट कर उनकी समस्याएं सुनीं। बाद में उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर बताया कि आंधी-तूफान से कई गांवों में मकानों को नुकसान पहुंचा और फसलें बर्बाद हो गई हैं। बड़ी संख्या में बिजली के खंभे और ट्रांसफॉर्मर क्षतिग्रस्त हो जाने से कई गांवों की विद्युत आपूर्ति ठप है। इस कारण भीषण गर्मी के बीच लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विधायक ने मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों से बात कर राजस्व विभाग से तत्काल सर्वे कराने और प्रभावित परिवारों को नियमानुसार मुआवजा दिलाने के लिए कहा। साथ ही मुख्यमंत्री से भी प्रभावितों को राहत सहायता दिलाने के साथ क्षेत्र में बिजली आपूर्ति सुचारु कराने की मांग की।

# हिन्दू महासभा का प्रदर्शन, पुतला दहन कर कार्रवाई की मांग



**निगोही/शाहजहांपुर, 27 मई (तरुणमित्र)।** नगर में अखिल भारत हिन्दू महासभा के कार्यकताओं ने नगर पंचायत के बाबू के कथित आपत्तिजनक कृत्यों के विरोध में जोरदार प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया। संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने मामले की निष्पक्ष जांच कर कठोर कार्रवाई की मांग उठाई। हिन्दू महासभा के पदाधिकारियों का आरोप है कि बाबू द्वारा गौ माता के संबंध में अपमानजनक टिप्पणी की गई तथा देश के प्रधानमंत्री के विरुद्ध अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया, जिससे हिन्दू समाज एवं आम नागरिकों की भावनाएं आहत हुई हैं। इसी के विरोध में कार्यकताओं ने नारेबाजी करते हुए प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान संगठन के नेताओं ने कहा कि धार्मिक आस्थाओं एवं संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों के प्रति अपमानजनक भाषा किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मामले में निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होगा।

इस अवसर पर हिन्दू महासभा जिला उपाध्यक्ष मानवेंद्र सिंह, जिला महामंत्री अमित राठौर, जिला मंत्री नवीन दिवाकर, जिला मंत्री दिनेश सिंह चौहान,नामित सभासद नरेश वर्मा, युवा नेता अर्पित वर्मा, व्यापार मंडल अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह, ररमुन्नाम कुशवाहा, सुधांशु विश्वकर्मा, अनिल मौर्य, नीरज राठौर, सुरजीत राजपूत, सरोज यादव, मयंक बाजपेई उर्फ टीटू,जहाँन सिंह, वसीम खां,सुमित मिश्रा, अनिल बाल्मीकि, मेंबर मोशीन लाखा सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में संगठन की ओर से प्रशासन से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त एवं कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की गई।

# पुलिस की खनन माफियाओं पर बड़ी कार्रवाई तीन ट्रैक्टर ट्राली व रेपर मशीन की सीज

**परौर/शाहजहांपुर, 27 मई (तरुणमित्र)।** क्षेत्र में अवैध खनन पर प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल ने बड़ी कार्रवाई की है। सुबह लगभग चार बजे सूचना मिलने पर मिट्टी खनन करते हुए तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली व एक ट्रैक्टर और एक रेपर मशीन को सीज कर दिया है। जिससे खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया। थाना प्रभारी निरीक्षक जुगुल किशोर पाल के मुताबिक, पुलिस टीम को पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में अवैध रूप से मिट्टी का खनन किए जाने की शिकायतें मिल रही थीं। इसी क्रम में, पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि थाना परौर क्षेत्र के सुनसान इलाके में रात और सुबह के अंधेरे का फायदा उठाकर धड़ल्ले से अवैध मिट्टी का खनन किया जा रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी ने तुरंत एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया। पुलिस टीम ने छापेमारी की। पुलिस को देखते ही मौके पर भगदड़ मच गई।

# हड़कंप: मेडिकल कॉलेज पहुंचे सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी, भोजन व्यवस्था की परखी हकीकत



**शाहजहांपुर, 27 मई (तरुणमित्र)।** मेडिकल कॉलेज में मरीजों को दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों के बीच सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी बुधवार सुबह अचानक निरीक्षण करने पहुंच गए।

तड़के मेडिकल कॉलेज पहुंचकर उन्होंने मरीजों को मिलने वाले नाश्ते और भोजन व्यवस्था का जायजा लिया। सीडीओ ने रसोईघर, खाद्य सामग्री और वितरण व्यवस्था को बारीकी से देखा। इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद कर्मचारियों से भी जानकारी ली और मरीजों से भोजन की गुणवत्ता के बारे में बातचीत की। अचानक हुए निरीक्षण से मेडिकल कॉलेज प्रशासन और संबंधित कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। सूत्रों के मुताबिक, पिछले कुछ समय से मरीजों को गुणवत्तापरक भोजन न मिलने की शिकायतें प्रशासन तक पहुंच रही थीं। इसी को गंभीरता से लेते हुए सीडीओ ने स्वयं मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं की पड़ताल की। सीडीओ ने औचक निरीक्षण को लेकर मेडिकल कॉलेज परिसर में दिनभर चर्चा बनी रही।

# भीषण गर्मी में पूर्व विधायक ने वितरण किया शरबत



**निगोही/शाहजहांपुर, 27 मई (तरुणमित्र)।** भीषण गर्मी और तेज धूप से परेशान राहगीरों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से समाजवादी नेता एवं पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा ने मंगलवार को हमजापुर चौराहे पर प्याऊ लगवाकर लोगों को ठंडा शरबत पिलाया। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष राजेश सिंह व समाजवादी कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। प्राचीन हनुमान मंदिर हमजापुर चौराहा के सामने आयोजित कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। दूर-दराज से आने वाले राहगीरों और ग्रामीणों ने ठंडा शर्बत पीकर गर्मी से राहत महसूस की। भीषण तापमान के बीच लोगों ने इस पहल की सराहना की। पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा ने कहा कि लगातार बढ़ रही गर्मी के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे समय में समाज के सक्षम लोगों को आगे आकर सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ की व्यवस्था करनी चाहिए, ताकि राहगीरों को राहत मिल सके। साथ ही पशु-पक्षियों के लिए भी दाना-पानी की व्यवस्था किए जाने की अपील की।

उन्होंने बताया कि तिलहर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर रोजाना ठंडे पानी का वितरण किया जा रहा है, वहीं प्रत्येक मंगलवार को मीठे शर्बत का वितरण कराया जाता है, जिससे बड़ी संख्या में लोगों को गर्मी से राहत मिल रही है। इस अवसर पर प्रभु सिंह कुशवाहा, जितेंद्र गुप्ता, राजेश सिंह, संजू मिश्रा, हर्षित गुप्ता, सुमित सिंह, हरनाम वर्मा, अवधेश सिंह चौहान, अंकुर सिंह, रमाकांत वर्मा, अशोक सक्सेना सहित अनेक समाजवादी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डीएम ने जनता दर्शन में सुनीं फरियादियों की समस्याएं, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

## फरियादियों की समस्याओं का समाधान कर विश्वास अर्जित करें अधिकारी : जिलाधिकारी



**शाहजहांपुर, 27 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दर्शन के दौरान फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्राप्त जन शिकायतों का निस्तारण सभी अधिकारियों की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी निर्धारित जनता दर्शन अवधि में अनिवार्य रूप से अपने कार्यालयों में उपस्थित रहें तथा आने वाले फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या को लेकर बड़ी उम्मीद के साथ मुख्यालय अथवा सरकारी कार्यालयों तक पहुंचता है। ऐसे में अधिकारियों का दायित्व है कि वे संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी के साथ शिकायतों का निस्तारण कर आमजन का विश्वास अर्जित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा हीलाहवाली स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में वास्तविकता एवं पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखा जाए। जिन प्रकरणों में जांच की आवश्यकता हो, उनमें शीघ्रता के साथ जांच प्रक्रिया पूर्ण कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी एक-एक फरियादी की समस्याओं को सुना।

गंभीर मामलों में उन्होंने संबंधित उपजिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग एवं दूरभाष के माध्यम से वार्ता कर मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व विभाग सहित सभी विभागीय अधिकारी पूरी संवेदनशीलता एवं मनोयोग से कार्य करें तथा जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की ढिलाई न बरतें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को त्वरित न्याय एवं राहत उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।


कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल–लखनऊ।
निकट–विकास भवन, सर्वोदय नगर, लखनऊ।
E_mail:-seredlucknow@gmail.com
ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस(द्वितीय कॉल)

पत्रांक :–492/ग्रा0अ0वि0/निविदा/सीतापुर/2026–27 दिनांक–20.05.2026

महामहिम श्री राज्यपाल, उ0 प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल–लखनऊ के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए, बी एवं सी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न बिल ऑफ क्वान्टिटी के अंकित दरों में जी0एस0टी0 के अतिरिक्त अन्य सभी कर सम्मिलित है, जी0एस0टी0 का भुगतान सरकार के निर्देशानुसार नियमानुसार अलग से किया जायेगा। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

1. कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् है:–

| क्र0सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | कार्य की कुल लागत (लाख रु0 में) (जी0एस0टी0 सहित) | बिड सिक्योरिटी (लाख रु0 में) | जी0एस0टी0 सहित बिड डाक्यूमेंट का मूल्य (रु0 में) | वर्षा ऋतु सहित कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | सीतापुर | वि0खं0 सिधौली, ग्रा0पं0 टिकौली ओरी लाल के घर से राम प्रकाष के घर होते हुए राजेष षुक्ला, गंगादेई के घर से सी0सी0 रोड तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 54.02 | 1.08 | 5000.00 | 03 माह |
| 2 | सीतापुर | वि०खं० गोंदलामाऊ कुर्सी रामपाल के घर से प्रदीप के घर होते हुये धर्मेश के घर तक सी०सी० इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 44.84 | 0.90 | 5000.00 | 03 माह |
| 3 | सीतापुर | वि०खं० गोंदलामाऊ जोहरियामाऊ सी०सी० रोड से सुनील के घर होते हुए पुत्तीलाल रावत के खेत तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 60.60 | 1.21 | 5000.00 | 03 माह |
| 4 | सीतापुर | वि०खं० सिधौली सराय बघइया में डामर रोड से हनुमान अवस्थी मार्केट से पुलिया होते हुये राम किषोर के घर होते हुये अम्बेडकर पार्क से काली जी के मन्दिर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 68.13 | 1.36 | 5000.00 | 03 माह |
| 5 | सीतापुर | विकास खण्ड महमूदाबाद की ग्राम पंचायत कांसा में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण कार्य | 73.08 | 1.46 | 5000.00 | 03 माह |
| 6 | सीतापुर | विकास खण्ड पहला की ग्राम सभा भुडकुडा में पुलिया से पहले दमुवापुर खमरिया डामर रोड तक इण्टरलाकिंग रोड का निर्माण कार्य। | 65.75 | 1.32 | 5000.00 | 03 माह |
| 7 | सीतापुर | विकास खण्ड पहला के ग्राम सभा बाबूपुर पहला मुख्य मार्ग से बढियाडीह प्रा०वि० तक इण्टरलाकिंग रोड का निर्माण कार्य | 60.56 | 1.21 | 5000.00 | 03 माह |
| 8 | सीतापुर | विकास खण्ड रामपुर मथुरा के ग्राम सेमरी में शिव मंदिर से बेनीपुर मार्ग पर स्थित श्री निवास मौर्य के घर तक इण्टरलाकिंग रोड का निर्माण कार्य। | 42.67 | 0.85 | 5000.00 | 03 माह |
| 9 | सीतापुर | ग्राम पं० बनियामऊ के मजरा अमलिहा में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण कार्य। | 72.66 | 1.45 | 5000.00 | 03 माह |
| 10 | सीतापुर | ग्राम बधौना, ग्रा०पं० गौरिया में डामर रोड से तेजी राम बीडीसी के घर से प्रा०वि० होते हुए रामू पाल के घर की ओर तक इण्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य | 75.85 | 1.52 | 5000.00 | 03 माह |
| 11 | सीतापुर | ग्राम पं० मधवापुर में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण कार्य। | 72.66 | 1.45 | 5000.00 | 03 माह |

2. वेब साइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि :– 29.05.26 को दोपहर 12.00 बजे से।
3. बिड डाक्यूमेन्ट डाउन लोडींग प्रारंभ करने की तिथि एवं समय :– 29.05.26 को दोपहर 12.00 बजे से।
4. प्रि–बिड मीटिंग की तिथि एवं समय:– 05.06.26 को प्रातः 11.00 बजे से।
5. ई–निविदा के माध्यम से निविदा डालने की प्रारंभ तिथि/समय :– 29.05.26 .को अपरान्ह 12:30 बजे से।
6. ई–निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय:– 08.06.26 को दोपहर 12:00 बजे तक।
7. ई–निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 09.06.26 को अपरान्ह 12:30 बजे।
8. टेण्डर प्रकिया से पूर्व का कोई भी शपथ पत्र मान्य नहीं होगा।
9. निविदा आन–लाईन वैब साइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगा एवं उसी साइट पर डाला जायेगा।
10. निविदा आमंत्रण कर्ता को आईटीबी के क्लॉज–10 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा।सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती हैकि वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
11. समस्त स्टाम्प ई–स्टाम्प के रूप में ही स्वीकार किये जायेगें।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वेब साइट https://etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।
सभी सम्भावित निविदादाता को सलाह है कि बिड सब्मिट करने से पूर्व बिड डाक्यूमेन्ट को भली भाँति पढ़ लें।

अधीक्षण अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
परिमण्डल–लखनऊ।
श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से।

U.P. 251795 dt. 26/05/2026 विज्ञापन वेबसाइट www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

# शासन की योजनाओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें बैंक अधिकारी : डीएम

**अम्बेडकरनगर, 27 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी ईशा प्रिया की अध्यक्षता में विगत मंगलवार की शाम कलेक्ट्रेट सभागार में वित्तीय वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही (मार्च 2026) की डी.सी.सी. एवं डी.एल.आर.सी के कार्यों के प्रगति की समीक्षा बैठक मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योत्स्ना शर्मा व अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित बैंक के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासकीय योजनाओं का सफल क्रियान्वयन करते हुए।



प्राप्त प्रकरणों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने बैंकर्स को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं पर लाभार्थियों को स्वरोजगार स्थापना के लिए उदारता पूर्वक ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान पाया कि जनपद का सी.डी. रेशियो 51.52 प्रतिशत पाया गया, जो मार्च 2025 की तुलना में 2 प्रतिशत अधिक है। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं बैंकों को निर्देशित किया कि शासकीय योजनाओं, जैसे मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एसएचजी सीसीएल, एमवाईएसवाई एवं पीएम स्वनिधि के अंतर्गत प्रेषित प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के अंतर्गत खाते खोलने तथा सीसीएल के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराने हेतु लंबित आवेदनों के शीघ्र निस्तारण के लिए बैंकों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने फसल बीमा योजना से अधिक से अधिक किसान योजना जोड़ने एवं लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त जनपद में एनपीए खातों की वसूली हेतु प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर तहसीलों के माध्यम से वसूली प्रमाण पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए, जिससे वसूली कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक के अंत में अग्रणी जिला प्रबंधक कमलेश भास्कर द्वारा बैंकों से अनुरोध किया गया कि विभिन्न शाखाओं में लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करते हुए प्रगति विवरण संबंधित पोर्टल पर समय से अपलोड किया जाए, जिससे जनपद की प्रगति परिलक्षित हो सके। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी, भारतीय रिजर्व बैंक से आए एल.डी.ओ. अमित गुप्ता, नाबार्ड के डी.डी.एम. कमलेश यादव, उपायुक्त उद्योग एच.पी. मौर्य, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, बैंकों के जिला समन्वयक एवं अग्रणी जिला प्रबंधक कमलेश भास्कर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनहित की 9 सूत्रीय मांगो को लेकर गरजे समाजवादी, राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**बस्ती , 27 मई (तरुणमित्र)।** बुधवार को समाजवादी पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं ने तपती गर्मी के बीच बढती मंहगाई, पेट्रोल डीजल, सीएनजी के दामों में वृद्धि, यूरिया खाद के संकट, नीट परीक्षा में धांधली, सीबीएसई रीक्षा में सवाल पूंछने पर छात्रों को पाकिस्तानी बता देने, बढती बेरोजगारी, बिजली कटौती, स्मार्ट मीटर के नाम पर धांधली सहित जनहित के 9 सूत्रीय मांगों को लेकर सपा जिलाध्यक्ष एवं बस्ती सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव के नेतृत्व में राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से भेजा।ज्ञापन सौंपने के बाद सपा जिलाध्यक्ष एवं बस्ती सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव ने कहा कि अमेरिका, इजराइल, इरान युद्ध के नाम पर देश में सुनियोजित ढंग से



मंहगाई को बढाया जा रहा है। परीक्षाओं में धांधली से छात्र परेशान हैं। यह सरकार हर मोर्चे पर विफल है। यदि शीघ्र समाधान न हुआ तो आने वाले दिनों में मुश्किलें और बढ जायेंगी। कहा कि अब तो संघर्ष का ही रास्ता बचा है।

पूर्व विधायक राजमणि पाण्डेय, विधायक राजेन्द्र प्रसाद चौधरी, कविन्द्र चौधरी अतुल ने कहा कि जनहित के सवालों को लेकर समाजवादी निरन्तर संघर्ष कर रहे हैं किन्तु केन्द्र और यूपी की सरकार चुप्पी साधे हुये है। भाजपा नफरत फैला कर बुनियादी सवालों से बच रही है। ऐसे में जनता को आगे आकर संघर्ष तेज करना होगा राज्यपाल को भेजे 9 सूत्रीय ज्ञापन में महंगाई, बिजली संकट, कानून व्यवस्था, किसानों के बकाया भुगतान और महिलाओं की सुरक्षा, पेट्रोल-डीजल और घरेलू गैस की लगातार बढ़ती कीमतों सहित जनता से जुड़े अनेक मुद्दे शामिल हैं। सपा नेताओं ने जिले में हो रही लगातार बिजली कटौती और जले ट्रांसफार्मरों को समय से न बदले जाने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में बिजली संकट से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है तथा बुजुर्गों और मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## शासन के निर्देश पर दलहन- तिलहन क्रय केंद्र स्थापित

**अम्बेडकरनगर , 27 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने बताया कि शासन के निर्देश पर कृषि अनुभाग द्वारा प्रदेश में रबी 2025-26 मौसम (विपणन वर्ष 2026-27) में मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत फसल तूर (अरहर - खरीफ), चना , मसूर एवं लाही - सरसों का फसलवार लक्ष्य आवंटन करते हुए क्रय किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। डीएम ने बताया कि उक्त निर्देश के क्रम में मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत फसल तूर (अरहर - खरीफ), चना , मसूर एवं लाही - सरसो का क्रय केंद्र तहसील अकबरपुर विकास खण्ड अकबरपुर हेतु क्रय केंद्र एजेंसी यू.पी.सी.यू. द्वारा जिला सहकारी सभा अयोध्या शाखा अकबरपुर में सिंझौली मंडी परिसर अकबरपुर में तथा तहसील टांडा के विकास खण्ड बसखारी में क्रय एजेंसी यू.पी.सी.एफ. क्रय केंद्र बी - पैक्स बसखारी न.-1 विकास खण्ड बसखारी परिसर स्थित समित गोदाम को क्रय केंद्र अनुमोदित किया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि शासनादेश में निहित प्राविधानों के क्रम में सभी क्रय केंद्र राजस्व विभाग के राजपत्रित अधिकारी को खसरा ,खतौनी के सत्यापन हेतु पर्यवेक्षणीय अधिकारी नियुक्त करते हुए प्रभारी जिला प्रबंधक , यू.पी.सी.यू. एवं यू.पी.सी.एफ. अम्बेडकरनगर को निर्देशित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी क्रय नीति के अनुसार सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराते हुए संबंधित क्रय केंद्र प्रभारी के माध्यम से आगामी 05 जून 2026 तक खरीद कार्य सुनिश्चित कराएं। जिलाधिकारी ने बताया कि क्रय केंद पर खसरा , खतौनी एवं नाम के सत्यापन हेतु समस्त संबंधित उपजिलाधिकारी / तहसील प्रभारी को सत्यापन अधिकारी नामित किया।

# पहाड़ापुर घाट पर 66 लाख की लागत से बना पीपा पुल जनता को समर्पित

**हैदरगढ़/बाराबंकी, 27 मई (तरुणमित्र)।** त्रिवेदीगंज में ग्रामीणों की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो गई है। गोमती नदी स्थित पहाड़ापुर घाट पर लगभग ?66 लाख की लागत से निर्मित नवनिर्मित पीपा पुल का उद्घाटन विधायक दिनेश रावत ने फीता काटकर किया और इसे क्षेत्रवासियों को समर्पित किया। उद्घाटन के अवसर पर विधायक दिनेश रावत ने कहा कि प्रदेश सरकार के नेतृत्व में हैदरगढ़ विधानसभा क्षेत्र निरंतर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है।



उन्होंने कहा कि यह पुल हजारों ग्रामीणों के आवागमन को सुगम बनाएगा और क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को गति देगा। जनता की समस्याओं का समाधान और क्षेत्र का सर्वांगीण विकास मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है। आगे भी क्षेत्र हित में निरंतर कार्य किए जाते रहेंगे,ह्व विधायक ने कहा।

इस अवसर पर आरती रावत ब्लॉक प्रमुख , रामदेव सिंह जिला उपाध्यक्ष ,सुशील जायसवाल मंडल अध्यक्ष मोहित मिश्रा मंडल अध्यक्ष सचिन वर्मा,पंकज दीक्षित, प्रहलाद शरण जायसवाल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी उपस्थिति रहे।

उद्घाटन के दौरान क्षेत्रवासियों में भारी उत्साह देखा गया। लोगों ने पुल निर्माण के लिए विधायक का आभार जताया और इसे क्षेत्र के लिए मील का पत्थर बताया।

# डायट में नवनिर्मित सरस्वती मंदिर में सुंदरकांड पाठ व भंडारे का आयोजन

## बच्चों में धार्मिक- सांस्कृतिक मूल्यों का विकास करें शिक्षक : संजय शुक्ल

**बस्ती, 27 मई (तरुणमित्र)।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में मां सरस्वती के नवनिर्मित मंदिर एवं ज्येष्ठ माह के चौथे मंगलवार के उपलक्ष्य में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ हनुमान चालीसा, सुंदरकांड पाठ एवं भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकगण, प्रशिक्षु शिक्षकों, कर्मचारियों एवं क्षेत्रीय श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में सहभागिता रही। कार्यक्रम का शुभारंभ डायट प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल द्वारा नवनिर्मित मां सरस्वती मंदिर में पूजन-अर्चन के उपरांत हुआ। डायट प्राचार्य सहित समस्त प्रवक्ताओं, शिक्षकों व प्रशिक्षुओं ने मां शारदे की आराधना कर विद्या और ज्ञान का आशीर्वाद मांगा।

इसके बाद परिसर में सामूहिक हनुमान चालीसा व सुंदरकांड का पाठ किया गया। पूरे परिसर में भक्ति संगीत, मंत्रोच्चार और जयकारों से आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने माता सरस्वती और भगवान हनुमान से सुख-समृद्धि, शांति एवं जनकल्याण की प्रार्थना की। धार्मिक अनुष्ठान के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

डायट प्राचार्य ने कहा कि बड़े मंगल का दिन सेवा और समर्पण का प्रतीक है। शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़ना भी हमारा दायित्व है। भंडारे जैसे आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारा और सहयोग की भावना मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान देना नहीं, बल्कि संस्कार और भक्ति भाव जगाना भी है। कहा कि मां सरस्वती का मंदिर संस्थान में सकारात्मक ऊर्जा का केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को चाहिए कि वे बच्चों में भी धार्मिक-सांस्कृतिक मूल्यों का विकास करें। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डायट के प्रवक्तागण, शिक्षक, कार्यालय स्टाफ एवं डीएलएड प्रशिक्षुओं ने विशेष सहयोग किया। आयोजन समिति के सदस्यों ने सुबह से शाम तक व्यवस्था संभाली। भंडारा देर शाम तक चलता रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### आवारा कुत्तों ने गाय की बछिया को बनाया निशाना

**सिरौलीगौसपुर/बाराबंकी, 27 मई (तरुणमित्र)।** क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक इस कदर व्याप्त है कि इन्हीं कुत्तो ने एक गाय की बछिया को नोच कर मार डाला। आवारा कुत्तों को ग्रामीणों ने खदेडा तब अन्य पशुओं की जान बची। बुधवार की सुबह करीब 7 बजे कोटवाधाम चौराहे पर दर्जनों आवारा कुत्ते कार व बाइक को खदेडते दिखे। जिन्होंने गुड़िया देवी के घर में घुसकर टीन के पास बंधी दो माह की बछिया पर हमला बोल उसे नोचकर मार डाला ।ग्रामीणों ने उग्र आवारा कुत्तों को खदेडा तब अन्य पशुओं की जान बची।भीषण गर्मी में आवारा कुत्तों के आतंक से ग्रामीण खौफ जदा दिख रहे हैं। गुड़िया देवी ने बताया है कि उपरोक्त कुत्ते गांव के नहीं हैं इन्हें बाहर से लाकर कोई छोड गया है जो पशुओं पर जानलेवा हमला कर मार डालते हैं।गुडडू बाजपेयी,भुल्लर शाहू,शुभम सिंह एडवोकेट आदि ने अखबार के माध्यम से पशुपालन विभाग से मांग किया है कि उपरोक्त आवारा कुत्तों को पकडवा कर ग्रामीणों व पशुओं की सुरक्षा कराई जाय।

### प्रेस क्लब के महामंत्री को पितृशोक, साथियों ने दी श्रद्धांजलि

**बस्ती, 27 मई (तरुणमित्र)।** वरिष्ठ पत्रकार एवं प्रेस कलब के महामंत्री महेन्द्र तिवारी के पिता राजेन्द्र प्रसाद तिवारी के आकस्मिक मृत्यु से शोकाकुल पत्रकारों ने उन्हे श्रद्धांजलि दी। लोहिया मार्केट स्थित नेशनल प्रेस क्लब के कैम्प कार्यालय पर संतोष सिंह की अध्यक्षता मे आयोजित श्रद्धांजलि सभा मे क्लब के संरक्षक अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि महेन्द्र तिवारी के पिता के आकस्मिक निधन से बस्ती जनपद के पत्रकारों मे शोक की लहर है। यह अपूर्णनीय क्षति है जिसकी प्रतिपूर्ति संभव नही है। ऐसे मे हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि स्व. राजेन्द्रनाथ तिवारी की पुण्यात्मा को अपने चरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति दें। अध्यक्षता कर रहे संतोष सिंह ने कहा कि दुःख की इस घड़ी मे हम अपने पत्रकार साथी के साथ खड़े हैं। संदीप गोयल, धनंजय श्रीवास्तव आदि ने भी राजेन्द्रनाथ तिवारी के निधन पर गहरा दुख जताया। श्रद्धांजलि सभा मे प्रमुख रूप से रामसजन यादव गुरूजी, अरूणेश श्रीवास्तव, मनोज कुमार यादव, अभिषेक गौतम, रितिक कुमार, कपीश मिश्रा, रत्नेन्द्र पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

### विवाहिता ने पति व ससुराल वालों पर दर्ज कराया दहेज उत्पीड़न का केस

**सहजनवां गोरखपुर , 27 मई (तरुणमित्र)।** सहजनवा थाना क्षेत्र के करीना पत्नी हरिओम साहनी निवासी हड़हा सोनबरसा की शादी हिंदू रीति रिवाज के साथ 19 जून 2024 को हरिओम पुत्र रुदल निवासी हड़हा सोनबरसा के साथ हुई थी। शादी के बाद पीड़िता ससुराल में रहने लगी। शादी के एक माह बाद गर्भवती हो गई। इस दौरान पति दुष्कर्म के मामले में जेल चला गया। सात माह एक बच्चा भी पैदा हुआ। जो एक वर्ष का है। फिर पति पूर्व के मुकदमे में जेल चला गया। तो ससुराल पक्ष के लोग दहेज में 1 लाख रुपए की मांग करने लगे। दहेज देने से इंकार करने पर 1 जुलाई 2025 को ससुराल के लोग गाली गलौज करते हुए घर ने बाहर कर दिए। इसी बीच मौके का फायदा उठाते जीजा शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाने का प्रयास करने लगा। इसी बीच पति भी प्रताड़ित करने लगा। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति हरिओम निषाद,ससुर रुदल,सास मंशा देवी,ननद शांति,देवर ओमकार निषाद,के खिलाफ दहेज उत्पीड़न,मारपीट तथा जीजा विजय के खिलाफ छेड़छाड़ करने का केस दर्ज कर लिया है।

# लू से बचाव में होम्योपैथिक दवाएं कारगर : डॉ. सारिका मिश्रा

**बाराबंकी, 27 मई (तरुणमित्र)।** जिले में इस समय भीषण गर्मी और लू का प्रकोप चल रहा है ऐसे में इससे बचाव के लिए जिलाधिकारी ने जनता के लिए गाइडलाइन्स जारी की हैं। उनके निदेशों का पालन करते हुए भी अगर किसी को लू लग जाती है तो,या लू से बचाव के लिए भी तमाम होम्योपैथिक दवाएं आती हैं जो बहुत असरदार हैं। बाराबंकी में ही जन्मी और राजकीय नेशनल होम्योपैथिक कॉलेज, लखनऊ से ग्रेजुएट और कानपुर में शारदानगर में मुरली होम्योपैथिक क्लीनिक की मुख्य डॉक्टर सारिका मिश्रा ने एक भेंट में गर्मी और लू से बचाव की कई कारगर दवाएं बताईं।उन्होंने बताया कि तमाम सावधानियां बरतने के बाद



भी अगर लू का प्रकोप हो जाये तो लक्षणों के आधार पर निम्नलिखित होम्योपैथिक दवाओं का सेवन करना चाहिए। इन दवाओं को सामान्यतया 30 पोटेंसी में किसी अच्छी होम्योपैथिक दुकान से ही लेना चाहिए। वो दवाएं और उनके लक्षण इस प्रकार हैं। ग्लोनोईनम 30 जब धूप में रहने से सिर में तेज दर्द, धड़कन महसूस हो, चेहरा लाल हो जाये, सिर भारी लगे बेहोशी जैसा लगने लगे बेलाडोना 30 अचानक तेज बुखार, चेहरा लाल, आँखें लाल, सिर गरम परन्तु हाथ पैर ठन्डे नैट्रमम्यूर 30 लंबे समय तक धूप में काम करने से कमजोरी, सिर दर्द, प्यास ज्यादा लगना, गर्मी में पसीना रुक जाये तो इसे देकर देखें काबोर्वेज 30 गर्मी से बेहोशी, सांस फूलना, शरीर ठंडा पड़ना, नाड़ी कमजोर होना, गर्मी से थकान होना लैकेसिस 30 जब गर्मी से चक्कर आये, जी मिचलाना, उलटी हो जाये मगर खुली हवा से आराम मिले डॉक्टर सारिका मिश्रा ने कहा कि खुद से दवा न लें किसी होम्योपैथिक डॉक्टर के परामर्श से ही दवा लें। उन्होंने कहा कि ऊपर बताई गयी दवाएं डिलुशन में दिन में तीन बार सीधे जबान पर चार बूंदे टपका कर लें ।उन्होंने कहा कि लू लगने पर शरीर में जरुरी लवण और पानी की कमी हो जाती है, इसलिए खूब पानी पियें, और शरीर को गीले अंगोंछे से ढककर रखें।

## परिवहन व खनन विभाग का संयुक्त अभियान, 12 वाहन सीज, 10 पर भारी जुर्माना

**बाराबंकी , 27 मई (तरुणमित्र)।** अवैध खनन ओवरलोडिंग और बिना परमिट दौड़ने वाले वाहनों पर नकेल कसने के लिए परिवहन एवं खनन विभाग की संयुक्त टीम ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान 55 वाहनों की जांच कर 12 वाहनों को सीज किया गया, जबकि 10 वाहनों पर भारी जुमार्ना लगाया गया। एआरटीओ अंकिता शुक्ला और खनन अधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम ने माती देवा रोड एवं सतरिख-हैदरगढ़ मार्ग पर सुबह से ही मोर्चा संभाल लिया। जांच के दौरान दर्जनों डम्फरों के दस्तावेज खंगाले गए। बिना परमिट, ओवरलोड और अवैध खनन में लगे वाहनों को मौके पर ही रोककर कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने बताया कि चेकिंग के दौरान पत्रावलियों की गहन जांच की गई। नियम विरुद्ध पाए गए वाहनों के खिलाफ मोटर एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 12 वाहनों को सीज किया गया। वहीं 10 वाहनों का चालान कर उन पर भारी जुमार्ना अधिरोपित किया गया। अभियान के दौरान बिना नंबर प्लेट के संचालित हो रहे वाहनों के भी चालान किए गए। टीम ने वाहन चालकों को सख्त निर्देश दिए कि भविष्य में नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अचानक हुई इस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अवैध खनन और ओवरलोडिंग रोकने के लिए आगे भी ऐसे अभियान लगातार चलाए जाएंगे।

## आंधी-तूफान से ध्वस्त हुई विद्युत व्यवस्था 24 घंटे बाद भी रामकोट फीडर संचालित नहीं

**मिश्रित/सीतापुर, 27 मई (तरुणमित्र)।** क्षेत्र में आए तेज आंधी-तूफान ने विद्युत व्यवस्था को पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया है। तूफान के कारण कई स्थानों पर बिजली के खंभे क्षतिग्रस्त हो गए तथा तार टूटकर गिर गए, जिससे कस्बा मिश्रित सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप्प हो गई थी ।हैरानी की बात तो यह है कि 24 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बावजूद भी बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी व्यवस्था को बहाल नहीं कर सके हैं। लगातार बिजली गुल रहने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ।बिजली न होने से पेयजल संकट गहरा गया है । अधिकांश क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति विद्युत चालित मोटरों पर निर्भर है। इसके अलावा मोबाइल चार्जिंग, बच्चों की पढ़ाई, व्यापारिक प्रतिष्ठानों के कामकाज तथा घरेलू कार्यों पर इसका प्रतिकूल असर पड़ा है। भीषण गर्मी के बीच बिजली चौबीस घंटे बिजली बंद होने के कारण लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं । स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि बिजली विभाग के अधिकारियों को कई बार शिकायतें दर्ज कराई गईं । फिर भी बिद्युत ब्यवस्था बहाल नही हो सकी । विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के कारण उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है । ग्रामीणों और कस्बावासियों ने जिला प्रशासन से मांग की है । कि विद्युत व्यवस्था को शीघ्र बहाल कराया जाय ।

## नारी शक्ति मिशन को लेकर पुलिस ने महिलाओं को किया जागरूक

**सिरौलीगौसपुर/बाराबंकी, 27 मई (तरुणमित्र)।** कोतवाली बदोसरांय प्रभारी निरीक्षक राम अवतार राम की अध्यक्षता एंव ग्राम प्रधान जय प्रकाश वर्मा के संयोजन में पुलिस चौपाल हुई। जिसमें नारी शक्ति मिशन के साथ साथ गांव के एच एस,असलहा लाइसेंस, इत्यादि बिन्दुओं पर चर्चा की गई। बुधवार को पंचायत भवन बरोलिया पारिजात धाम में पुलिस की चौपाल हुई। जिसमें प्रभारी निरीक्षक राम अवतार राम, उपनिरीक्षक, सुरेश त्रिपाठी व महिला कान्स्टेबल आदि ने नारी शक्ति मिशन पर चर्चा करते हुए महिलाओं को टोल फ्री नम्बरों की जानकारी दी गई।इस मौके पर ग्राम प्रधान के अलावा गांव की महिलायें पुरुष आदि मौजूद रहे। तत्पश्चात बकरीद पर्व को शांति पूर्वक मनाने को लेकर प्रभारी निरीक्षक राम अवतार राम पुलिस उपाधीक्षक रामनगर गरिमा पंत व बडी संख्या में पुलिस कर्मियों के साथ ग्राम किन्तूर का भ्रमण कर कुबार्नी स्थलों आदि का जायजा लिया।

# पं. नेहरू का मानना था देश की रक्षा, उन्नति व एकता हम सबका राष्ट्रीय धर्म : कृष्ण कुमार

**अम्बेडकरनगर, 27 मई (तरुणमित्र)।** पंडित जवाहरलाल नेहरू का मानना था कोई देश तभी आगे बढ़ता है जब उसके करोड़ों लोग तरक्की करें और खुशहाल हों उक्त बातें जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव ने जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर पं जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि के कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा इसके लिए उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, विज्ञान, तकनीक, उद्योग एवं कृषि से जुड़े बड़े-बड़े संस्थान बनाए। इन्हीं संस्थानों की बुनियाद पर भारत मजबूती से खड़ा हुआ। जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष गुलाम रसूल ₹छोटू₹, सुखीलाल



वर्मा, युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव तौसीफ अहमद ₹मोनू₹, जनसूचना प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष शीतला प्रसाद श्रीवास्तव ₹सोनू₹, नगर अध्यक्ष अकबरपुर असगर अली, किसान कांग्रेस के प्रदेश सचिव अमित कुमार यादव₹संजय₹ ने कहा देश की रक्षा , देश की उन्नति देख की एकता हम सभी का राष्ट्रीय धर्म है इस सोच के पं जवाहर लाल नेहरू ने देश की मजबूती और आधुनिक भारत की नींव रखी। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अवधेश कुमार मिश्र बब्लू ने बताया महान स्वतंत्रता सेनानी, देश के प्रथम प्रधानमंत्री एवं आधुनिक भारत के निमार्ता पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर मनायी गयी ।कार्यक्रम में सर्वप्रथम पं नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि देकर गोष्ठी की गयी ।गोष्ठी की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव ने की।

## बिसवा बार एसोसिएशन ने उपजिलाधिकारी शिखा शुक्ला का किया जोरदार स्वागत

**बिसवा/सीतापुर, 27 मई (तरुणमित्र)।** बिसवा बार एसोसिएशन बिसवा के पदाधिकारियों ने प्रोन्नत उपजिलाधिकारी शिखा शुक्ला के बिसवा आगमन पर किया जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन।प्रोन्नत उपजिलाधिकारी शिखा शुक्ला का बिसवा आगमन हुआ,। बिसवा बार एसोसिएशन बिसवा अध्यक्ष राज किशोर यादव एड,एवं महासचिव नीरज कुमार श्रीवास्तव एड के नेतृत्व में फूल मालाओं से अधिवक्ताओं ने भव्य स्वागत किया।बिसवा बार एसोसिएशन बिसवा अध्यक्ष राज किशोर यादव,महासचिव नीरज कुमार श्रीवास्तव,वरिष्ठ अधिवक्ता आर एन सिंह,निवर्तमान अध्यक्ष दिनेश कुमार श्रीवास्तव एड,वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष कठेरिया,उपाध्यक्ष इंतिखाब आलम सिद्दीकी, कोषाध्यक्ष अनमोल कन्हैया मौर्या,संयुक्त सचिव पुस्तकालय जितेन्द्र मिश्रा, कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य गुंजन कौशल अग्रवाल,रेनू राजपूत आदि ने उपजिलाधिकारी शिखा शुक्ला को बुके भेंटकर,शाल पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत एवं अभिनंदन किया।

## पुलिस अधीक्षक ने प्रशस्ति पत्र देकर टीम को सराहा

**सीतापुर, 27 मई (तरुणमित्र)।**पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय कार्य करने वाली पुलिस टीम मे शामिल प्रतिसार निरीक्षक शिव बालक वर्मा थानाध्यक्ष थाना नैमिषारण्य नवनीत मिश्रा और हेड कांस्टेबल याकूब को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया और उनके योगदान की प्रशंसा की गई।आपको बता दे की पौराणिक एवं ऐतिहासिक धरोहर तथा आस्था के पावन केंद्र नैमिषारण्य धाम में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों तथा पुलिस परिवार के सदस्यों के प्रवास के लिए बनाये गए नैमिष पुलिस ऑफिसर्स स्टे गेस्ट हाउस के निर्माण कार्य को पूर्ण कराने मे इस टीम का अहम योगदान रहा है।

# डीएम ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिये आवश्यक निर्देश

**बस्ती , 27 मई (तरुणमित्र)।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टेज्ट सभागार में कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह की उपस्थिति में आयोजित की गयी। बैठक में जनपद में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था को सुदृढ बनाने तथा आमजन में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी

।बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सभी विभाग समन्वय स्थापित कर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होने दुर्घटना संभावित स्थलों की पहचान कर वहॉ आवश्यक सुरक्षा उपाय, संकेतक बोर्ड, स्पीड ब्रेकर एवं प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें। साथ ही विद्यालयों में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाने पर भी जोर दिया



गया। उन्होने यह भी कहा कि 18 वर्ष से कम उम्र के बालको द्वारा ई-रिक्शा वाहन का प्रयोग न किया जाय। इसके लिए सघन अभियान चलाया जाय। उन्होने एनएचआई से संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुर्घटना के समय गैस कटर, एंबुलेन्स, क्रेन सहित अन्य व्यवस्थाओं को तत्काल उपलब्ध कराया जाय। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता पाये जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेंगी। उन्होने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवैध कट, टूटी रेलिंग को तत्काल सही कराया जाय। उन्होने प्रवर्तन से संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि हेलमेट, सीटबेल्ट प्रयोग न करने वाले, नशें की हालत में वाहन चलाने वाले, ओवर स्पीड, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी के विरूद्ध अभियान चलाकर कठोर कार्यवाही की जाय। उन्होने कहा कि अवैध खनन पर कार्यवाही करें, जरूरत हो तो पुलिस बल की मदद भी ली जाय।

बैठक में उन्होने पाया कि बडेवन स्थित टैऱफिक वैरियर लगाने से दुर्घटनाओं में कमी आयी है। उन्होने अस्पताल चौराहा स्थित विद्युत पोल को रास्ते से दूर शिफ्ट किए जाने का निर्देश विद्युत विभाग के अधिकारियों को दिया है। पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह ने कहा कि लापरवाही से ही दुर्घटनाए होती है। उन्होने कहा कि यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। उन्होने कहा कि अवैध कटो को तत्काल बन्द किया जाय, जहॉ जरूरत हो वहॉ डिवाइडर लगाया जाय। प्रकाश की व्यवस्था की जाय। उन्होने कहा कि ई-रिक्शा वाले रात्रि के समय बैटीज बचाने के लिए लाइट नही जलाते है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावनाए बढ जाती है, ऐसे लोगों के विरूद्ध अभियान चलाकर कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डा. राजीव निगम, सम्भागीय परिवहन अधिकारी फरीउद्दीन, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) सुरेश कुमार मौर्या, यात्रीकर अधिकारी प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, अधिशासी अभियन्ता पीडब्ल्यूडी संजीव कुमार, अवधेश कुमार, आबकारी अधिकारी राजेश कुमार, एनएचआई के प्रतिनिधिगण, सदस्य सड़क सुरक्षा समिति प्रमोद ओझा सहित संबंधित विभागीय अधिकारीगण मौजूद रहें।

# खनन व ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध चलाया अभियान

**मुजफ्फरनगर, 27 मई (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश के जनपद मुजफ्फरनगर से है जहां मुजफ्फरनगर में 24 घंटे की सघन चेकिंग के दौरान परिवहन विभाग, स्थानीय पुलिस/प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त कार्रवाई में खनन एवं ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाते हुए जहां लाखों रुपए का जुर्माना किया गया है तो वहीं बड़ी संख्या में वाहनों को सीज कर कानूनी कार्रवाई भी की गई है।

परिवहन अधिकारी की ताबड़ तोड़ कार्यवाही अभियान में थाना छपार क्षेत्र सहित नई मंडी कोतवाली क्षेत्र में ओवरलोडिंग और मुख्य मार्गों पर खड़े वाहनों पर 24 घण्टे की सघन अभियान अंतर्गत कार्यवाही से ओवर लोड वाहन चालकों सहित खनन में संलिप्त वाहन चालकों एंव ओवर लोड रेत रोड़ी बदरपुर आदि लेकर आने वाले वाहन चालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

बता दें उत्तर प्रदेश के जनपद मुजफ्फरनगर में हरियाणा पंजाब सहित विभिन्न राज्यों से ट्रैक्टर ट्रालों को भूसे आदि से ओवर लोड़ कर भोपा रोड, जोली रोड ,और जानसठ रोड पर स्थित पेपर उद्योग में लाया जाता है जहां इन बड़े-बड़े ओवरलोड भूसा वाहनों से न केवल सड़क मार्ग अवरुद्ध होता है बल्कि राह चलते दुपहिया वाहन चालकों से लेकर चार पहिया वाहन चालकों में भी जान माल का खतरा बना रहता है। आज इसी क्रम में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने के बाद जिलाधिकारी/रस्ढ के दिशा निर्देशनो के अनुपालन मेंसहायक परिवहन अधिकारी प्रवर्तन सुशील मिश्रा ,सीओ नई मण्डी राजू कुमार साº भारी पुलिस फोर्स के साथ भोपा रोड पर पहुंचे जहां उन्होंने दो दर्जन के करीब ओवरलोड भूसा से भरे ट्रैक्टर ट्रोलों पर जुर्माने सहित सीज की कार्रवाई की है।

स्थानीय ग्रामीणों सहित आस पास से गुजर रहे लोगों ने बताया कि जिले की सीमा में कई थाने और पुलिस चौकियों की नाक के नीचे ओवरलोड बिना नंबर प्लेट के खुलेआम दौड़ रहे बड़े बड़े ट्रैक्टर ट्राले जो कभी भी बड़े हादसों को दे सकते है अंजाम। जबकि मुजफ्फरनगर में सोए रहते हैं खनन विभाग से लेकर तहसील स्तर और पुलिस प्रशासनिक अधिकारी।

मुजफ्फरनगर में अकेले परिवहन अधिकारी सुशील मिश्रा ओवरलोड वाहनो, खनन से लेकर सहारनपुर ,उत्तराखंड और हरियाणा की तरफ से आने वाले रेत, रोड़ी, बदरपुर सहित ओवरलोड वाहनों पर समय समय पर करते है सख्त कार्यवाही आज भी एक वीडियो वायरल होने के बाद परिवहन अधिकारी सुशील मिश्रा द्वारा ओवरलोड भूसे से भरे दो दर्जन के करीब वाहनों पर की गई है सख्त कानूनी कार्रवाई यहां लाखों के जुर्माने सहित बिना नंबर प्लेट के दौड़ रहे ट्रैक्टर ट्रॉलीयों पर की गई है सीज की कार्रवाई।

मामले में जानकारी देते हुए सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन सुशील मिश्र ने बताया की गत दिवस से लेकर आज फिर से परिवहन अधिकारी ने जिलाधिकारी/ एसएसपी के दिशा निर्देशों के अनुपालन में आज फिर की ऐसी वाहनों पर सख्त कानूनी कार्रवाई।

गत दिवस से लेकर आज तक की गई कानूनी कार्यवाही में वाहनों के चालान ,सीज की कार्यवाही सहित लाखों रुपए का लगाया जा चुका है भारी भरकम जुमार्ना लेकिन फिर भी वाहन चालक सुधरने का नाम नही ले पा रहे है। अधिकारिक सूत्रों के अनुसार चंद पैसों का लालच देकर हरियाणा पंजाब राज्यों से मुजफ्फरनगर की सीमा में घुसकर विभिन्न थानो और चौकियों को पार करते हुए भोपा रोड, जौली रोड, जानसठ रोड पर लोगों की जान जोखिम में डाल करते हैं ऐसे वाहन चालक मनमानी। मुख्य सड़कों पर भारी भरकम वाहनों को खड़े कर हर समय जाम लगा लोगों की जान को डालते हैं आफत में जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त आदेश निर्देश है कि किसी भी संपर्क मार्ग ,हाईवे ,नेशनल हाईवे, एवं मुख्य मार्ग पर भारी वाहन कतई भी खड़े न होने पाए लेकिन मुजफ्फरनगर में तो इसका उल्टा ही असर देखने को मिलता है।

# पुलिस की गौकशों के साथ मुठभेड़, एक गिरफ्तार

**सहारनपुर, 27 मई (तरुणमित्र)।** थाना मिर्जापुर पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान एक हिस्ट्रीशीटर गौकश को घायलावस्था में गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध असलाह मय जिंदा व खोखा कारतूस, गौकशी के उपकरण व मोटरसाइकिल बरामद करने में सफलता हासिल कर ली। जबकि दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर फरार होने में सफल रहा। मिली जानकारी के अनुसार थाना चिलकाना पुलिस कासमपुर बिजलीघर के पास विकास नगर-सहारनपुर रोड पर चैकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल तेज गति से आती दिखाई दी। संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस ने टार्च की रोशनी दिखाकर संदिग्धों को रूकने का इशारा किया तो वे रूके नहीं और पुलिस पर फायरिंग करते हुए ग्राम पाडली जाने वाले राजवाहे की तरफ भागने लगे। पुलिस ने



बदमाशों का पीछा। कुछ दूरी पर जाकर मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर नीचे गिर गई और बदमाश दौड़कर आम के बाग में घुस गए जहां उन्होंने वहां पहुंची पुलिस पार्टी पर पुनः फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी आत्मरक्षार्थ फायरिंग की जिसमें एक बदमाश दाएं पैर में गोली लगने से घायल हो गया जिसे पुलिस ने बलप्रयोग कर गिरफ्तार कर लिया। जबकि दूसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर फरार होने में सफल रहा जिसकी तलाश में पुलिस ने काफी देर तक काम्बिंग की परंतु उसका कहीं कुछ पता नहीं चल सका। घायल बदमाश की पहचान सलमान पुत्र वरीस निवासी ग्राम रायपुर थाना मिजार्पुर के रूप में हुई। पुलिस ने दबोचे घायल बदमाश के कब्जे से एक तमंचा, एक खोखा व 3 जिंदा कारतूस 315 बोर, गोकशी के उपकरण एवं घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बरामद कर ली। दबोचा गया बदमाश शातिर किस्म का हिस्ट्रीशीटर गौकश है जिसके खिलाफ जनपद के अलग-अलग थाने में गौकशी, लूट, चोरी व तस्करी के लगभग एक दर्जन मुकदमें दर्ज हैं।

# औषधि भंडारण व दवाइयों की उपलब्धता का सीएमओ ने किया निरीक्षण

**मुजफ्फरनगर, 27 मई (तरुणमित्र)।** दिनांक 27 मई 2026 को जनपद मुजफ्फरनगर में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया द्वारा जिला चिकित्सालय परिसर स्थित सीएमएसडी स्टोर तथा बामनहेरी स्थित केंद्रीय ड्रग वेयरहाउस का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दवाइयों की उपलब्धता, भंडारण व्यवस्था, एक्सपायरी डेट, स्टॉक रजिस्टर, वितरण व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का गहनता से परीक्षण किया गया।



मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सर्वप्रथम जिला चिकित्सालय परिसर स्थित सीएमएसडी स्टोर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न प्रकार की आवश्यक एवं जीवनरक्षक दवाइयों की उपलब्धता की जानकारी ली तथा दवाओं के रख-रखाव, स्टॉक प्रबंधन एवं रिकॉर्ड संधारण की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि किसी भी स्थिति में मरीजों को दवाइयों की कमी का सामना न करना पड़े तथा दवाओं की गुणवत्ता एवं समयबद्ध उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

निरीक्षण के दौरान डॉ. सुनील तेवतिया ने विशेष रूप से दवाइयों की एक्सपायरी डेट की जांच कराई तथा निर्देश दिए कि एक्सपायर होने वाली दवाओं का समय से पृथक्करण एवं नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही स्टोर में साफ-सफाई, तापमान नियंत्रण एवं दवाइयों के सुरक्षित भंडारण संबंधी व्यवस्थाओं को भी परखा गया।

इसके उपरांत मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा बामनहेरी स्थित केंद्रीय ड्रग वेयरहाउस का भी निरीक्षण किया गया, जहां से पूरे जनपद के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों एवं चिकित्सालयों को दवाइयों की आपूर्ति की जाती है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दवाइयों के स्टॉक, वितरण प्रणाली, उपलब्धता एवं भंडारण की व्यवस्थाओं का विस्तार से अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी स्वास्थ्य इकाइयों तक समय पर एवं पर्याप्त मात्रा में दवाइयों की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें।

डॉ. सुनील तेवतिया ने कहा कि जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए दवाइयों की उपलब्धता एवं पारदर्शी स्टॉक प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है।

# ईद को लेकर पुलिस प्रशासन का फ्लैग मार्च चप्पे-चप्पे पर रही कड़ी सुरक्षा

**हापुड़, 27 मई (तरुण मित्र)।** आगामी ईद-उल-फितर के त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए हापुड़ में पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। आम जनता की सुरक्षा और कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए पुलिस बल ने संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान चप्पे-चप्पे पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। ईद की नमाज की तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एडिशनल एसपी विनीत भटनागर ने साफ किया है कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना है, जिससे किसी भी नागरिक को असुविधा न हो।



**❑ एसडीएम ईला प्रकाश,सीओ वरुण मिश्रा व कोतवाल मनीष चौहान ने किया शहर का भ्रमण**

उन्होंने बताया कि इस संबंध में सभी हितधारकों, पीस कमेटियों और मोहल्ला समितियों के साथ जिला व थाना स्तर पर बैठकें की जा चुकी हैं। सभी को उनकी जिम्मेदारियों और व्यवस्थाओं के बारे में स्पष्ट निर्देश दे दिए गए हैं। इसके साथ ही, सोशल मीडिया पर माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों पर भी पुलिस की पैनी नजर है। एडिशनल एसपी ने सख्त लहजे में चेतावनी दी है कि यदि किसी ने भी सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से आपसी भाईचारे और शांति व्यवस्था को बिगाड़ने का प्रयास किया, तो पुलिस उसके खिलाफ बेहद सख्त और दंडात्मक कार्रवाई करेगी। पुलिस ने आम जनता से भी अपील की है कि वे शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाएं और किसी भी भ्रामक अफवाह पर ध्यान न दें। इस मौके पर एसडीएम ईला प्रकाश, सीओ वरुण मिश्रा, सदर कोतवाल मनीष चौहान आदि अधिकारी मौजूद थे।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

**सहारनपुर, 27 मई (तरुणमित्र)।** थाना देहात कोतवाली पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में वांछित आरोपी को दबोच लिया। मिली जानकारी के अनुसार 24 अप्रैल को वादी ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि आरोपी फैसल पुत्र ताहिर निवासी शेखपुरा कदीम थाना कोतवाली देहात ने उसकी पुत्री को निकाह का झांसा देकर कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाने से दुष्कर्म कर जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी थी। थाना देहात कोतवाली पुलिसने आज प्रभारी निरीक्षक एच. एन. सिंह व वरिष्ठ उपनिरीक्षक नीरज गुप्ता के नेतृत्व में मुकदमा उपरोक्त में वांछित आरोपी फैसल पुत्र ताहिर निवासी शेखपुरा कदीम थाना देहात कोतवाली को जिला अस्पताल चैक के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से मजदूर की मौत

**एटा, 27 मई (तरुणमित्र)।** बागवाला थाना क्षेत्र में एक अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार मजदूर को रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना बागवाला के हरनावली गांव के पास हुई। मृतक की पहचान करतला निवासी राजकुमार पुत्र झल्लू के रूप में हुई है, जो मलावन पावर प्लांट में मजदूरी करने जा रहे थे।

स्थानीय लोगों ने सड़क पर घायल पड़े राजकुमार को देखा और तत्काल बागवाला थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन रोते-बिलखते अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की प्रक्रिया पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया।

मृतक के परिजन सत्यभान ने बताया कि राजकुमार रोज की तरह मजदूरी करने जा रहे थे, तभी हरनावली गांव और बागवाला चौराहे के समीप अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौत हो गई।

# फीस प्रतिपूर्ति रोकने व फर्जी जांच का आरोप, शिक्षा विभाग पर डॉ. अशोक मलिक ने उठाए सवाल

**सहारनपुर, 27 मई (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं भगवती देवी मेमोरियल व बीडीएम पब्लिक स्कूल के प्रबंधक डॉ. अशोक मलिक ने शिक्षा विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले चार वर्षों से आरटीई के तहत लाभान्वित 108 बच्चों की फीस प्रतिपूर्ति का भुगतान नहीं किया गया, ऐसे में गबन का आरोप कैसे लगाया जा सकता है। उन्होंने दावा किया कि सभी बच्चों का विवरण यू-डाइस पोर्टल पर अपार आईडी सहित दर्ज है और बच्चों का आवंटन भी विभाग द्वारा किया जाता है। दिल्ली रोड स्थित एक कार्यक्रम में डॉ. मलिक ने कहा कि विभाग ने सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत मांगी गई कई



जनसूचनाओं का अब तक जवाब नहीं दिया है। उनका कहना है कि यदि विभाग जवाब दे दे तो पूरे मामले की स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि मान्यता, फीस प्रतिपूर्ति और जांच प्रक्रिया में अनियमितताएं हुई हैं तथा उनके विद्यालयों के विरुद्ध पक्षपातपूर्ण कार्रवाई की गई। डॉ. मलिक ने यह भी कहा कि विभिन्न खंड शिक्षा अधिकारियों की रिपोर्टों में बच्चों की उपस्थिति और सत्यापन को लेकर विरोधाभास है, जबकि शिकायतकर्ताओं की ओर से अब तक कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया। उन्होंने अपने खिलाफ दर्ज मुकदमे को भ्रष्टाचार और रिश्वत के विरोध का परिणाम बताया। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक, किसान एवं शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## बालेश्वर लाल की 39वीं पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर आयोजित

**एटा, 27 मई (तरुणमित्र)।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक स्व. बालेश्वर लाल की 39वीं पुण्यतिथि पर वीरांगना अवंतीबाई मेडिकल कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष पंकज गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित शिविर में पत्रकारों, समाजसेवियों और व्यापारियों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया।

शिविर का उद्घाटन भाजपा जिलाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राजेंद्र प्रसाद एवं सीएमएस डॉ. सुरेश चंद्रा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। अतिथियों ने स्व. बालेश्वर लाल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। शिविर में दो दर्जन से अधिक लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान महादान है और समय पर रक्त मिलने से जरूरतमंदों को जीवनदान मिल सकता है।

# ड्यूटी छोड़ सड़क पर उतरे होमगार्ड ट्रैफिक पुलिस पर शोषण के आरोप

**मेरठ, 27 मई (तरुणमित्र)।** मेरठ में ट्रैफिक विभाग के होमगार्ड्स और पुलिस कर्मियों के बीच विवाद खुलकर सामने आ गया। बुधवार को बड़ी संख्या में होमगार्ड्स ने ड्यूटी का बहिष्कार कर पुलिस लाइन स्थित ट्रैफिक कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। होमगार्ड्स ने ट्रैफिक पुलिस कर्मियों पर उत्पीड़न और अनुचित व्यवहार करने के गंभीर आरोप लगाए।

प्रदर्शन के चलते कुछ समय के लिए ट्रैफिक व्यवस्था पर भी असर पड़ने की स्थिति बन गई। अचानक हुए विरोध प्रदर्शन से विभागीय अधिकारियों में भी हलचल मच गई।

**'दो मिनट की देरी पर भी नहीं लगती ड्यूटी'**

प्रदर्शन कर रहे होमगार्ड्स का आरोप है कि ट्रैफिक विभाग में उनके साथ सख्ती के नाम पर अन्याय किया जा रहा है। उनका कहना है कि यदि कोई होमगार्ड ड्यूटी पर पहुंचने में दो मिनट भी देर कर दे तो उसका पर्चा जमा नहीं किया जाता और उसे ड्यूटी से बाहर कर दिया जाता है। होमगार्ड्स ने आरोप लगाया कि कई बार वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, जिससे कर्मचारियों में नाराजगी लगातार बढ़ती गई।

**पुलिस लाइन में नारेबाजी, कार्यालय के बाहर जताया विरोध**

आक्रोशित होमगार्ड्स पुलिस लाइन स्थित ट्रैफिक कार्यालय के बाहर एकत्र हुए और जमकर नारेबाजी की। उन्होंने विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए सम्मानजनक व्यवहार और स्पष्ट व्यवस्था की मांग की। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों का कहना है कि लगातार मानसिक दबाव में काम कराया जा रहा है, जबकि उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं सुना जाता।

## अवैध चाकू के साथ दो बदमाश गिरफ्तार

**सहारनपुर, 27 मई (तरुणमित्र)।** थाना बेहट पुलिस ने दो शातिर बदमाशों को दबोचकर उनके कब्जे से दो अवैध चाकू बरामद करने में सफलता हासिल कर ली। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन के निर्देश पर जनपद पुलिस द्वारा अपराधों को नियंत्रित करने एवं अपराधों में संलिप्त अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत थाना बेहट पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह दीक्षित व उपनिरीक्षक अरविंद कुमार के नेतृत्व में गश्त के दौरान दो बदमाशों रहीश, वाजिद को जंगल ग्राम शाहबुद्दीनपुर से गिरफ्तार कर लिया।

# पं. नेहरू व रमाबाई अंबेडकर की पुण्यतिथि मनाई

**अलीगढ़, 27 मई (तरुणमित्र)।** कुर्वासी अंबेडकर पार्क में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की पुण्यतिथि एवं रमाबाई अंबेडकर जी की पुण्यतिथि कांग्रेस नेता सागर सिंह तोमर के नेतृत्व में मनाई गई। कांग्रेस नेता सागर सिंह तोमर ने कहा बताया पंडित जवाहर लाल नेहरू जी ने कहा था, विफलता तभी होती है जब हम अपने आदर्शों उद्देश्यों और सिद्धांतों को भूल जाते हैं आज इन्हीं महान विचारों को आत्मसात कर कांग्रेस पार्टी पूरे संकल्प और अटूट विश्वास के साथ आगे बढ़ रही है उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए यह संकल्प लें कि सामाजिक न्याय लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता के उनके आदर्शों को और सशक्त करेंगे आइए मिलकर पंडित नेहरू जी के सपनों के भारत को समृद्ध और खुशहाल बनाएं 27 मई 1964 को 169 देशों ने राष्ट्रीय शोक मानते हुए अपने राष्ट्रीय ध्वज आधे झुका दिये थे।

## पेज 1 का शेष...

### एसआईआर प्रकिया...

अदालत ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति अपने पुराने निवास स्थान से कहीं और चला गया हो, तब भी उसके या उसके परिवार का रिकॉर्ड पूर्व मतदाता सूची में उपलब्ध रहेगा। इसलिए यह मान लेना उचित नहीं कि लोगों को जानबूझकर सूची से बाहर किया जा रहा है। न्यायालय ने यह भी माना कि चुनाव आयोग द्वारा स्वीकार किए गए दस्तावेज विश्वसनीयता के आधार पर तय किए गए हैं और इस प्रक्रिया को मनमाना नहीं कहा जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि जिन लोगों की नागरिकता को लेकर संदेह हो, उनके मामलों की जानकारी चार सप्ताह के भीतर सक्षम प्राधिकरण को भेजी जाए। अदालत ने यह भी कहा कि ऐसे मामलों में अंतिम निर्णय अगले चुनाव से पहले तक किया जाना चाहिए ताकि मतदान प्रक्रिया प्रभावित न हो।

इस मामले में एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स, पीयूसीएल समेत कई संगठनों और विपक्षी नेताओं ने याचिकाएं दाखिल की थीं। याचिकाकर्ताओं में मनोज झा, महुआ मोइत्रा, के. सी. वेणुगोपाल, पप्पू यादव और सुधाकर सिंह जैसे नेता शामिल थे। अदालत के फैसले के बाद राजनीतिक हलकों में नई बहस शुरू हो गई है और इसे चुनावी पारदर्शिता से जुड़े बड़े निर्णय के रूप में देखा जा रहा है।

### लेबनान सीमा पर फिर...

उधर, इजराइल का कहना है कि उत्तरी इजराइल में हवाई हमले की आशंका के चलते कई इलाकों में सायरन बजाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उत्तरी इजराइल के समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह सैन्य कार्रवाई जरूरी है। इस बीच हिजबुल्लाह ने दावा किया है कि उसने दक्षिणी लेबनान और उत्तरी इजराइल में इजराइली सैन्य ठिकानों पर 22 हमले किए हैं। लगातार बढ़ते तनाव के कारण संघर्ष-विराम लगभग खत्म होता दिखाई दे रहा है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय भी हालात पर नजर बनाए हुए है और क्षेत्र में बड़े युद्ध की आशंका गहराने लगी है।

### कर्नाटक में सत्ता बदलाव...

उन्होंने फिलहाल इस्तीफे या नेतृत्व परिवर्तन पर सीधा जवाब देने से परहेज किया। वहीं राज्य के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री केएच मुनियप्पा ने दावा किया कि मुख्यमंत्री द्वारा बुलाई गई बैठक के बाद स्थिति साफ हो जाएगी। राजनीतिक घटनाक्रम पर भाजपा ने भी कांग्रेस को घेरना शुरू कर दिया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने आरोप लगाया कि कांग्रेस आलाकमान राज्य सरकार के कामकाज से संतुष्ट नहीं है और सिद्धारमैया से इस्तीफा मांगा जा सकता है। वहीं विधान परिषद में नेता विपक्ष चलवाडी नारायणस्वामी ने तंज कसते हुए कहा कि आखिरकार शिवकुमार ही मुख्यमंत्री बनेंगे। हालांकि कांग्रेस हाईकमान ने अब तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है, लेकिन लगातार बैठकों, बयानों और बढ़ती राजनीतिक सक्रियता ने साफ संकेत दे दिए हैं कि आने वाले दिनों में कर्नाटक की राजनीति बड़ा मोड़ ले सकती है।

### निवेश परियोजनाओं में...

करते हुए अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में लगभग 15.5 लाख इलेक्ट्रिक वाहन पंजीकृत हैं। वर्ष 2030 तक 10 हजार चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिनमें से करीब 2500 स्टेशन संचालित हो चुके हैं। मुख्यमंत्री ने एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि बेहतर कनेक्टिविटी से उद्योग, निवेश और रोजगार को नई गति मिलेगी। उन्होंने आगरा-लखनऊ-पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेस-वे, जेवर लिंक एक्सप्रेस-वे और झांसी लिंक एक्सप्रेस-वे के लिए जून अंत तक भूमि अधिग्रहण पूरा करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि फरुर्खाबाद लिंक एक्सप्रेसवे के लिए लगभग 55 प्रतिशत भूमि अधिग्रहित की जा चुकी है, जबकि मेरठ-हरिद्वार एक्सप्रेसवे का एलाइनमेंट स्वीकृत हो चुका है।

बैठक में मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब, मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब, सीड पार्क, टेक्सटाइल पार्क और डिफेंस कॉरिडोर परियोजनाओं की भी समीक्षा की गई। अलीगढ़ डिफेंस नोड में आइकॉन्स हिंदुस्तान एयरोस्पेस एंड डिफेंस सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 125 करोड़ रुपये निवेश प्रस्ताव पर सकारात्मक प्रगति की जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री ने जेवर एयरपोर्ट के निकट प्रस्तावित एग्रीकल्चर एक्सपोर्ट हब और उन्नाव की एक्वा ब्रिज परियोजना को भी तेजी से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए।

# विद्यालय में सड़क सुरक्षा को लेकर विकासखंडवार बैठकें शुरू

**अलीगढ़, 27 मई (तरुणमित्र)।** जिले में विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से जिलाधिकारी अविनाश कुमार के निर्देश पर विकासखंडवार सड़क सुरक्षा जन-जागरूकता बैठकों का आयोजन आरंभ हो गया है। अभियान के अंतर्गत विद्यालयों में परिवहन संबंधी महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अकराबाद में 29 मई, लोधा में 1 जून, खैर में 3 जून, टप्पल में 5 जून, इगलास में 8 जून, गोण्डा में 10 जून, अतरौली में 12 जून, बिजौली में 15 जून, गंगीरी में 17 जून, चण्डौस में 19 जून, जवां में 22 जून और नगर क्षेत्र में 24 जून को बैठकें आयोजित की जाएंगी।

सुरक्षा समिति गठन, विद्यालय वाहनों की सुरक्षा जांच एवं विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने पर विशेष बल दिया जा रहा है। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पूरन सिंह ने बताया कि आयोजित बैठकों में विद्यालय प्रधानाचार्यों, ग्राम प्रधानों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों को सड़क सुरक्षा


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं बैजनाथ सुत राम अधार निवासी ग्राम अकरिया पार थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ का हूं। मेरा पुत्र शिवशंकर जो दुष्ट प्रवृत्ति किस्म का व्यक्ति है मेरे दो पुत्र शिवशंकर व राजकुमार हैं शिव शंकर आवारा घूमता है मेरे कहे सुने में नहीं रहता है समझाने पर एलानियां धमकी देता है कि मुझे तुम्हारी सम्पत्ति से कोई वास्ता सरोकार नहीं है न ही मैं तुम्हारी सेवा देखभाल ही करूंगा जिससे निराश परेशान होकर मैं अपनी सम्पूर्ण चल-अचल सम्पत्ति से अपने पुत्र शिवशंकर को बेदखल कर रहा हूं भविष्य में यदि मेरा लड़का शिवशंकर किसी भी मुकदमें में या किसी अन्य कार्य में फंसाया जाता है तो मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## कार्यालय: अधिशासी अभियन्ता, जोन-8 जलकल विभाग, नगर निगम-लखनऊ

पत्रांक-109 ई.ई.-8/ एल.जे.एस. दिनांक- 27.05.26

**अति-अल्पकालीन निविदा-सूचना**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 03/06/2026 को अपरान्ह 3:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता जोन-8 कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते हैं। सील्ड निविदायें दिनांक 03/06/26 को अधिशासी अभियन्ता जोन-8 के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बाक्स से प्राप्त की जायेंगी। प्राप्त सभी निविदायें दिनांक 03/06/2026 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे अधिशासी अभियन्ता, जोन-8 के कार्यालय में खोली जायेंगी। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Laying of 250 mm dia sewer line 60 Mtr from H.N. B-6 Ayyub Fabricaters to Nala, Aurangabad Khalsa, Raja Bijli Pasi I Ward, Lko. | 8300.00 | Rs. 450+18 % GST=531 | 07 दिवस |
| 2 | Laying of 250 mm dia sewer line 45 Mtr from H.No 595/45 to H.No 595/49A, Aurangabad Khalsa, Raja Bijli Pasi I Ward, Lko. | 6400.00 | Rs. 350+18 % GST=413 | 07 दिवस |
| 3 | Boring work of Mini Tubewell Size 200X200mm Dia at Shiv Mandir Park, Sec-E, Vidhyawati I Ward, Lko | 8400.00 | Rs. 450+18 % GST=531 | 07 दिवस |
| 4 | Development, supply of P-gravel & other mechanical works for mini tubewell bored at Shiv Mandir Park, Sec-E, Vidhyawati I Ward, Lko | 8300.00 | Rs. 450+18 % GST=531 | 07 दिवस |
| 5 | Supply & Fixing of by pass system & other electrical/ Civil works for newly bore mini tubewell at Shiv Mandir Park, Sec-E, Vidhyawati I Ward, Lko | 8500.00 | Rs. 450+18 % GST=531 | 07 दिवस |

अधिशासी अभियन्ता, जोन-8, जलकल विभाग, नगर निगम-लखनऊ

## पूर्वोत्तर रेलवे

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता/पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से ''खुली'' निविदा आमंत्रित करते है। कार्य का नाम : लखनऊ और वाराणसी डिवीजन, नॉर्थ ईस्टर्न रेलवे में 1x25 केवी से 2x25 केवी ओएचई सिस्टम में ट्रैक्शन सिस्टम के उन्नयन के संबंध में विभिन्न स्थानों पर RDSO विनिर्देश संख्या TI/ SPC/ RCC/ SCADA/0134 या नवीनतम के अनुसार SCADA सिस्टम का डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। ई-निविदा सूचना सं० EL-NER-SCADA-01-26, अनुमानित लागत (रू.) : 238621169.35, बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) (रू.) : 4772500.00, निविदा बन्द होने की तिथि : 29.06.2026, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन /अवधि की तिथि: 24 महीना ● पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। ● यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

**मुख्य विद्युत अभियंता/प्रोजेक्ट,**
**मुजाधि/विद्युत -52 पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

## पूर्वोत्तर रेलवे

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते हैं : **क्र.सं. :** 1, **ई-प्रापण निविदा संख्या :** उपमु.इं.-नि.-मुख्या.-गोर.-04-2026, **कार्य का नाम :** गोरखपुर में स्थित मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण के कार्यालय भवन में वर्क स्टेशन/क्यूबिक्ल, विशेष मरम्मत एवं सरकुलेटिंग एरिया, पार्किंग शेड के नवीनीकरण सहित नए सभा कक्ष और निविदा अनुभाग के निर्माण का कार्य, **अनुमानित निविदा मूल्य :** रु. 3,88,25,450.06, **बयाना राशि :** रु. 7,76,500.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु. 0.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 04 (चार) माह।

• बिडिंग प्रारम्भ करने की तिथि - **08.06.2026** • उपरोक्त ई-निविदा सबमिशन की अन्तिम तिथि - **दिनांक 22.06.2026 को 15.00 बजे तक।** • उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि - **दिनांक 22.06.2026 को 15.30 बजे।** • निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे।

**श्री आर. के. चौधरी, सहायक कार्यपालक इंजीनियर/निर्माण/मुख्या./II मो.नं. 9794844281**
**उप मुख्य इंजीनियर/नि./मुख्या.,**
**मुजाधि/डब्ल्यू-123 पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर**

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें


संस्थापक-स्व. कैलाशनाथ। तरुणमित्र मीडिया प्रा.लि. के लिए योगेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा इण्डियन एक्सप्रेस प्रा.लि. सी-26 अमौसी इण्डस्ट्रियल एरिया कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित व 120/18 बेलदारी लेन लालबाग लखनऊ से प्रकाशित। संपादक योगेन्द्र विश्वकर्मा *। फोन-0522-4067598, डाक पंजीयन सं0 GPOLW/NP-128/2023-25
Email-tarunjnp@gmail.com, website. www.tarunmitra.in RNI NO-UPHIN/1999/00103 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।

## लखनऊ को देश का स्वच्छ शहर बनाने के लिए अहम बैठक

# मंत्री-मेयर व नगर आयुक्त की टेबल पर दिखी प्रतिबंधित 200 एमएल की पानी बोतल !

सत्य प्रकाश भारती





**लखनऊ, 27 मई (तरुणमित्र)।** बुधवार लखनऊ को देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाने के लिए नगर विकास मंत्री और महापौर ने अधिकारियों के साथ अहम बैठक की। वहीं इस बैठक के दौरान आई तस्वीरों ने स्वच्छता को लेकर कई सवाल खड़ा कर दिए हैं। मंत्री और मेयर की मौजूदगी में हो रही बैठक में सभी के टेबल पर 200`' की प्रतिबंधित बोतल रखी नजर आई। बीते नवंबर 2022 में तत्कालीन नगर आयुक्त ने इसके प्रतिबंध की सार्वजनिक सूचना भी जारी की थी। जिसमें उन्होंने भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु मंत्रालय की अधिसूचना का हवाला दिया था।

दरअसल,नगर आयुक्त की ओर से तीन नवंबर 2022 को प्रकाशित की गई सार्वजनिक नोटिस में पर्यावरण, वन और जलवायु मंत्रालय भारत सरकार की ओर से 12 अगस्त 2021 को जारी अधिसूचना का हवाला देते हुए कहा गया है कि निकाय में पंजीकृत बैंक्वेट हॉल, टेंट हाउस, शादीघर, टेंट हाउस और खान-पान सेवा प्रदाता सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं कर सकते। तत्कालीन नगर आयुक्त के मुताबिक 200 एमएल वाली पानी की बोतलें शादी समारोहों व अन्य कार्यक्रमों में इस्तेमाल नहीं की जा सकेगा। हालांकि, इसकी खरीद-बिक्री रोकने को लेकर नगर निगम ने कुछ भी स्पष्ट नहीं किया था। उन्होंने कहा था कि स्वच्छ भारत मिशन की दिशा निर्देशिका-2023 में तय किए गए तीन-आर यानी रिड्यूस, रीयूज और रिसाइकिल के मानकों का पालन करना होगा। सिंगल यूज प्लास्टिक का कतई इस्तेमाल न हो, इसे उन्हें सुनिश्चित करना होगा। कूड़े का निस्तारण भी आयोजन स्थल पर ही करना होगा। शहर में करीब 500 से अधिक बैंक्वेट हॉल-शादीघर हैं। वहीं नियम के मुताबिक इसका प्रयोग करने पर पांच हजार रुपये का जुमार्ना लगाया जा सकता है। वहीं कानूनी कार्रवाई के तहत तीन महीने की सजा हो सकती है। वहीं बुधवार लखनऊ को देश का पहला स्वच्छ शहर बनाके के लिए हुई अहम्‍ बैठक में यह पानी की बोतल मेयर और मंत्री सहित अधिकारियों की टेबल पर रखी नजर आई। बैठक के दौरान मंत्री ए.के. शर्मा ने अधिकारियों से कहा कि लखनऊ ने स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है, लेकिन अब लक्ष्य देश में प्रथम स्थान प्राप्त करना होना चाहिए। इसके लिए यह समीक्षा आवश्यक है कि किन प्रयासों से शहर शीर्ष तीन में पहुंचा और किन कमियों को दूर कर बेहतर परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश करते हुए कहा कि शहर में कहीं भी कूड़े के ढेर दिखाई नहीं देने चाहिए। सीवेज से संबंधित समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा अस्पतालों, होटलों एवं व्यावसायिक क्षेत्रों के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाया जाए। साथ ही स्कूलों में कायाकल्प कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा करने एवं शिकायत निस्तारण प्रणाली को और प्रभावी बनाने के निर्देश भी दिए। वहीं जनहित और वातावरण संरक्षण से जुड़े इस अहम प्रकरण पर जब तरूणमित्र टीम ने लखनऊ एफएसडीए टीम के मंडल व जनपदीय अफसरों के मोबाइल नंबरों पर काल किया तो कई बार की तरह फिर उनका फोन नहीं उठा, जिससे यह प्रतीत होता कि ये संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपरोक्त मुद्दे को लेकर कितने गंभीर रहते हैं।

- 2022 में तत्कालीन नगर आयुक्त ने जारी किया था सार्वजनिक नोटिस
- पर्यावरण, वन और जलवायु मंत्रालय भारत सरकार की अधिसूचना का दिया था हवाला
- कई बार की तरह फिर नहीं उठा लखनऊ के एफएसडीए अफसरों का फोन

'यह बात 2022 की है। मैं निर्वाचित होकर 2023 में आई हूं। ऐसी कोई अधिसूचना है मेरे पटल पर नहीं है। यदि इसकी जानकारी होती है,तो मैं इसकी समीक्षा करती हूं।

**- सुषमा खर्कवाल, महापौर, नगर निगम लखनऊ**

# प्रदेश में नवाचार का असर, शिशु मृत्यु दर में आई कमी : डॉ. शालिनी





- कंगारू मदर केयर, सीपैप मशीन, मिल्क बैंक व नियमित टीकाकरण बने बड़े कारण
- बच्चों की मौत संक्रमण व अस्वच्छता के कारण भी हो जातीः डॉ. सलमान

**लखनऊ, 27 मई (तरुणमित्र)।** प्रदेश में स्वास्थ्य केंद्रों और स्वास्थ्य कर्मचारियों के अपग्रेड होने से एनएमआर व आईएमआर में कमी आई है। बीते तीन-चार सालों में आयुष्मान आरोग्य मंदिर से लेकर जिला महिला अस्पताल के डाक्टरों व स्टाफ नर्स को लगातार प्रशिक्षित किया गया है। ये बातें किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय की बाल रोग विभाग की प्रोफेसर डॉ शालिनी त्रिपाठी ने कही।

उन्होंने बताया इसके अलावा नवजात को सांस लेने में दिक्कत होने पर लगाई जाने वाली सीपैप मशीन,कंगारू मदर केयर,मिल्क बैंक,निःशुल्क दवाओं व नियमित टीकाकरण भी शिशुओं की मृत्यु दर कम करने में सहायक साबित हुए हैं। डॉ शालिनी,इसके अलावा अस्पतालों में शुरू हुए मदर न्यूबार्न केयर यूनिट (एमएनसीयू), जिसमें प्रसव के बाद मां-बच्चे को एक साथ वार्ड में ठहराया जाता है, से भी बड़ा लाभ हो रहा है।

वीरांगना अवंती बाई महिला अस्पताल की स्टाफ नर्स डेजी रानी ने बताया कि नर्सों को नवजात शिशु की देखभाल पर नियमित रूप से साप्ताहिक वर्चुअल लर्निंग सेशन और समय-समय पर आमने-सामने रिफ्रेशर ट्रेनिंग दी जा रही है। इन ट्रेनिंग से उन्हें नवजात शिशु के खतरे के लक्षणों को पहचानने, समय पर रेफरल प्रोटोकॉल का पालन करने और जन्म के समय पुनर्जीवन प्रक्रियाओं को मजबूत करने में काफी मदद मिली है। वीरांगना अवंती बाई अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ सलमान ने बताया कि बहुत से बच्चों की मौत संक्रमण व अस्वच्छता के कारण भी हो जाती थी। अब अस्पतालों में स्वच्छता व बच्चों को संक्रमण से बचाने के लिए भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्टाफ को प्रशिक्षित किया जाता है कि शिशु के पास आने से पहले डाक्टर, नर्स के हाथ साफ हों, प्रसूता का डिलिवरी क्षेत्र साफ हो, बच्चे को लपेटने वाला कपड़ा साफ हो, बच्चे की नाल काटने वाला उपकरण व नाल में बांधी जाने वाली क्लिप स्वच्छ हो। अस्पतालों में स्वच्छता व संक्रमण कम होना भी शिशु मृत्यु दर कम होने की एक वजह है।

## बकरीद: कुर्बानी के बकरे की कीमत 15 हजार से 11 लाख



**लखनऊ, 27 मई (तरुणमित्र)।** बुधवार बकरीद को लेकर बाजारों में बकरे बिकते नजर आये। कुबार्नी के लिए बिकने वाले बकरों की कीमत 15 हजार से 11 लाख की जोड़ी के दिखे। बकरीद का त्योहार 28 मई को मनाया जाएगा। इस दिन अल्लाह की रजा के लिए कुबार्नी दी जाती है। आईआईएम रोड पर मौजूद बकरा मंडी में लखनऊ सहित सटे जिलों से लोग बकरा लेकर बेंचते नजर आये। व्यापारी और पशुपालक के पास अलग-अलग नस्ल के बकरे बिकते नजर आये। मंडी में बकरों को गर्मी से बचाने के लिए टेंट लगाया गया। बड़े-बड़े कूलर लगाए गए। पीने के पानी की व्यवस्था की गई। इस मंडी में लोग अपने बजट के मुताबिक बकरे खरीदते नजर आये। बकरा व्यापारी अजहर ने बताया कि लखनऊ में अच्छे बकरों की काफी डिमांड रहती है। पिछले 15 साल से लगातार इस मंडी में बकरा बेचने आ रहे हैं। जितने बकरे लाते हैं। सब बिक जाते हैं। इस बार महंगाई का भी असर नजर आ रहा है, जो लोग 10 बकरे खरीदते थे, वह इस साल 5 से 6 खरीद रहे हैं। फिर भी उम्मीद है कि लाए गए सभी बकरे-भेड़ बिक जाएंगे।



हजरतगंज स्थित हलवासिया कोर्ट में ''बारह साल विश्वास के, विकास के, जन कल्याण के'' अभियान को लेकर आयोजित कार्यशाला में बोलते विधायक पंकज सिंह छायाः तरूणमित्र

# दिनदहाड़े गोली मारकर प्रॉपर्टी डीलर की हत्या



फाइल फोटो

**लखनऊ, 27 मई (तरुणमित्र)।** बुधवार पीजीआई इलाके में दोपहर एक प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह अपने ऑफिस के सामने मोबाइल से बात कर रहे थे। तभी बदमाशों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। आसपास के लोगों ने प्रॉपर्टी डीलर को अपेक्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

जानकारी के मुताबिक घटना पीजीआई थानाक्षेत्र के कल्ली पश्चिम इलाके की है। मृतक की पहचान संदीप सिंह के रूप में हुई है। इससे जुड़ा एक सीसीटीवी भी सोशल मीडिया पर वायरल है। जिसमें प्रॉपर्टी डीलर ऑफिस के बाहर खड़ा दिखाई दे रहा है। बाइक सवार बदमाश प्रॉपर्टी डीलर को गोलियां मारते दिख रहा है। हत्या के बाद बदमाश अपने साथी के साथ बाइक से फरार हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस सीसीटीवी के जरिए बदमाशों की पहचान में जुटी है। आसपास के लोग दौड़ते हुए प्रॉपर्टी डीलर के पास पहुंचे। उन्हें इलाज के लिए एपेक्स ट्रामा सेंटर पहुंचाया। संदीप सिंह मूल रूप से जौनपुर के टकारी के शिकारा जिला के रहने वाले थे। वह वृंदावन योजना में कालिंदी पार्क के पास परिवार के साथ रहते हैं। कल्ली पश्चिम बाजार के यादव मार्केट में उनका प्रॉपर्टी डीलिंग का ऑफिस है। बुधवार दोपहर 12 से 12:30 बजे के बीच वह ड्राइवर प्रदीप सिंह के साथ अपने ऑफिस पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि संदीप कार से उतरकर ऑफिस की ओर बढ़ ही रहे थे, तभी बाइक सवार 2 नकाबपोश बदमाश वहां पहुंचे। उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोली लगते ही संदीप घायल होकर गिर पड़े, तभी आरोपी बाइक से भाग निकले। स्थानीय दुकानदारों के मुताबिक, हमला करने वाले बाइक सवार बदमाश काफी पेशेवर अंदाज में आए थे। बाइक चला रहा बदमाश हेलमेट लगाए हुए था। जबकि, पीछे बैठे हमलावर ने अपना मुंह सफेद गमछे से बांध रखा था। वारदात को अंजाम देते समय एक बदमाश अपाचे बाइक स्टार्ट किए हुए पहले से खड़ा हुआ था। संदीप को कई गोलियां मारने वाला दूसरा बदमाश दौड़ते हुए बाइक पर बैठा। जिसके बाद दोनों भाग निकले।

दोपहर लगभग 1 बजे संदीप सिंह को गोली मारने की सूचना प्राप्त हुई। सीसीटीवी फुटेज देखे गए हैं। संदीप को गोली मारने वाले बाइक सवार 2 युवक दिखे हैं। उनकी पत्नी प्रीति की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस की 4 टीमें लगी हैं।

**अमित कुमार आनंद, डीसीपी साऊथ, लखनऊ कमिश्नरेट**

## एलडीए उपाध्यक्ष से मिले व्यापारी नेता, सौंपा ज्ञापन

**लखनऊ (सं)।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के एक प्रतिनिधि मंडल ने अध्यक्ष अमरनाथ अग्रवाल एवं महामंत्री योगेन्द्र सिंह के नेतृत्व में लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार से उनके कार्यालय में मिला। प्रतिनिधि मण्डल ने शहर के विभिन्न आवासीय क्षेत्रों में लगातार खुल रहे अवैध ब्लिंकिट वेयर हाउसों के विरोध में ज्ञापन सौंपा। अमरनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल ऑनलाइन कारोबार का सदैव विरोध करता रहा है, क्योंकि इस प्रकार के वेयरहाउस खुलने से क्षेत्र के खुदरा एवं फुटकर दुकानदारों का व्यापार गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है। महामंत्री योगेन्द्र सिंह ने कहा कि डालीगंज क्षेत्र के आवासीय इलाके शंकर नगर में संचालित अवैध ब्लिंकिट वेयरहाउस के कारण क्षेत्र का वातावरण अत्यंत दूषित एवं असुरक्षित हो गया है।

## नशे की अवैध खेप जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार



- मेरठ-खरखोदा हाईवे पर छापेमारी में 8,800 नशीली टैबलेट और 1,269 कोडीन सिरप की बोतलें बरामद

**लखनऊ, 27 मई (तरुणमित्र)।** सरकार के 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत काम कर रहे केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) ने मादक और मनो-सक्रिय दवाओं की अवैध तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। संयुक्त कार्रवाई में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है और भारी मात्रा में प्रतिबंधित दवाएं बरामद की गई हैं। जानकारी के अनुसार, 26 मई को सीबीएन के बरेली डिवीजन और ग्वालियर मुख्यालय के दिल्ली सेल की संयुक्त टीम ने खुफिया सूचना के आधार पर कार्रवाई की। टीम ने सोनीपत के पास मेरठ-खरखोदा राजमार्ग पर एक संदिग्ध कार को रोका, जिसमें एक व्यक्ति बिना वैध दस्तावेजों के नशीली दवाओं की खेप लेकर जा रहा था।तलाशी के दौरान वाहन से कुल 8,800 एनआरएक्स टैबलेट और 1,269 कोडीन फॉस्फेट सिरप की बोतलें बरामद की गईं। जब्त दवाओं में 2,600 क्लोनाजेपम टैबलेट (लगभग 0.599 किलोग्राम) और 6,200 ट्रामाडोल टैबलेट (लगभग 1.891 किलोग्राम) शामिल हैं।

बरामद की गई दवाएं नशीले और प्रतिबंधित श्रेणी में आती हैं, जिनका अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा था। इस मामले में आरोपी को एनडीपीएस अधिनियम 1985 के तहत गिरफ्तार किया गया है। साथ ही, तस्करी में इस्तेमाल की गई कार को भी जब्त कर लिया गया है। सीबीएन अधिकारियों ने बताया कि जब्त सामग्री के स्रोत और गंतव्य की जांच की जा रही है, ताकि इस अवैध नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों का पता लगाया जा सके। यह भी जांच की जा रही है कि प्रिस्क्रिप्शन दवाओं के अवैध व्यापार में कौन-कौन शामिल है।अधिकारियों के अनुसार, यह कार्रवाई नशा तस्करी के खिलाफ सीबीएन की लगातार सख्ती को दशार्ती है। उत्तर प्रदेश इकाई ने इस वर्ष अब तक छह बड़ी जब्तियां की हैं और कुल आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। सीबीएन का कहना है कि 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, ताकि अवैध नशीले पदार्थों के नेटवर्क को पूरी तरह खत्म किया जा सके।

# ब्लॉक सभागार में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यशाला का आयोजन



**काकोरी, लखनऊ, 27 मई (तरुणमित्र)।** भारतीय जनता पार्टी लखनऊ जिला द्वारा काकोरी ब्लॉक सभागार में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ह्य12 साल विश्वास के, 12 साल विकास के, 12 साल जनकल्याण के अभियान के अंतर्गत एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिले के सभी पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम में अवध क्षेत्र की उपाध्यक्ष डॉ. श्वेता सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मौर्य ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री एवं अभियान संयोजक अंकित गुप्ता ने किया। मुख्य अतिथि डॉ. श्वेता सिंह ने केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के अवसर पर 5 जून से 21 जून तक आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कार्यकताओं से केंद्र सरकार द्वारा जनहित में किए गए कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मलिहाबाद विधायक जय देवी कौशल एवं बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला, ब्लॉक प्रमुख नीतू यादव, चेयरमैन रोहित शाहू विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिला मीडिया प्रभारी चिंतामणि पांडेय के अनुसार, कार्यशाला में जिला उपाध्यक्ष एवं सह-संयोजक हंसराज रावत, शिव दर्शन यादव, प्रतिभा वर्मा, अरविंद यादव, के.के. अवस्थी, जिला महामंत्री धीरू पांडेय, गौरव सिंह चौहान, जिला मंत्री विवेक सिंह, राजू कश्यप, धीरेन्द्र मौर्य, जिला कार्यालय मंत्री एवं सह-संयोजक रवि राज लोधी, जिला कोषाध्यक्ष अखिलेश अवस्थी, सोशल मीडिया सह-संयोजक अजीत यादव, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष अतुल मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## छोटे व्यापारियों की आर्थिक कठिनाइयां गंभीर विषय : रामबाबू



**लखनऊ, 27 मई (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश सामाजिक उद्योग व्यापार मंडल की भमरौली लालाबाग दुबग्गा इकाई का शपथ ग्रहण समारोह बुधवार को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और संगठन के मुखिया वरिष्ठ व्यापारी नेता रामबाबू रस्तोगी ने सभी पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान व्यापारियों को संबोधित करते हुए रामबाबू रस्तोगी ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ती महंगाई, व्यापारियों का उत्पीड़न, अनावश्यक विभागीय दबाव, बिजली समस्याएं, बाजारों में अव्यवस्था तथा छोटे व्यापारियों की आर्थिक कठिनाइयां गंभीर विषय हैं।

उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में व्यापारियों के साथ अनैतिक व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संगठन व्यापारियों के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव संघर्ष करता रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि छोटे एवं मध्यम व्यापारियों को सरकार द्वारा विशेष राहत, सरल नियम एवं सुरक्षा प्रदान की जानी चाहिए। समारोह के दौरान व्यापारियों ने लगातार बढ़ती महंगाई से व्यापार प्रभावित होना, बिजली कटौती एवं ट्रिपिंग की समस्या, विभागीय उत्पीड़न एवं अनावश्यक कार्रवाई, छोटे व्यापारियों के लिए ऋण एवं सहायता की आवश्यकता, बाजारों में सुरक्षा एवं साफ-सफाई की समस्या, जीएसटी एवं अन्य नियमों को सरल बनाने की मांग व बाजार क्षेत्रों में पार्किंग एवं यातायात व्यवस्था सुधारने की मांग उठाई।

# पेट्रोल-डीजल को लेकर सपा छात्रसंघ का प्रदर्शन, पुलिस से नोकझोंक





- लविवि के गेट नंबर एक पर हुआ प्रदर्शन
- पुलिस ने हिरासत में लेकर इको गार्डन भेजा

**लखनऊ, 27 मई (तरुणमित्र)।** बुधवार लविवि में पेट्रोल, डीजल और सीएनजी के दामों में हाल ही में हुई बढ़ोतरी के विरोध में समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। इस दौरान छात्रों ने जमकर नारेबाजी और हंगामा किया। प्रदर्शन के दौरान पुलिस और छात्रों के बीच करीब 20 मिनट तक नोकझोंक होती रही। बाद में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर ईको गार्डन भेज दिया।

प्रदर्शन कर रहे आदित्य ने कहा कि केंद्र सरकार लगातार पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में वृद्धि कर रही है, जिससे आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। पेट्रोल, डीजल और सीएनजी की कीमतों में बढ़ोतरी के साथ-साथ व्यावसायिक सिलेंडर गैस और पांच किलोग्राम वाले सिलेंडरों के दाम बढ़ने से रोजमर्रा की जरूरतों की वस्तुएं भी महंगी हो रही हैं। महंगाई से पहले ही परेशान आम नागरिकों के लिए यह स्थिति और कठिन होती जा रही है , ये दोहरी मार के लिए लोग तैयार नहीं। प्रदर्शन कर रहे शिवा जी यादव ने कहा कि हमारी पार्टी हमेशा आम जनमानस के हितों के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष कर रही है , जम लोग अपने मेरा के निर्देश पर संघर्ष कर रहे हैं। आम जनता महंगाई की मार से परेशान है उसकी कमर टूटती जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार केवल पूंजीपतियों के हित में कार्य कर रही है और आम जनता की समस्याओं की अनदेखी कर रही है। रोहित यादव ने कहा कि ये सरकार अच्छी शिक्षा और रोजगार देने में बिल्कुल फेल है।

भ्रष्टाचार दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। यूनिवर्सिटी में साफ पीने का पानी तक नहीं है। पेट्रोल और डीजल के दाम आसमान छू रहे है, मांग है कि सरकार बढ़े हुए दामों को तत्काल वापस ले। सबसे ज्यादा परेशान छात्र हो रहे हैं। जो हॉस्टल में रहते हैं और उन्हें गैस सिलेंडर नहीं मिल रहा है। अगर मिल भी रहा है तो महंगे दामों में ब्लैक में खरीदना पड़ रहा है। गरीब किसान के बच्चों के लिए यह दोहरी मार है, सरकार को इस तरफ ध्यान देना चाहिए।

# तहसील अधिकारी बेपरवाह, न्याय के लिए एडियां रगड़ रहे किसान

**मोहनलालगंज, 27 मई (तरुणमित्र)।** मोहनलालगंज में तहसील अधिकारियों की लापरवाही से न्याय के लिए कई वर्षों से एडियां रगड़ रहे गरीब किसानो को आदेश के इंतजार में अधिकारियों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। लेकिन सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराने के बावजूद पीड़ित किसानों को न्याय नही मिल पा रहा है।

मोहनलालगंज में तमोरिया निवासी प्रमोद कुमार ने वरासत के लिए दो साल पूर्व आवेदन किया था। नायब तहसीलदार निगोहां के यहां सुनवाई भी पूरी हो चुकी है। लेकिन मुकदमे में आदेश नही किया जा रहा है। प्रमोद का आरोप है कि कई बार वह खुद नायब तहसीलदार से मिलकर न्याय की गुहार लगा चुके हैं। लेकिन कोई सुनवाई नही हो रही। थकहार कर पीड़ित प्रमोद ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराई है। इसी तरह उत्तरगांव निवासी अखिलेश कुमार ने एसडीएम न्यायिक के यहां खतौनी में गड़बड़ी ठीक कराने के लिए मुकदमा किया था। सुनवाई पूरी होने के बाद ढाई माह पूर्व ही मामला आदेश के लिए सुरक्षित कर लिया गया। लेकिन अखिलेश का आरोप है कि अब तक मामले में आदेश नही किया गया। अखिलेश के मुताबिक तहसील जाने पर एसडीएम न्यायिक मिलते नही और पेशकार टालमटोल कर रहे हैं। जिसकी वजह से उन्हें न्याय नही मिल पा रहा है। परेशान हाल अखिलेश ने भी सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराई है। लेकिन जिम्मेदारों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने के बजाए आरोपी रीडर को ही मामले की जांच सौंप दी है।

**सुर्खियों में 'दिल्ली दरबार' कई वर्षों से जमी तिकड़ी की मर्जी से चल रही तहसील**

मोहनलालगंज तहसील के दिल्ली दरबार की चर्चा इन दिनों सुर्खियों में है। सोशल मीडिया पर भी इसकी चर्चाएं जोर पकड़ रही है। सूत्रों की मानें तो तहसील के कुछ कर्मचारी और अधिकारी सरकारी आवास और कार्यालय होने के बावजूद इलाके की ही एक प्राइवेट बिल्डिंग में देर रात तक दरबार लगाकर सरकारी कामकाज निपटा रहे हैं।चर्चाएं तो यहां तक हैं कि इसी दरबार में कई प्रॉपर्टी डीलर भी महफिल में शामिल होते हैं। वही तहसील में कई वर्षों से जमे कुछ कर्मचारियों की तिकड़ी की मर्जी के बिना तहसील का कोई भी काम होना आसान नहीं रहता है। आरोप है कि तहसील के सारे महत्वपूर्ण कार्यों पर इस तिकड़ी ने कब्जा कर रखा है। अधिवक्ताओं की मानें तो अधिकारी भी इस तिकड़ी की रजामंदी लिए बगैर कोई कदम नहीं बढ़ाते हैं।